कोंन भांतिकोहे सो भक्तनकी आर्ति प्रभु सही नांही सकत तातें चालभावसों कोई जाने नांही याभांति चरणारविंदके भक्तनको अधरामृत रसको पान करावतहे, अथवा प्रभु यह विचार करतहे जो मेरे चरणारविंदमें एसो कहा रसहे जो सगरे भक्त चरणारविंदको पूजतहे ध्यान धरतहें सो रस मेंहूंतो देखों सो बालभावसों आपहू चरणारविंदके रसको आस्वादन करतहे। ओर व्रजभक्तन चारोंओर वेष्टित होय रहेहें तिनकों प्रभु नेत्रनके कटाक्षसों आगतस्वागत करतहे ओर रससंकेत जतावतहे। अथवा कबहू श्रीहस्तको अंगुष्ठ मुखमें मेलतहे ताकरि अंतर्गृहगता देह छोडि श्रीठाकरजीके पास आईहे तिनकों आप श्रीहस्तसों पकरि अपने श्रीमुखारविंदमें धारण करतहे सो कबहू एकांतमें उनभक्तनकों बाहिर निकासि रमण करि पाछे फेरि मुखारविंदमें धरि लेतहे। लोगनके दिखायवेमें बालक अंगुष्ठ चूसतहे। श्रीस्वामिनीजी आदिकों अनेक रमण बंधादिक क्रियाको बोधन करतहे। या भांति श्रीठाकुरजी जाको जेसो अधिकारहे ताकूं तेसोही रसपान करावतहे ॥ ६ ॥

मूलं–ग्रीवालग्नलसन्मुक्ताफलमालविभूषणः
तदुत्तरलसत्स्वर्णमणिमालातिमोहनः ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–कंठमें लग्न शोभित मोतिनकी माला करिकें भूपितहे ओर ताकी उपर सुवर्णके मणिकाकी मालाहे तातें अति मोह उपजावत हे ॥ ७ ॥ टीका–ग्रीवासों लगी मोतिनकी माला (कंठश्री) परम शोभा देतहे। ताहीके पास सुवर्णके मणिका ओर मणिमाला ग्रंथनकरि श्रीकंठमें धारण कीयेहे ताकरि अपने भक्तनकों यह जताये जो में तुमकों अहर्निश कंठमें राखतहों। मुक्ताकी माला सुवर्ण तथा मणिमय अनेक भक्तनके भावात्मकहे तातें प्रभु प्रेमतें धारण कीयेहे ॥ ७ ॥

मूलं—उरःस्थललसत्स्वच्छवक्रवैयाघ्रभूषणः ।
मुक्ताफलस्वर्णमालायुततुंदिलितोदरः ॥ ८ ॥

शब्दार्थः–हृदयपें शोभायमान स्वच्छ ओर वांके नाहारके नखके भूषणवारे ओर मुक्ताफलमाला ओर सुवर्णमालासहित दोंदयुक्त उदरवारे हे ॥ ८ ॥ टीका–उरःस्थलके उपर केहरिको नख (वघनखा) परम शोभा देतहे सो श्रीयशोदाजी तो अपने पुत्रकी रक्षार्थ धरायेहे ओर व्रजभक्तनकों अनेक लीला सूचन करावतहे । नखदान रासादि लीला विहारमें होतहे सो वघनखा टेडोहे ताको अभिप्राय यह जो कितनेक भक्तनको हृदय टेडोहे तिनकों अपनें वस करनोंहे. सो वघनखा टेडो अपने हृदयमें धरि यह जताये जो मेंहू त्रिभंगी टेडोहूं । या भांति भक्तनके मन सुधेकरि अपने हृदयमें भक्तनकों राखेंहें । तथा अनेक भक्तनके घर श्रीठाकुरजी पधारतहे तव वहां द्वार उपर रखवारी चाहियें तव नखतें लीलासंवंधी आधिदैविकनृसिंहजी प्रकट करि द्वार उपर रखवारी राखि भक्तनके संग निर्भयतासों लीलाविहार करतहें । तातें पोरीपर सिंह हे सो पुष्टिलीला संवंधीहे ताहीतें श्रीठाकुरजी नखभूषण हृदयमें धारण कीयेहें । या भांति सगरे आभूषण व्रजभक्तनके लीलासंवंधी अनुकूलहे तातें श्रीठाकुरजी प्रेमसों पास राखतहे । जो व्रजभक्तनकी लीलासों प्रतिकूल होय ताको तत्काल श्रीठाकुरजी त्याग करतहे । तातें पुष्टिमार्गमें अंगीकार व्रजभक्तनकी कृपातें होय ओर उपाय कोउ नांही । या भावसों वाघनख प्रभु धरेहे ता नखभूषणके पास मुक्ताफल ओर सुवर्णके मणिकायुक्त गुंथीएसी सुंदरमाला उपर विराजमानहे सो सुवर्णमणिका श्रीस्वामिनीजीको भाव तथा मुक्ताफल श्रीचंद्रावलीजीके भावसों श्रीठाकुरजी अपने हृदयमें धारण कीयेहें ॥ ८ ॥

मूलं-बाहुमध्यलसद्रत्नजटितांगदसुंदरः ॥

पटगुच्छलसत्स्वल्पकरकंकणभूपणः ॥ ९ ॥

शब्दार्थः—दोउ भुजाके मध्य रत्नजडित बाजुबंधसूं सुंदरहे पटगुच्छ (रेशमीफोंदना) सहित शोभायमान छोटे श्रीहस्तके विपे कंकणको आभरणहे ॥ ९ ॥ टीका—सुंदर बाहुमें बाजुबंध रत्नजटितहे सो नवरत्नयुक्त जडाव दोउ भुजामें शोभादेतहे सो वामभुजामें श्रीस्वामिनीजीको भावात्मक तथा दक्षिणभुजामें श्रीचंद्रावलीजीको भावात्मकहे । ओर पाटके गुच्छामें परोये एसे छोटे हलुके दोउ करमें कंकण परम शोभा देतहे ॥ ९ ॥

मूलं-दशांगुलिलसद्रत्नजटितोत्तममुद्रिकः ।

किंकिणीपटगुच्छातिविराजितकटिस्थलः ॥१०॥

शब्दार्थः—दशअंगुलियनमें विराजित रत्नजटित उत्तम मुद्रिका धरीहे ओर किंकिणी (क्षुद्रघंटिका) युक्त पाटगुच्छतें कटिस्थल अति शोभायमानहे ॥१०॥ टीका—दोउ श्रीहस्तकी दश अंगुरीमें रत्नजटित जडाव परमउत्तम मुद्रिका शोभितहे । सो दशमुद्रिकाको अभिप्राय यहहे जो दशप्रकारके भक्तनके भावात्मकहे । जा रसके जो भक्तहे तिनको ताही अंगुलीसों नखदान करि परम सुख देतहे । ओर कटिस्थल विपे पाटके गुच्छामें परोई ऐसी जो किंकिणी (रासादि अनेक लीलामें सुंदर मधुर शब्द करिवेवारी) कटिमें बांधीहे सो भक्तनकों किंकिणीके नादतें अनेक लीलाको स्मरण होतहे ॥१०॥

मूलं-सनूपुरपदन्यासध्वनिमोहितगोपिकः ।

दिगंबरो नखविधुज्योत्स्नाजितनिशापतिः ॥११॥

शब्दार्थः—नूपुरयुक्त चरणारविंद धरे ताके शब्दसों व्रजभक्तकों मोह करतहें ओर आप वस्त्ररहित (बालभावसों) हें दशनखरूप

चंद्रमाकी किरणतें चंद्रमाको जय करिवेवारेहे ॥११॥ टीका—चरणकमलमें नूपुर परम सुंदर धारण कीये हे सो नूपुरकी ध्वनि सुनिके अनेक गोपीजन मोहकों पावतहें ओर वाललीलाको स्वरूप दिगंवर निरावरण सर्वांगको दर्शन करावत हे सो श्रीनवनीतप्रियजी—श्रीवालकृष्णजीके स्वरूपमें प्रगट दर्शन होतहे दश नखचंद्र चरणारविंदमें धारण कीयेहे ता नखचंद्रके आगें चंद्रमा लज्जित होतहे चंद्रमाकों जिते एसे नखचंद्र भक्तनके हृदयको अज्ञानरूप अंधकार दूरिकरतहे यह श्रीठाकुरजीके नखचंद्र एक एक नख कोटानकोटी अंधकारको नाश कर्ताहे सो दशनखचंद्र जिनभक्तनके हृदयमें रहतहे तिनके हृदयमें प्रकाश होय तामें कहा कहेनो? नखचंद्रने अपने ज्योतिके प्रकाशकरि चंद्रमा, सूर्य, दर्पण, मणि—आदि सवके प्रकाशकों जितेहे ओर दशनखचंद्रहे तामें वामचरणारविंदके नख पुष्टिभक्तनके हृदयको तिमिर दूरि करतहे ओर दक्षिणचरणके नख मर्यादाभक्तनके तिमिरकों दूरि करतहे। या भांति शिखातें नखपर्यंत स्वरूप वर्णन कीयेहे ॥११॥

मूलं—स्वरूपप्रतिविंवैकदृष्टिहास्यमुखांवुजः।
पंकांगरागरुचिरः सदा मुग्धशिरोमणिः ॥ १२ ॥

शब्दार्थः—स्वरूपके प्रतिविंवमेंही दृष्टि लगि रहीहे ताकरिकें हास्ययुक्त मुखारविंद होय रह्यो हे ओर श्रीअंगमे कीचके लेप (अंगराग) करिकें शोभित हे। (प्रतिविंवमें हास्य तथा श्रीअंगमे कीचको लेप करिवेकी मतलव यह हे जो) मुग्धशिरोमणि हे [अर्थात् मुग्धवालकको नाट्यहे.] ॥१२॥ टीका—उपर कहे एसें सुंदर वालस्वरूपकी लीला श्रीठाकुरजी करतहे अपनो प्रतिविंव कवहू मणिजटित आंगनमें देखि पकरनकों दोरतहे प्रतिविंव श्रीहस्तमें नहीं आवतहे तव मुखारविंदमें हास्य आवतहे कवहू मणिजटित स्तंभमें

अपनो प्रतिबिंब देखि बारंबार किलकिकें हसतहे ब्रजकी रज सर्वांगमें लागि रहीहे सो परम शोभा देतहे मुग्ध—लौकिकबालककी नाईं अनेक लीला करत हे परंतु मुग्धशिरोमणिहे मानो कछुही नांही जानत हे भांति ब्रजभक्तनकों सुखदेतहे ॥ १२ ॥

मूलं—लीलान्यज्ञानरहितः सर्वलीलाविचक्षणः ।
कंदर्पकोटिलावण्यो मानिनीमानदर्पहा ॥१३॥

शब्दार्थः—लीलाकरिकें अन्यज्ञानरहित दीसतहे ओर आपतो सर्व लीलामें विचक्षणहे, कोटि कंदर्प (कामदेव) तें अधिक लावण्य (श्रीअंगकी शोभा) हे ओर मानवतीके मानको गर्व हरिवेवारे हे ॥ १३ ॥
टीका—सर्व लोगनकों यह दीसत जो केवल बालकहे कछु ओर लीलाकों नांही जानत, परम मुग्धहे, मातृचरण (श्रीयशोदाजी) श्रीनंदरायजी रोहिणीजी आदि वृद्धगोपगोपी सबकोउ केवल बालकही जानतहे ओर अंतरंग ब्रजभक्त यह जानत हे जो सर्वलीलामें परम चतुरहे मातृचरणके आगें मुग्धता जतावतहे तो कहा भयो ? यहभाव ब्रजभक्त जानतहे । ओर कोटिकोटि कंदर्प जिनकी शोभा देखि लज्जा पावतहे एसो लावण्ययुक्त जिनको श्रीअंग परम शोभायमानहे । मानिनी जो श्रीस्वामिनीजी ताके मानकों हरतहे यह विलक्षण रीतिहे जो एककालाऽवच्छिन्न सगरीलीलाको अनुभव करावतहे । सो श्रीगुसांईजी पलनामें कहेहे जो ‘ मानिनीमानहरणम् ’ श्रीयशोदाजीके आगें पलनामें झूलतहे ताही समय मानिनी (श्रीस्वामिनीजी) को मान हरतहे एसे विरुद्धधर्माश्रय अलौकिक बालकहे ॥ १३ ॥

मूलं—स्वगोपिकागूढचौरः कृतसंकेतगोपनः ।
परमानंदसंदोहः सदा दुःखविवर्जितः ॥ १४ ॥

शब्दार्थः—अपनी गोपिकानके भावकों गूढ राखिवेवारेहे तथा चोरिवेवारेहे ओर कीये संकेतकूं गुप्त राखेहे, उत्तम आनंदके समूहरूप हे, सदा दुःखरहितहे ॥१४॥ टीका—अपनी गोपिका (श्रीस्वामिनीजी) को गूढभाव हे तिनके घर चोरि करी संकेत करतहे पाछें ओर गोपीजनके आगें स्वामिनीजीको संकेत दुरावत हे जो यह न जानेतो आछो। अथवा समस्त गोपीजनके घर श्रीठाकुरजी गूढभावसों छिपि कें पधारतहे दूध दही माखन सगरी सामग्री अरोगतहे पाछें वह गोपी आवतहे तव उनसों एकांतमें संकेत करत हे पाछें कोउ गोप आवतहे अथवा मातृचरण श्रीयशोदाजी आवतहे तिनके आगें वह संकेतको गोपन करतहे तथा समस्त भक्तनके संग संकेत करतहे सो एकएक भक्तनके आगें संकेत गोप्य राखत हे वह जानतहे जो हमही- कों श्रीठाकुरजी मिलेहे ओरकों नांही, या भांति रमण करत हे। अथवा समस्त भक्तनके मध्यमें श्रीस्वामिनीजी वेठेहे तव श्रीठाकुरजी सेनमें श्रीस्वामिनीजीकों गूढभावसों ओर कोउ न जाने या भांति जतावतहे जो फलाने ठोर आवो तहां संकेतहे तव श्रीस्वामिनीजी कछु मिसतें श्रीठाकुरजीके पास पधारतहे पाछें अनेक भांति लीला करी सव सखीनके आगें रसलीला गोप्य करतहे। परम आनंद रूपहे तातें समस्त भक्तनकों परमानंदको दान करतहे ओर सर्वकाल विषे दुःख करिकें रहितहे ॥ १४ ॥

मूलं—असमक्षो दुःखितानां प्रपंचसुखिनामपि।
दयानिधिर्मुग्धभावः स्वीयवाक्यैककारकः॥१५॥

शब्दार्थः—दुःखयुक्तकों ओर प्रपंचतें सुखीनकोंहू समक्ष नही हे ओर दयानिधिहे मुग्धभाव दिखावेहें तथा अपनें भक्तनके वाक्यकों मुख्य करिवेवारेहे॥ १५ ॥ टीका—लौकिक प्रपंचके अनेक प्रकारके

काम क्रोध मोह मद मात्सर्यादि मायासंबंधी दुःखहे तिन सबनके खननहारे हे । जो अविद्यारूप पूतना हती ताकों श्रीठाकुरजी मारिकें समस्त भक्तनकी अविद्या दूरि कीनी काहेतें जो भक्तनको सामर्थ्य अविद्या दूरि करनको नांही हतो सो श्रीठाकुरजी अपने भक्तनके अर्थ व्रजमें अवतार धरेहे तातें सबनकी अविद्या दूरि करि अनेक लीलारसको अनुभव कराये परमसुख दीये दुःखको नाश कीये काहेतें जो दयानिधि हे भक्त दुःख पावे सो नांही सही सकत हे लोगनमें देखत मुग्धभावको अंगीकार कीयेहें मानों कछु जानतही नांही काहेतें जो भक्तनकों ईश्वरभाव प्रकट होय तो वात्सल्यभाव छुटि जाय ईश्वरतासों करे तो यह जाने जो सगरे जगतके पोपणकर्त्ता हे इनकों में भोग कहां धरूं ? आभूपण वस्त्र खिलोनां कहां देउ ? सगरो श्रीठाकुरजीकोहीहे या भांति स्नेह छुटे तो तो पुष्टिभक्तिकी प्राप्ति न होयं तातें श्रीठाकुरजी मुग्ध लौकिक बालककीनाई लीला करतहे; भूखे होत हें तब रुदन करिकें हट करिके मातासों भोजन मांगत हे तातें भक्तनपर कृपा करिवेके लिये मुग्धभावकों श्रीठाकुरजीने धारण कियोहे मुग्धभावमें थोरीसी वस्तुसों संतुष्ट होतहे जो ईश्वरता सहित प्रभु मागे तो भक्तनसों दीयो न जाय जेसें राजा वलिसों तीन पेड धरती मांगी सो राजा बलितें दीनी न गई । तातें मुग्धभाव होय व्रजभक्तनको सुख देतहे ओर अपने व्रजभक्त जो अंगीकृतहे तिनके वाक्यके पूर्णकर्त्ताहे सो श्रीभागवतमें कहेहें जो कोउ व्रजभक्त कहत हे जो पीढा उठाय ल्यावो, कोउ कहतहे उन्मान (पालीप्रभृति) ल्यावो, कोउ कहतहे पादुका ल्यावो, तुमकों माखन देउंगी, कोउ कहतहे नांचो, तब श्रीठाकुरजी सबको कह्यो करत हे जो प्रकार व्रजभक्त सुख पावतहे सोही श्रीठाकुरजी करतहे ॥ १५ ॥

मूलं–प्रपंचनाशनस्वीयनिरोधकृतितत्परः ।
बालभावग्रहपरः क्षणक्षणविलक्षणः ॥ १६ ॥

शब्दार्थः–अपने भक्तनकों प्रपंचनाशपूर्वक निरोध करिवेमें तत्परहे ओर बालभावकों ग्रहण करतहे तथा क्षणक्षणमें विलक्षणहे ॥ १६ ॥

टीका–श्रीठाकुरजी अपने निजभक्तनके लौकिकगृहाद्यासक्त मनहे तहांतें छोडाय आपमें लगावतहे तातें व्रजभक्तनके घर श्रीठाकुरजी चोरी करनकूं पधारतहे, व्रजभक्तनके दूध दही मांखनकी चोरी करि उनके मनमें श्रीठाकुरजी अपनो ध्यान करायो जो अब चोरी करनकों प्रभु आवत होयगें ओर वेणुनाद करि सर्व भक्तनको मन हरि लीनो ताकरि पति पुत्र गृहादि देहसंबंधी सबनकों भूलिजातहे ओर अविद्यारूप पूतनाकों मारिके समस्त भक्तनकी अविद्या दूरि कीनी हे, अपने भक्तनके निरोध करिवेमें तत्परहे, इंद्रयज्ञ व्रजवासी करत हते सो इंद्रको यज्ञ छुडायो गिरिराजकी पूजा कराय आपु सगरी सामग्री अंगीकार कीनी संयोगात्मक सगरी लीला करि बाहिरकी सगरी इंद्रियनको निरोध कीयो ओर वनांतरदेशांतरलीला करि मन इंद्रियनको निरोध कीयो । जेसें रासपंचाध्यायीमें प्रथममुरली बजाय घरतें व्रजभक्तनकों बुलाय रमण करि सर्वांगविहार करि बाहिरकी सगरी इंद्रिय शुद्ध करि पाछें अंतर्धान होयकें अंतःकरणमें रमण करि वाकूं शुद्ध करि प्रभु हृदयमें विराजे । या प्रकार संयोग विप्रयोग भक्तनकों देय निरोध सिद्ध कीयो ओर बालभावको मिसकरि व्रजभक्तनके घर पधारतहे ताको कारण यहहे जो व्रजभक्तनके गोपादिक मर्यादाप्रवाही हे तिनकों रहस्य लीलाको ज्ञान न होय, बालक देखिके काहूकी विषम बुद्धि

नहोय, या भांति व्रजभक्तनके पास श्रीठाकुरजी आयकें अनेकलीला क्षणक्षणमें करतहे जा भक्तनको जेसो मनोरथहे ताकों ताही भांति अनेक चेष्टाकरि लीला करि सकल मनोरथ पूर्ण करि फेरि वालभावको अंगीकार करि घर पधारतहें ॥ १६ ॥

मूलं-क्षणं क्रुद्धः क्षणं हृष्टः स्वल्पवस्तुषु तोषितः॥
स्वकीयहृदयाभिज्ञस्तदन्यज्ञानवर्जितः॥ १७॥

शब्दार्थः-क्षणमें क्रोधयुक्त और क्षणमें हर्षयुक्त होयजात हे अपने भक्त थोरी वस्तुदेय तामें संतुष्ट होत हे अपने भक्तके हृदयके मनोरथकूं जानिवेवारेहे ता सिवाय और कछु नांही जानतहे ॥ १७ ॥ टीका-वाललीला करि एकक्षणमें क्रोधित होतहे तनक श्रीयशोदाजी गृहके कार्यमें लागी तो दहींको माट फोरिडारे, मांखन वंदरनकूं लुटायदे भूमिपर लोटे, कोटिकोटि उपायसों श्रीयशोदाजी मनावे सो माने नांही, कवहू चंद्रमा देखी अड करे, कवहू तनक भोजन-मांखनकी ढील होय तो सही न सके, क्रोधवंत होयजाय, कवहू हसिदेय, स्वल्पवस्तु करि संतुष्ट होयजातहे, श्रीनंदरायजी खिलोनां तथा फूल तथा फलादि ल्यावतहे सो देखि वोहोतहीं प्रसन्न होय जातहे, व्रजभक्तन नूतन सामग्री, नवनीत, थोरीसीहू कछु नईवस्तु, ल्याय श्रीठाकुरजीकों देतहे ताकरि श्रीठाकुरजी अत्यंत संतुष्ट होतहे, अपने स्वकीय व्रजभक्तनके हृदयमें जेसो मनोरथ होय ताही कार्यमें श्रीठाकुरजी तत्परहे ओर वात जानत नांही, अपने निजभक्तनके हृदयके अभिप्राय विना कछु ज्ञानहू मनमें राखत नांही। काहेतें जो व्रजमें श्रीयशोदाजीके घर प्रभु पधारेहें सो केवल व्रजभक्तनके सुखदानार्थ पधारेहें तातें पुष्टिमार्गमें प्रभु भक्ताधीनहे अन्यज्ञान करि रहितहे ॥ १७ ॥

मूलं–गूढलीलापरो भक्तगूढभावरसात्मकः ।
सेवनीयः सावधानैर्विपरीतगतिक्रियः ॥ १८ ॥

शब्दार्थः–गूढलीला करिवेवारे ओर भक्तनके गूढ भावके रसात्मक तथा विपरीत गति ओर क्रिया वारे श्रीठाकुरजी सावधानतासों सेवा करिवेयोग्यहे । (यह अठारेश्लोककरिकें जो स्वरूपगुणवर्णन कीये एसे श्रीठाकुरजी वोहोत सावधान होयकें सेवनयोग्यहे) ॥ १८ ॥
टीका–भक्तनके संग गूढलीलामें परायणहे, गूढ लीला सो रासलीला तामें अनेक प्रकारके रास दो दो गोपी विच विच माधो तथा सोरह गोपिनके मध्यमें अष्ट कृष्ण होतहे तथा भक्तभक्त प्रति भगवान् या भांति अनेक रासलीला मानलीला अनेक भांतिके विहार अनेक भांतिकी जलक्रीडा अनेक भांतिके श्रीवृंदावनमें निकुंज कीयेहे ओर व्रजभक्तनके घर वालस्वरूपतें किशोर होय अनेक लीला करतहे तथा खिरकमें गाय दुहावनमें अनेक लीला करतहे सो लीलासमुद्रको पार नांही तातें गूढलीला परायणहे गूढलीलाहे जिनके भावकी काहूकों खवरि नांही रसात्मक श्रीठाकुरजी रसात्मक व्रजभक्त सो रसमयी अनेक भांतिकी लीला करतहे । एसे रसात्मक श्रीयशोदोत्संगलालितहे सो श्रीहरिरायजी श्रीगोपेश्वरजीकों पत्रमें लिखेहे जो एसे प्रभुकी सेवा अत्यंत सावधानतासों कर्त्तव्यहे काहेतें जो प्रभुकी विपरीत गतिहे विपरीत क्रियाहे एकक्षणमें प्रसन्न होय एकक्षणमें क्रोध करे तातें लौकिकमें मन न राखियें प्रभुमें मन राखियें जो मति कहू अप्रसन्न होय या भांति भयसंयुक्त सेवा करियें १८

मूलं–श्रीमदाचार्यकृपया तिष्ठति स्वगृहे हरिः ।
एवंविधः सदा हस्ते योगिनः पारदो यथा ॥१९॥

शब्दार्थः-श्रीमदाचार्यजीकी कृपातें एसे (पूर्वोक्तगुणविशिष्ट) हरि अपने गृहमें विराजतहे सो जेसें योगिजनके हस्तमें पारद सावधानतासों रहे तो कल्पतरु समान फलदेय ओर सावधान न होय तो हस्तसों निकसिजाय ओर फलहु नांही देय तेसें अपने हस्तमें सदाही श्रीकृष्ण विराजतहे तिनकी सावधानतासों सेवा करनी ॥१९॥ टीका-एसें व्रजभक्तके भावात्मक स्वरूप अपने घरमें विराजतहे सो श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीकी कृपातें विराजतहे अपने प्रेम (स्नेह-भक्ति) को ओर कछु साधनको वल मति जानियो। एसे रसात्मक भावात्मक प्रभुकी सेवा अपन कहा करिवे योग्यहे ? परंतु श्रीआचार्यजीकी कानितें प्रभु घरमें विराजेहे याप्रकारको भाव अपने मनमें सदा जाननों। प्रभुकेसेहे जो योगिजनके ध्यानमे नांही आवत अनेक जन्ममें अनेक साधन करतहें तिनकों सपनेहूमें दर्शन दुर्लभहे सो प्रभु श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीकी कृपातें साक्षात् अपने घरमें विराजतहे यह अपने मनमें सदा विचार करि सावधानतासो सेवा करियें मति कहूं अपराधपरे, अपराध परे तो प्रभु अप्रसन्न होय जाय ॥ १९ ॥

मूलं-चिंतनीयोऽनवसरे सेवायाः सर्वथा धिया ।
यतो निरोधसंसिद्धिः सेवाया हार्दया भवेत् ॥२०॥

शब्दार्थः-सेवाके अनोंसरमें बुद्धितें सर्वथा चिंतन करिवेयोग्यहे जातें निरोधसिद्धि मानसी सेवातें होय ॥ २० ॥ टीका-एसे यशोदोत्संगलालित भावात्मककी सेवा मनलगाय करनी उचितहे पाछें अनोंसर होय तव उपर कहिआये ता भांति हृदयमें चिंतन करनो सदा अति स्नेहसों सर्वथा धर्म जानि सेवा करनी ताही भांति अनोंसरमें सर्वथा चिंतन करनो तव निरोध सिद्ध होयगो। जेसें व्रजभक्तनकों निरोध सिद्ध भयो संयोग विप्रयोगर-

सको अनुभव भयो तेसेंही सेवासमय संयोगकी भावना अनोसरमें विप्रयोगकी भावना करे यह हार्दसहित सेवा करे तव निरोध होय। यह वीसश्लोकको शिक्षापत्रहे सो श्रीआचार्यजी महाप्रभु वीशश्लोकको निरोधलक्षण ग्रंथकीयोहे ताभावके अनुसार श्रीहरिरायजी यह शिक्षापत्रमें निरोध पुष्टिमार्गीयजीवनकों जाभांति सिद्ध होय सो प्रकार कहेहे जेसें निरोधलीला श्रीभागवतदशमस्कंध सर्वोपरहे तेसेही यह सर्वोपर निरोधप्रकार कहे हे ॥ २० ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं द्वितीयं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं संपूर्णम् ॥ २ ॥

शिक्षापत्र ३.

अव तृतीय शिक्षापत्रमें भगवद्भावके साधकवाधकको निरूपण करेहे उपर कहिआये तारीतिसों सेवाहू करे तथा अनोसरमे चिंतनहू करे परंतु दुःसंग मिले तव एक क्षणमें सगरे धर्मको नाश होय जाय जन्मजन्मको भाव दुःसंगतें जात रहे तातें याकालमें दुःसंगतें वचनो सो निरूपण करतहे ॥

मूलं–निधिः प्राप्तः सुसंरक्ष्यो दुःसंगादितः सदा ।
त्यक्त्वाऽपि लोकसंकोचं यथा वह्निर्जलादिभिः॥१॥

शब्दार्थः–जो भगवद्भावरूपनिधि प्राप्त भई हे सो लोकके संकोचकोहू त्याग करके निरंतर दुःसंगतें आछीभांतिसों जलसों वन्हिकीनांइ रक्षा करिवेयोग्यहे ॥ १ ॥ टीका–जो निधि प्राप्त भयोहे ताकी रक्षा

कर्त्तव्यहे जेसें काहू कृपणकों धन मिल्यो सो वह द्रव्यकी रक्षा जतनसों न करे तो द्रव्य चोर लेजाय तेसेंही यह भगवद्भावरूप निधिकी प्राप्ति श्रीआचार्यजीकी कृपातें भईहे तानिधिकी दुःसंगतें रक्षा अवश्य कर्त्तव्य हे । तामें दुःसंग अनेकप्रकारकोहे लौकिक विषयादि तथा अन्यमार्गीयको संग तथा देहसंबंधी कुटुंब लौकिक वैदिक कार्य इन सबनतें मन निकासि प्रभुमें राखनो । तहां कोउ कहे जो गृहस्थाश्रममें रहेनो तब लौकिक वैदिक कार्य कीयेबिना केसें बने ? तहां कहतहे जो भगवत्सेवा पुष्टिमार्गीयधर्मतो अपने मनतें स्नेहपूर्वक करे ओर लौकिक वैदिक लोगनके दिखायवेके लीये (इच्छारहित होयके) करे सेवासमय सेवा छोडि न करे सेवामें लौकिक संकोच न करे जेसें दामोदरदास संभरवारे श्रीद्वारिकानाथजीकी सेवा करते सो जल अपने हाथसों भरिलावते तहां दामोदरदासके ससुरने कहि जो तुम जल भरतहो सो हमकों बोहोत लज्जा आवत हे तातें जल लोंडी पास भरावो तब दामोदरदासने कही अब एसेंही करेंगे पाछें अपनी स्त्रीसों कहे चलो जल भरि ल्यावे तब स्त्रीतो भगवदीय हती तासों तत्काल कलसा ले दोउ जने चले सो जल भरिकें ससुरके हाट आगें होयकें निकसे तब ससुर आय दामोदरदासके पायन पड्यो ओर कह्यो जो में चूक्यो जो तुमकों कह्यो अब तुमही जल भरो स्त्रीजनसों जल मति भरावो तब दामोदरदासनें कह्यो कालितें न भरावेंगे । या भांति भगवत्सेवामें लोकसंकोच सर्वथा नांही कर्तव्यहे छोटि बडी सब सेवा भावपूर्वक प्रेमसों करनी । या भांति दुःसंगको जाननों । भगवद्भावहे सो तो अग्निरूप हे ओर दुःसंग हे सो जलवत् भावको नाशकर्त्ता हे ॥ १ ॥

मूलं-वह्निवत्भगवद्भावः सत्संगव्यवधानतः ।
नाशयेत् संसृतिं यद्वत्पात्रव्यवहितं जलम् ॥ २ ॥

शब्दार्थः—अग्निरूप भगवद्भाव सत्संगके व्यवधानतें संसृति जो अहंताममतात्मक संसाररूप दुःसंग ताकों पात्रके व्यवधानयुक्त जलकी नांई नाश करत हे [मतलव यहहे जो पात्रमें जल होय ताको नाश जेसें अग्नि करेहे तेसें सत्संगके व्यवधानमें रह्यो जो संसार ताको नाश भगवद्भाव करे हे] ॥ २ ॥ टीकाः—भगवद्भाव अग्निरूपहे ओर सत्संग काष्टरूपहे जेसें अग्निमें काष्ट परे तो ओरहू अग्नि वढे तेजःपुंज होय तेसेंही भगवद्भाव सत्संगपायकें वढे दृढ होय। ओर भगवद्भावरूप अग्निहे सो दुःसंगरूपी जलतें नष्ट होय जेसें थोडोसो अग्नि होय तामें जल डारेतें वा अग्निको नाश होय तेसेंही भगवद्भावको नाश दुःसंगतें होय। तहां कोई कहे जो लौकिकमें रहे विनातो चले नांही तव कहा करनों ? तहां कहतहे जो दुःसंगरूपी जलकों सत्संगरूपी पात्रमें राखे तव वह दुःसंग भगवद्भावको नाश करि शके नांही। जेसें अग्निकों जलको साक्षातसंवंध होय तो अग्निको नाश होय ओर एक पात्रमें जल करिकें अग्नि उपर धरे तो जलको नाश होय अग्निको नाश न होय एसें भगवद्भावरूपी अग्निको सत्संगरूपी काष्टतें वढाये जाय ताकरि दुःसंगरूपी जलकों पात्रमें धरि (अपने हृदयमें अष्टप्रहर विचार करि) जराय देय तवहीं वचे। आगें वडेवडे भगवदीय दुःसंगतें गिरेहें तातें दुःसंगतें सदाही डरपत रहेनो ॥२॥

मूलं—जलवल्लौकिकं प्रोक्तं साक्षात्तन्मेलनेन तु।
मूलतो नाशयेद्भावं यथा वैश्वानरं जलम् ॥ ३ ॥

शब्दार्थः—लौकिक जलवत् कह्योहे ताको साक्षात् भावसों संवंध भयेसूं जेसें जल [साक्षात् संवंधतें] अग्निको नाश करे तेसें मूलतें भगवद्भावको नाश करे ॥ ३ ॥ टीका—यह संसारमें लौकिक दुःसंग हे सो जलवत् हे सो जलकूं पात्र विना साक्षाद्भगवद्भावरूप अग्निमें नांही

डारनो जेसें साक्षात् जल डारे तो वैश्वानर जो अग्नि ताको मूलतें नाश होय। जेसें जडभरत सगरो लौकिक छोडिकें भगवद्भजनकरिवेकूं वनमें गये तहां हरनी जलपीवनकों आई सो सिंहनादतें कूदपरि ताके गर्भमेंतें बच्चा जलमें गियों सो भरतकों दया आई यहही दुः-संग भयो भगवद्भाव भगवद्भजन छुटि गयो तवही हरनीके संगतें तीनजन्मको अंतराय भयो एसो दुःसंग बाधकहे। तथा श्रीनंदरा-यजी अपने पुत्रकी सेवा करतहते सो अंबिकापूजनकों गये सो श्रीठाकुरजी सही न सके तहां सुदर्शनसर्प आयकें श्रीनंदरायजीकों ग्रसीलीये तव श्रीठाकुरजीने छुडाये। तातें अन्य संबंध तथा दुःसंग सिद्ध भक्तनकों विशेप बाधकहे सो साधन दशावारे भक्तनकों लगे तामें कहा कहेनो। तातें दुःसंगकों यह जाने जो हमारे सर्व भावको नाशही करेगो या प्रकार दुःसंगतें भावकी रक्षा करे ॥ ३ ॥

मूलं-अतः सदैव भेतव्यं लौकिकासक्तितो जनैः।
सत्संगमग्रतः कृत्वा नाशनीया न चान्यथा ॥४॥

शब्दार्थः-(उपर कहे तारीतिसों भगवद्भावकी रक्षा करनी क्यों जो दुःसंग बाधकहे) तासों लौकिक आसक्तितें सदाही भगवदीय जनकों डरपत रहनों। पेहेलें सत्संग करिकें लौकिकासक्ति नाशकरिवे योग्य हे सत्संग न करे तो पाछें लौकिकसक्तिको नाश होयसकत नांही ॥४॥ टीका-लौकिकासक्तिरूप दुःसंगतें सदा डरपत रहेनों यह न जाने जो जव दुःसंग लौकिकासक्ति होयगी तव में सत्संग करि लेउंगो जाही समय दुःसंग मिल्यो ताही समय तत्काल लौकिकासक्ति होय भगवद्भावको नाश होयगो तातें दुःसंग मिले तापेहेलेंहितें सत्संग कीयो भरे तव दुःसंग बाधा न करे ताको दृष्टांत कहतहे जो जीवको पीछें काल फिरतहे जो पेहेलेतें स्मरण भजन करिराखेतो पीछे अंतका-

लसमय काल वाधा न करे। जोजाने अवतो लौकिक करिलेउं पीछें भगवत्स्मरण करूंगो ताकूं काल आवे तो एक क्षणमें खायजाय तव वा समय कछुहू भगवद्धर्म न वने तातें पहेलेतें सत्संगहू करे ओर भगवत्सेवा स्मरणहू करे सो जव लौकिक दुःसंग आवे तव सत्संगके प्रतापतें वचीजाय सत्संगविना दुःसंगतें वचिवेको ओर उपाय नांहीहे यह निश्चय जाननो ॥ ४ ॥

मूलं--सता परोक्षे सत्संगजातभावो विभाव्यताम्।
तद्विरुद्धवचो नैव माननीयं सतां क्वचित् ॥५॥

शब्दार्थः–सत्संगमें जो भाव उत्पन्न भयो वाकी भावना सत्पुरुषके परोक्षमें करनी ओर सत्पुरुषके वचनतें जो विरुद्ध वचन होय सो काहू समय नांही माननो ॥ ५ ॥ टीका–अव उपर कहे जो सत्संग करिकें दुःसंग वाधा न करेगो तहां कोई कहे जो सत्संगतो दोयघडी चार घडी वनेगो पाछें सेवास्मरण लौकिक वैदिक कार्यहू सव क्यों चहियें तव दुःसंगतें कोन प्रकार वचेगो ? या भांति कोई कहे तहां कहतहे जो नित्य नियम करि जेसें भगवत्सेवा स्मरण करे तेसेंही सत्संग एक घडी दोय घडी वने तितनोंही करे पाछें सत्संगके परोक्षमें जो जो वार्त्ता सत्संगमें भयी होय ताको स्मरण करि अपने धर्मको देखें जो श्रीआचार्यजी श्रीगुसांईजी तो या भांति कहे हे ओर में कहा करतहूं जो विरुद्ध होय ताके त्यागमें मन करे जा प्रकार कहे हे सो करनको मन करे। या भांति मनकों जो कोई भगवद्धर्ममें लगाय-राखेगो सो दुःसंगतें वचेगो जो वार्त्ता भगवदीयके मुखसों सुनीहे तामें दृढ विश्वास करि उह वार्त्ताकी भावना मनमें करियें तव मन ठिकाने आवे। जेसें गाय वनमेंतें चरि आवत हे पाछें घर आयकें फेरि वेठिकें चर्वण करि स्वाद लेत हे तेसें वैष्णवको संग होय ता समय

भगवद्धर्मको श्रवण करे पाछें सत्संगके परोक्षमें अपने हृदयमें मनन करिकें भावनासों रसको आस्वादन करे। सत्संगतें विरुद्ध वचन जितने हे तिनकों विचारि धर्म अधर्मको विचार मनमें राखे। ओर सत्संगतें विरुद्ध वचन न कहे, जामें सत्संग छुटिजाय एसो कबहू न करे ॥ ५ ॥

मूलं--भरतस्यापि दुःसंगे जाता हरिणजातिता।
केवलं कलिदोषाभिभूता अपि जनाः स्वतः ॥६॥
तत्संगनिरतैर्नैव भवितव्यं विशेषतः।
अथवा सर्वतो मौनं तदभावे विधीयताम् ॥७॥

शब्दार्थः—जडभरतकोंहू दुःसंगमें हरिणजातिपनों भयो ओर सगरेजन आपतें हू केवल कलिदोपके जीतेभयेहे ॥ ६ ॥ तासों विनके संगमें विशेप करिकें प्रीतियुक्त नही रहेनो अथवा तेसें न वने तो मौन राखनो ॥ ७ ॥ टीका—दुःसंगको मनमें भय राखे अपनो काल जाने काहेतें जो दुःसंगदोप होय तो हरि जो भगवान् सो दूरि जात रहतहे सो श्रीआचार्यजी महाप्रभु संन्यासनिर्णय ग्रंथमें कहे हे "विपयाक्रांतदेहानां नावेशः सर्वथा हरेः" (जहां दुःसंगदोप करि देह विपयाक्रांत भयो ता देहमें भगवदावेश निश्चय न होय) तातें दुःसंगदोप महा वाधक हे ओर यह जगतमें भूतप्राणिमात्र हे सो सहजहींमें दोप करि भरे हे काहेतें जो यह कलिकाल महाकठिनहे अपने मनहूको विश्वास न करे जो में वोहोत समुझतहूं मेरे दृढ ज्ञान वैराग्य हे मेरो मन तो मेरे वश्य हे यह न जाने जासमय दुःसंग मिल्यो ता समय ज्ञान, वैराग्य, विवेक, धैर्य सव एक क्षणमें जात रहेगो। तातें अपने मनकों, इंद्रियकों, देहकों, कलिके दोप-

रूपही जाने ओर यह जाने जो सत्संगके प्रतापतें में वचतहूं जासमय दुःसंग मिलेगो ताहींसमय में गिरूंगो एसो ज्ञान मनमें राखे जो यह कलियुगने सगरे प्राणीमात्रकी बुद्धि हरिलीनीहे कलिको दोष सवनकों लग्योहे, एसो जो दुसंगदोष सर्व धर्मको नाशक हे तिनतें न्यारो यह जीव रहे तवही भगवद्भाव विशेष होय, ओर उपाय कोई नांहींहे । तहां कोई कहे जो दुःसंग प्रवल होय अपने वश न होय अपने घरके पडोसमें होय तथा कहूं जीविका होय तहां दुःसंग होय अथवा अपने कुटुंवमें होय अपनेतें यह दुःसंग निवारण न होय ओर जीवकों घरमें रहे विनातो वने नांही तहां दुःसंग प्रवल होय तो कहा करे? तहां श्रीहरिरायजी कहतहे जो मुख्य तो यहही हे जो अपने समुझायेतें अपने उपायतें दुःसंग छुटत होय तो छोडाईयें अथवा आप छोडिकें ओर ठोर निर्वाह करिये अपने काहूभांति दुःसंग न छुटे तो तहां मौनहोय रहियें वोलियें नांही, जहां अपनो कह्यो न होय तहां अपने मनको भाव भगवद्धर्म वार्त्ता कवहू न कहियें उनतें मन न्यारो राखियें काहेतें जो जाकों भगवद्धर्म सुनिवेकी श्रद्धा न होय तिनके आगें भगवद्धर्म सर्वथा न कहियें काहेतें जो भगवानमें तथा भगवद्धर्ममें भेद नांहींहे एकही पदार्थहे तातें भगवानको अतिक्रम होतहे यह विचारि जहां दुःसंग प्रवल होय तहां वाद न करियें मौन रहियें मनमें हरिशरणकी भावना करियें श्रीआचार्यजी महाप्रभु विवेकधैर्याश्रयग्रंथमें कहेहे "दुःखहानौ तथा पापे भये कामाद्यपूरणे । भक्तद्रोहे भक्त्यभावे भक्तैश्चातिक्रमे कृते ॥ अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः" (दुःखकी हानिमें तथा पापमें भयमें कामादिककी अप्राप्तिमें भक्तके द्रोहमें भक्तिके अभावमें भक्तनके अतिक्रम कीयो होय तामें अश-

क्यमें तथा सुशक्यमें निश्चय हरिशरणहे) या भांति हरिशरणकी भावना मनमें करिकें चुप्प होयरहियें ॥ ६–७ ॥

मूलं–यो वदत्यन्यथावाक्यमाचार्यवचनाज्जनः ।
संसृतिप्रेरको वाऽपि तत्संगो दुष्टसंगमः ॥ ८ ॥

शब्दार्थः–जो जन श्रीआचार्यजीके वचनमें अन्यथा वाक्य कहे अथवा अहंताममतात्मक संसारमें आसक्ति करिवेकी प्रेरणा करे तिनको संग सो दुष्टसंग जाननो ॥ ८ ॥ टीका–अव कोइ कहे जो दुःसंग अथवा भगवद्धर्ममें विरोध किनकों कहिये तहां कहतहे जो श्रीवल्लभाचार्यजीके वचनतें सिद्धांततें अन्यथा वचन कहे ताके वचन अन्यथा (झुंठो) जाने श्रीआचार्यजीतें विरुद्धधर्ममें वोध करिकें चलाव अन्यमार्गकी रीति कहे तिनकों दुष्ट करिकें मनमें जाने जो याके वचन मानेतें मेरे सर्वधर्मको नाश होयजायगो तातें अन्यमार्गीयके पास न वेठियें अन्य संवंध होयजाय, अन्यमार्गके धर्म सुनियें नांही अन्यमार्गीयक्रिया कछु न करियें, सो गोविंददुवेकी वार्त्तामें प्रसिद्धहे जो एकसमे गोविंददुवे मीरांवाईके घर गये तहां मीरांवाईने आदरसन्मानकरि गोविंददुवेकों राखे सो मीरांवाई भगवद्भक्त हती परंतु श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके पुष्टिमार्गमें नांहीहती मर्यादामार्गमें हती सो यह गोविंददुवेकी वात श्रीगुसांईजीनें जानि जो गोविंददुवे मीरांवाईके घर हे तव श्रीगुसांईजी एक श्लोक लिखे " भगवत्पदपद्मपरागजुपो नहि युक्ततरं मरणेऽपितराम् । इतराश्रयणं गजराजधृतो नहि रासभमप्युररीकुरुते " (प्रभुके चरणारविंदकी रजको सेवन करिवेवारेकूं मरणतें अधिक कष्ट प्राप्त होय तथापि ओरको आश्रय करनों योग्य नहींहे) अयिगोविंददुवे (जेसें हस्तिने धारणकीयो एसो पुरुप गर्दभको स्वीकार नांही करतहे) यह लिखिकें एक व्रजवासीको दीये जो गोविंददुवेकों दीजो । सो व्रजवासीने गोविंददुवेकों जाय

दीयो तव गोविंददुवे वांचतही उठि आये तातें यह पुष्टिमार्ग हे सो एसोहे । श्रीगुसांईजी गोविंददुवेसो कहि जो हाथीकी असवारी करी अव गधाकी असवारीको मन भयो हे? तासूं पुष्टिमार्गमें अनन्य भाव राखियें । पुष्टिमार्गतें अन्यधर्ममें चलावे ताको दुष्टसंग जाननों तत्काल ताको त्याग करनो ॥ ८ ॥

मूलं–यश्च कृष्णे रतिं नित्यं बोधयत्यप्रयोजनाम् ।
निरक्षेपः सात्त्विकश्च तत्संगः साधुसंगमः ॥ ९ ॥

शब्दार्थः–जो सदा श्रीकृष्णमें कारणरहित प्रीतिको बोध करे ओर निरक्षेप तथा सात्विक होय तिनको संग सो साधुपुरुषको संग जाननों ॥ ९ ॥ टीका–उपर कहे जो अन्यमार्गीयको संग न करे तहां कोई कहे जो किनको संग करे ? तहां कहतहे जो एक श्रीकृष्णफलात्मक भावात्मक व्रजपतिहे तिनमें नित्य नूतन प्रीति होय ओर अवतारादिकमें न होय एसो अनन्य भाव जाको होय ओर एक श्रीकृष्णके चरणारविंदकी भक्ति वढिवेकोही बोध करे ओर हृदयमें यहही वासना रहे जो श्रीकृष्णके चरणकमलमें प्रीति होय ओर दुसरो प्रयोजन मनमें न होय निरपेक्ष होय काहूकी अपेक्षा न राखे यह मनमें जाने जो एक श्रीकृष्णही कर्त्ताहे ओर कोउ नांही काहूको भगवद्धर्म दिखाय अपनी प्रतिष्ठार्थ अथवा लाभार्थ भगवद्धर्म करत न होय ओर सात्विक होय, छल, कपट, काम, क्रोध, मद, मत्सर, हृदयमें न होय एसो धर्म जहां देखे ता भगवदीयको संग करे ॥ ९ ॥

मूलं–एवं निश्चित्य सर्वेषु स्वीयेष्वन्येषु वा पुनः ।
महत्कुलप्रसूतेषु कर्त्तव्यः संगनिर्णयः ॥ १० ॥

शब्दार्थः—एसें अपने (भगवदीय जन) ओर अन्य [लौकिक] इन सवनमें संगको निश्चय करिकें फिर उत्तम कुलमें जिनको

जन्महे तिनके विषयमें संग निर्णय करनो ॥ १० ॥ टीका—सर्वओरतें निश्चिंत होय लौकिक वैदिक ओर देहसंबंधी अनेक उपाधि गृहकार्यतें मन करि निश्चिंत होय। भगवत्परायण एतन्मार्गीय पुष्टिमार्गीय वैष्णवकों अपनो जाने जो श्रीआचार्यजी महाप्रभुके शरण ये हू आयेहे हमहू श्रीआचार्यजीके शरणहे यह वैष्णव हमारे संबंधीहे एसो स्नेह वैष्णवपर होय तिनको सत्संग कर्त्तव्य हे। अन्यमार्गीय जो जीवहे तिनसों जाकों प्रयोजन न होय। महत्कुलमें जन्म होय सो साक्षात् श्रीवल्लभकुलमें यह सगरो धर्महे एक श्रीकृष्णहीकी सेवा एक श्रीकृष्णहीको आश्रय इनहीमें हे तासों विनको सत्संग मन वचन क्रिया करिकें कर्त्तव्यहे। अथवा श्रीआचार्यजीके अंगीकृत पुष्टिमार्गीय, नाम, निवेदन, मर्यादा, सेवा, श्रीकृष्णमें रति, जाके होय एसे भगवदीयको निश्चयही सत्संग कर्त्तव्य हे। या भांति सत्संगको निर्णय कर्त्तव्य हे ॥ १० ॥

मूलं–श्रीमदाचार्यचरणे मतिः स्थाप्या सदा स्वतः ।
तत एव स्वकीयानां सिद्धिः कार्यस्य सर्वथा॥११॥

शब्दार्थः—सदा श्रीआचार्यजीके चरणारविंदमें आपतें मति स्थिर करनी तामोंही भगवदीयनके कार्यकी निश्चय सिद्धि होय ॥११॥ टीका–श्रीआचार्यजीके चरणकमलमें जाकी मति दृढ एकरस स्वस्थ होय मन वचन करिके एक श्रीआचार्यजीके चरणकमलमें जिनकी बुद्धि होय तिनको संग करनो। श्रीसर्वोत्तमजीकी टीका श्रीगोकुलनाथजी विरचित हे तामें लिखे हे जो पद्मनाभदास सरिखे भगवदीय विरलहे एसे भगवदीयके हृदयमें श्रीआचार्यजी महाप्रभु नित्य विराजमान हे तिनके संगतें सकल कार्य सिद्ध होय, भींज्यो कपराहे ताकों सूखे कपराको संबंध होय तो वह भींजे, तेसेंही भगवदीयके संगतें

भगवदीय होय एसें स्वकीय भगवदीय मिलनें वहुत दुर्लभहे। ओर जहांताई एसे स्वकीय भगवदीयको संग नहोय तहांताई कार्यहू सिद्ध नहोय तातें भगवत्सेवास्मरण करियें, एसे भगवदीयके मिलवेको मनमें ताप राखियें तो श्रीआचार्यजी महाप्रभु कृपा करिकें मिलावे तव श्रद्धापूर्वक दीन होय उनको संग मन लगायकें करियें। जव वे भगवदीय प्रसन्न होय कृपा करि पुष्टिमार्गको प्रकार लीलाभाव वतावे तव कार्य निश्चय सिद्ध होय। ताहीतें श्रीआचार्यजी महाप्रभु आप नवरत्नग्रंथमें निरूपणकीयेहे "निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः" (निश्चय तादृशीयजनके संग मिलिकें निवेदनको स्मरण करनो) निवेदनको स्मरण तादृशीयवैष्णवसों मिलिकें करे तो हृदयमें मार्गस्फुर्ति होय तातें सत्संग अवश्य कर्त्तव्यहे ॥ ११ ॥

मूलं–अवैष्णवत्वं मंतव्यं तद्विरुद्धजनेष्वपि॥
जीवेषु दोषवत्स्वेवं तथा तत्साम्यवस्तुषु ॥ १२ ॥

शब्दार्थः–पुष्टिमार्गतें विरुद्ध जो जनहे तिनमें तथा भगवदीयमें दोषबुद्धिवारे जो जीवहे तिनमेंहू एसें अवैष्णवत्व माननों॥१२॥ टीका– वैष्णव ओर अवैष्णव केसें जानियें सो लक्षण कहतहे। जो श्रीआचार्यजीनें पुष्टिमार्ग प्रकट कीयोहे ओर श्रीगुसाईजीनें प्रकाश कीयोहे सो नामावलीमें नाम कहेहे "पुष्टिप्रवर्त्तकाय नमः" यह श्रीआचार्यजीको नाम, "पुष्टिमार्गप्रकाशकाय नमः" यह श्रीगुसांईजीको नाम हे। तासूं जो कोई पुष्टिमार्गकी रीतिसों विरुद्ध आचरण करे ताकों अवैष्णव जानियें जो कोई पुष्टिमार्गकी रीति प्रमाण चलतहे तिनकों वैष्णव जानियें, काहेतें जो शुद्धजीव होयगो तासों शुद्ध क्रिया वनेगी। सो जीव जगतमें तीन प्रकारकेहें सो पुष्टिप्रवाहमर्यादाग्रंथमें श्रीआचार्यजी महाप्रभु कहेहें–"इच्छामात्रेण मनसा प्रवाहं सृष्टवान् हरिः। वचसा वेदमार्ग

हि पुष्टिं कायेन निश्चयः" (प्रभु इच्छामात्रतें मनतें प्रवाहकूं तथा वचनतें निश्चयवेदमार्गकों ओर कायातें निश्चय पुष्टिकों उत्पन्न करत-भये) श्रीठाकुरजी इच्छा करिकें मनतें सृष्टि प्रकट करीहे सो प्रवाही सृष्टिहे वाको मन कवहू भगवद्धर्ममें नांही लगे सदा दुष्टाचरणही करे ओर वचनकरिकें श्रीठाकुरजीने सृष्टि प्रकट करीहे सो मर्यादासृष्टि वैदिककर्ममें लागी रहेहे ओर श्रीठाकुरजीने अपनी कायातें सृष्टि प्रकट करीहे सो पुष्टिजीवहे उनसों भगवत्सेवाही बने या रीतिसों तीन प्रकारके जीवहे तातें जीव दोपकरिकें भयोंहे सो प्रवाहीहे तासोंही दुष्टाचरण करतहे ताकों अवैष्णव निश्चय जाननों ॥ १२ ॥

मूलं–श्रीकृष्णः श्रीमदाचार्यस्तथा श्रीविठ्ठलेश्वरः ।
तथा लीलास्थसामग्रीनैंतत्साम्यं कदाचन ॥१३॥

शब्दार्थः–श्रीकृष्ण, श्रीमदाचार्यजी, श्रीगुसांईजी, ओर सब लीला सामग्री इनसबनके बराबर लौकिकमें काहूदिन ओर कछु नहीहे॥ १३॥

टीका–अब श्रीहरिरायजी पुष्टिमार्गीयजीवनको शिक्षा करतहे जो यह भाव मनमें अहर्निश अवश्य राखियो अलौकिक पदार्थमें लौकिकबुद्धि आवेतो वाको सर्वस्व नाश होय सो कहतहे—एक श्रीकृष्ण, श्रीआचार्यजी ओर श्रीविठ्ठलनाथजी तथा लीला सामग्रीमें व्रजभक्त आदि श्रीआचार्यजीके पुष्टिमार्गमें सेवा सामग्री सब अलौकिक जाननी श्रीकृष्ण साक्षात् फलात्मक रसात्मक श्रीयशोदोत्संगलालित सर्वांगसुंदर व्रजभक्तनके सर्वस्व जीवनधन सोहि श्रीकृष्ण अपने दैवीजीवनके उद्धारार्थ श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीरूप ओर अलौकिक अग्निरूप प्रकटे सो अलौकिक मार्ग प्रकट कीये सोहि श्रीआचार्यजी अपनो दूसरोहि रूप श्रीगुसांईजीको धारण करि यह पुष्टिमार्गको प्रकाश कीये । जेसें श्रीकृष्णावतारमें सगरी लीला-

सामग्री (श्रीकृष्ण), श्रीनंदरायजी, श्रीयशोदाजी, आदि सव अलौकिक वाललीलारसमें मग्नहे, सखा ग्वाल येहू अलौकिक सख्यभावमें मग्नहे, गोपीजनमें अनेक भावहे श्रुतिरूपा, कुमारिका, मुख्य श्रीस्वामिनीजी वृषभानुजा, ओर श्रीयमुनाजी इनके अनेक यूथ अनेक सखी यह सव अलौकिक श्रीगिरिराज, वृक्षादिक, पशु, पक्षी, व्रजभूमि, गुल्म, लता, औषधि, निकुंज, आदि सव लीलासामग्री आभूषण वस्त्रादिसामग्री सव अलौकिकहे तेसेंही यह श्रीआचार्यजी श्रीगुसांईजीके पुष्टिमार्गमें सेवाप्रकार, वर्षदिनके उत्सव, नित्यसेवाको प्रकार, सामग्री, आभूषण, वस्त्र, सिंहासन, खंडपाट, पिछवाई, निजमंदिर, मणिकोठा, तिवारी, डोलतिवारी, रसोईघर, पानघर, फूलघर, शाकघर, भंडार, चोक, सेवक, कीर्त्तनीया, परिचारक, आदि सव सेवासंबंधी पदार्थ अलौकिक जानियें इनकों भावात्मक जानियें इनमें लौकिकबुद्धि करे तो महा अपराध होय। या भावसों पुष्टिमार्गीय वैष्णव सेवा करे। यह भाव मनमें गुप्त राखे सो आगेंके श्लोकमें कहतहे ॥ १३ ॥

मूलं–यदस्माभिः पुरा प्रोक्तं तच्चित्ते स्थाप्यतां सदा।
न कुत्राऽपि च वक्तव्यं सांप्रतं विमुखा जनाः ॥१४॥

शब्दार्थः–जो हमने आगें कह्योहे सो सदा चित्तमें स्थापन करियो जो मार्गके वक्ताहे तिनतें कहनो ओर काहूके आगें मति कहियो काहेतें जो आजकाल सगरे जन बहिर्मुख होय गयेहें ॥ १४ ॥
टीका–अव कोई पूर्वपक्ष करे जो सेवासामग्री तुम सव अलौकिक वताये सो तुम अपनी युक्तिसों कहतहो के कहू ग्रंथमें हे? के काहूसों सुनीहे? या भांति कोई कहे तहां श्रीहरिरायजी अपने छोटे भाई तथा अंगीकृत सेवकनसों कहतहे जो यह हम वडेनसों सुनीहे श्रीगोकुलनाथजी श्रीकल्याणरायजी आदि सर्व भावरसके अनुभवकर्त्ता-

के श्रीमुखसों सुनीहे । अथवा श्रीसुबोधिनीजीमें श्रीमहाप्रभुजी सब भाव कहेहे तथा ग्रंथमें श्रीगुसांईजी सगरि लीलासामग्री अलौकिक वर्णन कीयेहे सो हम तुमसों अति स्नेहकरिकें कहतहे जो यह वार्त्ता अपने चित्तमें सदा स्थापन करियो, कबहू कोईकाल भूलिकें लौकिक मति जानियो ओर यह भाव काहूके आगें मति कहियो, तुम्हारो अंगीकृत जाको हृदय शुद्ध होय हृदयमें दृढ श्रीआचार्यजी श्रीगुसांईजीके चरणकमलको विश्वास होय तिनसों मिलिकें अलौकिकपदार्थको विचार कर्त्तव्यहे ओर विमुखजन जाकी लौकिक बुद्धिहे तिनप्रति कबहू अलौकिकपदार्थको भाव न कहियें । तहां कोई कहे जो समुझे नांही ताके आगें कहियें तो यहहू जाने ओर तुम कहतहो न कहियें ताको कारण कहा ? तहां कहतहे ॥ १४ ॥

मूलं–सांमुख्यबोधनं नैव जायते बाह्यधर्मतः ।
एकोपि दोषः सुदृढः सर्वं नाशयति ध्रुवम् ॥ १५ ॥

शब्दार्थः–बाह्यधर्मतें सन्मुखमें बोधन होय नांही काहेतें जो एक हू अत्यंत दृढ दोष निश्चय सर्वको नाश करे ॥ १५ ॥ टीका–ओरके आगें अलौकिक प्रकारहे सो न कहेनो या पुष्टिमार्गमें भगवदीय विना अन्यहे तिनसों कहियें तो अपनो धर्म जाय ओरके आगें कछु कहनेको प्रकार आय बने तो ज्ञान वैराग्यको प्रकार कहि दीजियें, अलौकिकभावको प्रकार न कहियें । काहेतें जो अपने हृदयको धर्म बाहिर प्रकाश करेतो धर्मरस बाहिर जातरहे हृदयतें प्रभु जातरहे । तातें मुख्यधर्मको बाहिर प्रकाश सर्वथा न करनो, काहेतें जो एकदोष यह जीवमें एसो दृढहे जो अलौकिकमें लौकिकबुद्धिहे सो यह सर्वधर्मको निश्चयही नाश करतहे, सो अलौकिकपदार्थमें लौकिकबुद्धि सबकीहे कोटानकोटिमें कोई एकको अलौकिकबुद्धि

होयगी सो सगरी वस्तु लीलामय देखेगो तिनसों लौकिकक्रिया कवहू न वनेगी। तातें यह एक महादोष जगतमें मिलिरह्योहे जो लौकिक बुद्धि अलेकिकमेंहे, तिनके सर्वधर्मको नाशहे कछु अनुभव नांहीहे। या प्रकार पुष्टिमार्गमें रहे तिनको श्रीआचार्यजीकी कृपातें भाव उत्पन्न होय स्वरूपानंदको अनुभव होय ॥ १५ ॥

मूलं–अस्माभिरेवं लिखितं निरपेक्षैः स्वभावतः ।
स्नेहेन सर्वथा चित्ते धीयतां यदि रोचते ॥ १६ ॥

शब्दार्थः–हमने निरपेक्ष होय स्वभावतें ऐसें लिख्योहे सो रुचेतो निश्चय स्नेह करिकें चित्तमें धारण करोगे ॥ १६ ॥ टीका–अव श्रीहरिरायजी अपने भाई श्रीगोपेश्वरजीप्रति तृतीय शिक्षापत्र संपूर्ण करत हे तामें कहतहे जो यह शिक्षापत्र हम तुमकों लिखेहे सो तुम यह मति जानियो जो भाईके संवंधकरिके लिखे हे अथवा कछु लौकिक स्वार्थको भाव यह मनमें हे तुमकों प्रसन्न करिवेके अर्थहू नांही हे निरपेक्षभावसों लिखेहे श्रीमहाप्रभुजीकी निधि घरमें विराजतहे तिनकी सेवासामग्रीमें अलौकिक भाव होय तो आनंदको अनुभव होय यातें लिखेहें तातें जो तुह्मारे चित्तमें रुचेतो यह उपर जितनो प्रकार कह्यो हे सो चित्तमें निश्चय धारण करिवेयोग्य पदार्थ हे काहूके आगें प्रकाश करिवेयोग्य नांही हे। यह मार्ग श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीको हे सो भावात्मक गोप्य हे तातें स्नेह करि अपने चित्तमें सर्वभावको धारण करोगे ॥ १६ ॥

इति श्री हरिरायजीकृतं तृतीयं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३ ॥

शिक्षापत्र ४.

अब चतुर्थशिक्षापत्रमें भावना निरूपण करतहे उपर कहे जो सत्संग करि दुःसंगको त्याग करे ताके हृदयमें भगवान् पधारे सो भगवान् श्रीकृष्णविरुद्ध धर्माश्रयहे तिनके स्वरूपको ज्ञान होय सो स्वरूप अब आगें सिद्धांतपूर्वक निरूपण करतहे–

मूलं-प्रभोर्धर्माः श्रुतौ प्रोक्तास्तथा भागवतेऽपि च ।
अप्राकृताः स्वरूपैकनिष्ठा भिन्ना न रूपतः ॥१॥

शब्दार्थः–प्रभुके धर्म अप्राकृत (मायासंबंधरहित) ओर एक स्वरूपमेंही स्थित स्वरूपतें भिन्न नांही एसे श्रुतिमें तथा श्रीभागवतमेंहू निरूपण कीयेहें ॥ १ ॥ टीका–प्रभु श्रीकृष्ण हे तिनके धर्म श्रुतिमें विस्तारकरिके कहे हे ओर श्रीभागवतमेंहू प्रभुके सब धर्म कहे हे सो श्रुतिके तथा श्रीभागवत दोउके वचन प्रमाण जाननें, जिनके हृदयमें श्रुतिके वचन ओर श्रीभागवतके वचन प्रमाण नांही हे सो जीवकों आसुरी जाननें, जिनके हृदयमें श्रुतिके वचन ओर श्रीभागवतके वचन प्रमाण हे तिनकों शुद्ध दैवीजीव जाननें । सो श्रुतिहू भगवानके स्वरूपकों अप्राकृत कहतहे ओर श्रीभागवतहू श्रीठाकोरजीके स्वरूपकों अप्राकृत कहतहे सो प्राकृत ओर अप्राकृतमें यह तारतम्य हे जो अप्राकृत हे सो सदा एकरस केवल आनंदमयहे तहां लौकिक माया-के गुणको प्रवेश नांही हे ओर प्राकृत हे सो मायाजन्य हे मायाकृत गुण काम, क्रोध, मद, मत्सर, सुख, दुःख सब लगे हे सो कालपाय-के प्रकटहोय तथा कालपायके नष्ट होयजाय यह प्राकृत जाननों । तातें प्रभुको स्वरूप अप्राकृत जाने । अप्राकृत प्रभुको स्वरूप जान्यो क्य-

जानियें जब प्रभुके स्वरूपमें ओर नाममें दृढ निष्ठा होय। श्रीठाकुर-जीके स्वरूपकी सेवा कीये विना रह्यो न जाय ओर श्रीठाकुरजीके नाम श्रीठाकुरजीकी लीलासंबंधी कीर्त्तन विना न रह्यो जाय तब जानियें जो श्रीठाकुरजीके नामरूपमें निष्ठा भई. श्रीठाकुरजीसंबंधी धर्ममें सगरी इंद्रिय मन देह लग्यो रहे तब जानियें जो या वैष्णवपर प्रभु कृपा कीये ॥ १ ॥

मूलं-कर्तृत्वसर्वरूपत्वसर्वाधारत्वमुख्यकाः।
व्यापकत्वविरुद्धात्मधर्माद्याःश्रुतिरूपिताः ॥ २ ॥

शब्दार्थः-कर्त्तापनो, सर्वरूपपनो तथा सर्वाधारपनो यह मुख्यधर्म ओर व्यापकत्व तथा विरुद्धधर्माश्रयत्व आदि सर्वधर्म श्रुतिमें निरूपण कीयेहे ॥ २ ॥ टीका-श्रुति ओर श्रीभागवत प्रभुकों अप्राकृत क्रियारूप कहतहे जो रूप श्रीठाकुरजी चाहे सोहि रूपकों अपने भक्तनके सुखदानार्थ धरि लेई सो श्रीभागवतमें प्रसिद्ध वर्णन हे जब हिरण्यकशिपुनें प्रह्लादजीकों बहूत दुःख दीये तब प्रभु श्रीनृसिंहरूप धरिकें हिरण्यकशिपुकों मारे प्रह्लादकी रक्षा करि लीनी तथा श्रीयशोदाजीकों मुख्य बालभाव हे तिनके बालक होय पलनामें झूलत हे ओर व्रजभक्तनकों पतिभाव हे तातें उनकों रतिदान मानमोचनहू करत हे एककालावच्छिन्न सर्व लीला करत हे काहेतें जो सर्वके आधाररूप मुख्य श्रीकृष्ण हे कर्तुं अकर्तुं अन्यथाकर्तुं सर्वसामर्थ्ययुक्त हे सगरे व्यापक हे सबठोर श्रीकृष्णकीही सत्ता हे ओर सबतें न्यारेहे येही विरुद्धधर्माश्रय जो सबमेंहे ओर सबतें न्यारेहे। याभांति वेद, पुराण, श्रीभागवत भगवानको अलौकिक रूप निरूपण करतहे ॥ २ ॥

मूलं-ऐश्वर्याद्या अंतरंगधर्मा भागवते तथा।
तेऽपि स्वरूपभेदेन मर्यादापुष्टिभेदतः ॥ ३ ॥

सर्वेऽपि च विभिद्यंत इति श्रीमत्प्रभोर्वचः ।
अतोऽत्र पुष्टिमार्गीयमंतरंगं विशेषतः ॥ ४ ॥

शब्दार्थः–तेसें ऐश्वर्यादिक अंतरंगधर्म श्रीभागवतमेंहू निरूपण कीयेहे सोहू मर्यादा ओर पुष्टि दोयभेदसों स्वरूपके भेद करके सर्व धर्महू भेद पावेहें एसे आपके वचनहे तासों यहां विशेषसों अंतरंग पुष्टिमार्गीय धर्महे ॥ ३ ॥ ४ ॥ टीका–श्रुति ओर श्रीभागवत दोय भावको स्वरूप कहतहे एकभावतो ऐश्वर्यकोहे प्रभुकों व्यापक सर्वके आधाररूप कहतहे सो मर्यादाभक्त ऐश्वर्य जानि भजन करतहे श्रुति नेतिनेति कहतहे ब्रह्मा, शिव, शेषादिक ऐश्वर्यभावसों भजन करतहे सो मर्यादाभक्तहे ओर प्रभुके अंतरंग भक्तहे सो स्नेहभावसों भजन करतहे नंद, यशोदा, व्रजभक्तादिक पुष्टभक्तहे सो श्रीठाकुरजी एकहीहे परि भक्तनके भावकरि न्यारेन्यारेहू दीसतहे सो श्रीभागवतमें कहेहे जो जब अक्रूरजी श्रीठाकुरजीको मधुपुरीमें पधरायके लेगये तहां जाको जेसो भाव हतो तेसोही दर्शन भयो, कंसको वैरभाव हतो तातें कालरूप देखे, जोगीजन परमतत्त्व देखे, मथुरास्थस्त्रीजन भक्त परमकोमल सुकुमार देखे, जहां जेसो भक्तनको भाव तहां श्रीठाकुरजी ताही भावसों विराजतहे मर्यादाभक्त ऐश्वर्यभावकरि आराधना करत हे. यह जानतहे जो प्रभुकों भूख प्यास नांही, कोटि ब्रह्मांडके कर्त्ताहे, पालनकरे, संहारकरे, तिनकों हम कहा देयगें ? प्रभु हमारी रक्षा करतहे यह भाव हे तिनसों कछु प्रभु मांगत नांही. ओर पुष्टिभक्त नंद, यशोदा, व्रजभक्तादिककों स्नेहभाव हे जो एक क्षणमें भूखे होयगें शीतः उष्ण, लागत हे एसो भाव हे तहां श्रीठाकुरजी मांगिकें अंगीकार करत हे सो श्रीभागवतमें प्रसिद्धही निरूपण हे । ऐश्वर्यभावमें मर्यादारीति हे ओर स्नेहभावमें पुष्टिरीति हे ।

याभांति स्वरूपभेदतें न्यारे न्यारे रसको अनुभवहे सो दोउमार्ग प्रसिद्ध हे ॥ ३ ॥ सर्वमें व्यापी भगवान् हे सो शास्त्र, पुराण, श्रीभागवत, कहतहे ओर श्रीसुबोधिनीजी आदि ग्रंथमें श्रीआचार्यजी महाप्रभु सर्वव्यापक प्रभुकों कहेहे परंतु अंतरंग पुष्टिमार्गीय भक्तनको भाव सर्वोपरहे सो काहेतें जो ज्ञानीहे तथा मर्यादामार्गीय भक्तहे सो भगवानको सर्वव्यापक जानिके भजन करतहे तिनकों स्वरूपानंदको अनुभव नांही केवल मोक्षके अधिकारी हे ओर पुष्टिमार्गीय भक्त हे सो सर्वोपरहे श्रीठाकुरजीके अंतरंग सदा सेवा, शृंगार, भोग आदि-करिकें स्वरूपानंदको अनुभव करतहे तिनतें एकक्षण श्रीठाकुरजी न्यारे नांही रहतहे तातें यह पुष्टिभक्ति विशेषकरि सर्वोपरहे ॥ ४ ॥

मूलं—विरुद्धधर्माश्रयत्वं स्वसुखाय विचारयेत् ।
प्रभुः कुमार एवास्ति व्रजे मातृपदांकगः ॥ ५ ॥
श्रीभागवतवाक्येन कौमारं जहतुर्व्रजे ।
व्याख्यातं च तथैवाऽस्मदाचार्यैर्विवृतावपि ॥ ६ ॥

शब्दार्थः—अपने सुखके अर्थ प्रभुकों विरुद्धधर्माश्रयत्व विचारे, दोयभैया व्रजमें कुमार अवस्थाकूं राखतभये एसें वाक्यतें व्रजमें मातृपदांकगः (श्रीयशोदोत्संगलालित) प्रभु कुमारहीहे, श्रीमदाचार्यजीनें श्रीसुबोधिनीजीमेंहू एसोही व्याख्यान कीयोहे ॥ ५ ॥ ६ ॥ टीका—प्रभुको स्वरूप विरुद्धधर्माश्रयी हे यह विचार भक्तजनकों अवश्य हृदयमें करनो । वैष्णवको मुख्यधर्म येहीहे जो प्रभुकों विरुद्धधर्माश्रयी जाने काहेतें जो जहांताई भक्तनकों विरुद्धधर्माश्रयको ज्ञान न होय तहांताई प्रभुकी लीलामें असंभावना विपरीतभावना होय सो भक्तिबीजको नाश करे ताको प्रकार कहत हे जो प्रभुकी लीलामें संदेह आवे जो दामोदरलीलामें प्रभुकी कटि छोटिसी ओर दोयअंगुरीको

बीच अंतर तामें श्रीयशोदाजी दाम जोरत जाय तोहू दोय अंगुरी घटे सो केसें ? यह दोपबुद्धि सो असंभावना ओर माखनके लीये प्रभु क्यों रुदन कीये तथा मानादिक लीलामें प्रभु एसो दैन्य क्यों करत हे या भांति दोपबुद्धि आवे सो विपरीत भावना यह दोप कब जाय जब श्रीठाकुरजीकों विरुद्धधर्माश्रयी जानें यह मुख्य विचार वैष्णवकों कर्त्तव्य हे। प्रभु कुमार पांच वरसके परमसुंदर श्रीयशोदाजी के अंकमें विराजित हे ओर भक्तनकों सर्वलीलाको अनुभव करावतहे, प्रभुकी सगरी लीला नित्य हे, आनंदरूप हे, जेसें प्रभु आनंदरूप नित्य हे तेसें ही प्रभुकी लीला हे सो आगें वर्णन करत हे ॥ ५ ॥ श्रीमद्भागवतमें नित्यलीला कहे हें जो कुमारलीला व्रजमें राखिकें पौगंड किशोर वयकी लीला कीये 'कौमारं जहतुर्व्रजे' (व्रजमें कुमार अवस्थाकूं राखत भये) तासूं मनुष्यको बालपनो गये पीछे फेरी बालपनो या जन्ममें एकदिनहू न आवे ओर श्रीठाकुरजीकी सगरी लीला नित्य हे बाल अवस्थामें किशोरलीला करतहे किशोर अवस्थामें बाललीला करत हे, यह विरुद्ध धर्माश्रयी प्रभुकों जाननें। ताहीतें श्रीभागवतमें श्रीशुकदेवजी कहेहे कुमारलीला राखि दुसरी लीला कीयें या श्लोकके व्याख्यान श्रीआचार्यजी महाप्रभु निबंध श्रीसुबोधिनीजी संसार्थ विवेचन करी कीये हे जो नित्यलीला ठोर ठोर संपादन कीये ताही भांति श्रीआचार्यजी महाप्रभु पुष्टिमार्गमें सेवा प्रकट कीये जामें वर्षके वर्ष जन्माष्टमी, दान, रास, होरी, फूलमंडली, हिंडोरा, सब नित्यलीलाको अनुभव साक्षात् होत हे। याभा-

---

१ श्रीभागवतके अर्थको सातरीतसों एकता करीहे। तामें श्रीसुबोधिनीजीमें वाक्यार्थ, पदार्थ, अक्षरार्थ ये तीन अर्थ तथा निबंधमें "शास्त्रार्थ, स्कंधार्थ, प्रकरणार्थ, ओर अध्यायार्थ मिल चार अर्थ एसें सातरीतसों एकता करी हे। पदेऽक्षरे। एकार्थं सप्तधा जानन्नविरोधेन मुच्यते."

वर्तें वैष्णव नित्यलीलाको भेद(अभिप्राय)जानि स्मरण भजन करे ॥६॥

मूलं–व्रज एव कुमारश्च कुमारीभावविद्धरिः ।
एकादश समास्तत्र गूढार्चिः सबलोऽवसत् ॥ ७ ॥
एतद्वाक्यं मिश्ररूपं कुमारः केवलो हरिः ।
सामग्र्यपि तथैवास्ति यतो गोप्यः कुमारिकाः॥८॥

शब्दार्थः–कुमारिकाके भाव जानिवेवारे हरि व्रजमेंहि कुमारहे ओर (श्रीभागवतके तृतीयस्कंधके द्वितीयाध्यायके छवीसमें श्लोकमें लिखे हे जो) ग्यारे वर्ष गूढप्रतापवारे श्रीवलदेवजीसहित तहां (व्रजमें) वसे ॥ ७ ॥ यह वाक्य मिश्ररूप हे स्मृतिमें व्यापकरूप तथा ऐश्वर्य-ज्ञानादिधर्मसहित रूपको निरूपणहे दशमस्कंधमें 'कौमारं जहतुर्व्रजे' यह वाक्यमें कुमार अवस्था व्रजमें राखी एसें निरूपणहे ओर तृतीय. स्कंधमें 'एकादशसमास्तत्र गूढार्चिः सबलोऽवसत्' यह वाक्यमें ग्यारे वर्ष व्रजमें वसे एसें मिश्र व्यापक कौमार तथा पौगंड किशोर अवस्थारूप प्रतिपादक वाक्य हे परंतु वस्तुतः केवल कुमार हरिहीहे काहेतें जो व्रजभक्त (ऋषिरूपा) कुमारिकाहे ओर सामग्रीहू तेसीहीहे ॥ ८ ॥ टीका–व्रजमें प्रभु कुमार यातेहे जो कुमारी जो सोरहहजार अग्निकुमारिका पांच पांच वर्षकीहे उनके भावनीय भावनामें पांचवर्षके प्रभुहे काहेतें जो रसशास्त्रमें यह कहेहे जो जेसो भाव स्त्रीको होय तेसोही पति होय तब रसविशेप होय तातें कुमारिकाकों प्रभु कुमाररूपसों भावकी वृद्धि करतहे । ओर ग्यारहवर्षकी लीला व्रजमें सदाहे तामें वाललीलातें पौगंड किशोर सवही करतहे । कुमारिकाने गूढ भावसों कात्यायनी देवीको अर्चन कीयो (गूढभावतें छिपायें यातें जो हमारे भावकों श्री-

---

१ " कुमारी चाऽभवद्धरिः" एसो पाठ कोउ पुस्तकमेंहे सो सर्व भगवद्रूपहे या भावसों हे ताको अर्थ कुमारीरूप तथा कुमाररूप हरिमयेहें एसो हे.

नंदरायजी श्रीयशोदाजी आदि व्रजमें कोउ न जाने काहेतें जो गूढ-भाव प्रकट भयेतें रस जातरहतहे तातें सवसों छिपाय कात्यायनीको अर्चन कुमारिकानें कीयो) ताकरिकें श्रीठाकुरजीकों अपने वश्य कीये कुमारिकाको गूढभाव प्रभु जानिकें चीरहरणकरि सर्वांगदर्शन करि अलौकिकदेह संपादनकीये पाछें वस्त्रहू अलौकिक करिकें दीये वरदानदीये जो शरदृऋतुमें रास करि तुह्मारो मनोरथ पूर्ण करेंगे सो रासमें कुमारतें ग्यारहवर्षके किशोरवय धरिकें कुमारीनको जेसो जेसो मनोरथ हतो सो सव संपूर्ण कीयो याभांति गूढभावसों कात्यायनीको अर्चन करि कुमारिकानें प्रभु वश्य कीये ॥ ७ ॥ याभांति दोयवाक्यहे दोयप्रकारको भावहे श्रुतिवाक्यतें ऐश्वर्य भाव तथा श्रीभागवतके वाक्यतें कुमारभाव सो मिश्रित, दोयरूप प्रभुकेहे सो केवल कुमाररूप हरि कुमारिकाके भावकरिकें हे। यद्यपि प्रभुकी स्थिति सगरेहे प्रभुके व्यापक धर्म ऐश्वर्य ज्ञानादिक विचारिकें मर्यादामार्गोक्तप्रभु सगरेहे परंतु गोपकुमारिकाके पासही रसरूप प्रभुहे कुमारिकाके भावविना रसरूप प्रभु तहां नांहीहे काहेतें जो भावात्मक रसरूप प्रभु पात्रविना ओरठोर रहे नांही तातें भावरूप पात्र कुमारिकाहे तातें कुमारिकाके पास भावात्मक प्रभुहे ॥ ८ ॥

मूलं-एवं सतीदृशे रूपे रासलीलादिरूपणम्।
विरुद्धधर्माश्रयत्वबोधायैव हि युज्यते ॥ ९ ॥

शब्दार्थः-जव एसें मिश्ररूपहे (व्यापक, कुमार, पौगंड, किशोर एसें निरूपण कीयेहें) तव एसेरूपमें रासलीलादिक निरूपणहे सो विरुद्धधर्माश्रयत्व वोधकेलीये हि घटेहे ॥ ९ ॥ टीका-जो रसात्मक प्रभु कुमारिकाकेही पासहे सो रासलीलामें वर्णन हे जो वेणु वजाय सगरे व्रजभक्तनकों वुलायके पाछें श्रीठाकुरजी सगरे व्रजभक्तनसों रम-

णकीयो तव सबनकों सौभाग्यमद भयो एक गुणातीत अग्निकुमारि-
काकों मद नभयो तव श्रीठाकुरजी यह कुमारिकाकों लेयकें पधारे
पाछें उनहूकूं सौभाग्यमद भयो तव तहांते अंतर्धान होय यह
गुणातीतभक्तके हृदयमें पधारे। जो प्रभु हृदयमें न होय तो एक
क्षणमें दशमी अवस्था (मरण) भक्तनकी होयजाय सो जव
गुणातीतकुमारिकानें वाहिर प्रकट प्रभुकों न देखे ताहीसमय मूर्च्छा
खायके गिरी सो प्रभुनें दोयभुजासों उठायीहे तव वहभक्त वोली
" हा नाथ रमण प्रेष्ठ क्वाऽसि क्वाऽसि महाभुज ! । दास्यास्ते कृपणाया मे
सखे दर्शय सन्निधिम् ।(हा नाथ ! हा रमण ! हा प्रिय ! कहांहो कहांहो
हा वडे भुजवारे ! आपकी दासी ओर दीन मोको हे सखे ! सन्निधान
वताओ) तुम पास हो सो काहेतें जो महाभुजातें उठायकें रक्षाकीनीहें
तो दर्शन देउ पाछें सगरे भक्त फेरि पुलिनमें आयकें गुणगान कीये
पाछे निःसाधन होय रुदन कीयो तव उनहीके भीतरमेंतें वाहिर प्रकटे
तातें कुमारिकाके पासही प्रभु हे ओर ऐश्वर्यधर्मकरिकें सवठोर व्यापक
हे। या भांति विरुद्धधर्माश्रयको वोध कीयो सो वैष्णवकों अवश्य
जान्यो चाहियें ॥ ९ ॥

मूलं—इदं हि पुष्टिमार्गीयं तदेव ज्ञायते बुधैः ।
गीतगोविंदाद्यपद्येऽप्येतदेव निरूप्यते ॥ १० ॥

शब्दार्थः—यह पुष्टिमार्गीय तत्वहे सो एसें ही वुध (पंडित)
जानेहे काहेतें जो गीतगोविंदकाव्यके प्रथमश्लोकमेंहू श्रीनंदराय-
जीके वचन कुमारअवस्थासूचक लिखेहे तथा श्रीस्वामिनीजीके संग
क्रीडाहू लिखिहे सो एसेंही निरूपण कीयेहे ॥ १० ॥ टीका—तहां
कोई कहे जो कुमारिकाकेही पास प्रभु क्यों वसतहे ? तहां कहतहे
जो कुमारिका पुष्टिमार्गीयहे यहवुद्धिकरिकें जाननों कुमारिकाके धर्म

जेसो धर्म जव आवे तव जानियें जो पुष्टिमार्गीयधर्म आयो एसो धर्म दुर्लभहे तातें अहर्निश कुमारिकाके भावकी भावना मनमें करनी दासत्व कीयेतें कुमारिकाकी कृपातें भाव जव हृदयारूढ होय तव प्रभुको अनुभव होय यह बुद्धिमें निश्चय करि कुमारिकाके भावकी भावना करियें सों श्रीआचार्यजीके पुष्टिमार्गमें उनहीके भावकी सेवाहे यहजानि मार्गकी रीतिसों सेवा करियें । श्रीआचार्यजी श्रीगुसांईजीके चरणकमलको आश्रय लेकें उनके भावरूपही पिता-पुत्रको जानियें । गीतगोविंदमें मानादिकविहार जयदेवनें निरूपण कीये सो कुमारिकाके भावकी सव लीला जाननी । याप्रकार प्रभु कुमारिकानके परवशहे रसके अनेकग्रंथहे सो गीतगोविंद आदिमें सव आये सो कुमारिकाकी लीला याप्रकार मनमें जानि भावना करनी ॥ १० ॥

मूलं-अन्यथा नंदवचनं तादृशो युज्यते कथम्।
अतस्तु पुष्टिमार्गीयविरुद्धगुणसंश्रयः ॥ ११ ॥

शब्दार्थः-एसें न होय तो श्रीनंदरायको वचन प्रभुके विरुद्धधर्माश्रयत्व स्वीकार्यें विना घटे केसें तासों पुष्टि-मार्गीय प्रभु विरुद्धधर्माश्रयीहे ॥ ११ ॥ टीका-श्रीनंदरायजीके वचन सत्य जानने । काहेतें जो गोडदेशतें सोरहहजार कुमारिका

---

१ मेघैर्मेदुरमंबरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमैर्नक्तं भीरुरयं त्वमेव तदिमं राधे! गृहं प्रापय । इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुंजद्रुमं राधामाधवयोर्जयन्ति यमुना-कूले रहःकेलयः ॥

(राधे ! आकाश मेघनतें व्याप्त हे, तमालवृक्षनतें वनकी पृथ्वी श्याम हे, रात्रिमें यह डरपे हे तासूं तुम या (श्रीकृष्ण) कूं घर पहोंचाव. एसे श्रीनंदरायजीके वचनतें चले श्रीराधिकाजी तथा श्रीकृष्णकी श्रीयमुना किनारेके मार्गके निकुंजके विषे गुप्त विहार जय पावत हे.)

श्रीनंदरायजी कंसको देवेकेलिये लाये सो वहकुमारिका पुष्टिमार्गीय हती तातें प्रभुकी सेवामें लागी तब श्रीनंदरायजी कंसको नांही दीये कुमारिकाकी बोहोत सराहना करि पुत्रके सेवार्थ घरमें राखि सो श्रीनंदरायजीके वचन वडेवडे तादृशीय सराहना करतहे तातें कुमारिकाको स्नेहभाव श्रीनंदरायजीमों अधिकहे। तातें श्रीठाकुरजी कुमारिकाके वशहे । एसो पुष्टिमार्ग सर्वोपरिहे जामें श्रीकृष्ण भावात्मक रीतिसों सदा बिराजतहे। सो पुष्टिमार्गमें प्रभु विरुद्धधर्माश्रयस्वरूपसों विराजत हे । अब आगें श्लोकमें विरुद्धधर्माश्रयको भाव प्रकाश करि वर्णन करतहे ॥ ११ ॥

मूलं–रसमार्गीयधर्मास्तु ते बोद्धव्या विचक्षणैः॥
बालो रसिकमूर्द्धन्यः स्ववशोऽन्यवशः सदा॥१२॥

शब्दार्थः–विचक्षण जो चतुर पुरुषहे तिनके रसमार्गके धर्म समजिवेयोग्यहे। श्रीठाकुरजी बालकहे तोहू रासिकके शिरोमणिहे अपने वशहे तोहू सदा भक्तनके वशहे ॥ १२ ॥ टीका–रसमार्गकी रीतिमें तथा मर्यादामें विरोधहे और पुष्टिमें विरोध नांही, पुष्टिमें विलक्षण रीतिहे सो कहतहे-श्रीरामचंद्रजीके अवतारमें धर्मस्थापनकी रीति हे तातें एकपत्नीव्रतहे ओर श्रीकृष्णावतारमें समस्तव्रजभक्तगोपभार्यासों रमणहू धर्मका स्थापनहे, ओरठोर लोकवेदमें जहां रसमार्ग तथा रसशास्त्रवर्णनहे तहां धर्ममार्गतें विरोधहे, काहेतें जो रसशास्त्रमें परकीयारमणमें अधिकरस वर्णन कीयोहे स्वकीयामें कछु न्यूनभावहे सो जहां परकीयारमण भयो तहां धर्मस्थापन नांही ओर जहां धर्मस्थापनवर्णन शास्त्रमेंहे तहां परस्त्रीको मनकरिकें रमण विचारे तोहू दोषहे यह मर्यादामार्गकी रीतिहे ओर पुष्टिमार्गमें श्रीठाकुरजी विग-

"लोकवत्तु लीला कैवल्यम्" यह व्याससूत्रमें लोकवद् जो लीलाहे सो मोक्षहे ऐसें स्पष्ट निरूपणहे।

जतहे सो सगरेधर्मको स्थापन करतहे ओर समस्तव्रजभक्तनसों रस-शास्त्रोक्त रमणहू करतहे यह विलक्षणताहे । पुष्टिमार्गमें श्रीठाकुरजी बालकहे पलनां झूलतहे ओर परमरसिकनके मुकुटमणि ग्यारहवर्षके पोडशवर्षके एककालावच्छिन्नहे. अपने वश्यहे कोटानकोटि भांतिके कोई साधन करे ओर ब्रह्मादिक शिवादिक कोटानकोटिवरसतें साधन करतहे तिनकों कवहू दर्शन होतहे. वेद नेति नेति कहतहे काहूके वश प्रभु नांही ओर सदा भक्तनके वशहे । श्रीयशोदाजी भक्तिकरिकें बांधेहे सदा व्रजभक्तनके आधीनहे भक्त कहतहे सोही करतहे अन्यथा जानत नांही यह विरुद्धधर्माश्रय जाननों ॥ १२ ॥

मूलं--अभीतः सर्वथा भीतः साक्षेपो निरपेक्षकः ।
चतुरोऽपि महामुग्धः सर्वज्ञोऽप्यज्ञ एव च ॥ १३ ॥

टीका—यह जीवके हृदयमें अनेकजन्मको भ्रमहे सो गद्यके श्लोकमें कहेहे जो अनादिकालको भ्रम यह जीवके हृदयमें छाय रह्योहे तातें अविद्याकरिकें श्रीकृष्णकों भूलिगयोहे तासोंहि यहसंसारकों उत्तम जानि यामें मनकों लगायोहे, संसारमें देहसंबंधी सुखदुःखनकों

मुख्य मानत हे सो श्रीकृष्ण संसारकों केसें राखें काहेतें जो हरि दुःख हरिवेवारेहे जहां सूर्य होय तहां अंधियारो कोन भांति रहे ? तेसें हरि अविद्यारूप संसारतमके सूर्यरूप प्रभु भक्तनको संसार केसें राखे ? जीव तो संसारसंवंधी सुख विचारतहे जो अव यह कार्य करूं तामें मेरे देहसंवंधी कुटुंवहू सुख पावे ओर मेंहू सुख पाउं ओर प्रभु यह विचारतहे जो यामें याको मनहे सो हरिलेउ सो यामेंतें मन छुटिकें मेरो आश्रय करे याभांति श्रीकृष्ण भक्तनको संसार हरतहे ॥ १३ ॥

मूलं-एवं तदीयैर्मनसि निधेयः स्वप्रभोर्गुणः ।
स्वस्मिन्नपि विनिश्चेया प्रभोरंगीकृतिर्ध्रुवा ॥१४॥

शव्दार्थः-एसें तदीयजनकों अपने मनमें अपने स्वामी श्रीकृष्णको गुण राखनों काहेतें जो अपनमें हू प्रभुकी अंगीकृति निश्चलहे एसो निश्चय राखनो ॥ १४ ॥ टीका-या भांति पुष्टिमार्गीय भगवदीय अपने (सो उपरतें ओरनकों दिखायवेके लीये कहे जो प्रभु करतहे सो भली करतहे ओर भीतरतें मन करि दुःख पावे एसें न करे) मनमें निश्चय यह धारण करे जो अपने अंगीकृत भक्तनके प्रभु रक्षकही हे कहा भयो दुःख आयो तो अपने स्वकीयनकों प्रभु दंड देतहे, जेसें स्त्री कछु मर्यादातें ओर भांति चले तो पति दंडदेय रीतिसों चलावे तेसेंही प्रभु अपने भक्तनके दोपनकों दूर करिवेकों दंड देतहे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहे " दंडः स्वकीयतां मत्वेत्येवं चेदिष्टमेव नः । अस्मासु स्वीयतां मत्वा यत्र कुत्र यदा तदा" ॥ (दंड देनों सो अपने मानिकें देनो एसें होय तो अपनकों इष्ट हे काहेतें जो हमारेमें जहां तहां जव तव अपने हे एसों मानिके दंड द्योगे) यह वाक्यतें अपने स्वकीयकों प्रभु दंड दीये सोहू अनुग्रह जानि मनमें सुखी हे. तातें जहां जहां हमतें अपराध परे तहां तहां सुखेन

दंड देनो उचित हे या वातमें हम मनमें सुखी हे या भांति भगवदीय अपने प्रभुको अनुग्रह जाने यह दुःखहू अनुग्रहरूप जानि प्रभुको गुण अपने हृदयमें धरे. काहेतें जो प्रभुपर दोष धरत हे सो बहिर्मुखहे उनको पुष्टिमार्गमें अंगीकार नांही हे तातें निश्चय मन, वचन, कार्य करि यह जाने जो श्रीठाकुरजी अंगीकृतनिजभक्तनके रक्षकहे ॥१४॥

मूलं–अतएवास्मदाचार्यैरुक्तं वरणलक्षणम्।

"लोके स्वास्थ्यं तथा वेदे हरिस्तु न करिष्यति॥१५॥

शब्दार्थः–तासोंही अपने श्रीमदाचार्यजीनें लोकमें तथा वेदमें स्वास्थ्य हरि तो नांही करेंगे एसें वरणको लक्षण कह्यो हे ॥ १५॥

टीका–उपर कहे जो भक्तनके रक्षक प्रभु दुःख क्यों देत हे? जाभांति यहलोक परलोकमें भक्तजन सुख पावे तेसों क्यों नहीं करत? एसें कोई कहे तहां कहतहे जो यह जीव स्वभावकरि दुष्ट हे जो लौकिक कार्यमें सुख पावे तो तहां आसक्त होय जाय जो वैदिककार्यमें सुख पावे तो तहां आसक्त होय जाय तो हृदयमेंतें प्रभुको आश्रय जातरहे आश्रय गयेसूं भक्तको नाश होय, तातें श्रीठाकुरजी लौकिकवैदिक कार्य सिद्ध न करे तब दुःख पायकें उहकार्यमें मनहू न करे केवल प्रभुकोही आश्रय करे सो श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी चारों वर्णके[1] लक्षण श्रीसुबोधिनीजी निबंधमें कहेहे जो कोई जीव ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, स्त्री आदि प्रभुकी शरण आवे ताको प्रभु लौकिक वैदिकतें छुडायकें अंगीकार करतहे ओर नवरत्नग्रंथमें कह्यो हे जो भक्तनकी लौकिक वैदिक स्थिति छुडायकें अपनोही करतहे, यह विचारिकें हरिको आश्रय करनो यह सिद्धांत सर्वोपरि हे ॥ १५ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं षष्ठं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम्॥ ६ ॥

---

१ चारो वर्णको अर्थ मूलके अनुसार नांही हे.

शिक्षापत्र ७.

अब सप्तमशिक्षापत्रमें लौकिकासक्ति नांही कर्त्तव्य हे ओर सेवामें आसक्ति कर्त्तव्य हे सो निरूपण हे । अब छट्ठे शिक्षापत्रमें कहे जो लौकिक वैदिक प्रभु सिद्ध न करे तो प्रभुको गुणही मनमें धरे जो प्रभु भली करत हे सो यह धीरज कब होय जब भगवदीयको संग करि भगवत्स्मरणभजन करे, सो प्रकार आगें शिक्षापत्रमें कहतहे ॥

मूलं-सदा श्रीगोकुलाधीशः स्मर्त्तव्यः सर्वथा जनैः।
तदीयैर्मिलितैः सर्वदोषचिंताविवर्जितैः ॥ १ ॥

शब्दार्थः—सर्व दोप ओर चिंतातें रहित जो तदीयजन तिनके संग मिलिकें सदा श्रीगोकुलके अधीश प्रभु निश्चय स्मरण करिवे योग्य हे ॥ १ ॥ टीका—पुष्टिमार्गीय भक्तजननकों सर्वथा यहही स्मरण क्यों कह्यो? जो गायनके कुलके रक्षक कहि यह जताये जो निःसाधन गाय हें तिनके प्रभु रक्षक हे, तेसेंही जीव जब निःसाधन होय श्रीगोकुलाधीशको स्मरण भजन करे तब प्रभु दयाल हे सो अनुग्रह करेहींगे सो निःसाधन भावसों भजन स्मरण जब बने तब तदीय जन मिलेतें हृदयमें अनेक प्रकारके दोप काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, लौकिक वैदिक चिंता सो सर्व दूरि होय, विना भगवदीयके संग कितनोहू भगवद्धर्म करे परंतु मनमेंतें दोप चिंता दूरि न जाय. जेसें रासपंचाध्यायीमें सब भक्तनकों मद भयो एक मुख्य भक्तकों मद न भयो तब श्रीठाकुरजी एकभक्तकों अपने संग लेकें पधारे तब सगरे भक्तनकों अपने मदकी खबर नांही परी ओर प्रभुपर दोपबुद्धि भई जो हमकों छोडि गये या भांति सगरे भक्त प्रभुकों खोजिवेको चले पाछें एक भक्तहूकों मद भयो तब प्रभु तहांतें अंतर्धान भये पाछें ढूंढत्त ढूंढत सब भक्त तहां आय पूछ्यो जो

तुमहूको श्रीठाकुरजी छोडिगये? तब उनको अपने दोषको ज्ञान हतो सो कह्यो जो मेनें मद कीयो ताकरि प्रभु अंतर्धान भये यह सुनतहीं उनके संगतें सगरे भक्तनकों ज्ञान भयो अपनो दोष स्फुर्यो जो हमकों मद भयो तातें प्रभु छोडि गये या भांति श्रीआचार्यजी श्रीसुबोधिनीजीमें निरूपण कीयेहें तातें भगवदीयके संगविना दोष ओर चिंताको नाश न होय तातें भगवदीयसों मिलिकें प्रभुको स्मरण करे सो श्रीआचार्यजी नवरत्नग्रंथमें कहेहें "निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः" (निवेदन तो निश्चय तादृशीय जनसों मिलिकें स्मर्त्तव्य हे) ॥ १ ॥

मूलं–न लौकिके मतिः कार्या भगवद्भावबाधिका ।
लौकिकं वैदिकं चापि स्वयं साधयिता प्रभुः ॥ २ ॥

शब्दार्थः–भगवद्भावकों मिटायवेवारे लौकिकमें मति नांहीं करनी, 'न लौकिकी मतिः कार्या' ऐसे पाठमें भगवद्भावको बाध करे एसी लौकिकी मति न करनी काहेतें जो (एसी टेकवारेकों) लौकिक ओर वैदिकहू प्रभु आप साधे हे ॥ २ ॥ टीका–अलौकिक पदार्थमें लौकिक बुद्धि न करनी काहेतें जो भगवद्भावमें लौकिक बुद्धि बाधक हे तातें प्रभुकी लीला, श्रीवल्लभकुल, भगवदीय, सेवासामग्री, व्रज, श्रीयमुनाजी, श्रीगिरिराज आदि वृक्ष, लता, भगवद्वार्त्ता, ग्रंथ, कीर्त्तन, श्रीभागवत, इत्यादिकनमें लौकिकमति न करनी सगरी वस्तु प्रभु संबंधी जानि भावसंयुक्त सेवा स्मरण करे. लौकिकबुद्धि आवे तो अलौकिकभावमें बाधक होय तासूं लौकिकवैदिककार्यकी चिंता मनमें न राखे भगवत्कार्य मन लगायकें करे लौकिक प्रभु आपहीं सर्व करि लेंगे, वल्लभकुल लौकिक वैदिक कार्य करि अपने भगवदीय सेवककों जतावत हें जो तुम लोकवेदकी चिंता मति करो हम तुह्मारे अर्थ करत हें तुम सुखेन प्रभुकी सेवा स्मरण करो तातें प्रभु लौकिक वैदिक आपहीतें सिद्ध करेंगे ॥ २ ॥

मूलं–इदानीमीदृशः कालः प्रतिकूलः समागतः ।
यथाकथंचित् स्वमनः स्थापनीयं पदाब्जयोः॥३॥

शब्दार्थः–अव एसो विपरीत काल आयोहे तासों जेसेंतेसें अपनो मन (श्रीठाकुरजीके) चरणारविंदमें स्थापनों ॥ ३ ॥ टीका–अव कलिकाल महा कठिन हे याकालमें जो मिलतहे सो प्रतिकूल मिलतहे भगवदीयको संग दुर्लभहे सो वेगि नांही मिलतहे ओर जो मिलतहे सो लोकिककी कामनावारे स्वार्थके लीये मिलतहे उपरतें भलो सत्संग भली क्रिया दीसेहे ओर भीतर अनेकप्रकारकी लौकिक वासना भरी होय, तिनके संगतें फलसिद्धि न होय एसो संग यह कलिमें मिलतहे तातें जितनो वने तितनो अपने मनकों श्रीठाकुरजीके चरणारविंदमें लगावे प्रभुमें प्रीति वढिवेके लीये वहुत लोगनसों मिले परंतु तामें ओर भगवद्धर्म घटे सो न करे जितनोहे तितनेहीकी रक्षाकरि प्रभुके चरणारविंदमें मनकों स्थापे ॥ ३ ॥

मूलं–सेवायां च मनः स्थाप्य तत्साधकतयैव हि ।
गार्हस्थ्यार्थं विवाहेऽपि प्रयत्नः क्रियतां द्रुतम्॥४॥

शब्दार्थः–सेवामें मन स्थापनों ओर भगवत्सेवाकी साधकतातें (भगवत्सेवा भलिभांतिसों करिवेमें सहायताके लीये) हि गृहस्थाश्रम करनो चाहिये ताकेलीये विवाहमेंहू शीघ्र प्रयत्न करनो ॥४॥ टीका–श्रीठाकुरजीकी सेवा आदि भगद्धर्ममें मनको स्थापन करे ओर भगवत्सेवार्थं सगरी वस्तुको संग्रह करे. जो वस्तु भगवत्सेवामें साधक होय ताकों राखे जो सेवामें काम न आवे अथवा वाधक होय ताको त्याग करे, यह गृहस्थाश्रमहू भगवत्सेवार्थही जाने ओर विवाहादिकको प्रयत्न भगवत्सेवार्थही करे सो काहेतें जो गृहस्थाश्रम विना भगवत्सेवा भलीभांतिसों न होय तातें सेवार्थही करे सो श्रीभागवत-

नवमस्कंधमें भगवान् दुर्वासा प्रति कहेहे " मत्सेवया प्रतीतं च सालोक्यादिचतुष्टयम् । नेच्छंति सेवया पूर्णाः कुतोऽन्यत् कालविप्लुतम् " (मेरी सेवातें साक्षात्प्राप्तभयी सालोक्यादि चतुष्टय (सालोक्य, सार्ष्टि, सामीप्य, सारूप्य, इन चारो) मुक्तिनकों नांही इच्छतहे काहेतें जो मेरी सेवातें पूर्णहे (सर्वार्थसिद्धि सेवाकोंही जानें हे) सो काल जिनको नाश करेहे एसे अन्य (राज्यादिक) कों तो केसें इच्छे ?) यह वाक्यतें भक्त सेवामें प्रतीयमान चतुष्टयमुक्तिनकों नांही चाहतहे एसें सेवा करिकें पूर्णहे तिनकों काल बाधा करे ऐसी वस्तुकी चाहना कहांतें होय ? ॥ ४ ॥

मूलं-न भवेत् प्रायशा भोगे तदीयानां कचिन्मनः ।
तथापि चेद्भवेद्भोगो निवार्यः सर्वथैव हि॥ ५ ॥

शब्दार्थः-भगवदीयनकों प्रायशः भोगमें मन कबहू नांही होय तथापि कदाचित् भोगासक्त मन होय तो निश्चय ताको निवारण करनो ॥ ५ ॥ टीका-तदीय जन अपने भोगकेलीये स्त्रीकों न जानें परंतु भगवत्सेवार्थ जानें तथा भगवद्भक्त पुत्र होयवेकी कामनासुं विषयकरे सो निरोधलक्षणमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें " पुत्रे कृष्णप्रिये रतिः " (भगवद्भक्त पुत्रमें प्रीति राखे) यह वाक्यतें कृष्णमें प्रीति होय एसो पुत्र होय यह विचारि विषय करे भगवत्सेवामें जो काम बाधक होय तो वाकी निवृत्तिके लिये विषय करे ॥ ५ ॥

मूलं-भावोऽत्र साधनं मार्गे प्रमेयो भगवान् हि सः ।
प्रमाणं कृष्णसेवादौ स एव च फलं पुनः ॥ ६ ॥

शब्दार्थः-यह पुष्टिमार्गमें भाव साधन हे ओर प्रमेय भगवान् हे, आदिमें श्रीकृष्णकी सेवा साधनरूप हे ओर फेरि सोही श्रीकृष्ण

फलहे ॥ ६ ॥ टीका—यह पुष्टिमार्गमें सगरी सेवाकी रीति साधनरूपा दीसत हे परंतु सगरी भावरूपहे, साधनरूपा दीसतहे सो फलरूपहे याको कारण कहा ? एसें कोउ कहे तहां कहतहे जो फल तो प्रभु अपने प्रमेयबलतें हाथ राखे जब चाहेंगे तब देयंगेही, यह निश्चय नांही जो इतने दिनमें फल होय ओर जीवस्वभावकरि फलकी मनमें चाहना रहतहे तातें सेवा साधनरूपा दीसतहे. जो सेवाहीकों फलरूप जानतहे तिनकों फलरूपहीहे तातें श्रीकृष्णकी सेवा प्रमाणरूप तथा फलरूप जानें. प्रमाणरूप जानि जे कोई सेवा करतहे तिनकों साधनरूपहे ओर प्रमेयरूप जानिके भगवत्सेवा करतहे तिनकों सेवा फलरूपहे जा भक्तके हृदयमें जेसो भावहे तिनकों तेसी प्राप्तिहे ॥ ६ ॥

मूलं-तस्मात् स एव संरक्ष्यो निधिरूपस्तु सर्वथा।
एतद्विरुद्धं तत्सर्वं ज्ञात्वा ज्ञात्वा निवर्त्तयेत् ॥७॥

शब्दार्थः—तासों यह भगवद्भावही निधिरूपहे सो निश्चय रक्षा करिवेयोग्यहे ओर तामें विरुद्ध होय सो सर्व जानि जानि छुडाय देनो ॥७॥ टीका—याभांति अपने भावकी ओर प्रभुके स्वरूपकी रक्षा सर्व ओरतें करे, उपर कहिआये जो काल कठिनहे रंचक दुःसंग होयतो अपने प्रभुमेंतें वात्सल्य छुटि जाय तथा भगवत्सेवातें दूसरे साधनमें मन लागे तो सेवामें शिथिलता होयजाय तातें अपने भावकों निधिरूप जानि, अनेक दुःसंगतें भावकी रक्षा करि लेय, सो रक्षा करिवेको प्रकार कहतहे जो भगवत्सेवामें स्त्री प्रतिबंध करे तो वाहूको त्याग करियें स्त्रीको भाव न गिनियें. तेसेंही माता पिता पुत्र आदि जो प्रतिबंध करे तिनको त्याग करियें, याभांति देहसंबंधी तथा देशमें राजादिकको प्रतिबंध होय सो ज्ञान करि विचारि छोडे, एकबार न छूटे तो क्रमसों सब छोडे अपनें भावकी रक्षा करिलेय ओर पुष्टिमार्गकी

सेवा सर्वोपरि जानि सेवाको भाव निधिरूप जानि गुप्त राखे याभांति रहे ताको श्रीमहाप्रभुजीकी कृपातें वेगि अनुभव होय. ॥ ७ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं सप्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥७॥

शिक्षापत्र ८.

अब अष्टमशिक्षापत्रमें ऐहिक तथा पारलौकिकमें भगवान् ही चिंतनकरिवेयोग्यहे परंतु अन्याश्रय तो नांही कर्त्तव्यहे सो निरूपणहे, उपर कहे ता प्रकारकरि भगवत्सेवा भावसहित करे ओर मनमें दृढ विश्वास राखे तो सर्व सिद्ध होय सो आगें कहतहें

मूलं-ऐहिके पारलोके च सर्वसामर्थ्यसंयुतः ।
स एव गोकुलाधीशश्चिंतनीयस्तदा हृदि ॥१॥

शब्दार्थः—यहलोक ओर परलोकमें सर्वसामर्थ्ययुक्त श्रीगोकुलाधीशहे सोही सदा हृदयमें चिंतनीयहे ॥ १ ॥ टीका—श्रीगोकुलाधीशको अपने हृदयमें सदा चिंतन करे ओर सेवा करे तामें चिंता बाधकहे. एक तो यह जो में तो भगवत्सेवा करतहों सो मेरे लौकिकको निर्वाह केसे होयगो ? ओर दूसरी यह जो मेरो अलौकिक केसें सुधरेगो ? यह दोय चिंताको त्याग करे, यह ज्ञान मनमें राखे जो प्रभु सर्वसिद्ध करिवेमें सामर्थ्ययुक्त हे प्रभु लौकिकहू सिद्ध करेंगे काहेतें जो श्रीगोकुलाधीशहे सो सर्वसामर्थ्यवान् हे यह विश्वास दृढ करि सदा नियमपूर्वक स्मरण करे. ॥ १ ॥

मूलं-विश्वासस्तत्र कर्त्तव्यो भद्रमेव विधास्यति ।
स्वदोषादेव तत्रापि दोषस्फूर्त्तिर्यतो भवेत् ॥२॥

शब्दार्थः—भगवानमें विश्वास करनो, भगवान् कल्याणही करेंगे. ओर वामें दोषकी स्फूर्ति होय सो अपने दोषतें होयहे ॥२॥ टीका–दृढ विश्वास मनमें राखे यह मुख्य विश्वास भावहे काहेतें जो विश्वास दृढ होय तो भगवद्धर्म थोरोहू वनि आवे तोहू वाको कल्याण होय ओर लोगनकों दिखायवेकों भगवद्धर्म बोहोत करे परि मनमें विश्वास न होय तो धर्ममें फलसिद्धि नांही होय सो श्रीआचार्यजी महाप्रभु विवेकधैर्याश्रयग्रंथमें कहेहें "ब्रह्मास्त्रचातकौ भाव्यौ प्राप्तं सेवेत निर्ममः" (ब्रह्मास्त्र ओर चातककी भावना राखनी (जो अविश्वासतें ब्रह्मास्त्र निष्फल गयो ओर चातककों विश्वासहे तो मेघ जल देयहें) ओर ममतारहित होय जो प्राप्त होय तिनकों सेवन करे) यहवाक्यतें जव हनुमान् सीताजीकी सुधि लेनकों लंकामें गयें हते तहां राक्षसनके वाग उजारि अनेकराक्षसनकों मारे तव रावणनें इंद्रजितकों पठायो सो इंद्रजितनें पहिलें तो वहोत उपाय कीये परंतु हनुमानजी पकरे नजाय तव पाछें ब्रह्मास्त्र चलायकें प्रतीति कीनी तव हनुमानजी ब्रह्मास्त्रको माहात्म्य सत्यकरणार्थ वह ब्रह्मास्त्रमें वंधाये तव इंद्रजित् हनुमानकों लेकें रावणपास आयो तव रावणनें कही जो एसो वलवान् वानरहे जिननें कितनेक राक्षसनकों मारेहे वाकों यह सूत्रके तारमें केसें वांध्योहे ? याकों अव लोहकी जंजीरसांकलसों वांधो, तव ब्रह्मास्त्रके उपर लोहकी सांकलसों वांध्यो याभांति रावणकों अविश्वास भयो तव ब्रह्मास्त्र आपुही छुटी गयो ओर हनुमानजीनें अपनो स्वरूप वढायो सो सगरी सांकल टूटिगई पाछें लंका सगरी जराई एसें अविश्वासतें ब्रह्मास्त्र नष्ट भयो, ओर चातक एक स्वांतिके वूंदको विश्वास राखतहें

ओर जलही पृथ्वी उपर नांही जानत ताविश्वासतें घन (मेघ) जड हे तोहू वाको मनोरथ पूर्ण करतहे. तातें वैष्णवकों मुख्य विश्वास चाहियें अविश्वासहे सो आसुरधर्महे ओर विश्वासहे सो भगवद्धर्महे तातें जाके हृदयमें दृढ विश्वास होय ताकों सर्वफलकी प्राप्ति होय. भक्त अपने दोषकों वारंवार विचारे आपनकों दोषरूप जाने दोषकी स्फूर्ति करि मनमें दोषकी भावना करे काहेतें जो अपनों दोषहे ताकों विचारे तो मनमें दीनता आवे जो में महादोषवतहों मोपर प्रभु केसें दया करेंगे? याभांति दोषकी स्फूर्ति होय तो प्रभुकी परम कृपा जानियें सो भगवदीय गायेंहे "माधो हों पतितनको राजा, हों पतितनको नायक, हों पतितनको ईश" याभांति अपनकों सवनतें दोषरूप जाने तव जानियें जो दोषकी स्फूर्ति भई तव दीनता होय ओर तवहि प्रभु कृपा करे ॥ २ ॥

मूलं–आर्तिः फलं साधनं च व्रजाधिपतिसंगमे ।
अतः सदा तदार्त्यैव स्थीयतां तत्कृपायुतैः ॥ ३ ॥

शब्दार्थः––व्रजके अधिपति श्रीकृष्णके समागममें आर्तिहे सो हि साधन ओर सो हि फल हे तासों प्रभुकी कृपायुक्त होय वैष्णवकूं रहेनो ॥ ३ ॥ टीका–प्रभुकों मिलवेकी आर्तिहे सो साधनहे वा आर्त्तिसमान कोउ साधन नांहीहे ओर फलहू आर्तिहे हृदयमें आर्ति होय तो भगवत्सेवा स्मरण सव होय ओर प्रभु कृपाकरि अनुभव करावे. ज्यों ज्यों आर्ति वढे त्यों त्यों अधिक अनुभव प्रभु करावे, तातें आर्तिहे सो व्रजाधिपतिके संगम करायवेमें कारणहे सदा विप्रयोग आर्ति करत करत आर्तिरूप होयजाय तव प्रभु कृपा करे जेसें अग्निके संबंधतें नवनीत द्रवीभूत होय तेसेंही विप्रयोग आर्ति जव होय तव प्रभुको हृदय द्रवीभूत होय सो

निरोधलक्षणमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें "क्लिशमानान् जनान् दृष्ट्वा कृपायुक्तो यदा भवेत्। तदा सर्वं सदानंदं हृदिस्थं निर्गतं वहिः" (आर्तियुक्तजनकों देखिकें प्रभु जव कृपायुक्त होय तव सदानंद भगवान् हृदयमेंसों वाहिर निकसेहे) यह वाक्यतें अति क्लेशसंयुक्त जीवकों देखे तव प्रभु कृपायुक्त होय हृदयमेंतें वाहिर पधारि दर्शन देय तातें आर्तिही पुष्टिमार्गमें साधनहे तथा आर्तिही फलहे जव विप्रयोगमें तद्रूप होय जाय तव प्रभु कृपा करें ॥ ३ ॥

मूलं-अन्याश्रयो महानेव बाधको भीयतां ततः।
तत्क्षणेनैव सच्चेतो विमुखं च विधास्यति॥ ४ ॥

शब्दार्थः-अन्याश्रय महान्ही वाधकहे तासों अन्याश्रयतें डरपनों काहेतें जो (जाक्षण अन्याश्रय भयो ताक्षणमेंही) सत्पुरुषके चित्तकों निश्चय वहिर्मुख करेगो ॥ ४ ॥ टीका-उपर कहे जो विप्रयोग आर्त्ति ही साधन ओर फल दोउहे तहां अन्याश्रय वाधकहे सगरी आर्त्तिकों दूरिकरे सगरे धर्मको नाशकरे तातें अन्याश्रयतें सदा डरपत रहनो सो हारितस्मृतिमें कहेहें "नान्यं देवं नमस्कुर्यान्नान्यं देवं निरीक्षयेत्। नान्यत्प्रसादमद्याच्च नान्यदायतनं व्रजेत्" (शब्दार्थः-अन्यदेवकों नमस्कार न करनो, अन्यदेवके दर्शन न करने, अन्यदेवको प्रसाद नांही खानो ओर अन्यदेवके मंदिरमें नांही जानो) इत्यादि स्मृतिके वचन विचारि अन्यदेवको देखनेहू नांही नमस्कारादिक न करे प्रसाद कछु नलेय ओर अन्यदेवको आश्रय करे ताकों वहिर्मुख जानियें अपने भावकी रक्षार्थ अपने मनतें वाको वेगिही त्यागकरे काहेतें जो विमुखके एक क्षणहू संवंधतें दुर्बुद्धि उपजतहे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "अहं कुरंगीदृग्भंगिसंगिनांगीकृतोऽस्मि यत्। अन्यसंवंधगंधोऽपि कंधरामेव वाधते" (जासों मे मृगकी दृष्टिसी चप-

लहरिवारें व्रजभक्तनके संगी जो श्रीकृष्ण तिनको अंगीकृतहों तासों अन्यसंबंधकों गंधहू मेरी कंधराकोही बाधकरेहे) यहवाक्यतें भगवद्भक्तनकों अन्यसंबंध याभांति बाधकहे. तातें वहिर्मुखजीवको संग छोडि अपने भावकी रक्षा करे निश्चय सिद्धांतहे ॥ ४ ॥

मूलं--तदीयेषु सदा स्थेयं सद्भावेनैव सर्वथा।
त एव भक्तिमार्गस्य सहायत्वे निरूपिताः ॥५॥

शब्दार्थः-सदा भगवदीयमें सत्यभावकरिकेंही निश्चय रहनो काहेतें जो भगवदीयहे सो भक्तिमार्गकी सहायतामें निरूपितहे ॥५॥ टीका-भगवदीयके संग रहे तो वहिर्मुखता नहोय अन्याश्रयहू नहोय प्रभुमें सुंदरभावहू वढे सर्वथा शुद्धभावसों तदीयको संग करे यह संग प्रभुकूं मिलनके अर्थ करे ओर कछु लौकिक वैदिक चाहना न राखे यह भक्तिमार्गमें सहायतें भक्ति वढे प्रभु कृपा करे तातें तदीयको संग करे सो श्रीभागवतप्रथमस्कंधमें शौनकको वाक्यहे " तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्। भगवत्संगिसंगस्य मर्त्यानां किमुताशिषः" (भगवानके संगी भक्तके एकक्षण वरोवर स्वर्गकों के मोक्षकों नांही तुलना करतहे तो मरणधर्मवारे राज्यादिकके मनोरथकों तो कैसें तुलना करे ?) भगवदीयको संग एक क्षण होय तासुख समान स्वर्ग वा मोक्ष नांही हे एसो सत्संग हे ओर श्रीभागवत एकादशस्कंधमें श्रीभगवान् उद्धवजीप्रति कहेहे " न रोधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव। न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो नेष्टापूर्त्तं न दक्षिणा ॥ व्रतानि यज्ञश्छंदांसि तीर्थानि नियमा यमाः । यथावरुंधे सत्संगः सर्वसंगापहो हि माम् ॥ सत्संगेन हि दैतेया यातुधाना खगा मृगाः। गंधर्वाप्सरसो नागाः सिद्धाश्चारणगुह्यकाः ॥ वहवो मत्पदं प्राप्ताः स्त्वाष्ट्रकायाधवादयः ॥ (हे उद्धव! मोकूं योग वश नांही करतहे, नांही

सांख्य, नांही धर्म, नांही स्वाध्याय (वेदाभ्यास), नांही तप, नांही दान, नांही कूपारामादिक, नांही दक्षिणा, नांही व्रत, यज्ञ, छंद, तीर्थ, नियम, यम, यह काहू वश नांही करतहे जेसो सर्वसंगको मिटायवेवारो सत्संग मोकूं वश करे हे. सत्संग करिकें निश्चय दैत्य, यातुधान, पक्षी, मृग, गंधर्व, अप्सरा, नाग, सिद्ध, चारण, गुह्यक, वोहोत वृत्रासुर प्रह्लाद आदि मेरे चरणारविंदकों प्राप्त भयेहे) श्रीभगवान् उद्धवजीप्रति कहत हे जो मोकूं सत्संग वश करतहे ओर नांही योग, सांख्य, धर्म, तप, त्याग, नियम, व्रत, यज्ञ, तीर्थ, इत्यादि मोकों वश नांही करतहे ओर सत्संगके प्रभावतें दैत्य, राक्षस, खग, मृग, गंधर्व, अप्सरा, नाग, सिद्ध, चारण, मनुष्य कोय होय सो तरत भये तातें शुद्धभावसों भगवदीयको संग करे तो पुष्टिमार्गमें भगवदीयके सहायतें भक्ति वढे सो चोराशीवार्त्तामें वर्णनहे जो गदाधरदासके आशीर्वादतें तथा संगतें माधोदासकों भक्ति भई ॥ ५ ॥

मूलं-अस्माकं तु तदीयानां प्रसंगोऽपि सुदुर्लभः ।
चेतोऽपि साधनाभावाद्विमुखं तिष्ठति स्वतः ॥६॥

शब्दार्थः-आपनकों तो भगवदीयको प्रसंगहू अतिदुर्लभहे ओर चित्तहू साधनके अभावसों स्वतः (आपतें) विमुख रहे हे ॥ ६ ॥
टीका-हमकों तो तदीय [भगवदीय] को संगतो महाही दुर्लभ हे एकक्षणहू भगवदीय नांही मिलत एक तो यह दुःख हे, ओर दुसरो चित्तकरि साधन, स्मरण, भावना कछु भगवद्धर्म नांही वनत हे तातें भगवदीयके संगको अभावहे ओर अकेले चित्त भगवद्धर्ममें नांही लागत ताकरिकें वहिर्मुखता हृदयमें होत हे. प्रभु प्रसन्न करिवेके दोय यह उपायहे एक तो भगवदीयके संगतें प्रभुमें मन लगे तथा संग न होय तो अष्टप्रहर चित्त भगवल्लीलामें लग्यो रहे तो प्रभु कृपाकरे भग-

वदीयको अभाव होय ओर मन करि साधनको अभाव होय तव बहिर्मुखता होय सो हमकों वनीहे अव हम कया करें ? याभांति जीवनके अर्थ श्रीहरिरायजी दैन्य करतहे ॥ ६ ॥

मूलं-गतो हि भगवद्दासः स्वकार्याय विदेशके।
व्रजपालोऽपि चलितस्तेन मे दुःखितं मनः ॥७॥

शव्दार्थः-भगवानदास अपने कार्यके अर्थ विदेश गयो हे ओर व्रजपालनामको सेवकहू परदेश गयो तातें मेरो मन दुःखितहे ॥७॥ टीका-एक भगवदीय भगवानदास हमारे पास हतो सोहू अपनें कार्यार्थ विदेश गयो ओर व्रजपालहू परदेशकों गयो ताकरिकें मन दुःखीहे में उनके संगहू न गयो ओर उनकों अपने पास न राखिसक्यो तातें सत्संगविना मन वोहोत दुःख पावतहे ॥ ७ ॥

मूलं-मयि यद्यपि नास्त्येव किंचित्तत्कृपया पुनः।
यदस्ति तदपि स्वीयसाधनाभावतो गतम् ॥८॥

शव्दार्थः-यद्यपि मेरेमें कछु धर्म नांहीहे तोहू विनकी कृपातें जो कछुहे सोहू फेरि अपने साधनके अभावसों गयोहे ॥ [त्वत्कृपया एसो पाठ होय तो तुह्मारि कृपातें एसो अर्थ होयहे] ॥ ८ ॥ टीका-भगवदीय मेरे पासतें पधारे तासों जानतहों जो मेरेमें स्नेह होतो तो तुह्मारो संग ओर भगवत्सेवा घरहीमें सवहे सो काहेकों छुटते, परंतु मेरे हृदयमें स्नेह नांही हे तासों ऐसें वनीहे मोमें यद्यपि स्नेह नांही हे तोहू एक तुह्मारि कृपाको वल हे जो मोपें प्रसन्नहो मोतें लौकिक वैदिक कार्यहू नांही वनत तातें गृहस्थाश्रमके कामहूको नांहीहों ओर प्रभु प्रसन्न-करिवेके पुष्टिमार्गीय सेवादि धर्म ताकोहू अभावहे सोहू नांही वनत तातें अव में सवओरतें निःसाधनहों ॥ ८ ॥

मूलं-एतादृशेऽर्थे संप्राप्ते स हरिः शरणं मम ।
ऐहिके परलोके च नैश्चिंत्यं तत एव नः ॥ ९ ॥

शब्दार्थः-एसो अर्थ प्राप्त भयो तामें सो हरि मेरे आश्रयरूपहे तासोंही हमकों यहलोक तथा परलोकमें निश्चिंतताहे ॥ ९ ॥ टीका-एसो निःसाधन जो में सो मेरे हरिशरणहि एक गतिहे सो श्रीआचार्यजी महाप्रभु विवेकधैर्याश्रयमें कहेहे जो मनमें येही आश्रय करे "ऐहिके पारलोके च सर्वथा शरणं हरिः" यह लौकिक वैदिक सिद्धि न होयआवे तोहू हरिशरण सर्वथा करे ताकरि सर्वसिद्धि होयंगे तातें हरि शरणकरि सर्वओरतें निश्चिंतहों अव प्रभु अपनो करि लेहिंगे सो श्री-आचार्यजीमहाप्रभु कृष्णाश्रयग्रंथमें कहेहें "शरणस्थसमुद्धारं कृष्णं विज्ञापयाम्यहम्" (शरणमें रहे तिनको उद्धार करिवेवारे श्रीकृष्णकों में विज्ञप्ति करुंहूं) यह वाक्यतें जो शरणस्थ भक्तहे तिनको उद्धार प्रभु निश्चय करेंगे साधन वने अथवा न वने, सो भगवान् भगवद्गीतामें कहेहे "सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज । अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः" ॥ (सर्वधर्मकों छोडिकें एक मोकों शरणहो तो में तोकों सर्वपापतें मुक्त करूंगो शोक मति करे) यह वाक्यतें हरिशरण कीयेहे तातें यालोकसंवंधी कार्य तथा परलोक दोउ ओरतें निश्चिंतहों ॥ ९ ॥

मूलं-कदाचिन्मिलनं चेत्स्यात् सद्भाग्येन भवादृशाम् ।
तदा को वेद चित्तस्य परावृत्तिः पुनर्भवेत् ॥ १० ॥

शब्दार्थः- मेरे भाग्यतें कदाचित् आप सारिखेको मिलन होयगो तव फेरि चित्तकी परावृत्ति (जो पाछो फिरनों सो, अर्थात् जो चित्तमें धर्म हतो सो गयो एसें अष्टमश्लोकमें लिख्यो हे सो चित्तकी परावृत्ति) होय यह कोन जानतहे? ॥ १० ॥ टीका-हमतो भगवदीयके

संग विना एसो दुःख पावतहे ओर जीवनकों तो कदाचित (कवहूक) भगवदीय मिलतहे तोहू उनके भाग्यमें भगवल्लीला, भगवत्सेवा, पुष्टिमार्गके रसको अनुभव नांही लिख्योहे तातें सत्संगमें उन जीव-नको मनही नांही लागतहे काहेतें जो अवही [१]पुनरागमन (वहोत जन्म) संसारमें लेनोहे वोहोत अंतरायहे यह कहिकें श्रीहरिरायजी जतायो जो पहिलें तो भगवदीयको सत्संगही दुर्लभहे तोहू कवहूक भाग्ययोगतें आयमिलतहे तव जीवको मन नांही लागतहे तातें जाको मन सत्संगमें न लगे ताकों यह जानियें जो अवही या जीवके भाग्यमें अनुभव नांही लिख्योहे अवही यह जीव संसारमें वोहोत भमेगो इनकों अनेक जन्मको अंतराय जाननो ॥ १० ॥

मूलं-कियल्लेख्यं महाचिंतासमुद्रो हृदि वर्त्तते ।
स्थितेऽपि शिरसि प्राणनाथे चित्तविभेदतः ॥११॥

शब्दार्थः-में कितनो लिखों? जो मेरे मस्तक उपर प्राणनाथ (श्री-ठाकुरजी) विराजतहे तो हू चित्तके विक्षेपतें हृदयमें महाचिंताको समुद्र रहतहे ॥ ११ ॥ टीका-जीवकों स्वभाव तथा जीवकी क्रिया देखिकें मेरे मनमें चिंता वोहोत होतहे सो में अपने मनकी चिंता कहांतांई लिखों? चिंताको समुद्र मेरे हृदयमें भयोंहे (यह कहि यह जताई जो अपार चिंता हृदयमें समुद्रवत् भरीहे) कागदमें कहांताई लिखों सो चिंता दूरिकरिवेको मेरो सामर्थ्य नांही मेरे मनको सामर्थ्य होतो तो में उपाय करतो तातें एक मोकों भरोंसोहे जो मेरे माथे प्राणनाथ प्रभु विराजतहे सो श्रीआचार्यजीकी कृपातें मेरे [२]चित्तकों शांत करेंगे यह बल मोकोंहे ॥ दूसरो अर्थ कहतहे ॥ चिंता-

---

१ पुनरागमनको अर्थ मूलके अनुसार नांहीहे. २ चित्तकों शांत करिवेको अर्थ मूलके अनुसार नांहीहे.

करिके मेरे प्राण माथे आयरहेहे एसी चिंता हृदयमें समुद्रवत्हे तहां श्रीठाकुरजी मेरे प्राणके नाथहे सो प्राणकी रक्षाकरिवेके लीये मेरो दुःख [चिंताको समुद्र हृदमें उमग्योहे सो] प्रभुही शांत करेंगे. या भांति विप्रयोगको अनुभव करतकरत अपने हृदयमें तंन्मयता होय ओर केवल निःसाधनता होय तो प्रभुके स्वरूपको अनुभव होय ऐसें श्रीहरिरायजी आज्ञा करतहे. यह निरूपणकरि केवल रसात्मक स्वरूपको अनुभव कोन प्रकारसों होय? सो आगें शिक्षापत्रमें वर्णन करतहे॥ ११॥

इति श्रीहरिरायजीकृतम् अष्टमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम्॥ ८॥

शिक्षापत्र ९.

अव नवमशिक्षापत्रमें प्रेम, आसक्ति ओर व्यसनको स्वरूप पृथक् निरूपण करतहे. उपरके पत्रमें दीनता करि निःसाधन होय तो अनुभव होय एसें निरूपण कीयो सो अनुभव कोन प्रकार होय? सो आगें कहतहें.

मूलं–कदा निजपतिः कृष्णः स्वविंवं दर्शयिष्यति।
वद्धवर्हशिखं नीलकुंतलावरणाननम्॥ १॥

शब्दार्थः–मयूरपिच्छतें वांधे नीलकुंतलके आवरणयुक्त मुखवारे अपने पति श्रीकृष्ण अपने स्वरूपको दर्शन कव देयंगे॥१॥ टीका–श्रीकृष्ण हमारे पति तिनको दर्शन कव होयगो? (श्रीहरिरायजीनें मेरे पति यातें कहे जो व्रजभक्तनके भावभावित हे, अपनो देहानुसंधान

भूलिगये हे, अत्यंत विरहतें वह भीतरको भाव वाहिर उमगिकें निकस्योहे तातें अपने पति कहे तथा श्रीआचार्यजीद्वारा ब्रह्मसंबंध भयोहे तुलसी चरणारविंदमें समर्पीहे एसें ब्रह्मसंबंधको स्मरणकरि श्रीठाकुरजी हमारे पति हें एसें कह्यो) सो श्रीकृष्ण अपने स्वरूपको दर्शन कव देयंगे? सो श्रीकृष्ण केसेहे मोरके स्वच्छ पिच्छके गुच्छा करिकें मुकुट संवारि माथे धरेहे ताको अभिप्राय यह हे जो मुकुटको शृंगार हे सो श्रीस्वामिनीजीके रसदानार्थहे तातें मुकुट धरेहें सो वेगिही दर्शन देयकें रसदान करेंगे, ओर नीलकुंतल (श्याम अलकावलि) मुखारविंदके उपर आयरहीहे एसे श्रीकृष्ण कव दर्शन देयंगे ? ॥ १ ॥

मूलं—भ्रूधनुःसंधितशरं कस्तूरीचित्रकांकितम् ।
इन्दीवरदलाद्दैर्घ्यविशालनयनद्वयम् ॥ २ ॥

शब्दार्थः—भ्रकुटिरूप धनुपमें सांध्योहे शर (वाण) जिननें ओर कस्तूरीके चित्रकरिकें चित्रित तथा कमलदलतें वडे विशाल दोय नेत्र हे जिनके (अठारे श्लोकताईं स्वरूपवर्णन हे जो एसे स्वरूपको दर्शन कव देहिंगे यह पूर्वश्लोकमें संबंधहे) ॥ २ ॥ टीका—भ्रकुटी धनुपकी नांई तहां रसरूप कस्तूरीको तिलक तथा कपोलनमें कमलपत्र ओर धनुपवाण ले हमारे मनकों कव मारेंगे ओर कमलके पत्रवत् वडे अति विशाल दोउ नेत्रकरि दर्शनदेय हमारे तापकों कव हरेंगे ? ॥ २ ॥

मूलं—मौक्तिकाभरणालंविसुनासं सरसाधरम् ।
त्रिरेखकंठविलसत्कंठाभरणभूपितम् ॥ ३ ॥

शब्दार्थः—मोतिनके आभरणकों आलंविहे सुंदर नासिका जिनकी, सुधारससहित हे अधर जिनके, तीन रेखायुक्त कंठमें विशेप शोभित जो कंठाभरण ताकरिकें भूपित हे ॥ ३ ॥ टीका—मुक्तानके नकवेसर करिकें युक्त एसी लंवी जो नासिका सो अत्यंत सुन्दर दीसत हे ता

नकवेसरको मोती परम शोभा देतहे सो परमशोभायमान उज्वल अरुण अधरपर आयरह्योहे सो मानों श्रीस्वामिनीजीको निर्विकार भाव अधरसुधाको पान करतहे, कंठमें तीन रेखाहे ताकरि सात्विक, राजस, तामस तीन प्रकारके भक्तनकी स्थितिहे अथवा त्रिलोकी मोहित होतहे. ओर श्रीकंठमें कंठाभरण (कंठसरी) आदि सोहतहे एसे श्रीकृष्ण हमकों दर्शन कव देयंगे ? ॥ ३ ॥

मूलं-प्रफुल्लगल्लयुगलं चिवुकाभरणान्वितम् ।
सुवर्णसूक्ष्ममणियुक्वनमालाविराजितम् ॥ ४ ॥

शव्दार्थः-प्रफुलितहे दोय गल्ल जिनके, चिवुक भूपण करिकें युक्त हे ओर सुवर्णके सूक्ष्ममणिकायुक्त वनमालाकरिकें विराजितहे ॥ ४ ॥ टीका-दोउ गल्लस्थल प्रफुलितहे सो युगलगीतमें वर्णनहे "वदरपांडुवदनो मृदुगंडः" (पके वेर जेसो श्वेतहे मुखारविंद जिनको ओर कोमलहें गंडस्थल जिनके) जेसें पके वेरमें शुक चंचू मारे तेसें इहां श्रीस्वामिनीजीके दंतस्पर्श होय एसे कपोलहे ओर चिवुकभूपणहे सो श्रीस्वामिनीजी अधरसुधाको अनुभव करे तहां रसके आधिक्यतें अधरतें स्रवतहे सो श्रीचंद्रावलीजी अनुभव करतहे ताको भावहे सो मधुराष्टककी टीकामें वर्णनहे एसो चिवुक विराजितहे. सोनेके छोटे मनिकाकी मालासों कंठ विराजितहे एसे श्रीकृष्ण कव दर्शन देयंगे ? ॥ ४ ॥

मूलं-उरःस्थललसत्स्वच्छवक्रवैयाघ्रबाहुजम् ।
रत्नव्यवहितस्थूलमुक्तामालांचितोदरम् ॥ ५ ॥

शव्दार्थः-उरःस्थलमें शोभितहे स्वच्छ टेडे वाघनखा जिनकों ओर रत्नके व्यवधानयुक्त वडे मोतिनकी मालाकरिके पूजितहे उदर जिनको ॥ ५ ॥ टीका-उरःस्थलपर उज्वल वाघनखा वक्र लसतहें

सो प्रसिद्ध तो यह अर्थ जो श्रीयशोदाजी वालककी रक्षार्थ धरायेहे तथा श्रीस्वामिनीजीको नखक्षत उरपर भावसहित धरेहे, रत्नकरि गूंहित नवरत्नयुक्त वडी माला (जाकों वैजयंती माला कहतहे सो) समस्त भक्तनके भावसों विराजितहे और वडेवडे मोतिनकी माला उदरपर विराजितहे एसे श्रीकृष्ण कव दर्शन देयंगे ? ॥ ५ ॥

मूलं-सुवर्णकृत्रिममणिस्थूलमालातिसुंदरम् ।
गुंजाफलमहन्मालालसदूरुयुगांतरम् ॥ ६ ॥

शब्दार्थः-सुवर्णके कृत्रिम मणिकातें स्थूल एसी जो माला ताकरिकें सुंदर और गुंजाकी वडी मालाकरिकें शोभितहे दोउ उरुको मध्यभाग जिनको ॥ ६ ॥ टीका-सोनेके कृत्रिम मणिकाकरि गूंथी परम सुंदरमाला पेहिरेहे गुंजामाला श्वेत सुंदर गूंथेहे तामें चतुर्थ-स्वामिनीजीके यूथपतिके भावसों पहरिहे मोहनमाला सो उरु जो घुटुतांई पहिरेहे एसे श्रीकृष्ण कव दर्शन देहिंगे ? ॥ ६ ॥

मूलं-अनेकरत्नजटितकरकंकणभूषणम् ।
वाहुमध्यलसत्स्वर्णनिर्मितप्रथितांगदम् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः-अनेक रत्नकरिकें जटित्त श्रीहस्तमें कंकणको हे आभूषण जिनकें ओर वाहुके मध्यमें शोभित तथा सुवर्ण (रत्नादिक) करिकें वनाये विस्तारवारेहे वाजु जिनके ॥ ७ ॥ टीका-अनेक रत्नकरि जटित्त एसे कंकण दोउ हस्तमें पहिरेहे ओर दोउ भुजानमें अंगद (वाजु) सोनेके रत्नजटित विराजितहे एसे श्रीकृष्ण कव दर्शन देयंगे ? ॥ ७ ॥

मूलं-अनेकपुष्पतुलसीवनमालातिलालितम् ।
विचित्रवर्णविलसत्कटिवासोविराजितम् ॥ ८ ॥

शब्दार्थः—अनेक हे पुष्प ओर तुलसी जामें एसी वनमाला करिकें शोभित शोभित हे, ओर विचित्र वर्णवारे शोभित जो कटिवस्त्र ताकरिकें विराजित हे ॥ ८ ॥ टीका—अनेक प्रकारके पुष्प तुलसी-सहित ग्रथित एसी ललित वनमाला विराजित हे, सगरे व्रजभक्तनके भावसों पंचरंगकी अति विचित्र कटिवास (काछनी) धरेहें सो प्रभु सहित चतुर्थ यूथपतिके भावसों कटिपर विराजित हे एसे श्रीकृष्ण कव दर्शन देयंगे ? ॥ ८ ॥

मूलं-कटिभावज्ञापिकातिकिंकिणीरवशोभितम् ।
पदद्वयगतस्वर्णमणिनूपुरमंडितम् ॥ ९ ॥

शब्दार्थः—कटिके भावकों जतायवेवारे किंकिणीके शब्द करिकें शोभित हे, ओर दोय चरणारविंदमें धरे सुवर्णमें जटित मणियुक्त नूपुर करिके मंडित हे ॥ ९ ॥ टीका—कटिमें किंकिणीके रव शोभित हे ता रवकरि व्रजभक्तनकों अनेक रमणादिक लीलाके भावको सूचन करावत हे. दोय चरणकमलकी चाल परम सुंदर हे तिनमें मणिजटित सुवर्णके नूपुर सोहत हे एसे श्रीकृष्ण कव दर्शन देयंगे ? ॥ ९ ॥

मूलं-नखचंद्रप्रकाशैकप्रकाशितजगत्त्रयम् ।
पीतांबरोत्तरीयेषच्चलदंचलसुंदरम् ॥ १० ॥

शब्दार्थः—नखरूप चंद्रके प्रकाशनें मुख्य प्रकाशित हे तीन जगत् जिननें, ओर पीतांवरको जो उत्तरीयवस्त्र सो थोरोसो चलायमान अंचल ताकरिकें सुंदर हे ॥१०॥ टीका—नखचंद्रकें प्रकाशकरि तीन्यो जगतको प्रकाश करतहें आकाश, पाताल, भूलोक यह तीन्यो लोकमें जो भक्त हे तिनके हृदयमें प्रकाश करत हे ओरके हृदयको नखचंद्र प्रकाश नांही करतहे सो भक्त केसेंहे जाने एक श्रीठाकुरजीके चरणारविं-

दको आश्रय कीयो हे तिनके हृदयमें नखचंद्र प्रकाश करत हे तथा यह ललित त्रिभंगि स्वरूप श्रीवृंदावनमें स्थित हे तिनको अनुभव एक व्रजभक्तनकों हे सो राजसी, तामसी, सात्त्विकी एसें त्रिगुण भक्त हे तिनके हृदयमें यह नखचंद्र प्रकाश करत हे ओर पीतांबर सो व्रजभक्त श्रीस्वामिनीजीके उत्तरीयभावसों धारण कीये हे सो उत्तरीयके दोउ अंचल मंद सुगंध वायुकरि चलायमान हे ॥ १० ॥

मूलं-प्रदर्शितशिरोभेदं चलन्मकरकुंडलम् ।
नृत्यंतं नयनानंदं नितांतरतिसंप्रदम् ॥ ११ ॥

शब्दार्थः-[1]बतायोहे मस्तकको भेद जिननें, चलायमान मकराकृति हे कुंडल जिनके, नृत्य करतहें, नेत्रमेंहे आनंद जिनकों, ओर निरंतर रतिकों देवेवारे ॥ ११ ॥ टीका-मस्तकके दोउ ओर सुंदर श्रवणमें मकराकृति कुंडल धारण कीये हे सो सांख्ययोगको स्वरूप हे एसे श्रीकृष्ण नृत्य करत हे ताकरि व्रजभक्तनकें नयनकों परम आनंद देत हे भक्तनकों रतिरसको अनुभव करावत हे ॥ ११ ॥

मूलं-नितंविनीवृंदवर्त्तिरसानुभवलोलुपम् ।
विहरंतं विशेषेण रासलीलापरायणम् ॥ १२ ॥

शब्दार्थः-व्रजभक्तनके वृंदमध्य विराजित हे ताकरि इनके रसानुभवकरिकें लुब्धहे, विहार करतहे ओर विशेपकरि रासलीलामें परायणहे अथवा रासलीलाको उत्तम हे स्थान जिनको एसे हे ॥ १२ ॥ टीका-व्रजभक्तनके वृंदमें प्रभु विराजमानहे सो भक्तनकों रसानुभव करायवेमें परम चंचलहे सो यातें जो एककालावच्छिन्न समस्त व्रजभक्तनकों दान करतहे रासादिकलीला करिवेमें प्रभु परमचतुरहे ॥ १२ ॥

---

१ नृत्यमें मस्तक चलायमान होय है.

मूलं-त्रिभंगललितं वेणुकलितं भुजयोरपि।
वृंदावनैकफलितं वलितं स्वजनैः सह ॥ १३ ॥

शब्दार्थः-त्रिभंगस्वरूपहे तासों मनोहरहे, दोउ भुजमेंहू वेणु धारणकीये, वृंदावनके मुख्य फलरूपहे ओर स्वभक्तजनसहित मिलितहे ॥ १३ ॥ टीका-याभांति त्रिभंग स्वरूपकरि दोउ भुजानसों वेणुनाद करतहे सो श्रीवृंदावनके फलात्मक स्वरूप श्रीवृंदावनमें सदा विराजमानहे अपने स्वजन (व्रजभक्तन) करिकें वेष्टितहे याभांति लीलासहित स्वरूपके प्रभु मोकों कब दर्शन देयंगे ? ॥ १३ ॥

मूलं-वादयंतं मुरलिकां मोहयंतं मनः सताम् ।
जगज्जडं प्रकुर्वंतं रोधयंतं च भक्षणम् ॥ १४ ॥

शब्दार्थः-मुरलीको नाद करतहे, सत्पुरुषके मनकों मोह करतहे, जंगमकों जड करतहे ओर पशुआदिके भक्षणको रोध करतहे ॥१४॥ टीका-सुंदर सस्वुरतकी मुरलिका वजायकें समस्तभक्तनके मनकों मोह करतहे. श्रीवृंदावनमें स्थित पशु, पक्षि, वृक्षादिकनकों मोह उपजावतहे, जडहे तिनकों चेतन ओर चेतन हे तिनकों जड करतहे सो पशुपक्षि चैतन्ययुक्तह सो जड होयकें स्थितहे एसें रहि वेणुनादामृतरसको पान करतहे ओर वृक्षपर्वतादि जडहे सो चैतन्ययुक्त होय मधुधारा वहतहे ॥ १४ ॥

मूलं-पशूनां पक्षिणां चैव मौनसंपादकं तथा ।
तरूणामंतरानंदमधुधारैकवार्षुकम् ॥ १५ ॥

शब्दार्थः-जव वेणुनाद करतहे तव पशु पक्षिनकों मौन करिवेवारे, ओर वृक्षनके मध्यमें आनंद करिकें मधुधाराको वर्षण करायवेवारे ॥ १५ ॥ टीका-पशु पक्षि वेणुनाद सुनिकें चंचलता छोडि मौन होय

रसपान करतहे यह आधिदैविक श्रीवृंदावनके मुनिहे. पुष्टिलीलासंबंधि वृक्षादितें मधुकी धारा बरपतहे सो अंतःकरणमें भगवदीयनकों जब भगवत्स्वरूपको अनुभव होय तब आनंदतें देहमें पुलकावलि होय सो श्रीवृंदावनके वृक्षहे सो परमभगवदीयहे सो वेणुनादरस अमृतको हृदयमें अनुभव करि अंतःकरणमें आनंद पाय मधुधारा स्रवतहे ॥ १५ ॥

मूलं--हरंतं व्रजभूतापं पदस्थापनतस्तथा ।
यमुनातीरमात्रैकजलक्रीडाकृतिप्रियम् ॥ १६ ॥

शब्दार्थः—चरणारविंदके स्थापनतें व्रजकी भूमिके तापकों हरिवेवारे तथा श्रीयमुनाजीके तटमात्रमें मुख्य जलक्रीडाकी कृतिहे प्रिय जिनकों ॥ १६ ॥ टीका—याभांति रासादिकलीला व्रजभूमिमें करि व्रजभूमिके तापकों हरतहे तथा व्रजमें उत्पन्न भये सर्व प्राणिके तापकों हरतहे अथवा व्रजमें अपने चरणारविंद स्थापनकरि सगरी गुल्मलता औषधिआदिके तापकों हरतहे अथवा व्रजमें सबठोर चरणचिह्न स्थापनकरि यह जतावतहे जो कोउ व्रजको आश्रय करेगो तिनकोहू ताप दूरि होयगो याभांति रासलीला अनेकभक्तनसों कीये तब श्रमजल भयो तब श्रीठाकुरजी जानें जो यह भक्तनसहित श्रमजलहे यह रस कहां देनो? पाछें विचारे जो यह रसके पात्र श्रीयमुनाजीहे एसें जानि भक्तनसहित श्रीयमुनाजीमें पधारे सो अपनी प्रिया श्रीस्वामिनीजीसहित जलक्रीडा करत भये. याभांति श्रीयमुनाजीकों पात्र जानि रसदान कियो, जलक्रीडा करि श्रमको निवारण कीयो एसे श्रीकृष्ण कब दर्शन देयंगे? ॥ १६ ॥

मूलं—रसात्मकरसात्मस्वभक्तवृंदसमन्वितम् ।
निजानुभवसंवेद्यं प्रकटंतं क्षणे क्षणे ॥ १७ ॥

शब्दार्थः-आप रसात्मक ओर रसात्मक अपने भक्तनके वृंद ताकरिकें युक्तहे, तथा अपने भक्तनके अनुभवार्थ सेवाज्ञानकों क्षण क्षणमें प्रकट करिवेवारे ॥१७॥ टीका-रसात्मक श्रीकृष्णहे तेसेंही श्रीकृष्णके आत्मारूप रसात्मक व्रजभक्तनकों अनुभव करावतहे. क्षणक्षणमें अधिक रसदान करतहे ताकरि भक्तनको भावहू क्षणक्षणमें अधिक प्रकट होतहे एसे रसदानकर्त्ता श्रीकृष्ण प्रभु कब दर्शन देयंगे? ॥ १७ ॥

मूलं-विरहे युगपत्सर्वनिजलीलानुभावकम् ।
साकारानंदरूपेण व्रजभक्तहृदि स्थितम् ॥ १८॥

शब्दार्थः-विरहमें एककालावच्छिन्न अपने भक्तनकों अपनी लीलाको अनुभव करायवेवारे, ओर साकार आनंदरूप करिकें व्रजभक्तनके हृदयमें विराजमानहे ॥१८॥ टीका-एसे भावात्मक रसात्मक श्रीकृष्ण सो केवल शुद्ध विरह करे तब अपनी निजलीलाको अनुभव करावें सो जीव सगरे दिनरात्रि केवल विप्रयोग आर्तिकरि शुद्धहृदय होय तबही निजलीलाको अनुभव होय सो निजभक्त श्रीस्वामिनीजीहे तिनकों विप्रयोगहे तिनहीकों यह लीलाको अनुभवहे एसे भावात्मक श्रीकृष्णहे सो व्रजभक्तनके हृदयमें साकार आनंदरूप सर्वलीलासंयुक्त विराजत हे काहेतें जो रसको स्वभाव हे जो पात्र विना रहे नांही सो रसात्मक साकार आनंदरूप श्रीकृष्णहे ता रसके पात्र व्रजभक्तहे तातें व्रजभक्तनके हृदयमें विरहरसात्मक प्रभु स्थिर रहतहे ॥ १८ ॥

मूलं--एवं दिदृक्षा सततं स्थापनीया निजे हृदि ।
सैवास्माकं प्रेमभावोऽन्यरागविनिवर्त्तकः ॥१९॥

शब्दार्थः-उपर अठारे श्लोकमें निरूपण कीये एसे स्वरूपके दर्शन करिवेकी इच्छा अपने हृदयमें स्थापन करनी यहही अन्यमें प्रीति मिटायवेवारो अपनो प्रेमभाव जाननो ॥१९॥ टीका-एसे श्रीकृष्ण-

के दर्शनकी इच्छा जाके मनमें होय सो निरंतर अपने हृदयमें यह स्वरूपको ध्यान करि स्थित करे, तहां कोई कहे जो तुह्मारे हृदयमें तो एसे प्रभु स्थित हे ध्यान करि तुम हृदयमें स्थित कीये हे तहां कहत हे जो मेरे हृदयमें प्रेमको अभाव हे, मेरेमें प्रेम नांही हे ओर यह स्वरूपतो प्रेमकरि धारण करे तब होय ओर मोकों तो अन्यराग-निवृत्तिही दुर्लभ हे तातें में तो अन्यरागनिवृत्तिकरिकें रहित हों. तहां कोई कहे जो तुह्मारेमें प्रेम तो दीसत हे, स्वरूपको वर्णन कीयेहे, प्रभुमें आर्तिहू हे, प्रभुमें आसक्तिहू हे, पुष्टिमार्गकी सगरी रीति हे, ताप्रमाण चलतहो तुमकों कहा वाधक हे? तहां कहत हे ॥ १९ ॥

मूलं--ततः स्यादार्त्तिराधिका गेहदैहिकवाधिका।
आसक्तिः सैव मार्गेऽस्मिन् गृहस्थास्वास्थ्यकारिका२०

शब्दार्थः-प्रेमभाव भये पीछें गृहकार्य तथा देहकार्यकों वाधकरिवे-वारी आसक्ति होय, यह पुष्टिमार्गमें गृहस्थको अस्वास्थ्य करिवेवारी सोहीहे ॥ २० ॥ टीका-हमकों गृहदेहसंवंधी लौकिक आर्त्ति हे सो यह भगवद्भावमें वाधक हे, काहेतें जो देहसंवंधी घर तामें लौकिक वैदिक कार्य हे ताकी आर्त्ति मनमें रहत हे सो वाधक हे ओर यह पुष्टिमार्गमें आसक्ति हे सो परमधर्म हे सो जाकी आर्त्ति प्रभुपर हे सो गृहस्थ घरमें केसें स्वस्थ रहे? गृहमें स्वस्थ जाको मन हे सो यह पुष्टिमार्गमें कोन भांति स्वस्थ होयगो? यह कहिकें यह जताये जो जाकी आसक्ति प्रभुमें हे तासों देहसंवंधी लौकिक-वैदिक-क्रिया भलिभांतिसों न वनेगी ॥ २० ॥

मूलं-परितापोदयस्तस्मात् सर्वविस्मृतिकारकः।
स एव व्यसनं यत्र प्रपंचस्फूर्त्तिनाशनम् ॥ २१ ॥

---

१ प्रेमके अभाव ओर अन्यरागकी निवृत्तिको अर्थ मूलके अनुसार नांही हे.

शब्दार्थः—यह आसक्तितें सर्व (प्रपंचकों) विस्मृति करिवेवारे परितापको उदय होय जामें प्रपंचकी स्फूर्त्तिको नाश होय सोही व्यसन कहिये ॥ २१ ॥ टीका—उपर कहे ताभांति प्रभुमें आसक्ति होय तब प्रभु दया करि आर्त्तिदान करे तो विप्रयोग होय, सो विप्रयोग भयो कब जानियें? जब प्रभुसंबंध विना देहसंबंधी सर्वकार्यकी विस्मृति होय तब विप्रयोग भयो जानियें. पाछें प्रभुमें व्यसन होय सो प्रभुविना रह्यो न जाय एकक्षण युगसमान जाय यह व्यसनको स्वरूपहे ताव्यसनकरिकें प्रपंचकी स्फूर्त्तिको नाश होय केवल प्रभुपर तन्मयता होय ॥ २१ ॥

मूलं—एवंविधस्तु त्रिविधो भावो निःसाधनो मतः ।
अतस्तु दुर्लभा लोके तत्प्राप्तिर्भजतां नृणाम् ॥२२॥

शब्दार्थः—एसें (प्रेम, आसक्ति, ओर व्यसन) तीनप्रकारको भाव निःसाधन कह्योहे तासों भगवत्सेवा करिवेवारेनकों एसें भावकी प्राप्ति लोकमें दुर्लभ हे ॥ २२ ॥ टीका—याभांति [1]मन वचन क्रिया करि तीनप्रकारको भाव सिद्ध होय तब निःसाधन होयजाय सो याभांति निःसाधन होनो यालोकमें दुर्लभ हे, निरंतर जो श्रीकृष्णकी सेवा कीयो करे तब निःसाधन होय ॥ २२ ॥

मूलं—चक्रे करुणया कृष्णो भावात्माऽस्यं तथाविधम् ।
मूर्त्तिमद्भावसंबंधात्तत्प्राप्तिरिति वेद यः ॥ २३ ॥

शब्दार्थः—श्रीकृष्ण करुणाकरिके भावात्मक मुखारविंदरूप तेसें श्रीमदाचार्यजीकों प्रकट कीये अथवा 'भावात्माख्यं' एसें पाठ होय तो भावात्माहे नाम जिनको एसें श्रीआचार्यजीकों प्रकट कीये,

१ मन वचन क्रियाको अर्थ मूलके अनुसार नांही हे, शब्दार्थ रत्नभट्टकी टीकाके अनुसार हे.

मूर्तिमान् भाव जो श्रीआचार्यजी तिनके संबंधतें यह तीनभावकी प्राप्तिहे एसें जो जानत हे तिनकों ताभावकी प्राप्ति होय हे ॥ २३ ॥ टीका–यह भाव विधिपूर्वक कव सिद्ध होय? जव श्रीकृष्ण भावात्मके मुखारविंदरूप श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीकी कृपा होय तव भाव सिद्ध होय. भाव सिद्ध भयो कव जानिये? जव श्रीकृष्णस्वरूप मूर्तिमान्हे यह भाव सिद्ध रहे जो येही साक्षात् श्रीकृष्ण भावात्मक हमारे पतिहे यह मन वचन क्रियाकरि भाव होय तव प्राप्त होय. यह भाव केसें होय सो आगें कहतहें ॥ २३ ॥

मूलं--प्रमेयबलतो नान्यत्साधनं तत्र भाव्यताम् ।
अतः सर्वैः प्रकर्त्तव्यो निजाचार्यपदाश्रयः॥२४॥

शब्दार्थः–यह भावमें प्रमेयवल विना ओर साधन नांहींहे एसे जाननों तासों सर्वकों अपने श्रीआचार्यजीके चरणारविंदको आश्रय विशेषकरि कर्त्तव्य हे ॥ २४ ॥ टीका–श्रीकृष्णके स्वरूपमें एसो भाव जीवके साधनतें न होय, श्रीकृष्णही प्रमेयवलतें भावको दान करे तवही भाव होय तातें पुष्टिमार्गकी रीतिसों तन मन धनसों प्रीतिसहित सेवा करे अपने श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणकमलको आश्रय करे तो श्रीआचार्यजी प्रमेयवलतें भावदान करे तातें मार्गकी रीतिसों सेवा ओर श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमलको आश्रय यह निश्चय मन लगायकें कर्त्तव्य हे यह सिद्धांत सर्वोपर हे ॥ २४ ॥

मूलं–तदभावे न वै भावि फलमेतन्न संशयः ।
अतएवास्मदीशैस्तु ग्रंथे श्रीवल्लभाष्टके ॥ २५ ॥
स्वामिन्! श्रीवल्लभेत्येतत्पद्येऽखिलमुदीरितम् ।
तदाश्रयो न वचनैः किंतु तन्मार्गनिष्ठया ॥२६॥

शब्दार्थः—मार्गकी रीतिसों सेवा ओर श्रीआचार्यजीके चरणकमलको आश्रय यह दोऊको अभाव होय तो भावरूप फल नांही होय यामें संशय नांही, तासोंही अपने प्रभु श्रीगुसांईजीनें तो श्रीवल्लभाष्टकमें "स्वामिन् श्रीवल्लभाग्ने" यह श्लोकमें सर्व निरूपण कीयोहे. सो विनको आश्रय केवल वचनकरिकें नांही होयहे किंतु विननें प्रकट कीये एसें पुष्टिमार्गमें निष्ठा होय तव आश्रय सिद्ध होय॥ २५, २६॥ टीका—उपरकहे ताभांति श्रीआचार्यजीके चरणारविंदको आश्रय करि भगवत्सेवा करे तव श्रीआचार्यजी भावदान करे तव भावात्मक रसमें तद्रूप होयजाय तव यह पुष्टिमार्गीय फलकी निश्चय प्राप्ति होय. संशय नांही सो हमारे श्रीगुसांईजी वल्लभाष्टकमें कहेहे ॥ २५ ॥ "स्वामिन् श्रीवल्लभाग्ने क्षणमपि भवतः सन्निधाने कृपातः प्राणप्रेष्ठव्रजाधीश्वरवदनदिदृक्षार्त्तितापोजनेषु । यत्प्रादुर्भावमाप्नोत्युचिततरमिदं यत्तु पश्चादपीत्थं दृष्टेऽप्यस्मिन्मुखेंदौ प्रचुरतरमुदेत्येव तच्चित्रमेतत्" (हे स्वामिन् श्रीवल्लभरूप अग्नि क्षणहू आपके समीपमें (आपकी) कृपातें प्राणप्रिय श्रीव्रजाधीश्वर श्रीकृष्णके मुखारविंदके दर्शनकी इच्छाकी आर्ति भक्तजननमें प्रकट होयहे सो अत्यंत युक्त हे, परंतु जो पाछेंहू यह मुखारविंदरूप चंद्र दृष्ट भयेहू (यह आर्ति) अत्यंत उत्पन्न होयहे यह आश्चर्यहे) इत्यादि वचनकरि यह वचनके अनुसार आश्रय ओर यह पुष्टिमार्गमें निष्ठा होय तव सगरी लीलाको अनुभव होयसो आश्रय ओर मार्गमें निष्ठा कोन प्रकार होय सो आगे कहतहे ॥ २६ ॥

मूलं—मार्गनिष्ठा न स्वबाधः किं तु तादृग्गुरूदितैः ।
गुरूदितानि वाक्यानि न स्वतो ह्यनुवादतः॥२७॥

शब्दार्थः–मार्गमें निष्ठा अपने ज्ञानकरिकें न होय किंतु एसे गुरुके वचनामृतसों होय, ओर यह वचनामृत अपनी बुद्धिपरिकल्पित न होय परंतु पुष्टिमार्गके सिद्धांतके अनुवादरूप होय ॥ २७ ॥ टीका–पुष्टिमार्गमें निष्ठा गुरुके बोध कीयेविना न होय जब गुरु प्रसन्न होय कृपा करिकें बोध करे तब मार्गमें निष्ठा होय ओर यहजीवकों गुरुके वचनमें दृढ विश्वास होय, विश्वासकरि गुरुके वचनकों बारंबार अर्थसहित भावना करे अपने मनसों अर्थभावना न होय तो तादृशीय वैष्णवसों मिलिकें गुरुके वचनको अनुवाद करे बारंबार भावना करे ॥ २७ ॥

मूलं–अनुवादो न स्वबुद्ध्या किं तु मूलक्रमागतः।
अथापि तत्र चापेक्ष्यो दृढः स्वाचार्यसंश्रयः ॥२८॥

शब्दार्थः–अनुवाद अपनी बुद्धितें न करनो किंतु मूलक्रमतें प्राप्त अर्थ करनो, ता पीछेंहू यामें अपने श्रीआचार्यजीको दृढ आश्रय चाहियें. ॥२८॥ टीका–गुरुके वचनको अनुवाद अपनी बुद्धितें कल्पना करि न करे जो मूलक्रमतें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु सुबोधिनीजी निबंधादि ग्रंथ कीयेहे ताको भाव विचारे तो श्रीमहाप्रभुजीकी कृपातें श्रीसुबोधिनीजी आदिमें जान्यो जाय सो श्रीआचार्यजीके चरणारविंदको दृढ आश्रय होय तब श्रीआचार्यजी कृपा करे तातें श्रीआचार्यजीके चरणारविंदको दृढ आश्रय करि श्रीसुबोधिनीजी निबंधमें जाक्रमसों भावहे ताक्रमसों अपने हृदयमें भावना करि सेवा करे ॥ २८ ॥

---

१ श्रीआचार्यजीके प्रकट कीये पुष्टिमार्गीय सिद्धांतके ग्रन्थ यहां "वचनामृत" शब्दसे लिये जायहे, तासूं गुरुकी आज्ञाहू अपने मनमें आवे एसी न होय किन्तु श्रीआचार्यप्रकटित ग्रन्थानुसार होय. ग्रन्थको अर्थहू अपनी बुद्धिपरिकल्पित न करे किन्तु इनके (टीकाकार श्रीपुरुषोत्तमजी प्रभृतिनें कीये अर्थके) अनुवादरूप करे।

२ एतन्मार्गीय विद्वान् जो पारंपर्यतें गुरुके मुखतें या ग्रन्थानुवादको आशय जानते आये होय सो हि अर्थ मान्य करनो एसो श्लोकको अभिप्राय हे।

मूलं–एतादृशेन गुरुणाऽवगत्य निखिलं जनः।
आश्रित्य च निजाचार्यान् सदानंदं सदा भजेत् ॥ २९ ॥

शब्दार्थः–भक्तजन एसे गुरुतें सर्व जानिकें अपने श्रीआचार्यजीको आश्रय करिकें सदानंदरूप श्रीकृष्णको सदा भजन करे ॥ २९ ॥
टीका–याभांति कोई वैष्णव गुरुकी आज्ञाप्रमाण समग्र जानिकें चले तो श्रीआचार्यजी महाप्रभु अपनो आश्रय निश्चयही देंहि यामें संदेह नांही. सदा आनंदरूप "[1]श्रीआचार्यजीहें यहभावसों भजनकरे ओर लौकिक वैदिकमें आनंद तुच्छहे सदा नांही. लौकिकमें विषयादिसुख ताकरि नरकमें जाय ओर स्वर्गादि सुख सो पुण्य क्षीण भये संसारमें परे दुःखी होय ओर श्रीआचार्यजी सदा एकरस आनंदरूपहे सो श्रीगुसांईजी सर्वोत्तमजीमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके नाम कहेहें "आनंदाय नमः" "परमानंदाय नमः" इत्यादि वचनके भावसों जाननें ओर श्रीआचार्यजीकी नामावलीमें नामहे " आनंदमूर्त्तये नमः " "यह श्रीआचार्यजीको स्वरूपहे सो मूर्त्तिमान् आनंदमयहे सदा एकरस हे याभांति प्रेमसों भजन करे." तहां कोई कहे जो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके यह पुष्टिमार्गमें सगरे जीव श्रीआचार्यजीको आश्रयकरि सेवा करतहें ओर तुम कहे भावसों भजन करे सो कहा? तहां कहतहे ॥ २९ ॥

मूलं–भजनं भावरूपस्य भावेनैवोपपद्यते ।
चेतस्तत्प्रवणं सेवा ह्यत एव निरूपिता ॥ ३० ॥

शब्दार्थः–भावरूप श्रीकृष्णको भजन (सेवा) भावकरिकेंही प्राप्त होयहे तासोंही श्रीआचार्यजीमहाप्रभुनें सिद्धांतमुक्तावलिमें प्रभुमें चित्त प्रवण (लीन) होय सो सेवा एसें निरूपण कीयेहे ॥ ३० ॥

---

१ मूलमें सदानंद शब्द हे ताको अर्थ श्रीकृष्णपर (रत्नभट्टजीकी) टीकाके अनुसारहे ओर यामें श्रीआचार्यजीपर लिख्योहे तामें जितनो विशेषहे वहां " " एसे चिह्न कीयेहे सो काहूनें भावसों लिख्योहे एसो अनुमान होयहे.

टीका–भजन सेवा सो भावसों करे काहेतें जो भावविना आगें मानसी फलरूप न होय तातें तनुजा–वित्तजा भावसों करे तब फलरूप मानसी सिद्ध होय. सो श्रीआचार्यजी महाप्रभु सिद्धांतमुक्तावलिग्रंथमें कहे हें " कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परा मता " (सदा श्रीकृष्णकी सेवा करनी सो मानसी उत्तमहे) सदा श्रीकृष्णकी सेवा करे तिनकों मानसी सेवा सिद्ध होय " चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा" (चित्त प्रभुमें एकाग्र होय सो सेवा, ताकी सिद्धिके लीये तनुजा तथा वित्तजा करनी) जेसें नदीको प्रवाह रात्रिदिवस एकरस चले ताभांति अष्टप्रहर चित्तमें मानसी (तिनकों साधिवेवारी तनुजा वित्तजा भाव करि करे तब) सिद्ध होय. तनुजा वित्तजाहू भावसहित मन लगायकें करे तबही बने तब सिद्ध होय याभांति श्रीआचार्यजी निरूपण कीये हे, मानसी सिद्ध भई होय तिनके लक्षण केसें जानियें ? तहां कहत हे ॥ ३० ॥

मूलं–तस्यां तु विस्मृतिर्भाव्या जगतः सर्वथा ध्रुवम् ।
तदभावे मानसी तु सेवनान्नैव सिद्ध्यति ॥ ३१ ॥

शब्दार्थः–यह मानसीसेवामें तो सर्वथा जगतकी निश्चल विस्मृति होनी चाहियें, ताके अभावमें सेवनतें मानसी सिद्ध नांही होय ॥ ३१ ॥
टीका–तनुजा वित्तजा सेवा मन लगायकें करे तो सगरे जगत, देहसंबंधी पदार्थकी विस्मृति होय मानसी सेवाको यह भावहे जो सगरे जगतकों सर्वथा भुलावे यह निश्चय जाननों अपनों देहानुसंधान खानपान निद्रादि सब भूलिजाय याभांति भावाविष्ट होय मनमें सेवाकरि स्वरूपानंदको अनुभव करे तब जानियें जो भावरूप मानसी सेवा सिद्ध भई सो प्रथम तनुजा वित्तजा सेवाहू दुर्लभहे तहां मानसी कहांते सिद्ध होय ? तातें तामें बाधकहे सो कहतहें ॥ ३१ ॥

मूलं-तद्बाधकानींद्रियाणि विषया लौकिकी मतिः ।
प्रतिबंधस्तथोद्वेगो भोगोऽप्यत्रैव लौकिकः ॥३२॥

शब्दार्थः-इंद्रिय, विषय, लौकिकबुद्धि, प्रतिबंध, तथा उद्वेग ओर यहां लौकिकभोग यह सर्व मानसी सेवाके बाधकहे. ॥ ३२ ॥ टीका-तनुजा वित्तजा [1] सेवा मन लगायकें करे तामें दशो इंद्रिय बाधक हे काहेतें जो इंद्रियके देवताहे तिनकों विषय प्रियहे सो भगवत्सेवामें इंद्रिय बाध करतहे सो कोन भांति जो सेवा करिवेमें विषयादिक बुद्धि होय. लौकिक बुद्धि होय जो सेवा तो नित्य करतहों, घरको लौकिक कार्यहू करनोहे, भूखहू वोहोत हे या भांति लौकिकबुद्धि होय तब सेवामें मनकों उद्वेग होय सो जेसें बने तेसें वेगि करि अनोसर करावे तब श्रीठाकुरजी तो मनकी लौकिकबुद्धि जाने सो सेवामें प्रतिबंध करे एसो लौकिक वैदिक कार्य तथा विषयादिकको कार्य मनमें प्रेरे जो सेवामें प्रतिबंध होय मनमें उद्वेगतें प्रतिबंध होय तब भगवत्सेवा तनुजा वित्तजा न बने, पाछें खानपानादि विषय-भोगमें मन चले, पाछें विषयादिक करे, पाछें केवल लौकिक होय-जाय. सो सेवाफलमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहे " उद्वेगः प्रतिबंधो वा भोगो वा स्यात्तु बाधकः " (उद्वेग, प्रतिबंध अथवा भोग बाधक होय) इत्यादि वचनसों जाननो जो इंद्रिय तथा मन विषयमें मग्नहे ताकरि प्रथम उद्वेग पाछें प्रतिबंध पाछें भोग पाछे केवल लौकिक होयजाय. तहां कोई कहे जो इंद्रियनकों विषयमें जोडे एसी बुद्धि सेवामें क्यों होतहे ? तहां कहतहे ॥ ३२ ॥

मूलं-दुष्टान्नभक्षणं चापि ह्यसमर्पितभक्षणम् ।
असत्संगः सर्वथा हि भावबाधक इष्यते ॥३३॥

---

१ रत्नभट्टजीकी टीकामें यह सर्व मानसी सेवाके बाधक लिखेहे.

शब्दार्थः–दुष्टके अन्नको भक्षण अथवा दुष्ट [अपवित्र] अन्नको भक्षण ओर असमर्पितको भक्षण तथा असत्संग (दुःसंग) यह सर्वथा भावके बाधक हे ॥ ३३ ॥ टीका–इंद्रियादि मनमें विषय यातें होतहे एकतो दुष्टप्राणीकी सत्ताके अन्नको भक्षण करे अथवा दुष्टक्रिया करि अन्न लावे भक्षण करे तथा असमर्पित खाय तथा असत् (बहिर्मुख) को संग करे यह तीन्यो सर्वथाही बाधक कहे हे सो न्यारे न्यारे कहतहे. दुष्ट अन्न बोहोत बाधकहे सो पद्मपुराणमें कहेहे " अवैष्णवानामन्नं च पतितानां तथैव च। अनर्पितं तथा विष्णोः श्वमांससदृशं भवेत्। अनिवेद्य तु यो भुंक्ते हरये परमात्मने। पतंति पितरस्तस्य नरके शाश्वतीः समाः " (अवैष्णवको अन्न तथा पतितको अन्न तथा जो अन्न प्रभुकों आर्पित नांही कीयो सो श्वमांस (कुत्ताके मांस) बरोबर होय॥ जो हरि परमात्माकों अर्पण कीयेविना आप खाय हे तिनके पितृपितामहादि बोहोत वर्षतांई नरकमें गिरेहे) यहवचनतें अवैष्णवको अन्न होय तथा पतित [चांडालादि तेली धोवी नीच] को अन्न तथा असमर्पित अन्न यह श्वमांस सदृशहे एसो अन्न खायेतें इंद्रिय बुद्धि सर्व नष्ट होय जाय असुरवत् होय तथा असमर्पित अन्नकों खाय तो पितृसहित नरकमें जाय तातें श्राद्धहू प्रसादि अन्नसों करे ओर कूर्मपुराणमें कहेहे " अनर्पयित्वा गोविंदे यो भुंक्ते धर्मवर्जितः। शुनो विष्टासमं चान्नं नीरं तत्सुरया समम् ॥ (गोविंदकों अर्पण कीयेविना धर्मरहित जो खायहे सो अन्न कुत्ताके विष्टाबरोबर ओर जल सुरा [मदिरा] बरोबरहे) यहवचनतें गोविंद जो श्रीकृष्ण तिनकों अर्पे विना असमर्पित जो खातहे सो सकल धर्मकरि रहितहे उह अन्न श्वानकी विष्टासमानहे उह खानहारो निश्चय असुरहे सो दुष्टसंगतें असमार्पित अन्न खाय तातें एकतो दुष्टको अन्न तथा असमार्पित तथा असत्संग यह तीन्यो बाधकहे. जो दुष्टसंगहे ताकरि अन्यसंबंध

होय तव देह इंद्रिय सव वहिर्मुख होयजाय विषयके ध्यानमें तत्पर होय तातें वैष्णव होय सो मनमें विचार राखे दुष्टको अन्न, असमर्पित अन्न तथा दुःसंग इनको संबंध कबहू न करे ॥ ३३ ॥

मूलं-तस्मात्त्यक्त्वा दुष्टसंगं कृत्वा स्वाचार्यसंश्रयम्।
तदीयजनसंसर्गे स्थित्वा मार्गे तथा गुरौ ॥ ३४ ॥
कृत्वा विषयवैराग्यं परितोषं विधाय च।
सदानंदं सदानंदं फलप्राप्त्यै सदा भजेत् ॥३५॥

शब्दार्थः-तातें दुःखको त्याग करिकें अपनें श्रीआचार्यजी श्रीमहाप्रभुजीको आश्रय करिकें ओर तदीयजनके संबंधनिमित्त तथा गुरुनिमित्त मार्गमें स्थित होय विषयमें वैराग्य करिकें ओर संतोष करिकें निरंतर आनंद होय तेसें सदानंदरूप श्रीकृष्णको सदा भजन (सेवा) करे ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ टीका-दुष्टके संगको त्याग करे काहेतें जो दुष्टके संगतें वुद्धि विगरे असमर्पित खाय अन्याश्रयहू करे तातें दोषको मूल दुष्टसंगहे ताको त्याग करे, ओर श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीके चरणारविंदको आश्रय करे ओर पुष्टिमार्गीय भगवदीयको संग करे ओर पुष्टिमार्गीयकी रीतिप्रमाण मार्गमें स्थित होय गुरु कहे ताप्रमाण क्रिया सव करे यह पांचो प्रकार स्नेहयुक्त करे. दुःसंगको त्याग १, श्रीआचार्यजीके चरणारविंदको आश्रय २, भगवदीयको संग ३, पुष्टिमार्गमें स्थिति ४, गुरु कहे ताप्रकार सेवा ५, यह पांचो प्रकार भगवदीयवैष्णवकों कर्त्तव्यहे ॥ ३४ ॥ विषयमें वैराग्य होय तवही सर्वधर्म वनी आवे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी संन्यासनिर्णयमें कहे हे " विषयाक्रांतदेहानां नावेशः सर्वथा हरेः " (विषयाक्रांत देह (अर्थात् देहस्थइंद्रिय) हे तिनजीवनके हृदयमें सर्वथा हरिको आवेश नांही हे) यह वाक्यतें जाजीवके हृदयमें विषयको ज्ञान होय, देहमें विषयकी कामना होय

ताके हृदयमें हरि भगवानको आवेश सर्वथा न होय तातें विषयादि देहसंबंधी कार्यतें वैराग्य होय ओर मनमें संतोष होय यथालाभ संतुष्ट (जो भगवदिच्छातें आय प्राप्तहोय ताहीमें संतोष) होय जब विषयादिकमें वैराग्य होय तबही संतोष होय ओर लौकिक वैदिक देहसंबंधी चिंता सब छोडि सदा आनंदमें रहे सो हृदयमें संतोष होय तब हृदयमें आनंद आवे चिंता न होय तब भगवद्धर्ममें मन लगे ताहीतें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी नवरत्नग्रंथमें कहेहें "चिंता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापि" (निवेदित हे आत्मा जिननें एसें जो वैष्णव हे तिनकूं कछुहू चिंता कर्त्तव्य नांहीहे) निवेदितभक्तहे सो चिंता न करे सदा आनंदमें रहे तब सदानंदरूप जो श्रीकृष्ण श्रीवृंदावनमें स्थित व्रजभक्तसंयुक्त फलरूप उपर कहे हे तिनकी सेवा सदा करे तब सर्वोपर फलप्राप्ति होय ॥ ३५ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं नवमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ ९ ॥

शिक्षापत्र १०.

अब दशमशिक्षापत्रमें लौकिक क्लेशको संबंध होय तोहू प्रभुमें दोषारोप न करनो ओर प्रभुको आश्रय न छोडनो, चातकपक्षिवत् दृढ विश्वास राखिकें रहनो भगवान् भक्तनको हितही करेंहे, यह निरूपणहे। उपर कहे हे जो विषयमें वैराग्यकरि यथालाभ संतोष राखि प्रसन्नतासों शुद्धहृदयतें भगवत्सेवा करे तो फलप्राप्ति होय, सो श्रीकृष्ण फलदान देवेको जब विचार करे तबहीं बने, श्रीकृष्णके मनको अभिप्राय जानि-

वेको जीवको सामर्थ्य नांहींहे प्रभु कोन भांति कहा फल देयंगे सो आगें शिक्षापत्रमें कहतहे.

मूलं—को वेद कीदृशः कृष्णाभिप्रायः[1] स्वजने मतः ॥
स्वानंदसिद्धये राति निजार्त्ति दर्शनादिषु ॥ १ ॥

पुष्टिमार्गमें उत्तम साधनहे. भगवदीयके संग निवेदनको स्मरणकरे ताहीतें नवरत्नग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहे हे " निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः " [निश्चय तादृश जनके संग निवेदनको स्मरणकरे] भगवदीयको संग सर्वथा करनो तथा सर्वदा करनो उनसों नित्य निवेदनको प्रकार सुनिकें अपने मनमें भावराखनो यह सत्संगही श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके मार्गमें उत्तमतें उत्तम साधनहे सोई करे यातें विरुद्ध साधन न करे ॥ ६ ॥

मूलं-स्वाचार्यचरणद्वन्द्वदृढाश्रयणमादृतैः ।
विधेयं तेन सकलमस्मिन् मार्गे भविष्यति ॥७॥

शब्दार्थः-अपने आचार्यजीके दोउ चरणको दृढआश्रय आदरयुक्तहोयकें करनो; ताकरिकें यहपुष्टिमार्गमें सर्वसिद्ध होयगो ॥ ७ ॥

टीका-अपने श्रीवल्लभाचार्यजीके दोउ चरणारविंदको दृढआश्रय जो कोई पुष्टिमार्गीय जीव आदरपूर्वक करे तिनकों यहसर्वोपरि पुष्टिमार्गको सिद्धांत हृदयारूढ होय तातें दैवी जीवनकों श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणकमलको दृढ आश्रय निश्चयही कर्त्तव्यहे ताहीकरिकें सकल कार्य सिद्ध होयगो ॥ ७ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं चतुर्दशशिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ १४ ॥

शिक्षापत्र १५.

अब पंचदश शिक्षापत्रमें भगवानकी लीलाके अनुसंधानपूर्वक भगवत्स्मरण करनो यह निरूपणहे. उपर कहे जो भगवदीयको संग

करे अपने श्रीआचार्यजीके दोउ चरणारविंदको आश्रय करे तो यह पुष्टिमार्गको फल सिद्ध होय सो श्रीमहाप्रभुजीके चरणकमलको आश्रय कोनभांति होय सो यह शिक्षापत्रमें कहत हे–

मूलं–यदंगीकृतजीवानां न दुःखं लेशतोऽपि हि।
सदानंदः[1] सदानंदतत्स्मृतिः क्रियतां सदा ॥१॥

शब्दार्थः–जिनको प्रभुने अंगीकृत किये एसे जीवनकों रंचकहू दुःख नांहीहे सदानंद एसे प्रभुसो सदा आनंदरूप हे तिनकों स्मरण सदा करनो ॥ १ ॥ टीका–अपनो अंगीकृत जो जीव यह पुष्टिमार्गमें शरण आयोहे तिनकों रंचकहू दुःख होय सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभु नांही सहीसकत अपने जीवनको सकल दुःख दूरि करि सदा आनंदको दान करत हे ॥ १ ॥

मूलं–यो निजानतिसंतप्तान्स्वकृते वीक्ष्य विस्मितः।
प्रादुर्भवत्यचिरतस्तत्स्मृतिः क्रियतां सदा ॥२॥

शब्दार्थः–जो प्रभु अपने लिये अति (विप्रयोगाग्निर्ते) तप्त अपने भक्तनकों देखिकें विस्मित होय शीघ्र (आचार्यरूप) प्रकट होयहे तिनकी स्मृति सदा करनी ॥ २ ॥ टीका–यहजीव जादिनतें भगवानतें बिछुर्यो तादिनतें चौराशी लक्षयोनिमें भ्रमतहे जन्ममरणके अनेक प्रकार दुःखपावतहे संसाराग्निमें महासंतप्तहे यद्यपि दैवी जीवहे तोहू अपनो दासपनो ओर प्रभुको स्वरूप भूलिगयो ताकरि संसारमें महादुःखीहे याभांति अपनी कृतिकरिकें दुःखी होतहे सो श्रीठाकुरजी देखिकें विस्मित भये ओर मनमें खेदपाय कहे जो हमारे दैवीजीव वोहोत दुःखीहे तब करुणा करि श्रीकृष्ण आपही श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी-

[1] सदानंदा एसो पाठहे ताके अनुसार अर्थ–सदा आनंदरूप होयकें सदा आनंदरूप इनकी स्तुति करनी.

स्वरूप अग्नितें प्रादुर्भूत होय अपने दैवीजीवनके अनेक चिरकालके सगरे दुःख दूरि कीने एसे श्रीआचार्यजीमहाप्रभु भक्तवत्सलपरमदयाल हे तिनको स्मरण सदाही कर्त्तव्यहे ॥ २ ॥

मूलं–यः स्वतःसेवकानां हि पराश्रयनिवारकः ।
कृपासरित्पतिः कृष्णस्तत्स्मृतिः क्रियतां सदा ॥३॥

शब्दार्थः–जो आपतें अपने सेवनकों अन्याश्रयनिवारण करिवेवारे श्रीकृष्ण दयाके सागरहे सदा तिनकी स्मृति करनी ॥ ३ ॥ टीका–जेसें श्रीकृष्ण सगरे व्रजभक्तनकों अन्याश्रय छुडाये गिरिराजद्वारा आपु अरोगे अंविकापूजनमें श्रीनंदरायजीकों दंड देयकें छुडाये तेसें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु अपने सेवकनकों पराश्रय [अन्य देवको भजन] छोडाय एक श्रीकृष्णहीको भजन वताये, सर्व ओरते निवृत्त करि एक श्रीकृष्णहीकी शरण किये सो श्रीकृष्ण कृपाके समुद्रहे जाको अंगीकार करतहे ताकों फेरि कवहू छोडत नांही भक्तपर कृपाही करत हे सो नवमस्कंधमें दुर्वासाप्रति भगवान् कहे हे " अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतंत्र इव द्विज ! । साधुभिर्ग्रस्तहृदयो भक्तैर्भक्तजनप्रियः " (हे द्विज ! में परतंत्रकी नांई भक्तके पराधीनहों ओर साधुभक्तननें मेरो हृदय ग्रस्यो हे तासोंही भक्तजन मोकूं प्रिय हे भगवान् कहे हे, हे द्विज दुर्वासा ! में तो भक्तके वश पराधीनहों स्वतंत्र नांही हों मोकों अपने हृदयमें धरि लीनोहे मोको भक्तजन वोहोत प्रियहे एसे कृपालु श्रीकृष्णहे तिनकी प्राप्ति अपने भक्तजीवनकों कराये एसे श्रीआचार्यजीके चरणकमलको स्मरण सेवकनकों अहर्निश कर्त्तव्यहे ॥ ३ ॥

मूलं–हृदयस्थः समस्तानां धुनोति विषयादरम् ।
दयादामोदरः श्रीमांस्तत्स्मृतिः क्रियतां सदा ॥ ४ ॥

शब्दार्थः—समस्त भक्तनके हृदयमें रहे एसे दयाकरिकें दामोदर भये एसे श्रीमान् विषयमें (भक्तनको) आदर मिटावे एसेहे तिनकी स्मृति सदा करनी ॥ ४ ॥ टीका—श्रीकृष्ण सर्व प्राणिमात्रके हृदयमें स्थितहें सो भक्तनके हृदयमें होय यामें कहा कहनो ? परंतु जीव (विषयादि, खान, पान, देहसंबंधी संसारसुखमें आदर करि मनको लगावे हे ताकरि) हृदयमें प्रभुहे तिनकों भूलि गयोहे अनेक विषयके लीये भ्रमत हे ओर प्रभु दामोदर हे श्रीयशोदाजी उपर दया करि आपु बंधाये एसे शोभायमान श्रीकृष्ण तथा श्रीआचार्यजी एकरूप जानि तिनके स्मरण वैष्णवकों सदा कर्त्तव्य हे ॥ ४ ॥

मूलं—यःप्राणप्रेष्ठगोपीनां संगं गोपयति स्वतः ।
निलायनादिलीलाभिस्तत्स्मृतिः क्रियतां सदा ॥५॥

शब्दार्थः—जो प्रभु प्राणप्रिय गोपीजन गोपांतरस्थित होय तिनके संगमकों निलायनादि [छुपि छुपिकें खेलनरूप] क्रीडाकरिकें आपतें गोप्य करतहे तिनकी स्मृति सदा करनी] ॥५॥ टीका—स्वामिके संग गोपीजनकों रसात्मकताकों गोप्य करतहे जामें श्रीनंदरायजी, श्रीयशोदाजी, और अनेक गोप जाने नांही याभांति व्रजभक्तनकों रसदान करतहे सो गोपीजन श्रीठाकुरजीके प्राणप्रियहे सो उद्धवजीसों भगवान् दशमस्कंधमें कहे हें "ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः । ये त्यक्तलोकधर्मांश्च मदर्थे तान् बिभर्म्यहम्" [यह गोपी मेरेमेंहे मन जिनकी मेरेमेंहे प्राण जिनको अथवा मेंहूं प्राण जिनको, ओर मेरे अर्थ सर्व दैहिकधर्म जिननें त्याग किये हे एसीहे तो जो मेरे अर्थ लोकधर्मको त्याग करिवेवारेहे तिनकों में पोषण करूंहूं) तन, मन, प्राण, देह प्रभुअर्थ अर्पण कियोहे ओर प्रभुके अर्थ लोक, वेद, धर्म त्याग कियोहे तातें श्रीकृष्णकों प्राणसमान प्रियहे. प्रभु केसे दयालु हे सो तृतीयस्कंधमें

उद्धवजी कहे हे " अहो बकीयं स्तनकालकूटं जिघांसया पाययदप्यसाध्वी। लेभे गतिं धात्र्युचितां ततोऽन्यं कं वा दयालुं शरणं व्रजेम " (अहो दुष्टपूतनानें मारिवेके लियेहू स्तनको विष जिनकों प्यायो सो पूतनाहू माताके योग्य गतिकों प्राप्तभई तासों अन्य एसो कोन दयालु होय जिनके शरण जईये) पूतना अपने स्तनमें कालकूट (विष) लगाय प्यावनलागी एसी राक्षसीकों श्रीकृष्ण माताकी गति दीनी तब जो भक्त दूधआदि नानाप्रकारकी सामग्री अरोगावतहे एसे व्रजभक्तनके वश्य भगवान् होय यामें कहा केहेनो ? एसे श्रीकृष्ण प्राणप्रेष्ठ गोपीकों सबतें छिपायकें रसदान करत हे नित्य रासादिलीला करतहे एसे रसात्मक श्रीकृष्णको स्मरण सदाही कर्त्तव्यहे ॥ ५ ॥

मूलं–य उद्धवेन भक्तेन स्वस्वरूपमबोधयत् ।
गोपिकानां हृदंतस्थस्तत्स्मृतिः क्रियतां सदा ॥६॥

शब्दार्थः–जो प्रभु अपने भक्त उद्धवकों स्वरूपको बोध करत भये ओर गोपिकाके हृदयकी भीतर रहेहे अथवा गोपिकाके हृदयमें रह्ये एसे स्वरूपको उद्धवजीद्वारा गोपिजनकों जिननें बोध कियो तिनकी स्मृति सदा करनी ॥ ६ ॥ टीका–श्रीकृष्ण उद्धवजीकों निजभक्त जाने तब विचारे जो उद्धवजीनें वोहोत सेवाकरि अब व्रजलीलाको अनुभव होय तो आछो सो अनुभवतो श्रीस्वामिनीजीके हाथहे भावात्मक स्वरूपतो श्रीस्वामिनीजीके ओर व्रजभक्तनके हृदयमें स्थितहे तातें योगको मिषकरिकें उद्धवजीकों अपने निजस्वरूपके बोधार्थ भगवाननें व्रजमें पठाये तब गोपीजननें भगवानके सखा जानि अपनी सगरी लीला उद्धवजीको दिखाई तब उद्धवजीकों अनुभव भयो तब

१ यहश्लोक भाषाकी टीकावारे पुस्तकमें ७ मो लिख्यो हे परंतु रत्नभट्टकी टीकाके अनुसार यहां लिख्योहे तथा संगतिहू एसी दीसेहे.

अपने योगकों भूलिगये, वंदन करन लागे "नायं श्रियोऽगउ! नितांतरतेः प्रसादः स्वर्योपितां नलिनगंधरुचां कुतोऽन्याः। रासोत्सवेऽस्य भुजदंडगृहीतकंठलब्धाशिषां य उदगाद्व्रजवल्लवीनाम्॥ १॥ आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां वृंदावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्। या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा भेजुर्मुकुंदपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ॥२॥ वंदे नंदव्रजस्त्रीणां पादरेणुमभीक्ष्णशः। यासां हरिकथोद्गीतं पुनाति भुवनत्रयम् ॥३॥" (रासोत्सवमें भगवानके श्रीहस्तकरिकें ग्रहण कियो एसो जो कंठ ताकरि प्राप्तभयेहे सर्व मनोरथ जिनके एसे जो व्रजभक्त तिनकों जो प्रसाद भयोहे सो निरंतर प्रीतिवारी लक्ष्मीजीकों नांहीभयो कमलसरिखोहे गंध तथा कांति जिनकी एसी अप्सरानकों हूं नांही भयो तो दुसरेनकों कहासों होय? ॥१॥ जो व्रजभक्त पति पुत्र संबंधि सगरो कुटुंब तथा वेदमर्यादा छोडिकें श्रुतिनतें विमृग्य [ढुंढिवे योग्य] श्रीकृष्णकी पदवीकों प्राप्त भये काहेतें आपश्रुतिरूपाहें तिनकी चरणरेणुको सेवन करतहे एसे जो वृंदावनके प्राणी होवेमें तो योग्यता नांहीहे तासों गुल्म लता औषधिनमें कछुहू में होउं अर्थात् सात्विक, राजस, तामस, जो स्थावरहे तिनमें कछुहू में होउँ ॥२॥ जिनकी हरिकथाको स्वतंत्र निकस्यो एसो रटन तीन लोकको पवित्र करतहे एसे जो व्रजभक्त तिनके चरणकमलकी रजकों क्षण प्रति दंडवत् करतहूं ॥३॥) यह दशा उद्धवजीकी भई सो गोपीजनके चरणकमलकी रजकी आशा करिकें गुल्म लता औषधीकी प्रार्थना करी सो भावात्मक भगवान् व्रजभक्तनके हृदयमें स्थितहे तो भावरूप श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीहें तिनके चरणकमलको स्मरण सदा करे ॥ ६ ॥

मूलं-यः स्वमाहात्म्यबोधाय प्रादुर्भावितवान्स्वयम्।
प्रभुः श्रीवल्लभाचार्यास्तत्स्मृतिः क्रियतां सदा॥७॥

शब्दार्थः—जो प्रभु (अपनें भक्तनकों) अपनो माहात्म्य जतायवेके लिये आप श्रीवल्लभाचार्यजीकों प्रकट करतभये तिनकी स्मृति सदा करनी ॥ ७ ॥ टीका—श्रीकृष्ण उद्धवजीकों अपनें निजभक्त जानि (अपने स्वरूपकों आपु नांही जताये) गोपीजनके पास पठाये तहां यह जताये जो भगवान् कृपाकरे ताहूतें अधिक भगवदीयद्वारा स्वरूपको वोध होय सो सर्वोपरिहे तेसेंही दैवी जीव संसारमें प्रभुकों भूलि गये तव श्रीठाकुरजी अपने स्वरूपमाहात्म्यवोधार्थ श्रीआचार्यजीकों पठाये तव श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी पृथ्वी पर प्रादुर्भूत (प्रकट) भये भूमि उपर स्थित होय दैवीजीवनकों स्वरूपानंदको अनुभव कराये एसे श्रीकृष्ण सर्व सामर्थ्ययुक्त हें तिनके चरणकमलको स्मरण सदा कर्त्तव्य हे ॥ ७ ॥

मूलं—यस्य स्मरणमात्रेण सकलार्तिविनाशनम् ।
तत्क्षणादेव भवति तत्स्मृतिः क्रियतां सदा ॥ ८ ॥

शब्दार्थः—जिनके स्मरणमात्रतेंही सवनकी सर्व आर्तिको नाश तत्क्षणतेंही होय हे तिनकी स्मृति सदा कर्त्तव्य हे ॥ ८ ॥ टीका—एसे श्री कृष्णरूप भावात्मक श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणारविंदको स्मरणकरतमात्रही सकल आर्ति, संसारके दुःख सर्वदोपको नाश होय जाय ओर तत्काल श्रीवल्लभदेव श्रीकृष्णदेव वा जीवके उपर प्रसन्न होय तातें यह पुष्टिमार्गीय वैष्णवनको यह धर्म निश्चय हे जो एसे श्रीमहाप्रभुजीके चरणकमलको स्मरण मन लगायकें अहर्निश करनो जेसें व्रजभक्त रात्रिदिवस स्मरण करतहें तेसेंही करनो ॥ ८ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं पंचदशं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ १५ ॥

शिक्षापत्र १६.

अब पोडश शिक्षापत्रमें, अहर्निश भगवत्सेवन, स्मरण कीर्तन करे तिनकों भगवान् निरोध करतहे तथा ऐहिक पारलौकिक स्वतः सिद्ध करतहैं तासों भक्त कछू चिंता न करे यह निरूपणहे। उपर कहे ताभांति महाप्रभुजीको स्मरण करे तो प्रभु प्रसन्न होय तव प्रभुके स्वरूपको ज्ञान होय ओर अपनो दोप स्फुरे सो प्रकार कहतहैं—

मूलं—सदा स्वभक्तहृदयावासः स्वाचार्यभावितः।
यशोदाऽतिप्रियः श्रीमान् नंदसूनुर्व्रजेश्वरः॥ १॥
स्मरणीयो यथाशक्ति सेवनीयस्तथा पुनः।
तादृशैः सह संगेन कथनीयश्च सर्वथा ॥ २॥

शब्दार्थः—सदा अपने भक्तनके हृदयमें विराजिवेवारे, अपने श्रीआचार्यजीके भावसों भावित, श्रीयशोदाजीकों अति प्रिय, शोभायुक्त, श्रीनंदरायजीके पुत्र, व्रजके इश्वर ॥ १ ॥ स्मरण करिवे योग्य तथा अपनी शक्ति अनुसार सेवा करिवेयोग्यहे फेरि तादृशीनके साथ संगकरिकें निश्चय (इनकी लीलाकी) कथा कर्तव्यहे॥ २ ॥ टीका— सदा श्रीठाकुरजी अपने भक्तनके हृदयमें वसतहे सो केसेनके हृदयमें वसतहे? तहां कहतहैं जो श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीकों भावकरि प्रसन्न कीयेहे श्रीआचार्यजीके भक्त हे एसे पुष्टिमार्गीय भगवदीयनके हृदयमें प्रभु सदा विराजतहे सो प्रभु केसेहे? श्रीयशोदोत्संगलालित श्रीयशोदाजीकों अति प्राणप्रिय श्री (शोभा) सहित नंदसूनु नंदरायजीके पुत्र सो दशमस्कंधमें नंदमहोत्सवमें शुकदेवजी कहे हे "नंदस्त्वात्मज उत्पन्ने जाताह्लादो महामनाः" (श्रीनंदरायजी अपने

आत्मज (आत्मातें अथवा देहतें उत्पन्नभये एसे पुत्र) उत्पन्न भये तब आल्हादयुक्त ओर वडेमनवारे भये) नंदरायजीके आत्मातें उत्पन्न भये एसे श्रीकृष्ण व्रजके राजाहे सो सदा व्रजहीमें भक्तनके संग विहार करत हे एसे श्रीकृष्ण पुष्टिमार्गमें सेव्यहे सो एतन्मार्गीय भगवदीय [श्रीआचार्यजीके कृपापात्र] हें तिनके हृदयमें वसतहे तथा श्रीठाकुरजीके हृदयमें भक्त वसतहे सो श्रीभागवतनवमस्कंधमें भगवान् दुर्वासा प्रति कहेहे "साधवो हृदयं मह्यं साधूनां हृदयं त्वहम्। मदन्यत्ते न जानंति नाहं तेभ्यो मनागपि" (साधुहे सो मेरो हृदयहे ओर में साधूनको हृदय हों मोतें अन्य यह भक्त नांही जानतहे ओर में इनसों कछुहू अन्य नांही जानतहों) भगवान् कहे भक्तनके हृदयमें मेंहों मेरे हृदयमें भक्तहे भक्त मोतें अन्यजानत नांही ओर भक्ततें ओरकों में जानतहीं नांही एसे श्रीकृष्ण हे एसे व्रजमें सदा विहारकर्ता नंदयशोदाजीके पुत्रहे तिनहीको स्मरण करनो काहेतेजो एसे भावात्मक प्रभु व्रजभक्तनके वश्यहे तातें व्रजभक्तनसहित स्मरण करनो ओर सेवाहू एसेंही भक्तनके भावसहित करनी तथा तादृशीयभगवदीयसों मिलिके श्रीकृष्णकी कथा हू सर्वथा नित्य नियमसों सुननी ॥२॥

मूलं–अहर्निशं व्रजाधीशः प्रपंचास्मृतिसाधकः।
स्वकीयपक्षपाती च निजसक्त्या विरोधकृत् ॥३॥
स्मरणीयः कृपापारावारो विदितरूपवान्।
स एवास्मत्सर्वकर्त्ता चिंताणुरपि नो हृदि ॥४॥

शब्दार्थः–अहर्निश प्रपंचकी विस्मृतिके साधक, अपने भक्तनके पक्षपाती, ओर अपनी आसक्ति करायकें निरोध करिवेवारे श्रीव्रजाधीश ॥३॥ कृपाके समुद्र ओर वेणुगीतमें "वर्हापीडं" यह श्लोकमें नटवर रूप जतायोहे सो रूपवारे स्मरणीयहे सोही अपनों सर्व सिद्ध

करिवेवारेहें तासों हृदयमें अणुमात्र चिंता नांही कर्त्तव्य हे ॥४॥ टीका–स्मरण, सेवा, कथा, वार्त्ता, अहर्निश एक व्रजाधीशकी करे तो यह प्रपंच देह संबंधी लौकिक वैदिक सबकी विस्मृति होय येही (स्मरण, सेवा, कथा, वार्त्ताही, प्रपंच विस्मृतिको साधन तथा पुष्टिमार्गीय भगवद्धर्म हे ओर नांही सो व्रजाधीश अपने भक्तनके पक्षपातीहे अपने सामर्थ्य करि भक्तनको सब ठोरतें निरोध सिद्ध करत हे ओर जो जप, तप, यज्ञ, होम, तीर्थ, व्रतादिक मर्यादामार्गके साधन हें तामें अनेक कालादिदोप प्रतिबंधक होतहे तामें प्रभु रक्षा नांही करतहे ओर भगवद्धर्ममें प्रभु रक्षा करतहें जेसें प्रह्लादके अर्थ प्रभु स्तंभतें प्रकटे भक्तकी रक्षा कीनी तातें श्रीकृष्णको स्मरण सेवादिक मनलगायकें करनो तहां कालादिक कछु बाधक न होयगो अपने भक्तनके पक्षपाती भगवान् हे सो अपनी आसक्तिको सामर्थ्य भक्तनमें धरि सब ठोरतें निरोध करतहे ॥३॥ एसे श्रीकृष्णको स्मरण सदाही कर्त्तव्यहे सो श्रीकृष्ण परमकृपालुहे सो वेद, शास्त्र, श्रीभागवतमें प्रसिद्ध हे। पष्ठस्कंधमें कहेहे "सांकेत्यं पारिहास्यं च स्तोभं हेलनमेव वा। वैकुंठनामग्रहणमशेपाघहरं विदुः ॥१॥ अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत्। संकीर्त्तितमघं पुंसां दहेदेधो यथाऽनलः ॥२॥" (संकेतयुक्त, हास्ययुक्त, मशकरिमें कह्यो, अपराधतें लियो, एसोहू वैकुंठ (भगवान्) के नामको ग्रहणहे सो सर्व पापकों हरिवेवारो हे एसें ऋपि जानतहे ॥१॥ अज्ञानतें अथवा ज्ञानतें उत्तमयशवारे भगवानके नामको कीर्त्तनहे सो अग्नि जेसें काष्टकों जरावतहे तेसें सर्वपापकों जराय देतहे ॥२॥) यह वचनतें ओर श्रीआचार्यजी महाप्रभु नवरत्नग्रंथमें कहेहें "अज्ञानादथवा ज्ञानात्कृतमात्मनिवेदनम्। यैः कृष्णसात्कृतप्राणैस्तेषां का परिदेवना" (अज्ञानसों अथवा ज्ञानसों प्रभुके आधीन प्राणवारे जिन भक्तननें आत्मनिवेदन कियोहे तिनकों लौकिक वैदिककी

[विधिनिषेधादिककी] चिंता कहाहे ? कछु नांही) इत्यादि-
वचनसों जाननों जो सेवा स्मरणादिक भगवद्धर्म जानिकें करे अथवा
अनजाने करे तो हू प्रभु कृपा करे सो श्रीमहाप्रभुजीके चोराशी वैष्ण-
वकी वार्त्तामें कहेहें जो गदाधरदासनें शाककी कही सो माधवदास
ले आयो ताकरि माधवदासकों भक्ति भई याभांति प्रभु सेवा मानिले-
तहे याभांति प्रभुकी कृपा शास्त्रमें प्रसिद्ध हे तातें प्रभुही हमकों अप-
ने जानि सर्वकार्य सिद्ध करेंगे तातें भगवदीयकों लौकिक वैदिककी
चिंता तथा अपने उद्धारकी चिंता नांही कर्त्तव्य हे ॥४ ॥

मूलं-सतामप्यसतां वाऽपि स्वकीयानां कृपानिधिः ।
करिष्यति स्वतः सर्वमतश्चिंता न काऽपि हि ॥५॥

शब्दार्थः-सत् [सात्त्विक] असत् [तामस] अथवा सत् व्रजभ-
क्त असत् अपनेहू उनके शरण जाय उनके भये तिनके सर्व मनोरथ
कृपाके निधिरूप प्रभु आपुही करेंगे तासों निश्चय कछुहू चिंता नांही
हे ॥ ५ ॥ टीका-प्रभुकी यह प्रतिज्ञाहे जो भक्तनके उपर सदा कृपाही
करतहे सो प्रतिज्ञा सत्यहे मन, वचन, क्रिया, तीनो करि अपने स्वकीय
भक्तनपर कृपाहीहे कृपानिधि एसो प्रभुको नाम हे सो त्रिविधनामा-
वलिमें नाम कहेहें "भक्तजनकल्पवृक्षाय नम", "भक्ताधीनाय नमः"
इत्यादि वोहोत नाम हे सो प्रभु स्वतः आपुही सर्व सिद्ध करेंगे तातें
अपने कछुही चिंता नांही कर्त्तव्य हे ॥ ५ ॥

मूलं-सत्संगाऽभावतो नित्यमसत्संगस्वभावतः ।
वर्तते विषयाऽवेशैश्चक्राऽऽरूढेव मन्मतिः ॥ ६ ॥

शब्दार्थः-[अब श्रीहरिरायजी वैष्णवनकों दीनताभाव शिखाय-
वेके लिये पांच श्लोकमें अपनी व्यवस्था लिखतहे] सत्संगके अभावसों
ओर नित्य दुःसंगके स्वभावसों विषयके आवेश करिकें मेरी मति

चक्रमें आरूढ होय तेसें भ्रमित हे ॥ ६ ॥ टीका–अव श्रीहरिरायजी कहतहे उपर कहे जो चिंता नांही कर्त्तव्यहे प्रभु सर्वप्रकार रक्षा करेंगे तोहू भगवदीयनके संगको अभाव हे जो सत्संग होय तो दुःसंग वाधा न करे सो सत्संग तो यह कालमें दुर्लभहे ओर असत्संग यत्न विना यह कलिकालके स्वभावतें सिद्ध हे सो हृदयमें विपयावेश करावत हे यद्यपि भगवद्धर्मादिक करतहों तोहू विपयको आवेश हृदयमें रहतहे सो आवेश जहां तांई होय तहां तांई प्रभुको आवेश होय नही सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभु संन्यासनिर्णयमें कहेहें " विपयाक्रांतदेहानां नावेशः सर्वदा हरेः" [विपयाक्रांत देहवारेनके हृदयमें निरंतर अथवा निश्चय हरिको आवेश होय नही] इत्यादि वचनतें असत्संगतें विपयको आवेश होतहे ताकरिकें मेरी बुद्धि चक्रारूढकीनांई दशो दिशा फिरे हे प्रभुमें विश्वास नांही होतहे चिंतातें अनेक संसारको दुःखही आय लगतहे ताकरि बुद्धि मलीन हे ॥ ६ ॥

मूलं–नैतस्मिन् समये कोऽपि सहायो मम वर्त्तते।
विना श्रीवल्लभाचार्यचरणांवुरुहाश्रयात् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–यह समयमें श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणाविंदके आश्रय विना मोकों काहू सहाय नांहीहे ॥ ७ ॥ टीका–दुःसंग करि विपयावेशतें मन भ्रमतहे अनेक दुःख पावतहों भगवदीय कोउ मिलत नांही तातें यह कराल कालमें मेरी सहाय कोन करनहारो हे एक श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमलको में आश्रय कीयो हे सोई मेरे सहाय हे ओर कोउ सहाय करिवेमें नांही समर्थ हे यह करिके श्रीहरिरायजी यह जताये जो यह कलिकालमें श्रीआचार्यजीके चरणकमलको आश्रय कीये हे तिनकों तो सर्व [1]फलकी सिद्धि होयगी ओर जिनके

[1] सर्व फलप्राप्तिपें कालदोप, संगदोप, तथा अन्नदोप वाधकहे सो श्रीआचार्यजीको आश्रय जिनको दृढ होय तिनकी सव क्रिया इन श्रीमहाप्रभुनकी आज्ञानुसार विवेक, धैर्य, और आश्रयको अनुसरीकें होय तावे यह उपरकहे दोप वाधक न होय.

श्रीआचार्यजीके चरणकमलको आश्रय नांहीहे सो कोटानकोटि साधन करो परंतु संगदोप कालदोपतें विपयावेश करि चक्रारूढकी नांइ भ्रमेगो उनकों कछु फलसिद्धि नांहीहे तातें यह पुष्टिमार्गीय वैष्णवनकों श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीके चरणकमलको दृढ आश्रय निश्चयही कर्त्तव्य हे ॥ ७ ॥

मूलं-ततश्च्युता मतिः कालबलात् केवललौकिके।
नित्यं स्थिता ततो भीतिर्भूयसी जायते हृदि ॥८॥

शब्दार्थः-कालवलसों आश्रयतें मति निकस गई हे ओर केवल लौकिकमें नित्य रही हे ताकरिकें हृदयमें वोहोत वडो भय हे ॥ ८ ॥ टीका-में अपने श्रवणसों कालको दुःख सुन्यो हे जो जन्ममृत्युसमान ओर कोई दुःख नांहीहे यह अनेक वार वडेनके मुखतें सुन्यो हे ओर मनहूमें कालदुःख आवतहे तोहू यह काल एसो कठिनहे जो वलात्कार करि सगरो ज्ञान धर्‍यो रहतहे केवल लौकिकही कार्य वनि आवत हे याभांति नित्यही लौकिककार्यमें स्थितिहे ताकरि अपने हृदयमें वोहोत भय वारंवार पावतहों जेसें परीक्षितराजाकों कालको भय भयो तव प्रभुकी कृपातें शुकदेवजी भगवदीय आय उह कालभय निवृत्त कीयो तेसें अव मेरे मनमें वोहोत भय भयोहे सो श्रीआचार्यजीके कृपापात्र भगवदीयके संगतें दूरि होय सो मोकों दुर्लभहे तातें भयकरि वारंवार हृदय कंपायमानहे ॥ ८ ॥

मूलं-किंवा को वेद भगवान् करुणात्मा चिकीर्षति।
न जाने तेन मे चेतः खिन्नं भवति सर्वथा ॥९॥

शब्दार्थः-करुणात्मा भगवान् कहा करिवेकी इच्छा करत हे सो कोन जाने? में नांही जानतहों ताकरिकें मेरो चित्त निश्चय खेदयुक्त होय हे ॥ ९ ॥ टीका-करुणात्मा भगवानके अभिप्रायकों कोन जाने?

काहूसों नांही जान्यो जातहे कोटानकोटि साधन करे परंतु भगवानके हृदयके अभिप्रायको ज्ञान न होय काहेतें जो भगवानकी करुणा होय तो सर्व जान्यो जाय मन वचन करि भगवद्धर्म सेवा स्मरण बनि आवे सो प्रभुकरुणा विना कहूं दृढ विश्वास नांही होत हे तातें में अपने चित्तमें निश्चयही खेद पावतहों जहां तांइ प्रभुकी कृपा नांहीं तहांताइ सर्वथा सर्वकार्यमें दुःखहीहे ॥ ९ ॥

मूलं-विशेषः प्रेमजित्पत्राद्बोधव्यः सकलोऽपि हि।
अनेनैव वयं किंचित्स्वास्थ्यं मन्यामहे हृदः॥१०॥

शब्दार्थः-विशेष सकलहूं समाचार प्रेमजिरूप पत्रमों (अर्थात प्रेमजी वैष्णवके मुखसों) अथवा प्रेमजीके पत्रसों जाननें यह प्रेमजींतेंही हमारे हृदयके कछु स्वास्थ्यकों हम मानतहें॥१०॥ टीका-ओर विशेष समाचार प्रेमजी वैष्णवके पत्रमें लिखि पठाये हे सो यह पत्रतें बोध न होय तो वामें देखिकें मन लगायकें वांचि जाननें तातें करुणात्मा प्रभुकेहि हमहे यह जानि हृदयमें किंचित्स्वास्थ्य (धीरज) हे जो प्रभु कृपाही करेंगे काहेतें जो भगवद्धर्म जानिकें करियें अथवा अनजाने कछु बनि जाय तोहू प्रभुकृपा करे सो नवरत्नग्रंथमें कहेहें "अज्ञानादथवा ज्ञानात्कृतमात्मनिवेदनम्। यैः कृष्णसात्कृतप्राणैस्तेषां का परिदेवना" (अज्ञानसों अथवा ज्ञानसों प्रभुके आधीन प्राणकरिकें जिननें आत्मनिवेदन कियोहे तिनकों कहा लौकिक कर्त्तव्यकी चिंता हे?) सो निवेदन तो कोई प्रकार भयोहे तातें मनमें स्वास्थ्य हे जो प्रभु करुणा करेंगे ॥ १०॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं षोडशं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ १६ ॥

शिक्षापत्र १७.

सप्तदश शिक्षापत्रमें त्यागके द्वैविध्य निरूपणपूर्वक अत्यागको निरूपण तथा जीवके स्वरूपनिरूपणतें मार्गस्थितिकी दृढ अशक्यताहे तासों अपने आचार्यजीके चरणारविंदको दृढ आश्रय करिके दुःसंग तथा अविश्वासके अभावकरिकें सर्व फलकी प्राप्ति होय सो निरूपणहे। उपरकहे जो भगवानके अभिप्रायकों कोन जाने तातें मनमें खेदहे ताहू प्रभु करुणात्माहे ताकरि कछु मनमें धीरजहे सो प्रभु करुणा करे तव उत्तम मध्यम भगवद्धर्म वनि आवे तहां कोउ कहे जो भगवद्धर्म तो एकसो हे उत्तम मध्यम कहा? तहां कहतहे—

मूलं--यदुक्तमस्मदाचार्यैर्गौणमुख्यविभेदतः।
त्यागो गृहधनादीनामथवा कृष्णयोजनम् ॥ १ ॥

शब्दार्थः—जो अपने आचार्यजी श्रीमहाप्रभुजीने गौण ओर मुख्य भेदसों त्याग दोय प्रकारको संन्यासनिर्णयादिग्रंथमें कह्योहे तामें गृहधनादिकको त्यागहे सो गौण त्यागहे अथवा गृहधनादिकनको श्रीकृष्णमें विनियोग करनो सो मुख्य त्यागहे ॥ १ ॥ टीका—श्रीआचार्यजी महाप्रभु भक्तिवर्द्धिनी—आदि—ग्रंथमें उत्तम, मध्यम, प्रकार कहेहें " अव्यावृत्तो भजेत्कृष्णं पूजया श्रवणादिभिः। व्यावृत्तोऽपि हरौ चित्तं श्रवणादौ यतेत् सदा " (अव्यावृत्त होय पूजा तथा श्रवणादि करिकें श्रीकृष्णकों भजे ओर व्यावृत्त होय तोहू हरिनिमित्त जो श्रवणादिक तामें सदा यत्न करे) यह वचनतें श्रीकृष्णकी कथा, सेवा, स्मरण, अव्यावृत्त होयकें करे यह मुख्य, ओर व्यावृत्तिहू करे परंतु मन हरिमें राखे यह गौण सो श्रीहरिरायजी कहतहे जा

घर, धन, लौकिक. वैदिक, सब त्याग करि प्रभुको भजन करे जेसें गदाधरदास अव्यावृत्त रहे जलकी लोटि भरी पद्मनाभदास छोला धरे यह मुख्य प्रकार यह न बने तो सर्व श्रीकृष्णके अर्थ लगावे राजसेवा करे तामें सगरो धन गृह लगावे तोहू प्रभु कृपा करे ॥ १ ॥

मूलं-वैराग्यपरितोषादेरत्यागोऽपि निरूपितः।
तथा विषयभोगस्य त्यागोऽपि विनिबोधितः॥२॥

शब्दार्थः-वैराग्य, ओर परितोषादिकनको अत्यागहू निरूपण कियोहे ओर विषयभोगको त्यागहू विशेष करिकें निरंतर बतायोहे ॥ २ ॥ टीका-वैराग्य ओर संतोषको त्याग न करे काहेतें जो वैराग्य होय तो यह संसारमें लौकिक देह संबंधी सुख दुःख हृदयमें बाधा न करे भगवद्धर्म बन्यो जाय ओर संतोष होय तो सहजमें आय प्राप्त होय ताही करि आनंद रहे लोभ करि पाप आचरण न करे काहेते जो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी श्रीसुबोधिनीजी निबंधादि ग्रंथमें कहेहें "अचौर्याणामपापानां" (चोरी करिवेवारे न होय तथा पापी नहोय तिनके द्रव्यको प्रभु अंगीकार करे] चोरीकरि पापकरि कछु ल्यावे ताद्रव्य (अन्न) प्रभु केसें अरोगे ? तातें वैराग्य संतोषादिक धर्म न छोडनो ओर विषयभोगको त्याग करनो काहेतें जो विषय बहुत कियेतें हृदयमें विषयको ध्यान होय जाय पाछें विषयावेश सगरे देहमें होय तो प्रभुको आवेश न होय सो संन्यासनिर्णयमें श्रीआचार्यजी कहेहें " विषयाक्रांतदेहानां नावेशः सर्वदा (सर्वथा) हरेः " (विषयकरिकें आक्रांत देहवारेनकों निरंतर अथवा निश्चय हरिको आवेश न होय) तातें विषयाभोगकोहू अवश्य त्याग करनो ॥ २ ॥

मूलं-तथा सत्संगमाऽत्यागः सर्वत्रैव विशेषतः।
अन्याश्रयपरित्याग उक्तो वाधकरूपतः॥३॥

शब्दार्थः-तेसेंही सर्वजग्गेहू विशेष करिकें सत्संगको अत्याग हे ओर वाधकरूपसों अन्याश्रयको चायोंओरसों त्याग कह्यो हे॥३॥
टीका-भगवदीयको संग न त्यागे यह सत्संग वोहोत वडोहे सर्वोपरि कर्त्तव्य हे सो श्रीभागवतप्रथमस्कंधमें शौनकको वाक्यहे "तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्। भगवत्संगिसंगस्य मर्त्यानां किमुताशिषः" (भगवद्भक्तके संगके एकलववरोवर नांही स्वर्गकों के नांही मोक्षकों हम तुलेहें तहां मनुष्यनके आशिषनकी तुलना तो कैसें करे?) सत्संगके सुखसमान स्वर्गलोक, अपवर्ग, (मोक्षहू) नांही हे तातें भगवदीयको संग छोडनो नांही जहां भगवदीय होय तहां आपु जायकें सर्वथाही संग करे ओर अन्याश्रयकों शीघ्रही त्याग करे काहेतें जो यह (अन्याश्रय) भावमें वाधकहे. श्रीनंदरायजी अंविकापूजनकों गये सो सर्पनें ग्रसे श्रीगुसांईजीकी सेवकनी डोकरीने हाकमको कही तुम मोकों जीवाई इतनो कहत प्रभु अंतर्धान भये दामोदरदासकी स्त्रीने अन्याश्रय कियो सो पुत्र म्लेच्छ भयो तातें अन्याश्रयको सर्वथा त्याग करनो सो अन्याश्रय वडो वाधक हे॥३॥

मूलं-एवं निरूपितौ त्यागाऽत्यागौ सर्वत्र सर्वशः।
न जीवाः स्ववलात्किंचित्कर्त्तुं शक्नुवते स्वतः॥४॥

शब्दार्थः-एसें सर्वप्रकारसों सर्वत्र त्याग ओर अत्याग निरूपण कियेहे सो जीव अपने वलसों कछु करिवेमें समर्थ नांहीहे॥४॥
टीका—याभांति निरूपण श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी सुवोधिनीजी आदि ग्रंथमें कियेहे सो विचार करि त्याग करनो होय ताको त्याग करनो अत्याग करनो होय ताको अत्याग करनो भगवद्धर्ममें साधक होय

ताको अत्याग यह विचार राखे परंतु जीवको वल नांहीहे न त्यागि सके न राखि सके ब्रह्मादिक, शिवादिक, नारदादिक, वडे त्यागी हे तिनकों हू त्याग कछु वश्यमें नांही तो तुच्छ जीवको कहा सामर्थ्य? वाको कियो कछु नांही होत हे जीवतो मायाके वश्य स्वभावकरि दुष्ट होय रह्यो हे ! ॥ ४ ॥

मूलं-अतः कथं भवेन्मार्गस्थितिर्जीवेषु सर्वथा ।
फलाशाऽपि कथं कार्या जनैस्तत्रास्थितौ पुनः ॥५॥

शब्दार्थः-तासों जीवके विषे मार्गस्थिति सर्वथा केसें होय ओर मार्गमें स्थिति विना फिर मनुष्य फलकी आशाहू केसें करे? ॥५॥ टीका-एसें दुष्ट क्रिया करिवेवारे दुष्ट जीव हे तिनकी यह सर्वोपरि पुष्टिमार्गमें स्थिति सर्वथा नहोय अष्टप्रहर लौकिक विषयादिकमें पर्‍योहे सो पुष्टिमार्गमें कोनभांति स्थिति होय? सर्वथा न होय तो यह जीव पुष्टिमार्गीय फलकी आशा केसें करे? यह स्थिति नांही तो फल कहांते सिद्ध होयगो जीवतो तुच्छ अरु दुष्टहे तिनकोंहू जाप्रकार लौकिकतें छुटिवेकी सिद्धि होय सो उपाय कहत हे ॥ ५ ॥

मूलं-तथाऽपि श्रीमदाचार्यचरणाश्रयणादपि ।
अशक्यमपि यच्छक्यं तद्भवेत्सर्वथैव हि ॥६॥

शब्दार्थः-तोहू श्रीमदाचार्यजीके चरणारविंदके आश्रयसों जो अशक्यहे सोहू सर्वथाही शक्य होय ॥६॥ टीका-यद्यपि जीव अनेक दोषसों भर्‍योहे याजीवसों दोष नांही छूटत एसे हू जाजीवनें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके चरणकमलको दृढ आश्रय कियोहे तिनकों दोषको त्याग अशक्यहे तोहू शक्य होय ओर पुष्टिमार्गीय फलसिद्धि होय सो श्रीगुसांईजी कहेहें "चित्तेन दुष्टो वचसाऽपि दुष्टः कायेन दुष्टः क्रियया च दुष्टः । ज्ञानेन दुष्टो भजनेन दुष्टो ममापराधः कतिधा

विचार्यः ॥१॥ संसारसागरे मग्नजीवोद्धारपरायणम् । आश्रये त्वत्पदांभोजं पुरुषोत्तम ! सद्गुरो ! ॥२॥ ” (चित्तकरिकें दुष्ट, वचनकरिकें हु दुष्ट, कार्याकरिकें दुष्ट, क्रियाकरिकें दुष्ट, ज्ञानकरिकें दुष्ट ओर भजनकरिकें दुष्टहों सो मेरो अपराध कितनें प्रकारको विचारिवेयोग्यहे ? ॥१॥ संसाररूप समुद्रमें मग्नजीवके उद्धार करिवेमें तत्पर एसे तुह्मारे चरणारविंदकों हे श्रीपुरुषोत्तम ! हे सद्गुरो ! में आश्रय करूंहूं ॥२॥) श्रीमहाप्रभुजी कहेहें “शरणस्थसमुद्धारम्” [शरणमें रहे तिनके उद्धार करिवेवारे] “अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः” [अशक्यमें तथा सुशक्यमें निश्चय हरि शरणहे] याभांति निःसाधन होय श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणकमलको दृढ आश्रय करे तिनकों यह पुष्टिमार्गको फल निश्चय होयगो ॥ ६ ॥

मूलं–यदि दुःसंगदोषेण न भवेच्छिथिलं मनः ।
यदि वा कालदोषेणाऽविश्वासोऽपि भवेन्न हि ॥७॥

शब्दार्थः–(उपर श्लोकमें कह्यो जो श्रीमदाचार्यजीके चरणारविंदके आश्रयसों अशक्यहू शक्य होय तामें बाधकहे सो बाधक नहोय तव अशक्यहू शक्य होय सो कहतहे) जो दुःसंगके दोष करिकें जब मन शिथिल नहोय ओर काल दोषकरिकें जब अविश्वास नहोय तव अशक्यहू शक्य होय ॥ ७ ॥ टीका–उपर कहे जो आश्रयतें निश्चय फलसिद्धि होय तामें जो दोष महा बाधकहे तिनसों बचे तो फलसिद्धि होय एकतो दुःसंग होय तो तादोषतें भाव घटि जाय मन शिथिल होयजाय तातें आश्रय जातरहे भरतकों मृगके दुःसंगतें तीन जन्म भये द्विविदवानर रामभक्त हतो सो नरकासुरके संगतें श्रीबलदेवजीसों लर्‍यो एसें ओर बोहोत जीव दुःसंगतें गिरेहें तथा कालदोषतें विश्वास न रह्यो जहां अविश्वास भयो तहां आश्रय छूट्यो तब यह जीव निश्चय गिर्‍यो ॥ ७ ॥

मूलं-"अविश्वासो न कर्त्तव्य" इत्युक्तेः स तु बाधकः।
अयमेवाऽस्य मार्गस्य मूलमाश्रयसाधकः ॥८॥

शब्दार्थः-अविश्वास नहि करनो काहेतें जो वाधकहे एसें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीनें विवेकधैर्याश्रयमें कह्यो हे तासों यह बाधक हे काहेते पुष्टिमार्गको आश्रय सिद्धकरिवेवारो यह विश्वासहे सोही मूल हे ॥ वृक्षको मूल स्थित होय तो समग्रवृक्ष स्थित रहे तेसेंही विश्वास दृढ होय तो पुष्टिमार्गीयधर्म-आश्रय दृढ रहे ॥८॥ टीका-अविश्वास न करनों सो श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी विवेकधैर्याश्रयग्रंथमें कहेहें "अविश्वासो न कर्त्तव्यः सर्वथा वाधकस्तु सः। ब्रह्माऽस्त्रचातकौ भाव्यौ प्राप्तं सेवेत निर्ममः" (अविश्वास नांही करनो यह निश्चय वाधकहे ब्रह्मास्त्र ओर चातकपक्षीकी भावना करनी) जो ब्रह्मास्त्रमें अविश्वासतें हनूमान् लोहकी सांकलमें बांध्ये न रहे ओर चातककों विश्वासहे तो मेघ जलदेतहें तेसें विचार ओर ममतारहित होय प्राप्तको सेवन करनो यह वचनतें अविश्वास सर्वथा न करे रावणको अविश्वास भयो तव ब्रह्मास्त्र छुटिगयो हनूमाननें लंका जराई चातककों विश्वास हे तो मेघही मनोरथ पूर्ण करतहे तातें अविश्वास आसुरधर्महे सो सर्वथा न करे यह श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके पुष्टिमार्गमें मूल हे सर्वोपरि आश्रयको साधक विश्वास ही हे ॥ ८ ॥

मूलं-आश्रयेणैव सकलं सिद्धिमेति न संशयः।
पृथक्शरणमार्गोक्तिरत एव प्रभोरपि ॥ ९ ॥
शरणस्थसमुद्धारकृतिविज्ञापनादपि।
विवेकधैर्यभक्त्यादिसाधनाभाववादतः ॥ १० ॥

शब्दार्थः-आश्रय करिकेंही सर्व सिद्धि होय यामें संशय नांही तासोंही "पृथक्शरणमार्गोपदेष्टा" एसे नाम श्रीगुसांईजीने कहेहे॥९॥

ओर विवेक, धैर्य, भक्त्यादिक साधनके अभाववादतें शरणमें रह्ये एसे जीवनको उद्धारकरिवेकी विज्ञप्तिकरि तासोंही आश्रयतें सकल सिद्ध होयँगे ॥ १० ॥ टीका–जाजीवकों प्रभुमें दृढ आश्रय भयो तिनको सकल कार्य निश्चय सिद्धभयो यामें संशय नांही, श्रीकृष्ण फलात्मक पुष्टिपुरुषोत्तमकी शरणको यह पुष्टिमार्ग, अपने दैवी जीवनके अर्थ श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीनें न्यारो प्रकट कियोहे ॥ ९ ॥ श्रीआचार्यजी-महाप्रभु कृष्णाश्रयग्रंथमें कहेहें 'शरणस्थसमुद्धारं कृष्णं विज्ञापयाम्यहम्' (शरणमें रह्ये एसे जीवको उद्धार करिवेवारे (अथवा उद्धार करिवे निमित्त) श्रीकृष्णकों में विज्ञप्ति करूंहूं) याभांति श्रीमहाप्रभुजीनें श्रीकृष्णसों कहि अपनें पुष्टिमार्गीय सेवकनकों शरण सिद्धकिये ओर विवेकधैर्याश्रयमें कहे साधनको जीवनमें अभावहे विवेकधैर्यभक्त्यादि-रहितहे तिनहूंकों शरण कियेहे ओर विवेकधैर्याश्रयमें कहेहें " अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः " (अशक्यमें तथा सुशक्यमें निश्चय हरि शरणहे) याभांति पुष्टिमार्गीय शरण, विनसाधनके जीवनकों सिद्ध किये ओर मर्यादामार्गमें भगवद्गीतामें भगवाननें शरणमार्ग क्ह्यो हे " सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्ष-यिष्यामि मा शुचः " सर्वधर्मकों छोडिकें एक मोकों शरणहो, में तोकूं सर्वपापतें मुक्त करूंगो शोक मति करे) भगवान् कहे हे अर्जुन ! तूं सर्वधर्म छोडिकें मेरि शरण आव में सगरे पापनकों दूरिकरिकें मोक्ष करूंगो. यह मर्यादाकी रीतिहे जो पाप दूरि करिकें फल देय ओर श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीनें तो अपने जीव यद्यपि दोपसहित विवेक, धैर्य, आश्रय, रहितहे तोहू तिनकों शरण सिद्ध कियेहे ॥ १० ॥

मूलं–सन्मार्गविद्भिः सततं कृतप्रभुपदाश्रये ।
तदुक्तवाक्यभावार्थविभावनपरायणैः ॥ ११ ॥

शब्दार्थः–सन्मार्गको जानिवेवारे तथा निरंतर कियो हे प्रभु (श्रीकृष्ण तथा श्रीगुसांईजी) के चरणारविंदको आश्रय जिनने एसे ओर इनने कहे वाक्य [गीताजी तथा विज्ञप्ति आदि] को जो भावार्थ ताकी विशेष भावनामें तत्पर एसे [भगवदीयन] के संग सदा रहेनो यह संबंध तीसरे श्लोकमें मिलेगो ॥ ११ ॥ टीका–पुष्टिमार्गमें जो जीव श्रीआचार्यजीद्वारा शरण आयेहें तिनको श्रीआचार्यजी निश्चय प्रभुके पदको आश्रय आपुही सिद्ध करेंगे अपने जीवनके अर्थ तो यह शरण-मार्ग प्रकट कियोहे तातें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके वाक्यकी भावना अष्टप्रहर करे जो मेरेलिये श्रीमहाप्रभुजी प्रतिज्ञा करि शरण सिद्ध कियेहे याभांति वचनके भावमें अष्टप्रहर परायण रहे, दृढ विश्वास राखे, श्रीकृष्णके सन्मुख कृष्णाश्रय ग्रंथको पाठ करे, तो सकल कार्य सिद्ध होय ॥ ११ ॥

मूलं-यथाशक्तिस्वमार्गीयप्रभुसेवापरैरपि ।
विरुद्धकृतिसंदेहदाहनोद्योगतत्परैः ॥ १२ ॥

शब्दार्थः–यथाशक्ति अपने (श्रीमहाप्रभुजीके प्रकटित) मार्गमें सेव्य प्रभुकी सेवामें तत्पर एसेहू विरुद्ध कृतिमें जो संदेह ताको अथवा विरुद्ध कृति तथा संदेहके दाहनको जो उद्योग तामें तत्पर एसेनके संग रहेनो ॥ १२ ॥ टीका–यथाशक्ति पुष्टिमार्गीय भगवत्सेवा जितनी बने तितनी करे, "अकाले वा सुकाले वा विकाले वा" (समयविना, आछे समयमें, अथवा विपरीत समयमें) या भांति तीनो वचन श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहे हें. श्रीभागवत-अष्टमस्कंधमें ब्रह्माजी कहे हें " यथा हि स्कंधशाखानां तरोर्मूलावसेचनम् । एवमाराधनं विष्णोः

---

१ यह उत्तरार्द्ध भाषाकी टीकावारे पुस्तकमें त्रयोदशश्लोकमें हे. और यहां त्रयोदश श्लोकको पूर्वार्द्ध हे परंतु रत्नभट्टकी टीकाके अनुसार इहां लिख्यो हे.

सर्वेषामात्मनश्च हि" (जेसे वृक्षके मूलकों (जलको) सिंचनहे सो वडी शाखा छोटी शाखा पत्रतांई प्राप्तहोयहे, ओर पत्रशाखामें सिंचन करे तो कछु फळ नहोय उलटो विगार होय तेसें विष्णुको आराधनहे सो सर्वदेवनको तथा आत्माकोही आराधन होयहे ओर अन्य देवको आराधनहे सो वह देवकों तथा प्रभुकोंहू प्राप्त नांही होय) भगवानकी सेवा करि सो वृक्षके मूलमें जल दीयो तातें शाखा पत्र सर्व हर्यो होय तेसें ओरदेवनकी सेवा पत्रशाखावतहे तातें प्रभुकी सेवा करनी सो पुष्टिमार्गीय भगवदीयको मुख्य धर्महे ओर पुष्टिमार्गमें जितनो विरुद्धहे ताकों अग्निवत् जाननो जो यातें जरूंगो याभांति भय मानि छोडिवेको उद्यम राखे जो एतन्मार्गविरुद्ध कृतिको त्यागही करनों ॥ १२ ॥

मूलं-निरंतरं स्वमार्गीयसतां संगसमन्वितैः ।
स्थेयं संसारविमुखैः स्वगुरुं प्रणतैरपि ॥१३॥

शब्दार्थः-निरंतर स्वमार्गीय सत्पुरुषके संग करिकें युक्त तथा अहंताममतारूप संसारतें विमुख ओर अपने गुरु श्रीमदाचार्यजीकों अत्यंत नम्रीभूत (नमनपूर्वक श्रीआचार्यजीकी आज्ञामें रहिवेवारे) एसे भगवदीयके संग रहेनो ॥१३॥ टीका-पुष्टिमार्गीय भगवदीयको संग निरंतर करे सो भक्तिवर्द्धिनीमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहे हैं "सेवायां वा कथायां वा यस्यासक्तिर्दृढा भवेत्" (सेवामें अथवा कथामें जिनकी आसक्ति दृढ होय) सेवासों पोहोचिकें भगवदीयके मुखतें सुननो काहेतें जो निरोधलक्षणमें कहेहें "महतां कृपया यद्वत्कीर्त्तनं सुखदं स्मृतम् । न तथा लौकिकानां तु स्निग्धभोजनरूक्षवत्" (महत्पुरुषकी कृपातें कीर्त्तन जेसो सुखदेयवेवारो सुन्योहे तेसो लौकिकके संगतें नांहीहे महत्संगहे सो स्निग्ध (घृतयुक्त) भोजन बरोबरिहे

ओर लौकिक संगहेसो रूक्ष (घृतविनारूखे) भोजन बरोबरि हे)
भगवदीयके संग कथा हे सो सुंदर स्निग्धहे महाप्रसादभोजनहे तातें
सर्वदोप जाय ओर लौकिक जनके मुखकी वार्त्ताहे सो रूखो आसुरी
भोजन हे तातें स्वमार्गीयवैष्णवनको संग कर्त्तव्यहे ओर यह लौकिक
संसारतें विमुख रहे अपने गुरुके शरण रहि दीन होय प्रणिपत्तिमें
रहे "त्रायस्व भो जगन्नाथ ! गुरो ! संसारवह्निना । दग्धं मां कालदष्टं
च त्वदीयशरणागतम्" (हे जगतके नाथ ! गुरो ! संसाररूप अग्नितें
जरयो ओर कालरूप सर्पनें डस्यो एसो आपके शरण में आयो हों
ताको रक्षण करो) याभावकरिकें गुरुकी शरणागत रहे काहेतें जो
गुरुकी कृपा होय तो प्रभु कृपा करे ओर गुरु अप्रसन्न होय तो प्रभुहू
अप्रसन्न होय "हरौ रुष्टे गुरुस्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन" (प्रभु अप्रसन्न
होय तो गुरु रक्षाकरे ओर गुरु अप्रसन्न होय तो कोई रक्षा न करे) तातें
गुरुतें प्रणिपातयुक्त रहे या भांति वैष्णव रहे ताकों श्रीआचार्यजीमहा-
प्रभुजीकी कृपातें पुष्टिमार्गीयसिद्धांतके फलको अनुभव होय ॥१३॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं सप्तदशं शिक्षापत्रं श्रीगोपे-
श्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ १७ ॥

शिक्षापत्र १८.

अष्टादश शिक्षापत्रमें भगवदीयनकों केवल उदरभरणार्थं कार्य
करनो उचित नांही किंतु विरह करिकें सर्वत्र भगवत्स्फूर्तितें लीलाति-
रिक्त सृष्टिमें आनंदरहित जानि जो कछु उपायकरिकें प्रपंचको विस्म-
रण करि श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापनकरे ओर श्रीमदाचार्यजी तथा

श्रीगुसांईजी ओर श्रीस्वामिनीजी आदिसों अन्यमें भगवत्तुल्यबुद्धि न करनी यह निरूपण हे. उपर शरणको ओर सेवाको प्रकार कहे तामें यह काल वाधकहे सो जीव नांही जानत तिनको जाभांति ज्ञान होय सो निरूपण करतहें—

मूलं-कालः स्वकार्यं कुरुते न जानाति जनो यतः।
प्रमाद्यति हरेः कार्ये स्वात्मकार्येऽतिविह्वलः ॥ १॥

शब्दार्थः—काल [सर्वको आयुष्यहरिवेरूप] अपनो कार्य करतहे सो जीव नांही जानतहे जासों प्रभुके कार्य सेवादिकमें प्रमाद करतहे ओर अपने कार्यमें वोहोत विह्वल हे ॥ १ ॥ टीका—यह काल अपनो कार्य किये जातहे क्षण क्षणमें जीवकी आयुष्यकों हरतहे ओर जीव नांही जानत जो मेरी आयुष्य दिनदिन घटतहे काल नित्य लियेजातहे यह ज्ञान जीवकों नांही होतहे तासों अपने कार्यमें प्रमादी होयरह्योहे. लौकिक, वैदिक, संसारको काम, देह इंद्रियनको पोषण, विषयादिक, अनेक कार्यकी चिंता करिकें ग्रसितहे तातें प्रमादीहे ताकरि ज्ञान नांही होत जो काल सगरी आयुष्यकों भक्षण करतहे मेरी कहा गति होयगी ? मोकों कहा कर्त्तव्यहे ? यह ज्ञान नांहीं होत हे अनेक कार्यमें प्रमादीहे ओर अपने कार्यमें विह्वलहे देहसंवंधी संसारको कार्यहे तामें तत्परहे आत्मसंवंधी भगवद्धर्म, सेवा, स्मरण, कीर्त्तन, वार्त्ता, कथा इत्यादि कार्यमें विह्वल नांही होतहे ॥ १ ॥

मूलं-केवलौदरिकत्वं तु तदीयानां न चोचितम्।
न पूरयेत् किमुदरं सेवकानां कृपानिधिः ॥ २ ॥

शब्दार्थः—तदीयनकों केवल उदरभरणसंवंधी व्यापार करनो उचित नांही काहेतें जो कृपाके निधि प्रभु अपने सेवकनके उदरकों

कहा नांहीपुरे ? पुरेहींगे ॥ २ ॥ टीका–उपर कहे जो लौकिककार्यमें विह्वलहे सो केवल उदरभरणके कार्यमें तत्परहे सो यह पुष्टिमार्गीय वैष्णवनकों उचित नांही काहेतें सो श्रीकृष्ण तो कृपाके निधिहे सगरे जगत्के भरणपोषण कर्त्ताहे सो कहा अपने सेवकनको पालन नांही करेंगे ? सेवकनके उपरतो सदा कृपा करतही आये हे याभांति वैष्णव श्रीठाकुरजीको विश्वास मनमें राखि सर्वदा भगवद्धर्म आचरण करे तथा व्यवहारविना न चले तो अनवरसमें प्रहर एक तथा घडी चार व्यवहारहू करे ओर मनमें यह जाने जो जितनो मिलनहार होयगो सो प्रहर एक तथा घडी चारमें सब मिलिरहेगो यह विचार वैष्णव मनमें राखे भगवानको माहात्म्य विचारे जो प्रभु सर्वसामर्थ्ययुक्तहे सब सिद्ध करेंगे ॥ २ ॥

मूलं-चिंता कापि न कार्येति प्रभुवाक्यं विचिंत्यताम् ।
अज्ञानिनो ज्ञानिनश्च यदि स्यात् समता कृतौ ॥३॥
तदा तु साधनाभावात् किं वृत्तं ज्ञानतः फलम् ।

शब्दार्थः–नवरत्नमें श्रीमहाप्रभुजी कहेहें जो चिंता कछु नांही करनी ताकी उपर विवरणमें श्रीगुसांईजी कहेहें जो लौकिक चिंता तो भगवदीयकों होय नांही परंतु भगवदर्थे हू चिंता न करनी एसो प्रभुको वाक्यहे सो विचारनो ओर जब अज्ञानी ओर ज्ञानीनकी कृतिमें तुल्यता निरूपण करीहे तासों साधनको अभाव होय तबतो साधनके अभावसों ज्ञानतें कहा फल भयो ? ॥ ३ ॥ टीका-मनमें चिंता न करे सो नवरत्नमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें " चिंता कापि न कार्या

---

१ नवरत्नमें कह्योहे जो अज्ञानसों अथवा ज्ञानसों जिनने निवेदन कियोहे तिनकों कछु चिंता नांही करनी तामें ज्ञानी ओर अज्ञानी तुल्य गिनेहे तामें ज्ञानीनको फल होय सो आगे श्लोक डेढ करिके निरूपण कियोहे.

निवेदितात्मभिः कदाऽपि। भगवानपि पुष्टिस्थो न करिष्यति लौकिकीं च गतिम्" (निवेदन कियोहे आत्मा (आत्मसंबंधी सर्व) जिननें एसे वैष्णवनकों कछूहू चिंता नांही कर्त्तव्यहे काहेतें जो जिनकों निवेदित भयोहे एसे भगवानहू पुष्टिस्थहे सो लौकिकगति नांही करेंगे,) इत्यादि वचनको चिंतन अहर्निश मनमें करे यह न जाने जो में तो कछू जानत नांही प्रभु केसें कृपा करेंगे? यह विचारनो जो प्रभुकों ज्ञानी भक्त ओर अज्ञानी भक्त दोउ बराबरहे सो नवरत्नमें श्रीआचार्यजी कहेहें "अज्ञानादथवा ज्ञानात् कृतमात्मनिवेदनम्" (अज्ञानसों अथवा ज्ञानसों जिननें आत्मनिवेदन कियोहे तिनकों कहा चिंता हे?) यह निवेदन श्रीआचार्यजीद्वारा ज्ञानकरि कियो अथवा अज्ञानतें काहूकी देखादेखि कियो तोहू चिंता नांही कर्त्तव्यहे काहेतें जो अग्निको यह स्वभावहे जो अनजाने हाथ धरे अथवा जानिके हाथ धरे सो भस्म होय यह लौकिक अग्निमें इतनो सामर्थ्यहे तो यह तो श्रीआचार्यजीद्वारा निवेदन कियो ताकों लौकिक गति कबहू नहोय. श्रीभागवतषष्ठस्कंधमें कहेहें "अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत्। संकीर्तितमघं पुंसां दहेदेधो यथाऽनलः" (अज्ञानसों अथवा ज्ञानसों ग्रहण कियो एसो जो उत्तमयशवारे भगवानको नामहे सो अग्नि काष्टकों जरावेहें तेसें पापकों जारिदेतहे) अज्ञानतें ओर ज्ञानतें भगवन्नाम ले तो सकल दोष भस्म होयजाय इत्यादि वचनकी भावना मनमें राखि चिंता रंचकहू नांही करनी एक प्रभुको आश्रय मनमेंराखि तहां जीवबुद्धितें यह चिंता होय जो साधन कछु नांही तब ज्ञानतें कहा फल सिद्ध होय? सोहू चिंता नांही कर्त्तव्यहे जो साधन नांही बने तोउ श्रीआचार्यजीके अंगीकारतें निवेदनकी फलसिद्धि हे ओर ज्ञानवारे भक्तनकों जो विरहभावना होय सो आगे श्लोकमें कहतहे ॥ ३ ॥

मूलं–विरहेण हरिस्फूर्त्त्यां सर्वत्र क्लेशभावनात् ॥४॥
लीलातिरिक्तसृष्टौ हि निरानंदत्वनिश्चयात् ।
यथाकथंचिद्विस्मृत्य प्रपंचं हृदये न्यसेत् ॥५॥

शब्दार्थः–जो ज्ञानवारेहें तिनकों लीलाव्यतिरिक्तपदार्थमें आनंदरहितको निश्चय होयवेसूं सर्वत्र क्लेशकी भावना होय तासों विरहकरिकें हरिकी स्फूर्ति होय ताहिसों जेसेंतेसें प्रपंचको विस्मरणकरिकें श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापन करे ॥४॥ टीका–जव श्रीआचार्यजीमहाप्रभु जीवकों विप्रयोगदान दे तव विरह हृदयमें होय, क्लेशकी भावना होय, हरि सर्व दुःखहर्त्ताको विरह सवठोर होय, श्रीठाकुरजीके संवंधविना ओर कछु न सुहाय, क्षणक्षणमें विप्रयोगकी भावना होय याभांति जाकों विप्रयोग अग्नि हृदयमें प्रकट होय तिनहीकों ये पुष्टिमार्गीयफलको अनुभव होय लीलासंवंधरहित जो प्रवाहीसृष्टिहे सो निरानंदहे उनकों प्रभु अपने आनंदको दान कवहू नांही करतहे वे चर्पणीकीनांई सदा संसारमें भ्रमतहे उनकों यह संसारही फलहे उनकों भगवल्लीलासंवंधको आनंद नांहीहे आनंदकरि रहितहे यहनिश्चय जाननों ओर भगवल्लीलासंवंधी दैवी सृष्टिहे सो श्रीमहाप्रभुजीद्वारा शरण आय सत्संगकरि एकही वार जिनकों यह प्रपंच नांही छुटत सो थोरो थोरो क्रमक्रमतें छोडतहें अहर्निश अपने मनमें विचार करि प्रभुको स्मरण करतहें यह ज्ञान हृदयमें होतहे जो हमतो प्रभुके दासहे अज्ञानकरि प्रभुकों भूलि गयेंहें हमारो तो धर्म यहहीहे जो प्रभुकी सेवा स्मरण करने या भांति दैवीजीवकों ज्ञान होतहे आसुरीजीवनकों नांही होतहे ॥४॥

---

१ पुष्टिमार्गीय ओर मर्यादामार्गीयके संवंधचारे ओर अंगीकाररहित होय सो धर्माचरण करे परंतु उनकी रुचिस्थिर न होयवेसूं जो भ्रमतहे सो चर्पणी जानने.

मूलं–कृष्णं गूढं सदानंदं तथा लीलायुतं सदा ।
रसं स्वसमनामानं भक्तभावात्मकं पुनः ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–[पूर्वश्लोकमें श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापन करे ऐसें कह्यो सो श्रीकृष्ण केसेंहे? सो आगें निरूपण करतहें] गूढ, सदाआनंदरूप, तथा लीलायुक्त, सदा रसरूप, अपनो नाम जो सच्चिदानंदात्मक (कृष्ण) हें तिन वरोवर नामवारे (ब्रह्मरूप) ओर फिर भक्तनके भावात्मक एसे कृष्णकों हृदयमें स्थापन करे ॥ ६ ॥ टीका–श्रीकृष्ण केसेंहें? महागूढ सर्वोपरि हें जिनकों वेदआदि पार नांही पावतहे 'नेति नेति' कहतहे, वुद्धिवानीतें अगोचरहे ओर सदा आनंदरूपहे, एकरसरूपहे जिनके आनंदकी एककणिकामें सगरे जगतको आनंदहे सो श्रीकृष्णाश्रयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " प्राकृताः सकला देवा गणितानंदकं वृहत् । पूर्णानंदो हरिस्तस्मात् कृष्ण एव गतिर्मम " (सर्वदेव प्राकृत हे (इनके आनंदकी गिनती होतहे जो मनुष्यनके शत आनंद होय जव मनुष्यगंधर्वको एक आनंद होय एसें गिनत गिनत) अक्षरब्रह्महू आनंदकी गणनावारेहे ओर श्रीकृष्ण पूर्णानंदहें सो मेरी गति होउ) ओरदेवता तो प्राकृतहे तिनको आनंदहू प्राकृत हे अक्षरानंदहू सगरे आनंदकी गणनामेंहे अपार नांहीहे ओर श्रीकृष्ण पूर्णानंदहे जाके आनंदको पार नांही श्रीकृष्ण सदा आनंदरूप हें ओर सदा व्रजभक्तनके हित रसरूप लीलामें मग्नहें भक्तनके संग मानादिक लीलानमें रसवृद्धि करतहें आपु रसरूप अपने भक्तनसों मान छोडेहें दीन होय मनावतहे सो गीतगोविंदमें कहेहें–स्मरगरलखंडनं मम शिरसि मंडनं धेहि पदपल्लवमुदारम् " याभांति प्रार्थना करतहें जो अपनो चरणारविंद मेरे मस्तक उपर धरो तुह्मारो पदपल्लव मेरे मस्तकको शृंगारहे या भांति अनेक दैन्यकरतहें व्रजभक्तनके भावात्मकहें श्रीकृष्णको रस व्रजभक्त भावकरिकें अनुभव करतहे ॥ ६ ॥

मूलं–यशोदोत्संगललितं मुग्धभावसमावृतम् ।
प्रपंचवैरिणं बाधहेतुलौकिकनाशनम् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–श्रीयशोदाजीके उत्संगमें शोभित, मुग्धभावतें अतिसुंदर, प्रपंचके वैरी ओर सेवामें बाधरूप लौकिक हेतुनको नाश करिवेवारे (श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापन करे) ॥७॥ टीका–श्रीकृष्ण कैसेहें ? श्रीयशोदाजी अपने उत्संगमें लेय खिलावत हे सो परम शोभा देतहें, मुग्धबालककीनांई श्रीयशोदाजीके कंठमें वेष्टितहे, प्रपंच जो यह देहसंबंधी स्त्री, पुत्र, पति, घर, लौकिक वैदिक कार्य, ताके वैरी हें श्रीयशोदाजी रंचकहु भूमिपें प्रभुकों धरिकें दूध उफनत हतो सो सह्मारन गई सो श्रीठाकुरजी (जाने मोतें दुग्ध विशेष प्रिय हे यह) न सहि सके दधिके माट फोरिडारे ओर वामें मांखन भयो हतो सो बंदरनकों खवायदियो यह कहिकें यह जताये जो मोकों छोडिकें गृहकार्य करेंगे ताको गृहकार्य लौकिक, वैदिक, कछु न सिद्ध होयगो. जो जो भक्तनें प्रभुको आश्रय कियो तिन सबनको प्रपंच नष्ट भयो काहेतें जो प्रपंचमें आसक्ति बाधकहे तासों लौकिक, काम, क्रोध, मद, मत्सर, अहंता, ममता, मायाकृत लौकिक सबनके नाशकर्त्ताहे ओर अपनेमें आसक्तिवारे भक्तनको लौकिक सब दूरि करतहे ॥ ७ ॥

मूलं–स्वप्रवेशाय कामादिसर्वदोषनिवारकम् ।
स्वांथत्यक्ताखिलस्वीयपरमार्त्तिमहोत्सवम् ॥८॥

शब्दार्थः–अपने प्रवेशके अर्थ (हृदयमेंतें कामादिदोष निकसे तब प्रभुको आविर्भाव होय ताके लिये) कामादिक सर्व दोषनकों निवृत्त

---

१ यहां 'स्वार्थं त्यक्त्वा' एसो हू पाठ काहू पुस्तकमें दिखेहे. ताको अर्थ–अपने स्वार्थ (रमण) कूं छोडिके हू अंतर्हित होय सब भक्तनकूं अर्त्तिदान देयवेतें परम उत्सववारे श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापन करने.

करिवेवारे ओर अपने लिये त्यक्तकियेहे अखिल (लौकिकवैदिक) जिननें एसे स्वीय-भगवदीयनकी विप्रयोगकी आर्ति करिकें हे वडो उत्सव जिनकों (एसे श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापन करे)॥ ८ ॥ टीका-एसे श्रीकृष्ण जव भक्तनके हृदयमें प्रवेश करनको विचार करतहें ताही समय उहभक्तके हृदयके काम, क्रोध, मद, मत्सर, आदि सकल दोष दूरी करतहें यह कहिकें यह जताये जो जहांतांई भक्तके हृदयमें कामादि दोष भरेहे तहांतांई श्रीकृष्ण हृदयमें नांही पधारें जव दोष दूरी होय तव जानियें जो प्रभु हृदयमें निश्चयही पधारें, श्रीकृष्ण भक्तके हृदयमें पधारिकें (लौकिक वैदिक कार्य छोडिकें अपने दर्शनकी आर्तिवारे भक्तनको विरह होतहे सो) परमआर्ति (दुःख) देतहें सो महा उत्सवरूप जानतहें सो व्रजभक्तनकों सिद्धहे जिनके हृदयमें भावात्मक श्रीकृष्ण विराजतहें तातें गृहकार्य नांही वनिआवत सगरोदिन वेणुगीतयुगलगीतादिको गान करिकें वीतावत हें ओर रासपंचाध्यायीमें प्रभु अंतर्धान भये पाछें व्रजभक्तनकों महा विरह भयो तव फेरी प्रभु प्रकटे रसदान किये सो विरह न होतो तो प्रभु केसें प्रकटतें? तातें श्रीकृष्णमें जितनी विरहआर्ति अधिक होय सो महोत्सवरूप हे॥८॥

मूलं-श्रीमदाचार्यहृदयशेषपर्यंकशायिनम्।
अनंतभावरूपात्मगोपीरमणतत्परम्॥ ९ ॥

शब्दार्थः-श्रीमदाचार्यजीके हृदयरूप शेपशय्यामें पोढिवेवारे ओर अनंत भावरूप हे स्वरूप जिनको एसे व्रजभक्तनके संग रमण करिवेमें तत्पर (श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापे) ॥ ९ ॥ टीका-एसे भावात्मक श्रीकृष्ण श्रीआचार्यजीके हृदयमें भक्तनसहित लीलाकरतहें जेसें क्षीरसागरमें शेपशय्याहे तेसेंही श्रीआचार्यजीको हृदय शय्यारूपहे तहां शेपशय्यापर नारायण पोढेहें यहां श्रीकृष्ण भावात्मक रसात्मक पोढेहें

वहां एकलक्ष्मी संगहे यहां अनेक भावात्मक कोटानकोटि व्रजभक्तनके संग रमणमें तत्परहें सो श्रीआचार्यजी अपने हृदयको भाव जतायके दशमस्कंधके श्रीसुबोधिनीजीमें कहेहें "नमामि हृदये शेषे लीलाक्षीराऽब्धिशायिनम् । लक्ष्मीसहस्रलीलाभिः सेव्यमानं कलानिधिम्" (हृदयरूप शेषमें लीलारूप क्षीरसागरमें पोढिवेवारे ओर अनेक लक्ष्मीकी लीलाकरिकें सेव्यमान कलाके निधिरूप श्रीकृष्णकों मे प्रणाम करूंहूं) याभांति अपने श्रीआचार्यजीके हृदयमें प्रभु लीला करतहें तिनकों (मंगलाचरणमें) नमस्कार करि श्रीसुबोधिनीजी प्रकट कियेहे याभांति श्रीआचार्यजीमहाप्रभु अपने निजभक्तनकों अपने हृदयकी लीला प्रकटकरि दिखावतहें सो भक्त याभांति लीलासहित श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीको स्मरणकरे तो अनुभव होय ॥ ९ ॥

मूलं-मधुपालिजवोद्युक्तरोमालिसुविराजितम् ।
प्रसन्नवदनांभोज करुणारसवद्दृशम् ॥ १० ॥

शब्दार्थः-भ्रमर पंक्तिके वेगयुक्त रोमपंक्तिकरिके विशेष शोभित ओर प्रसन्नहे मुखारविंद एसे ओर करुणा [दया] रसवारीहे दृष्टि जिनकी (एसे श्रीकृष्णकों हृदयमें स्थापन करे)॥१० ॥ टीका-श्रीकृष्ण केसेहें नाभिकमल पास रोमावलिहे सो भ्रमरकी पंक्तिकी नांई शोभादेतहे मुखारविंद अत्यंत प्रसन्नहे व्रजभक्तनके सग अनेकलीला करतहें ताकों आनंदभयोहे ताकरि वदनकमल अति प्रफुल्लितहे करुणारस संयुक्तहे भक्तनके उपर करुणारसयुक्तहे भक्तनके उपर करुणादृष्टि करि रसपान करावतहें ॥ १० ॥

मूलं-बर्हिपिच्छशिरोभूषं शृंगाररसरूपिणम् ।
एवंविधानंतगुणं विधाय हृदये सदा ॥ ११ ॥

तस्य सेवां प्रकुर्वीत यावज्जीवं स्वधर्मतः।
न फलार्थं न भोगार्थं न प्रतिष्ठाप्रसिद्धये॥१२

शब्दार्थः—मयूरके पिच्छकोहे मुकुट जिनको एसे ओर शृंगाररसरूप एसे अनंतगुणवारे श्रीकृष्णकों सदा हृदयमें स्थापन करिकें॥ ११॥स्वधर्मसों जीवे तहांतांई इनकी सेवा करे फलके अर्थ, भोगके अर्थ, ओर प्रतिष्ठाकी सिद्धिके अर्थ नांही करे ॥ १२ ॥ टीका—वर्हि जो मोरके पिच्छ ताको मुकुट सवारिकें मस्तकपें धरेहे सोई शृंगार रसरूपहे. मोर जव रसदान करतहे तव नृत्य करतहे तेसेंही श्रीठाकुरजी मोरकें मुकुटको शृंगार करि भक्तनकों रसदान करतहें तातें मोरमुकुटको सिंगारहे सो शृंगार रसरूपहे या भांति रासादिक लीलामें अनेक जलस्थल लीलासंयुक्त श्रीकृष्णकों अपने हृदयमें ध्यान करि, स्मरणकरि, दर्शन करि हृदयमें सदाहि नित्य नियमकरि धारण करे ॥ ११ ॥ उपर कहे एसे शृंगाररसरूप श्रीकृष्णको सदा हृदयमें मानसी सेवासों ध्यान करे सो प्रथम तनुजा वित्तजा सेवा मन लगायकें करे तव मानसी सिद्ध होय सो सिद्धांतमुक्तावलि ग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें " कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परा मता" [कृष्णसेवा सदा करनी सो मानसी उत्तमहे] श्रीकृष्णकी सेवा सदा करे तिनकों मानसी सेवा सिद्ध होय यह पुष्टिमार्गीय वैष्णवनको धर्महे जो श्रीकृष्णकी सेवा सदा करे जेसें ब्राह्मण गायत्री न जपे तो ब्राह्मणपनो जाय तेसें वैष्णव होयकें भगवत्सेवा न करे तो वैष्णवता जाय तातें श्रीकृष्णकी सेवा अपनो स्वधर्म जानिकें करे. कछु लौकिक, वैदिक, मोक्ष, आदि फलकी आशा राखिकें सेवा न करे में सेवा करूंगो तो मोकों वैष्णव जानिकें कोउ कछु दे जाय यह लोभ मनमें न राखे ओर प्रतिष्ठाके अर्थहू

सेवा न करे में सेवा करूंगो तो मेरी वडाई होयगी लोक भलो वैष्णव जानेंगे या भांति अपनकों प्रसिद्ध करिवेके लिये सेवा न करे सो श्रीभागवतनवमस्कंधमें भगवान् दुर्वासाप्रति कहेहें " मत्सेवया प्रतीतं च सालोक्यादिचतुष्टयम् । नेच्छंति सेवया पूर्णाः कुतोऽन्यत् कालविप्लुतम् " (मेरी सेवा करिकें प्राप्त भये एसे सालोक्यादि चारे मोक्ष तिनकों नांही चाहतहें काहेतें जो सेवाकरिकें पूर्णहें सो कालमें डूबे एसे राज्यादिककों केसेंचाहे ?] इत्यादि वचनसों श्रीभगवान् कहतहें जो भक्त मेरी सेवा करी पूर्णहे ता करि प्रतीत चारोप्रकारकी मुक्ति [सालोक्य, सामीप्य, सायुज्य, सारूप्य) में देतहों सो नांही लेतहें एसे पूर्ण निष्कामहें तिनकों कालवाधित पदार्थ कहाहे ? या भांति मनपूर्वक सेवा करे सो वैष्णवको स्वधर्महे ॥ १२ ॥

मूलं–श्रीमदाचार्यमार्गेण नान्येनापि कदाचन ।
न कल्पितप्रकारेण न दुर्भावसमन्वयात् ॥१३॥

शब्दार्थः––श्रीमदाचार्यजीनें सर्वनिर्णयमें सेवाप्रकार निरूपण कियोहे तारीतिसों सेवा करे अन्यमार्गतें कबहू न करे कल्पितप्रकारसों [ग्रीष्मऋतुमें आभरण धरनें इत्यादिकसों] न करे ओर दुर्भाव आयजाय [जेसें थोरी समृद्धिमें आभरण वस्त्रादि उत्तम न मिलें तासों दुर्भाव आवे] तेसें न करे ॥ १३ ॥ टीका–वैष्णव सेवा करे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके पुष्टिमार्गकी रीतिहे ताअनुसार करे कदाचित् भूलिकेंहू अन्यमार्गकी रीतिसों न करे ओर अपने मनतें कल्पित प्रकारसोंहू न करे जो प्रकार न जाने सो पुष्टिमार्गीय भगवदीयसों पूछिलेय मनकल्पित सर्वथा न करे दुर्भावसों न करे जो जेसें लौकिककार्यहे तेसें सेवाहूहे एसें अश्रद्धासों न करे प्रीतिपूर्वक सर्वोपरि परमफलरूप जानिकें सेवा करे ॥ १३ ॥

मूलं-तत्त्वं विदित्वा परमं यशोदोत्संगलालितम् ।
श्रीमदाचार्यतत्पुत्रान् हित्वाऽस्मत्स्वामिनीरपि॥१४॥
तत्तुल्यबुद्ध्या नाशः स्यात्सर्वथेति विनिश्चयः ।
एतावती सती शिक्षा संक्षिप्ता ध्रियतां हृदि ॥१५॥

शब्दार्थः-श्रीयशोदाजीके उत्संगमें लालित श्रीकृष्णकों परमतत्त्व जानिकें श्रीमदाचार्यजी, इनकेपुत्र, ओर श्रीव्रजभक्तनकों छोडिकें इनके तुल्य बुद्धितें सर्वथा नाश होय यह निश्चयहे इतनी सत्य संक्षेप शिक्षा हृदयमें धारण करनी ॥ १४ ॥ १५ ॥ टीका-वैष्णव भगवत्सेवा करे ओर यह चारों पदार्थकों परमतत्त्व जाने श्रीयशोदोत्संगलालित प्रथमतत्त्व, सो श्रीगुसांईजी कहेहें " जानीत परमं तत्त्वं यशोदोत्संगलालितम् । तदन्यदिति ये प्राहुरासुरांस्तानहो बुधाः " (श्रीयशोदोत्संगलालित श्रीकृष्णकों परमतत्त्व जानें तातें अन्य अथवा सो अन्य एसें जो कहे तिनकों आसुर जानने) याभांति प्रथमतत्त्व श्रीयशोदोत्संगलालित, श्रीआचार्यजीमहाप्रभु दूसरो तत्त्व, श्रीगुसांईजी (श्रीविठ्ठलनाथजी) तृतीयतत्त्व, अस्मत्स्वामिनीजी (व्रजभक्त) चतुर्थतत्त्व, यह परमतत्त्व अपने मनमें जाने ॥१४॥ उपर कहे चारों तत्त्व श्रीकृष्ण, श्रीआचार्यजी, श्रीगुसांईजी, श्रीस्वामिनीजी समान लौकिकमें काहूकों जाने इनको शीघ्रही नाशहोय वाकों असुर जाननो सो वार्त्तामें कहेहे जो मीरांबाईके घर रामदासजीनें श्रीआचार्यजीके पद गाये तब बाईनें कही जो कछु श्रीठाकुरजीके पद गाओ यह सुनतहि रामदासनें कही जो दारी रांड यह पद कहा तेरे खसमकोहे ? आजु पीछें तेरो मुख न देखूंगो पीछें मीरांबाई बोहोत मनुहार करि राखन लागी परंतु न रहे उह गाम छोडिदियो ओर छीतस्वामी बीरबलके इहां बरसोंदी लेन गये हते तहां गायो "छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल येही तेही

तेही येही कछु न संदेह " यंह सुनिकें बीरवलनें कही देशाधिपति पूछेगो तो कहा जवाव द्योगे यह सुनतही छीतस्वामी कहे जो मेरे भाये तो तुही म्लेच्छहे आजु पीछें तेरो मुख न देखूंगो एसें कहिकें वरसोंदी छोडिकें चले आये एसी टेक वैष्णव राखे तातें यह चारो तत्वकों लौकिकमें कोई ईनसमान जाने ताको निश्चय नाश होय. अब श्रीहरिरायजी कहतहें जो या प्रकार पत्रमें शिक्षा लिखेंहे सो तुम विचारिकें हृदयमें अवश्यही धारण करियो ॥ १५ ॥

मूलं–अन्येऽपि चोपदेष्टव्या यदि स्युरधिकारिणः । मिलंति स्वेच्छया श्रद्धायुताः पृच्छंति चेत्तदा ॥१६॥

शब्दार्थः–जो अन्यहू अधिकारी मिले ओर श्रद्धायुक्त होय अपनी इच्छातें पूछे तो इनकोंहू उपदेश करनो ॥ १६ ॥ टीका–यह ऊपर शिक्षा कहीहे सो ओरकें आगें मति कहियो कोई शिक्षाकें अधिकारलायक होय ताकेही आगें कहियो सो भगवदिच्छातें आपुही आयकें प्रार्थना करि श्रद्धायुक्त होय पूछे, चित्तलगायकें सुने, तासों कहियो अपनी इच्छातें वुलायके मति कहियो यह सर्वोपरि सिद्धांतहे तातें अधिकारी पात्रविना रस नांही ठहरे यह जानिकें ओरके आगें मति कहियो ॥ १६ ॥

मूलं–जीवतत्परतासिद्धौ कृपालुस्तेषु तुष्यति । यथा विपयिणां तोपो दूतिकासु तथा हरेः ॥१७॥

शब्दार्थः–जीवकी भगवत्परताकी सिद्धि होय तव कृपालु प्रभु भगवद्वार्त्तादिक करिवेवारेउपर प्रसन्न होय जेसें कामीपुरुपनको संतोप दूतीके उपर होयहे तेसें हरिको संतोप भगवद्वार्त्ता करिवेवारे भक्तनकी उपर होयहे ! ॥ १७॥ टीका–उपर कहे ताप्रकार यह जीव भगवद्धर्ममें तत्पर होय तव यह पुष्टिमार्गीय फल सिद्ध होय जेसें महा-

दर्कों हिरण्यकशिपुनें वोहोत दुःख दियो परंतु प्रह्लादजीनें अपनी तत्परता भगवद्धर्म भगवानको आश्रय न छोड्यो तव श्रीनृसिंहजी प्रकट होय प्रतिवंध दूरि किये फल सिद्ध भये तेसेंही पुष्टिमार्गीय वैष्णव पुष्टिमार्गमें तत्पर होय तो फल सिद्ध होय. प्रभु कृपालु हे सो एसे भक्तनके उपर संतोप पावे प्रसन्न होय जेसें विपयीकों दूतीमें संतोप होय तेसेंही श्रीभगवान् अपने भक्तकी अनन्यता देखिकें ताकी उपर वोहोत प्रसन्न होतहे प्रसन्न होय अपने दासके सगरे कार्य पूर्ण करतहें सदा कृपा करतहें प्रतिवंध दूरि करिकें फल देतहें यह निश्चय सिद्धांतहे॥ १७॥

इति श्रीहरिरायजीकृतमष्टादशं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ १८ ॥

शिक्षापत्र १९.

एकोनविंशतितम—शिक्षापत्रमें यह कराल कलिकालमें कुसंगतें सत्पुरुपनकीहू बुद्धि नाश पावतहे तहां सत्संग तो अत्यंत दुर्लभहे तासों निरंतर अष्टाक्षरमंत्रको उच्चार करिकें मन श्रीमदाचार्यैकशरण करनो सो निरूपणहे. उपर कहे ताप्रकार वैष्णव तत्पर रहे तो फल सिद्ध होय तामें यह कलिकाल महावाधकहे यासो वचे तो फल-सिद्धि होय सो आगे कहतहे—

मूलं-इदानीं वर्त्तते कालः करालः कलिरीदृशः ।
यस्मिन् विनश्यति मतिः सतामपि कुसंगतः॥ १ ॥

शब्दार्थः—अव एसो कराल कलिकालहे जामें सत्पुरुपकीहू मति

कुसंगतें नष्ट होयजायहे ॥ १ ॥ टीका–यह अब जो काल वर्त्तमानहे सो महाकरालहे प्रसिद्ध याको प्रवाह देखियतहे काहेतें जो सत्पुरुषकी मतिहू कुसंगतितें भ्रष्ट भईहे तो अज्ञानीकी बुद्धि भ्रष्ट होय यामें कहा केहनो? एसो कठिन काल आयोहे ॥ १ ॥ तहां कोई कहे जो सत्पुरुषकी बुद्धि क्यों भ्रष्ट भई? तहां कहतहें–

मूलं-सत्संगो दुर्लभो यत्र सततं सत्प्रसंगतः ।
कथाः कृष्णचरित्रैकयुता नित्यं भवंति हि ॥२॥

शब्दार्थः–सत्संग दुर्लभहे जा सत्संगमें सत्पुरुषके प्रसंगसों श्रीकृष्णके चरित्रकरिकें युक्त एसी कथा नित्य होतहे ॥ २ ॥ टीका–सत्संगतो बोहोत दुर्लभहे मिलत नांही निरंतर दुःसंगतें सत्प्राणीकी बुद्धि नाश भईहे एकक्षण हू भगवदीयको प्रसंग दुर्लभ भयोहे तो सदा कहांते होय? जब निरंतर भगवदीयको संग होय कृष्णकी कथा कृष्णकी लीला प्रीतिसों सुने नित्य श्रीकृष्णकी सेवा करे, सो जो भगवदीय आपहू भगवत्सेवा करत होय कथा लीला सुनत होय एसो भगवदीय होय आपहू करे ओरकों बतावे ताकों संग करे जेसें भींज्यो कपरा होय सो सूके कपराकों भींजावे तेसेंही आपु भगवद्धर्ममें तत्पर होय ओरहूकों तत्पर करे ॥ २ ॥

मूलं–निजाचार्यपदांभोजसेविनस्तु सुदुर्लभाः ।
अदंभिनः कृष्णसेवाकथाचिंतनतत्पराः ॥ ३ ॥

शब्दार्थः–अपने श्रीआचार्यजीके चरणारविंदकों सेवन करिवेवारे ओर दंभरहित तथा श्रीकृष्णकी सेवा कथाके चिंतन करिवेमें तत्पर एसे भगवदीय तो दुर्लभहें ॥ ३ ॥ टीका–ओर भगवदीय केसें होय? जो अपने श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीके चरणकमलकी सेवामें अहर्निश जाको मन होय एसे अनन्य पुष्टिमार्गीय भगवदीय बोहोत दुर्लभ हे

अदंभी होय, पाखंडी न होंय, श्रीकृष्णकी सेवामें तत्पर होय, श्रीकृ-ष्णकी लीलाचिंतनमें तत्पर होय काहूके दिखायवेके लिये सेवा न करत होय, मनसों शुद्ध होय, एसे भगवदीय तो या कालमें वोहोत दुर्लभहें ॥ ३ ॥

मूलं-अहं तु सर्वथा नित्यं तथा सत्संगवर्जितः ।
क्लिश्यामि मनसा नूनं निरानंदेन नित्यशः ॥४॥

शब्दार्थः--अब श्रीहरिरायजी अपनकों सत्संगके अभावको निरूपण करतहें जो में तो सर्वथा नित्य एसे सत्संगकरिकें वर्जितहों(तासों) आनंदरहित मनकरिकें नित्य क्लेश पावतहों ॥ ४ ॥ टीका-ओर में केसोहूं जो सर्वथा नित्य सत्संग करिकें वर्जितहों मोको तो सत्संग मिलत नांही तातें में मनमें वोहोत क्लेश पावतहों जो मोको भगवदीयको संग न भयो जो भगवदीयको संग होय तो श्रीकृष्ण सदा आनंदरूपहे तिनके आनंदको अनुभव होय, भगवदीय विना आनंद करि नित्य रहितहों ॥ ४ ॥

मूलं-बाष्पनिःसरणोपायं न पश्यामि महीतले ।
को वा मदीयहृदयदुःखं दूरीकरिष्यति ॥ ५ ॥

शब्दार्थः--अश्रुके निकसवेको उपाय (भक्तकों) पृथिवीके तलमें में नांही देखतहों तासों मेरे हृदयकों जो दुःखहे तिनकों कोन दूर करेगो ? ॥ ५ ॥ टीका-अव श्रीहरिरायजी दीनताके आवेशमें कहतहें जो में यह महीतल (पृथिवीमें) वास कियो सो काहेतें कियो जब हरिशरणको उपाय न बनि आयो काहेतें जो पृथिवी उपर आय हरिशरण न करे ताको जन्म वृथाहे सो प्रह्लादजी श्रीभागवतसप्तमस्कंधमें कहेहें-"कौमार आचरेत्प्राज्ञो धर्मान् भागवतानिह । दुर्लभं मानुषं जन्म तदप्यध्रुवमर्थदम् ." (कुमार अवस्थामें

बुद्धिमान् यह संसारमें भगवद्धर्मको आचरण करे काहेतें जो मानुष-जन्म दुर्लभहे फेरि निश्चल नांहीहे तोहू अर्थ देवेवारोहे). ओर एकादश-स्कंधमें जनकविदेह कहेहें–"दुर्लभो मानुषो देहो देहिनां क्षणभंगुरः। तत्रापि दुर्लभं मन्ये वैकुंठप्रियदर्शनम्" (देहिजीवकों यह मनुष्यको देह दुर्लभहे ओर क्षणभंगुरहे तामेंहू भगवद्भक्तको दर्शन दुर्लभ मानूहूं) यह वाक्यतें यह मनुष्यदेह महाउत्तमहे कौमार अवस्थामें प्रभुही शरण करि भगवद्धर्म करनों उचित हे काहेतें जो क्षणमें भंग होय-जाय तो अंतकालसमय कछु नांही वनि आवेगो फेरि यह देह मिलनों दुर्लभहे तातें भगवद्धर्म भगवानको दर्शन दुर्लभहे यहदेहसों वने सो अवश्य कर्त्तव्यहे सो मोसों तो कछु न भयो तातें यह देहको महाशोकहे जेसे चिंतामणि पायकें कोडिके पलटे देई फेर चिंतामणिके गुण सुने तव अनेक दुःख पावे तेसें यह देह पायके लौकिकमें लगावे हरिशरण नांही करे ताको जन्म वृथाहे तातें में हरिशरणको उपाय नांही कियो सो हृदयमें महादुःखहे यह मेरे हृदयको दुःख दूरि करे एसो कोन हे ? ॥ ५ ॥

मूलं–व्रजवासस्तथा श्रीमद्यमुनादर्शनं गतम् ।
दूरे गोवर्धनद्दाशिर्दूरे तन्नाथदर्शनम् ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–व्रजमें वास तथा श्रीमद्यमुनाजीको दर्शन तथा यमुनाजीके स्वरूपको ज्ञान तथा श्रीगिरिराजके स्वरूपको ज्ञान ओर श्रीगोवर्धननाथजीको दर्शन सर्व दूरि गये ॥ ६ ॥ टीका–हरिशरणको साधन कछु न वनिआयो व्रजवासहु न भयो व्रजदेशहे सो महाउत्तमहे प्रभुशरण करिवेको स्थलहे तहां परे रहियें तो प्रभु अपनो जानिकें कृपाकरे सोहू मोकों न भयो ओर श्रीयमुनाजीको दर्शन नांहीहे सो श्रीयमुनाजी

केसे हे जो दुष्ट प्राणी अनजाने एकवारहू जलपान करे तो उह जीवकों यमयातना न होय एसो प्रतापहे. जा जीव श्रीयमुनाजीको आश्रय करे तिनकों श्रीयमुनाजी श्रीठाकुरजीकी लीलाको अनुभव करावे सर्व कार्य सिद्ध करि अलौकिक देह सिद्ध करे एसे श्रीयमुनाजीको दर्शनहू नांहीहे ओर श्रीगिरिराजहू मोतें दूरिहे सो श्रीगिरिराज केसेहे जो इनके संगतें भीलनीकोंहू भक्ति भई एसें श्रीगिरिराजहू मोतें दूरिहे और श्रीगोवर्द्धननाथजीको दर्शनहू मोकों दुर्लभ भयोहे या भांति में परदे-शमें हों अव में कहा करूं तहां कोई कहे जो मनमें भाव करि जा वस्तुको स्मरण करे सो पासही हे तातें मनसों भाव करि व्रज, श्रीयमुनाजी, श्रीगिरिराज, श्रीगोवर्द्धननाथजी, इन सवनके दर्शन करि लेउ इतनो खेद क्यों पावतहो ? याभांति कोई कहे तहां कहतहे ॥ ६ ॥

मूलं-विषयाक्रांतितो दूरे भगवद्भावसंततिः ।
देशांतरस्थितस्याद्य दूरे संगः सतामपि ॥७॥

शब्दार्थः-विपयाक्रांतिसों भगवद्भावको विस्तार दूर रह्यो ओर अव देशांतरमें रह्यो एसो जो में ताकों सत्पुरुपको संगहू दूर रह्यो ॥ ७ ॥ टीका-विपयाक्रांतिसों देह भरि रह्यो होय तिनकों भगवद्भाव वोहोत दूरिहे जिनको हृदय शुद्ध होय अष्टप्रहर लौकिक नांही स्फूरे मनमें भगवत्स्मरण रहे तिनकों भावनासों सगरी वस्तु सिद्ध हे ओर मोकों विपयावेश करि भगवद्भाव दूरिहे अनेकदेशांतरमें स्थितहों तासों अनेकप्रकारके लौकिक प्रवाही सृष्टिको संगहे भगवदीयनको संग मोतें दूरिहे भगवदीय मिले तव उनसों मिलिकें भगवद्भाव विचारे सो मोतें दूरिहे तातें मनमें खेद वोहोत होतहे ॥ ७ ॥

मूलं-तदभावात् कथा दूरे ततो विमुखता हृदः ।
एवंविधस्य सततं श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ ८ ॥

शब्दार्थः—सत्संगके अभावसों भगवत्कथा दूरिहे तासों हृदयकी विमुखता (बहिर्मुखता) होयहे एसे प्रकारको जो में ताकों निरंतर श्रीकृष्ण आश्रय हो ॥ ८ ॥ टीका—जो भगवदीय होय तो श्रीसुबोधिनीजी आदि भावात्मक कथा कहे सो सुनिकें हृदयमें भाव उत्पन्न होय सो भगवदीय मोतें दूरिहे तातें भावात्मक कथाहू मोतें दूरि हे तातें हृदयमें विमुखता छायरहीहे सो याभांति सर्वसाधनकरि रहितहों यह देशांतरमें स्थितहों एसो जो में ताकों श्रीकृष्णही शरण होउ जब ओर कछु न बने तब शरणकी भावना करतहों ओर में कहा करूं सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभु श्रीकृष्णाश्रयमें कहेहें " विवेकधैर्यभक्त्यादिरहितस्य विशेपतः । पापासक्तस्य दीनस्य कृष्ण एव गतिर्मम " (विवेक, धैर्य, भक्ति आदिसों रहित, विशेपकरिकें पापमें आसक्त ओर दीन एसो जो में तिनकों गति (आश्रयस्थान) श्रीकृष्णही हे) विवेक, धैर्य, भक्ति आदि सर्व धर्म करि रहित होय, पापासक्त होय, अति दीन होय सोउ श्रीकृष्णकूं शरण करे तातें में सर्वसाधन करि रहितहों तासों निरंतर श्रीकृष्णही शरण किये हे ॥ ८ ॥

मूलं—को वेद कृष्णः किं कर्त्ता न जानेऽहं कृपानिधिः।
तथापि श्रीमदाचार्यशरणं करवै मनः ॥ ९ ॥

शब्दार्थः—कोन जानें कृपाके निधि श्रीकृष्ण कहा करेंगे सो में नांही जानतहों तोहु मनकों श्रीमदाचार्यजीरूप एकशरण करूं ॥ ९ ॥ टीका—सो यह में नांही जानत जो श्रीकृष्ण कहा करिवेवारेहे मेरी कहा गति करेंगे सो जानी नांही जात हे परंतु इतनो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीकी कृपातें जानतहों जो श्रीकृष्ण दयानिधि हें अपने निजभक्तनपर निश्चय कृपा करतहें तातें में एक श्रीआचार्यजीके चरणकमलकी शरण अपने मनतें करि रह्योहूं ताकरि श्री-

कृष्णहू कृपा करेंगे ओर सगरो कार्यहू सिद्ध होयगो यहकहिकें, यह जताये जो श्रीआचार्यजीकी शरण जीव आयोहे तिनके सगरे कार्य सिद्ध होयंगे व्रज, श्रीयमुनाजी, श्रीगिरिराजजी, श्रीजीकी सगरी लीला इनके अनुभव होयगो ओर जो श्रीआचार्यजीकी शरण नांही आयो तिनकों कछु फलसिद्धि नांही हे तातें में श्रीवल्लभाचार्यजीकी शरण मन कियोहे या आश्रयकरि अपने मनकों समुजाय राखेहे ! ॥ ९ ॥

मूलं--विशेषः प्रेमजित्पत्राद्बोद्धव्यः सर्ववृत्तयुक्।
अनेन केवलेनैव किंचित्स्वस्थं मनो मम ॥ १० ॥

शब्दार्थः—सर्ववृत्तांतसहित विशेष (समाचार) प्रेमजीनामके पत्रसों जाननो यह केवल बोधकरिकेंही मेरो मन कछु स्वस्थ हे ॥ १० ॥ टीका—अब श्रीहरिरायजी लिखतहे जो विशेष समाचार प्रेमजीके पत्रतें जानोगे श्रीमहाप्रभुजीकी शरण करिकें किंचित् मनमें स्वास्थ्य हे जो महाप्रभुजी कृपा करि अपनी ओर देखेंगे ॥ १० ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतमेकोनविंशतितमं
शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषा-
टीकासमेतं समाप्तम् ॥ १९ ॥

शिक्षापत्र २०

विंशतितमशिक्षापत्रमें शरणागतिसों प्रथम भये दोषकी चिंता न करनी, ओर शरणागति पीछें तो सावधानतासों रहेनों, निवेदनको अनुसंधान करनो, भगवत्सेवा गुणगानादिक करने, थोरे[१] जानिवेवारेके वचनतें पुष्टिमार्गतें बुद्धि चलित न करनी, सर्वदा सत्संगसों रहेनों, अपने

---

[१] यद्यपि बोहोत पढे भये होय परंतु पुष्टिमार्गीय ग्रंथ जानते न होय अरु जानते होय तो वामें श्रद्धा न होय सो थोरे जानिवेवारे समजने.

श्रीआचार्यजीकेही वाक्यमें निष्ठा राखनी, पुष्टिमार्गीय भगवदीयसों मिलिकें रहेनो यहमार्गतें विरुद्ध होय तिनके संगरहित होयकें रहेनो यह निरूपण हे.

मूलं–समाचारावगत्यैव संतोषो जनितो महान् ।
सदोषेऽपि हरिर्जीवेऽनुग्रहं कुरुते स्वतः ॥ १ ॥

शब्दार्थः–समाचारकों जानिकेंही वडो संतोष भयो काहेतें जो दोषसहित जीव उपरहू हरि भगवान् आपतेंही अनुग्रह करतहे ॥ १ ॥

टीका–अब श्रीहरिरायजी कहतहे जो तुह्मारो पत्र आयो सो वांचिकें मनमें संतोष भयो काहेतें जो यद्यपि गृहभंगको वडो दुःख हतो सो तुह्मारो दुःख निवृत्त भयो तुह्मारे हृदयमें संतोष भयो ताकरि हमहू मनमें संतोष पाये आगें जो शिक्षा हे सो मनमें धारण करियो. हरि जो भगवान् सो केसेंहे यद्यपि जीवके दोषकों जानतहे तोहू अपनी ओरतें जीवपर अनुग्रह करतहे जीवकी ओर नांही देखतहे. शिशुपाल श्रीकृष्णकी निंदाही करतो एसो दुष्ट हतो ताहूकों गति दीनी, इंद्रने जलवृष्टि करि द्वेष कियो तोहू वापें प्रसन्न भये, एसे श्रीकृष्ण हे सदा कृपाही करत हे अपने प्रमेयवलतें यह जीवपर अनुग्रह करत हे तातें श्रीकृष्णहीको भजन, स्मरण, आश्रय सदा कर्त्तव्य हे ॥ १ ॥

मूलं–प्रमेयवलमासाद्य किमसाध्यं तदा भवेत् ।
अतः प्रथमदोषाणां चिंता नैव विधीयताम् ॥ २ ॥

---

१ मूलश्लोकमें गृहभंगकी वात नांहीहे ओर टीकामें गोपेश्वरजीनें लिखिहे तासों यह अनुमान होयहे जो छट्टे शिक्षापत्रके प्रथमश्लोकके टिप्पणमें लिख्यो हे ता प्रमाण नवमशिक्षापत्रमें प्रेम, आसक्ति, ओर व्यसनको निरूपण वांचिके तथा दशमपत्रमें आर्त्तिके कारण वांचिके चित्तको समाधान भयो ताके समाचार उन्नीसमे पत्रके जबाबमें लिखे सो वांचिके श्रीहरिरायजीनें यह श्लोक लिख्यो ताको अभिप्राय श्रीगोपेश्वरजी जानिके टीकामें यह वृत्तांत लिख्यो हे.

शब्दार्थः—प्रमेयबलकों प्राप्त होय तब असाध्य कहा होयहे तासों प्रथमकें दोषनकी चिंता नांही कर्त्तव्यहे ॥ २ ॥ टीका—यह पुष्टिमार्गमें तो प्रमेयबलहीतें सर्वकार्य सिद्ध होयहे जीवके साधनतें कछु कार्य सिद्ध होत नांही ओर जीव कहांताई साधन करेगो याके साधनतें दोष दूरिहू नांही होय सकत तातें वृथा चिंता क्यों करनी सो श्री-महाप्रभुजी कहेहें " जीवाः स्वभावतो दुष्टाः" (जीव स्वभावसों दुष्टहे) जीव तो स्वभावतें दुष्टहे परंतु अपने अज्ञान करि उत्तम मानतहे तासों जीवके साधनतें कछु नांही सिद्ध होय प्रभु प्रमेयबलतें सिद्ध करेंगे एसें विचारि चिंता नांही करनी ॥ २ ॥

मूलं—संजातभगवद्भावमपथ्यामिव सद्गुणम् ।
लोकनिंदाभवं दुःखं न धर्त्तव्यं हि मानसे ॥ ३ ॥

शब्दार्थः—आछे गुणवारे औषधकों अपथ्य जेसें तेसें भगवद्भाव उत्पन्नभयो तामें लोककी निंदासों दुःख होय सो मनमें नांही धरनों ॥३॥ टीका—लौकिकचिंतातें भगवद्भावको नाश होय ताको दृष्टांत कहतहें जेसें सुंदर ओषद खाय ताके उपर अपथ्य करे (खारो खाटो खाय) तो विनापथ्य ओषदको गुण जाय ओर रोग वढे तेसें मनमें भगवद्भाव होय स्मरण भजन करे सो सुंदर ओषदकीनांईहे सो लौकिक चिंतादि कुपथ्य करे तो भगवद्भाव उलटो जाय ताहीतें श्रीआचार्यजी-महाप्रभु नवरत्न ग्रंथमें चिंतानिवृत्तिकरिवेकें लिये कहेहें " चिंता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापि " (निवेदन कियेहें आत्मसंबंधी जिननें एसे वैष्णव कछु चिंता कोयदिनहू नांही करे) जाजीवने निवेदन कियोहे तिनकों तो निश्चयही चिंता नांही कर्त्तव्यहे ओर जो लौकिकवारे निंदा करतहें सोहू महादुःखरूपहे सो अपने मनमें नांही धरनी काहेतें जो लौकिकमें अनेक भांतिके जीवहे तिनको कह्यो न

करियें तो निंदा करे ताको सहनही उचितहे जेसें श्रीभागवतमें निरूपणहे जो गोपीजननें लोकवेद छोडिकें प्रभुको भजन कियोहे तव गोपनें ओर मातापितानें निंदा करि सो धारण न करी तव श्रीकृष्ण प्रसन्न होयकें रासलीलामें फलदान कियो तातें भगवदीयकों लौकिक निंदा सहन करनी ॥ ३ ॥

मूलं–अग्रे तु सावधानत्वं विधेयं सर्वथा पुनः ।
दुःसंगादिमहादोषा नाशयंत्येव तत्क्षणात् ॥४॥

शब्दार्थः–आगें निश्चय फेरि सावधानपनो करनो काहेतें जो दुःसंगादि वडे दोप हे सो जवमिले ताही क्षण भगवद्भावको नाश करे ।४। टीका–आगें सर्वथा सावधान रहियो काहेतें जो दुःसंग दोप महावाधक हे सो जन्मजन्मतें भगवद्भाव जोरिकें एकठोर कियो होय सो एक क्षणमेंही तत्काल दुःसंगतें सगरे भावको नाश होय. श्रीभागवतादिपुराणमें कहेहे जो वडे वडे भगवदीय दुःसंगतें गिरेहें तातें तुम दुःसंगतें निश्चय क्षणक्षणमें सावधान रहियो ॥ ४ ॥

मूलं–असज्जनकृता निंदा तुष्टयै सत्त्वविनिश्चयात् ।
यतस्तेपां न रोचंते संत एव हि सर्वथा ॥ ५ ॥

शब्दार्थः–असत् पुरुपने करी एसी जो निंदा सो धैर्यके विशेप निश्चयके कारणसों संतोपार्थ हे काहेतें जो जासों असत् पुरुपनकों निश्चय सत्पुरुप प्रिय नांही लागत हे तथा सत्पुरुप असत्पुरुपकी वाणीमें प्रीति नांही राखत हे ॥ ५ ॥ टीका–असज्जन (अवैष्णव तथा अन्यमार्गीय तथा वहिर्मुख निंदा करे सो सुनिकें मनमें, दुःख मति पाईयो मनमें प्रसन्न (संतुष्ट) रहियो जो यह सत्य ही कहतहे में तो निश्चय ही दोपवान् ही हों या भांति. मनमें ज्ञान, करि

विचारि निंदाकों सहन करनी सो यातें जो संत जनहे उन दुष्टनकी वाणीमें सर्वथा रुचि राखत नांही जेसें प्रह्लादजीकों हिरण्यकशिपुनें केसो दुःखदियो ओर निंदा करि सो प्रह्लादजीनें सहीलियो तामें प्रह्लादजीको कछु विगयों नांही हिरण्यकशिपुकों प्रभुनें मायों तातें जो संतहे सो दुष्टनकी वाणीमें मन सर्वथा राखत नांही ॥ ५ ॥

मूलं–मार्गविश्वासरहिताः पूर्वदोषैकदृष्टयः ।
यतो नामैव हि हरेः सर्वदोषनिवर्त्तकम् ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–जासों [असज्जन] पुष्टिमार्गमें विश्वासरहितहे ओर पूर्वतेंही दोषदृष्टिवारे हे तासों इनकी वाणीमें रुचि न राखे तथा इनकों सत्पुरुष न रुचे ओर हरिको नामहे सोही सर्वदोषकी निवृत्ति करिवेवारोहे ॥ ६ ॥ टीका–वह दुष्ट केसेहें जो यह पुष्टिमार्गमें विश्वास रहितहे सो काहेतें जो पूर्वजन्मतें दोषही देखतहे पुष्टिमार्गको प्रकार सगरे जगतमें प्रसिद्धहे सो देखियत नांही तासों मार्गमें शरण आये हें तोहू प्रथमकी दुष्टताहे तातें दोषही देखतहें अपनी कुटिलता नांही छोडतहें काहेतें जो वह असुरहें तातें मार्गमें विश्वास नांहीहे सदा दुष्टहें तातें दुष्टता प्रकट करतहें एसे जाननो ओर भगवानको नाम साधारणमें हूं एसोहे जाको नाम लेतमात्र सर्व दोष दूरि होतहें सो षष्ठस्कंधश्रीभागवतमें कहेहें "अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत् । संकीर्त्तितमघं पुंसां दहेदेधो यथानलः ॥१॥ सांकेत्यं पारिहास्यं वा स्तोभं हेलनमेव वा । वैकुंठनामग्रहणमशेषाघहरं विदुः ॥२॥ नामोच्चारणमाहात्म्यं हरेः पश्यत पुत्रकाः । अजामिलोऽपि येनैव मृत्युपाशादमुच्यत ॥३॥" (अज्ञानसों अथवा ज्ञानसों उत्तमश्लोक (भगवान्)के नामको कीर्तन अग्नि काष्टको जेसें जारे तेसें पुरुषके पापकों जारेहे ॥१॥ संकेतमें लियो, परिहासमें लियो, गीतालापपूरणार्थ ओर

अवज्ञासूं लियो एसो जो भगवन्नामको ग्रहण सो समग्र पापकों हरे हे एसें ऋषिलोक जानेंहें ॥२॥ हे पुत्र [दूत]! हरिके नामको माहात्म्य देखो जाकरिकेंही अजामिलहू मृत्युके पाशसों छुटि गयो ॥ ३ ॥) और अष्टमस्कंधमें वाक्यहे "मंत्रतस्तंत्रतश्छिद्रं देशकालार्हवस्तुतः। सर्वं करोति निश्छिद्रं नामसंकीर्त्तनं तव" [शुक्राचार्य श्रीवामनजीकों कहेहें-मंत्रसों, तंत्रसों, देशकालयोग्यवस्तुसों जो न्यून होय सो सर्व आपके नामकीर्त्तनहि पूर्ण करतहे] ओर "ते सुभाग्या मनुष्येषु कृतार्था नृप निश्चितम्। स्मरंति स्मारयंतीह हरेर्नाम कलौ युगे" (जो यह कलियुगमें हरिके नामकों स्मरण करेंहें तथा स्मरण करावेंहे सो हे राजन्! मनुष्यनमें भाग्यसहितहें तथा कृतार्थहें यह निश्चयहे) द्वादशस्कंधमें शुकदेवजीको वाक्यहे "कलेर्दोषनिधे राजन्नस्ति ह्येको महान् गुणः। कीर्त्तनादेव कृष्णस्य मुक्तबंधः परं व्रजेत्" (दोषके निधिरूप कलियुग-को एक वडो गुणहे जो श्रीकृष्णके कीर्त्तनसोंही मुक्त होयगयेहे वंध जिनके एसे मनुष्य परकों प्राप्त होय) षष्ठस्कंधमें विष्णुदूतको वाक्यहे "ब्रह्महा पितृहा गोघ्नो मातृहाचार्यहाघवान्। श्वादः पुल्कसको वापि शुद्ध्येरन् यस्य कीर्त्तनात्" (ब्रह्महत्या करिवेवारो, पितृहत्या करिवे-वारो, गोहत्या करिवेवारो, मातृहत्या करिवेवारो, आचार्य (वेदोक्तयज्ञ करिवेवारो) अथवा आर्य (अपनेसें वडे)की हत्या करिवेवारो, पापी होय, चंडाल होय, नीचजातिमें उत्पन्न भयो होय सोहू जिनके कीर्त्तनसों शुद्ध होय) इत्यादिक ठोर ठोर नामको माहात्म्य हे तातें सहजहूमें मुखमें भगवन्नाम अनजाने निकसिजाय तोहू वह नाम सर्वदोष दूरि-करत हे ॥ ६ ॥

मूलं-तदपि श्रीमदाचार्यवदनांबुजनिःसृतम्।
तत्प्रकाशितमार्गस्य सर्वसंपादनक्षमम् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः-सो भगवन्नामहू श्रीमदाचार्यजीके मुखारविंदसों निकस्यो [अष्टाक्षरमंत्र हे सो] श्रीआचार्यजीने प्रकाश कियो एसो जो भक्तिमार्ग हे तिनकों सर्व संपादन करिवेमें योग्यता वारो हे ॥ ७ ॥ टीका—यद्यपि सर्व भगवन्नाम सर्वगुणदाताहे संसारदुःखतें छुडावेहे तोहू तामें यह अष्टाक्षरमंत्र [श्रीकृष्णः शरणं मम] रूप नाम श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके वदनकमलतें निकस्योहे सो पुष्टिमार्गमें स्थिति करावतहे काहेतें जो यह पुष्टिमार्गहू श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीनें प्रकट कियो हे तासों जा जीवकों श्रीआचार्यजीद्वारा नाम प्राप्त भयोहे तिनकों सर्व सिद्धि होयगी सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें " यदुक्तं तातचरणैः ' श्रीकृष्णः शरणं मम '। तत एवास्ति नैश्चित्यमैहिके पारलौकिके " [जो तातचरण श्रीमहाप्रभुजीने " श्रीकृष्णः शरणं मम " यह अष्टाक्षरमंत्र कह्योहे तासोंही यहलोक ओर परलोकसंबंधि सर्वमें निश्चितता हे] इत्यादि वचनके भावसों अष्टाक्षरमंत्रको जप वैष्णव करे यह सर्व सिद्ध करिवेमें समर्थ हे ॥ ७ ॥

मूलं-ततोऽपि ब्रह्मसंबंधः सर्वदोषनिवर्त्तकः ।
निर्दोषानंदसेवापि दोषाभावप्रसाधिका ॥८॥

शब्दार्थः-तासोंही [भगवन्नामसोही] ब्रह्मसंबंधहे सो सर्वदोषकों निवृत्त करिवेवारोहे ओर निर्दोष आनंदरूप भगवानकी सेवाहू निर्दोष आनंदरूपहे ओर दोषके अभावकों साधिवेवारीहे ॥८॥ टीका-उपर कहे जो नामतें सर्वदोषको नाश होतहे तो जा जीवकों ब्रह्मसंबंध होय तिनके सर्वदोषको नाश होय यह तो उचितहीहे काहेतें जो सर्व दोष निवृत्तकरणार्थ तो प्रभुनें ब्रह्मसंबंधकी आज्ञा दिनीहे सो सिद्धांतरहस्यमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें " ब्रह्मसंबंधकरणात् सर्वेषां देहजीवयोः । सर्वदोषनिवृत्तिर्हि दोषाः पंचविधाः स्मृताः " (ब्रह्मसंबंधकि-

येतें सर्वके देहजीवके सर्वदोषकी निवृत्ति निश्चय होतहे सो दोप पांच प्रकारके हे) इत्यादि वचनसों जाननो जो श्रीआचार्यजीद्वारा जा जीवकों ब्रह्मसंबंध भयो तिनके सकल दोप दूरि भये काहेतें जो भगवान् निर्दोपहे सो जीवहू निर्दोप होय सेवा करे तो अंगीकार होय तातें श्रीमहाप्रभुजी अपने जीवनकों ब्रह्मसंबंध कराय निर्दोप करिकें पाछें सेवामें लगाये सो भगवत्सेवा केसीहे जामें दोपही नांही निर्दोप आनंदरूपहे सगरे दोप (प्रतिबंध) कों नाश करिवेवारीहे, तहां कोई शंकाकरे जो ब्रह्मसंबंधतेंही सर्व दोपको नाश भयो तव फेरि सेवातें कोनसे दोपको नाश होय ? ताको समाधान यहहे जो देहजीवके सगरे दोप तो ब्रह्मसंबंधतें निवृत्तभये फेरि प्रभुकी लीलाप्राप्तिमें प्रतिबंधरूप जो दोपहे सो सेवातें दूरि होय तव स्वरूपानंदको अनुभव होय यह भाव विचारि ब्रह्मसंबंध ओर भगवत्सेवा करे ॥ ८ ॥

मूलं–गुणगानं तु सर्वेषां दोपाणां विनिवारकम् ।
गुणगाने ज्ञानमार्गादुत्कर्पः प्रभुणोदितः ॥ ९ ॥

शव्दार्थः–गुणगान तो सर्वदोपनकों निवृत्त करिवेवारो हे तासों ज्ञानमार्गसों गुणगानमें उत्कर्प प्रभुनें कह्योहे ॥९॥ टीका–जो भगवद्गुणगान सगरे दोपको निवारक हे सो गुणगान दोय प्रकारको हे एक पुष्टिमार्गीय तथा एक मर्यादामार्गीय सो दोयके भेद कहत हे. पुष्टिमार्गीय गुणगान जेसें व्रजभक्त गुणगान करत हे श्रीठाकुरजी के संयोगमें सेवा दर्शन करत हे ओर श्रीठाकुरजी गोचारणकों पधारत हें तव विरहकरिकें वेणुगीत युगलगीत गाय गाय संध्यापर्यंत काल वितावत हे तेसेंही श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके पुष्टिमार्गमें विरहकरि गुणगान विप्रयोगकी भावना हे संयोग विप्रयोग दोउ रसको अनुभव हे ओर मर्यादामार्ग (ज्ञानमार्ग) में केवल गुणगानही करत हे ॥ ९ ॥

मूलं-ज्ञानं सकलदोषाणां दाहकं परिकीर्तितम्।
तथापि न प्रभोः प्रादुर्भावे यत्प्रतिबंधकम्॥१०॥
तन्निवर्त्तयितुं शक्तमतो न्यूनं निरूपितम्।
ततःस्वाचार्यसान्निध्यं क्षणाद्भावप्रदायकम्॥११॥

शब्दार्थः-ज्ञानकों सकलदोपनकों भस्म करिवेवारो कह्योहे तोहू प्रभुके प्रादुर्भावमें जो प्रतिबंधकहे तिनकों निवृत्त करिवेमें समर्थ नांहीहे तासों न्यून कह्योहे तातें अपने श्रीआचार्यजीको सांनिध्यही क्षणमें भावकों देतहे ॥ १० ॥ ११ ॥ टीका-ज्ञानमार्गको गुणगान केसोहे जो ताकरिकें संसारके सकल दोप भस्म होय जातहे पाछे सदा निर्विघ्न होय तो मोक्षकी प्राप्ति होय परंतु प्रभु प्रकट होयकें दर्शन न देहि तातें ज्ञानमार्गको गुणगानहे सो भक्तिमार्गमें प्रतिबंधरूपहे सो काहेतें जो प्रभुको दर्शन नांही, लीलाको अनुभव नांही, स्वरूपानंदको अनुभव नांहीहे तातें ज्ञानहे सो भक्तिमार्गमें प्रतिबंधकही जाननों

ताभांति सेवा करियो तबही श्रीआचार्यजीमहाप्रभु भावदान करेंगे यह निश्चय सर्वोपरि सिद्धांत हे ॥ ११ ॥

मूलं-तद्दिदृक्षाऽऽर्त्तितापानां क्रमादेवेह संभवात् ।
तत उत्तरभावस्य भावनं वह्निरूपतः ॥ १२ ॥

शब्दार्थः-श्रीकृष्णके दर्शनकी इच्छा, आर्त्ति ओर तापको क्रमसों ही यह पुष्टिमार्गमें संभव (उत्पत्ति) हे तासों विरहात्मकको भावन [भावना] विप्रयोगाग्निसों होय ॥ १२ ॥ टीका-पुष्टिमार्गमें ज्यों ज्यों मन लगायकें भगवत्सेवा करे त्यों त्यों श्रीकृष्णके दर्शनको ताप क्रमक्रमतें वढे या भांति जब अधिक ताप होय ता करिकें सगरो दोप दूरि होय जाय तब दैन्य सिद्ध होय तापाछें जब [1]उत्तरभाव हृदयमें सिद्ध होय तब व्रजभक्तनके भावकी भावना करे जाकों मानसी सेवा कहत हें सो सर्वोपरि हे व्रजभक्तनको भाव अग्निरूप हे सो भाव हृदयमें होय तब जानियें जो श्रीआचार्यजीमहाप्रभु हृदयमें पधारे भावाग्निरूप श्रीआचार्यजीमहाप्रभु हे ॥ १२ ॥

मूलं-क्षणेन दोपसंघस्य नाशकं सर्वथा मतम् ।
एवंभूते स्थिते मार्गे नूनं येपामभाग्यतः ॥ १३ ॥
अविश्वासस्ततस्तेपां न गतिः काऽपि विद्यते ।
अतः स्वयं श्रुतं यद्वा भाग्याद्हृदि समागतम् १४
तदेव हि दृढं स्थाप्यं सर्वथा जीवनावधि ।
नाल्पज्ञवचनाचाल्या बुद्धिरापातसुंदरात् ॥ १५ ॥

शब्दार्थः-उपर श्लोकमें कह्यो एसो विप्रयोगाग्निको भावन दोपनके समूहको निश्चय नाश करिवेवारो हे एसो यह पुष्टिमार्ग हे तामें जिनको

---

[1] संयोगात्मक भाव पूर्वदलहे ओर विप्रयोगात्मक भाव उत्तरदल हे.

अभाग्यहे तिनकों अविश्वास होय तासों तिनकों काहू गति नांही हे तासों अपने सुन्यो अथवा भाग्यसों हृदयमें आयो एसो जो विप्र-योगाग्निको भावन सोही जीवनपर्यंत दृढ स्थापनों थोरे जानिवेवारेके वचन, उपरतें सुंदर दिखतें होय तासों बुद्धि चलित नांही करनी॥ ॥ १३ ॥ १४ ॥ १५ ॥ टीका–रंचकहू भावरूप अग्नि हृदयमें होय तो एकक्षणमें सगरे दोषकों सर्वथा नाश करे याभांति पुष्टिमार्ग सर्वोपरिहे एसो व्रजभक्तनके भावात्मक यह पुष्टिमार्ग हे भाग्यहीननकों विश्वास न होय तातें अविश्वाससूंहि पुष्टिमार्गीय फलसिद्धि नांही होय॥१३॥ जा जीवकों यह पुष्टिमार्गमें अविश्वासहे ताकों कहूं गति नांहीहे कोउ जीव होय अविश्वास सबकों बाधक हे सो अविश्वास केसो होय एक-तो अपने मनमें स्वकल्पित विचार उठे जो यहपुष्टिमार्गमें कछु मोकों सिद्धि नांही दिसत, दूसरो कोउ ज्ञानमार्गीय, कर्ममार्गीय, भावविरुद्ध कहे सो सुने अन्यमार्गीय यह पुष्टिमार्गकों देखि नांही सकत हे तातें उनको संगहू बाधकहे उनके मुखतें मार्गकी निंदा सुनिकें अविश्वास होय, तीसरो पुष्टिमार्गको फल सर्वोपरिहे सो भाग्यमें न होय जीवही भीतर प्रवाही होय, मर्यादामार्गीय होय, पुष्टि न होय तो यह फल कहांते पावे? वाकों अविश्वास होय, चोथो हृदयमें अनेकभांतिके लौकिक वैदिकके विषयके तरंग उठे तो विश्वास छूटिजायवेसूं औरही क्रिया करनलागे, पांचमो काहू बहिर्मुखके समागमतें दुःसंगतें अविश्वास होय। एसे पांच प्रकारके कारणतें अविश्वास होय ताकों पुष्टिमार्गीय फल सर्वथा न होय ॥ १४ ॥ उपर कहे इत्यादि दोषतें अविश्वास हृदयमें दृढ होयजाय सो अविश्वास सर्वथा जीवकों बाधकहीहे जेसें जल अग्निको नाशकरे तेसें दुःसंगदोष भावको नाश करे अल्पज्ञानवारे जीवके वचनचातुर्यतें बुद्धि चलायमान न करनी

अल्पज्ञजीव अज्ञानकरि निंदा दुर्वचन (मर्यादा छोडिकें) वोले तातें अज्ञानीके संग वाद सर्वथा नांही कर्त्तव्यहे ॥ १५ ॥

मूलं-सत्त्वनिश्चयतः संगः साधको नहि संशयात् ।
यत्र वै विपरीतैव कृतिस्तत्र भ्रमः कथम् ॥ १६ ॥

शब्दार्थः-विवेकधैर्यादिकके निश्चयसों संगहे सो सर्व सिद्धकरिवे-वारो हे संशयसों नांहीहे ओर जहां विपरीतही कृति हे तहां भ्रम केसें होय ? ॥ १६ ॥ टीका-तातें यहनिश्चय मनमें जाननो जो या जीवकों सत्संगही भगवद्धर्मको साधकहे संशय नांही सो श्रीभागवतप्रथम-स्कंधमें शौनकको वाक्यहे "तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम् । भगवत्संगिसंगस्य मर्त्यानां किमुताशिषः" (भगवद्भक्तके संगके क्षण-वरोवर स्वर्ग ओर मोक्ष तुलेनांहीहें तहां मनुष्यकी दीनी आशिषको तो कहा कहेनों) ओर एकादशस्कंधमें भगवद्वाक्यहे "न रोधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव ! । न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो नेष्टापूर्त्तं न दक्षिणा॥ ॥ १ ॥ व्रतानि यज्ञाश्छंदांसि तीर्थानि नियमा यमाः । यथावरुंधे सत्संगः सर्व संगापहो हि माम् ॥ २ ॥" (हे उद्धव ! मोकों योग वश नांही करें हे, नांही सांख्य, धर्म; नांही स्वाध्याय, तप, त्याग; नांही इष्टापूर्त्त (कूप, आराम, मठादिक); नांही दक्षिणा, व्रत, यज्ञ, वेद, तीर्थ, नियम, यम (कोउ वश नांही करें हे). जेसें सर्व संगकों मिटायवेवारो सत्संग मोकों वश करें हे) इत्यादिक वचनतें जाननो जो जीवकों सत्संगही वडो साधकहे तातें यह पुष्टिमार्गीय वैष्णव निश्चयही सत्संग करे ओर पुष्टिमार्गतें जिनकी विपरीत कृति होय

---

१ यह तीन श्लोकको अर्थ टीकामें लेखकदोषसों उलटो लिख्योहे परंतु पांच दश पुस्तकमें एसेंही दीखवेमें आयो तासूं वेसेंही कछु सुधारिके लिख्योहे या रीतसों अर्थ सर्वथा नांही होयसके किन्तु प्रथम शब्दार्थ लिख्योहे वेसें होयहे.

तामें वैष्णवकों भ्रम काहेतें होय तातें पुष्टिमार्गतें विपरीत कृतिवा-
रेको संग सर्वथा न करे ॥ १६ ॥

**मूलं-तत्र भ्रांताः परं मूढास्तत्संगः खलु बाधकः ।
अतः सत्संगसहितस्तिष्ठेत्सर्वत्र सर्वदा ॥ १७ ॥**

शब्दार्थः—तामें जो भ्रांतहे सो अत्यंत मूढहे इनको संग निश्चय
बाधकहे तासों सत्संगसहित सर्वजग्गे सदा रहे ॥ १७ ॥ टीका—
जो जीव भ्रांतहे या पुष्टिमार्गमें विश्वासकरि रहितहे सो महामूढ अज्ञा-
नीहे तासों खल(दुष्ट)को संग महाबाधकहे तातें पुष्टिमार्गीय
वैष्णव जहां जाय तहां सबठोर सदा पुष्टिमार्गीय भगवदीयके संगही
स्थित रहे तबहीं दुःसंगतें बचे तातें सर्वथा सत्संगमें रहे सो नव-
रत्नग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा
तादृशैर्जनैः " (निश्चय तादृशीय वैष्णवजननके संग निवेदनको
स्मरण करनों) यह निवेदनको स्मरण सदा सर्वदा तादृशीयसों
मिलिकें करे तातें सत्संगहे सो भाववृद्धिकर्त्ता होयवेसूं पुष्टिमार्गीय
भगवदीयकूं नित्य कर्त्तव्यहीहे ॥ १७ ॥

**मूलं-सेवां कुर्वन् सदाचारो धर्ममार्गस्थितोऽपि च ।
अविरुद्धवचोवक्ता ह्यविरुद्धकृतिप्रियः ॥ १८ ॥**

शब्दार्थः—सेवाकरिवेवारो, सदाचारवारो, ओर धर्ममार्गमें रह्यो
होय तोहू अविरुद्धवचन कहिवेवारो तथा अविरुद्ध कृतिकों प्रिय करिकें
रहिवेवारो होय ॥ १८ ॥ टीका—पुष्टिमार्गीय वैष्णव श्रीआचार्यजी-
द्वारा निवेदन पायकें पुष्टिमार्गकी रीतिसों आचारसहित भगवत्सेवा
करे आचारहे सो वैष्णवको प्रथम धर्महे तातें आचार विचार पूर्वक
खासा, सेवकी, छुयो, सखडी, अनसखडी, प्रसादी, जूठन, प्रभृतिको

ज्ञान राखे, धर्ममें तत्पर रहे, अपने पुष्टिमार्गीय धर्ममें रहे ओर पापाचरण न करे पुष्टिमार्गतें अविरुद्ध वचन कहे ओर जो कोई पुष्टिमार्गसों अविरुद्ध सुंदर शिक्षा देय ताकों मानिलेय अविरुद्ध (क्रिया) मार्गकी रीतिकी सेवाकूंहि मनमें प्रियजानें ॥ १८ ॥

मूलं-स्वाचार्यमात्रवाक्यैकनिष्ठः सततभावुकः ।
तदीयजनसंसृष्टः सर्वसंगविवर्जितः ॥ १९ ॥

शव्दार्थः–अपने श्रीआचार्यजीके वचन–निवंध, श्रीसुवोधिनीजी, ओर पोडशग्रंथादिकनमें निष्ठावारे, निरंतर भाववारे, भगवदीयसों मिलिवेवारे, ओर दूसरे सर्वसंगतें वर्जित होय ॥ १९ ॥ टीका– एक अपने श्रीवल्लभाचार्यजीके वचनपें निष्ठा राखे इननें किये श्रीसुवोधिनीजी–निवंधादिक–एतन्मार्गीयग्रंथको कहे सुने तामें जो क्रिया भाव कहेहें ताहीमें मन लगायकें ताहीभांति रहेनो ओर जो भगवदीय श्रीआचार्यजीके वचन अनुसार चलतहे श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके वचनमें जिनकी पूर्ण निष्ठाहे, एसेनको संग करे ओर सर्वको त्याग करे. जो एसे भगवदीय मिले तो संग करे नांही तो सर्वसंग छोडिकें भगवत्सेवा स्मरण मार्गरीतिप्रमाण करे परंतु अन्यको संग सर्वथा न करे या भांति वैष्णव रहे तो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीकी कृपातें पुष्टिमार्गको फल पावे ॥ १९ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं विंशतितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभापाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ २० ॥

शिक्षापत्र २१.

अब एकविंशतितमशिक्षापत्रमें लौकिकव्यावृत्तिकों छोडिकेंही सेवा करनी सो बुद्धि दृढ होय तब होय, भगवदीयके संग निरंतर निवेदनके चिंतनतेंही बुद्धि दृढ होय, विपरीतवार्त्ताके श्रवणसों चित्त खेदयुक्त होय ताकी प्रभु उपेक्षा करेहें, यह कालहे सो सत्पुरुषनकी बुद्धिकों हरेहे तासों पुष्टिमार्गीय-भगवदीयनके संग रहेनो यह निरूपणहे उपर कहे ताप्रकार वैष्णव रहे तो फल सिद्ध होय सो कलिकालदोषतें भक्तिमार्गको भाव ओर सत्संग तिरोभूतहे याकों केसें फल होय सो कहतहें.

मूलं-भक्तिमार्गस्तिरोभूतस्तथा संगः सतामपि ।
ततो भावस्य शैथिल्यं तदभावेऽखिलं वृथा ॥१॥

शब्दार्थः-भक्तिमार्ग तिरोभूत होय गयो हे तेसेंही सत्पुरुषनको संगहू तिरोभूत होय गयोहे ताकरिकें भावकी शिथिलता भईहे ओर भावको अभाव भयो तब सकल वृथाहे ॥ १ ॥ टीका-यह महाकठिन कालतें भक्तिमार्ग तिरोभूत भयोहे ओर पुष्टिमार्गीय भगवदीयको संगहू तिरोभूत भयो हे ताकरिकें पुष्टिमार्गको भावहू शिथिल भयोहे सो भावविना सर्व वृथाहे काहेतें जो यहपुष्टिमार्गमें सगरो भावहीहे भावात्मक मार्गहे जितनी क्रिया दीसतहे सो सर्व भावात्मकहीहे ताभावकों तो पुष्टिमार्गमें स्थित होय भगवदीयको संग होय तबही जाने नांही तो केसें जाने? भक्तिमार्गमें अष्टप्रहर केवल प्रभुकोही सुख विचारे अपनो देहसंबंधी सुख रंचकहू न विचारे याभांति सेवा करे सो दुर्लभहे ताकरिकें भाव शिथिल होयरह्योहे तातें भावविना सर्व वृथाहे ॥ १ ॥

मूलं-भक्तिमार्गीयताभावे क्रियामात्रं हि कर्मवत् ।
तत्रापि न मनःस्थैर्यं विक्षेपाद्व्यवहारतः ॥ २ ॥

शब्दार्थः—भक्तिमार्गीयपनेको अभाव होय तब कर्मकीनांई (यह सेवाहू) क्रियामात्रहे तामेंहू व्यवहारसों विक्षेपतें मनकी स्थिरता नांहीहे ॥ २ ॥ टीका—भक्तिमार्गकी रीति यहहे जो अष्टप्रहर भावमें रहे सो तो कहांहे ? परंतु कर्मवत् क्रियाहे जेसें कर्ममार्गीय कर्म करे तहांताई प्रयोजन पाछें कछु नांही तेसेंही सेवासमय न संयोगको सुख भयो के न अनोसरमें विप्रयोग भयो तातें कर्ममार्गवत् क्रिया मात्रहीहे सो कर्मवतहू मनलगायकें नांहीहे तहां सेवामेंहू मन एकाग्र नांही अनेक भांतिके विक्षेप मनमें होतहे नानाभांतिके व्यवहारके तरंग मनमें उठतहे ताकरि मन स्थिर नांही किन्तु विक्षेप पावतहे सो कर्मवत् क्रियामात्रहू भगवत्सेवा नांही बनतहे ॥ २ ॥

मूलं-व्यवहारोऽप्यसिद्धश्चेद्विशेषक्षोभको मतः ।
तदभावे तु गार्हस्थ्यप्रकारैः सेवनं कुतः ॥ ३ ॥

शब्दार्थः—व्यवहारहू सिद्ध न भयो तब विशेषक्षोभ करिवेवारो होयहे काहेतें जो व्यवहारको अभाव होय तब गृहस्थाश्रमके प्रकारसों सेवन कैसें होय ? ॥ ३ ॥ टीका—भगवत्सेवामें व्यवहारके तरंग उठतहे सो व्यवहारहू सिद्ध न होय तब मनमें ओर अधिकक्षोभ होतहे धीरज छूटिजातहे तब गृहस्थको भाव केसें रहे ? ओर भगवत्सेवाहू केसें करे ? तातें यह पुष्टिमार्गतो भावात्मक सर्वोपरिहे ओर जीव तुच्छहे यह काल महाकठिनहे सेवाकरतमें व्यवहारको स्मरण स्वतः कालदोषतें होयहे सो व्यवहार खाली परे सिद्ध न होय तब धीरज केसें रहे ? मनमें अतिहीं दुःख पावे तब लौकिकचिंतातें मनमें भगवद्भाव केसें रहे? ओर गृहस्थाश्रममें सबहीं (लौकिक, वैदिक, कुटुंबको

भरणपोषण, इत्यादिक सब) मार्थेहे सो करनो ओर भगवत्सेवा केसें करे ? मनतो चिंताने आय ग्रस्योहे तहां कोई कहे जो व्यवहार मति करो प्रभु तो सर्वसामर्थ्यवान् हे लौकिक वैदिक सर्वकार्य सिद्ध करेंगे तुम भगवत्सेवा मनलगायके करो याभांति कोई कहे तहां आगें कहतहे ॥३॥

मूलं-व्यावृत्यभावपक्षस्तु बुद्ध्यदार्ढ्यात्सुदुर्लभः ।
बुद्धिदार्ढ्यं तु सततं निवेदनविचिंतनैः ॥ ४ ॥

शब्दार्थः-व्यावृत्तिके अभावको पक्ष (लौकिकवैदिक छोडिवेको पक्ष) बुद्धिकी दृढता नांही हे तासों अत्यंत दुर्लभहे ओर बुद्धिकी दृढता तो निरंतर निवेदनके विशेष चिंतनकरिके होय ॥४॥ टीका-व्यावृत्तिको अभाव केसें करे ? यद्यपि अव्यावृत्त होय भगवत्सेवा करे सो तो सर्वोपरि हे परंतु एसी बुद्धि उत्कृष्ट नांहीहे याभांति याकालमें प्रभुको पूर्ण विश्वास तो दुर्लभहें तातें पूर्ण विश्वास विना अव्यावृत्त होय तो वहुतही दुःख पावे श्रीठाकुरजीमें दोषबुद्धि होयजाय में इनके आश्रय सेवा करतहों ओर मेरो लौकिकहू नांही सिद्ध करतहें याभांति होय तो अनर्थ होय दासभाव जात रहे तातें अव्यावृत्त केसें होय ? एसी तीव्र उत्तम बुद्धि नांहीहे पूर्ण विश्वास तो दुर्लभहे, तहां कोई कहे जो बुद्धि उत्तम होय पूर्णविश्वास जाभांति होय सोहि कार्य करो तहां कहे जो बुद्धि उत्तम ओर पूर्णविश्वास तो तब होय जब अष्टप्रहर निवेदनको चिंतन करे अष्टाक्षर ओर शरणकी भावना करे गद्यमें कहा निवेदन कियोहे ? अब केसी क्रिया करतहों ? कितनें दिनको भूल्योहों ? सो अब श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीद्वारा संबंध भयोहे प्रभु केसेहें ? जीव केसोहे ? जीवकों कोनप्रकार दासत्व करनोहे ? याभांति, पंचाक्षरमें प्रभुही गतिहे याभांति निवेदनको चिंतन होय बुद्धि प्रबल उत्तमहोय तब विश्वास संपूर्ण होय । अब निवेदनको चिंतन करिवेको प्रकार कहत हे ॥ ४ ॥

मूलं-तत्रापि सहभावस्तु सतामेव निरूपितः ।
ते दुर्लभा दूरगाश्च ततो बुद्धिर्न तादृशी ॥ ५ ॥

शब्दार्थः—तामें (निवेदनके चिंतनमें) हू सत्पुरुष (भगवदीय)-कोही संग तो निरूपण कियो हे सो भगवदीय दुर्लभ ओर दूरि रहत हे तासों एसी उत्तम बुद्धि नांही हे ॥ ५ ॥ टीका—निवेदनको चिंतन अपनी बुद्धितें नांही होयसकतहे सो नवरत्न-ग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी निरूपण कियेहे " निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः " (निवेदन तो निश्चय तादृशीयजनके संग स्मरण करिवेयोग्य हे) तातें निवेदनको चिंतन भावसहित तादृशीय पुष्टिमार्गीय भगवदीयसों मिलिकें करे तव भाव सिद्ध होय, तहां कोई कहे जो भगवदीयसों मिलिकें निवेदनको चिंतन करिलेउ तहां कहतहे पुष्टिमार्गीय भगवदीय मिलनें वोहोतही दुर्लभ हे कहूंहे सो दूरिहे तिनको संग कोन भांतिसों होय ? उन भगवदीयन-के संग विना एसी बुद्धि केसें होय ? ॥ ५ ॥

मूलं-स्थिताऽपि शीर्यते नित्यं पोषकाभावतो मम ।
खिन्नं च जायते चित्तं वार्त्ताश्रवणतोऽन्यथा ॥ ६ ॥

शब्दार्थः—मेरी बुद्धि स्थित हे [अथवा ' स्थितोपि ' एसो पाठ होय तो भाव स्थितहे) तोहू पोषणकरिवेवारेके अभावसों शिथिल होय-जायहे ओर अन्यथावार्त्ता सुनिके चित्त खेदयुक्त होय हे ॥ ६ ॥ टीका—ओर भाव वढे सो तो परम दुर्लभ हे परंतु कछुक भाव आगेतें हृदयमें स्थित हे सोहू क्षीण होतहे दिनदिन घटत जातहे काहेतें जो पोषकको अभाव हे भगवदीयको मिलाप होय तो भावको पोषण होय भाव वढे सो सत्संग विना भाव शिथिल होतहे ओर लौकिक मनुष्य-

नको संग आयवन्योहे सो अनेकप्रकारकी लौकिक वार्त्ता कहनी परतहे ओर अन्यथा–लौकिकवार्त्ताश्रवणतें चित्तकों महा खेद होयरह्योहे अहर्निश अन्यवार्त्ता अन्यश्रवण मेरे कर्णमें होतहे सो में किनसों कहूं एसो मनमें खेद होतहे ॥ ६ ॥

मूलं--श्रुतोत्तमप्रकाराश्च भगवन्मानसा अपि ।
अस्मदीया लौकिकेषु प्रतिष्ठामात्रसाधकाः॥७॥
चित्तव्ययं प्रकुर्वंति वृथा देहं च तद्गतम् ।
भगवन्मार्गनिष्ठा तु लोकनिष्ठाविरोधिनी॥ ८॥

शब्दार्थः–भगवानमें मनवारे एसे हमारे जो उत्तम प्रकार सुनिनेवारे हे सोहू लौकिकमें प्रतिष्ठामात्र सिद्ध करिवेवारेहे ॥ ७ ॥ चित्तकों ओरजगे लेजातहे ओर देहकों तामें प्राप्त करे हे काहेतें जो भगवन्मार्गकी निष्ठाहे सो लौकिककी निष्ठासों विरुद्धहे ॥ ८ ॥ टीका–याभांति में मनमें दुःखीहों भगवद्भाव दिनदिन शिथिल होतहे ओर में अपनें श्रवणतें उत्तमप्रकार (अपनी वडाई) सुनतहों कोई कहतहे जो अष्टप्रहर ईनको मन भगवानमें लग्यो रहतहे इत्यादि अनेक वडाई में अपनी श्रुतितें सुनतहों ताकरिकें कहा सिद्धिहे लौकिकमें प्रतिष्ठा भई सो प्रतिष्ठामात्रकी साधक भई लौकिकमें यह फल भयो ओरकछु दीसत नांही तव यह प्रतिष्ठातें मेरो कार्य कहा सिद्ध होतहे? यह प्रतिष्ठा भगवद्भावमें वाधकहे ॥ ७ ॥ सो आगें निरूपण करतहें जो यह चित्त भगवानके चरणारविंदमें न लगे ओर यह मनुष्यदेह इंद्रिय भगवानमें विनियुक्त न भई सो वृथाजातहे सो एकादशस्कंधमें राजा जनक कहेहें "दुर्लभो मानुषो देहो देहिनां क्षणभंगुरः" (देही (जीव)को यह मनुष्यदेह दुर्लभ ओर क्षणमें नाशहोय एसोहे) सो वृथा जातहे ओर सप्तमस्कंधमें प्रह्लादजी कहतहे "कौमारआचरेत्प्राज्ञो धर्मान्

भागवतानिह । दुर्लभं मानुषं जन्म तदप्यध्रुवमर्थदम् (बुद्धिमान् कुमार अवस्थामें यह संसारमें भगवद्धर्मको आचरण करे काहेतें जो मनुष्यजन्म महादुर्लभहे सोहू निश्चल नांहीहे ओर पुरुपार्थकों देवेवारोहे) इत्यादि वचनसों जान्योजातहे जो मनुष्यदेह महादुर्लभहे क्षणमें याको नाशहे तातें भगवानको दर्शन सेवा परमदुर्लभहे सो वने तो आछो यह कौमारअवस्था भगवद्धर्मकरणयोग्यहे तातें भगवद्विनियोगविना देह यौवन सर्व वृथाहे ओर भगवन्मार्गकी निष्ठाहे सो लोकनिष्ठाविरोधिनीहे काहेतें जो अपनी वडाई सुनिके आनंद मानी वडो जाने सो भगवानकों वुरी लगे मद होय तो भगवान् हृदयमेंतें जातरहे तातें यहलोगनकी वडाई हे सो भगवद्धर्मकी निश्चय विरोधिनीहे ॥८॥

मूलं–संसारवैरी कृष्णोऽपि मूढानेतानुपेक्षते ।
कालः सतामपि हरत्यसौ संप्रति सन्मतिम् ॥९॥

शब्दार्थः–संसार [अहंताममतात्मक] के वैरी श्रीकृष्णहू एसे मूढ संसारासक्तनकी उपेक्षा करेहें ओर यहकाल यासमयमें सत्पुरुपकीहू सुंदरमतिकों हरतहे ॥ ९ ॥ टीका–संसारवैरी यह श्रीकृष्णको नामहे जहां श्रीकृष्ण हृदयमें आवे तहां संसार नाश करे निश्चय वासों लौकिक देहसंवंधी न वने सो यह जीव अज्ञानीहे श्रीकृष्णकों चाहतहे ओर संसारहूकी अपेक्षा करतहे संसार होयगो तहांताई श्रीकृष्ण कहां? जव श्रीकृष्ण कृपाकरेंगे तव [अहंताममतात्मक] संसार कहां ? सो यह कालदोपतें प्रभुको ज्ञान नांही होतहे एसो काल कठिन आयोहे जो सत्प्राणीहूकी मति जो वुद्धि ताहूको हरिलेतहे तातें वारंवार संसारकी अपेक्षा राखतहे यद्यपि संसारकों तुच्छ जानतहे ओर भगवानको गुणहू संसारनाशकहे यहही जानतहे तोहू यह कालकरि सत्पुरुपनकी वुद्धि हीन होय जायहे ॥ ९ ॥

मूलं-कालदोषनिराकर्त्ता न संगोऽस्ति सतामपि ।
अतः स्थेयं सावधानैः समस्तैर्मार्गवर्त्तिभिः ॥१०॥

शब्दार्थः--कालदोषकों मिटायवेवारो सत्पुरुषनको संग नांही हे तासों समस्त पुष्टिमार्गीय वैष्णव सावधान रहियो ॥१०॥ टीका--अब श्रीहरिरायजी सगरे पुष्टिमार्गीय वैष्णवनकों शिक्षा देत हैं जो सावधान रहियो कालदोष हे सो महादुष्ट हे सर्व धर्ममें प्रतिबंधक हे सो मेंहू यह कालदोषको नाश नांही करिसकतहों काहेतें जो सत्संग नांही मिलतहे जो भगवदीयको संग मिले तो कालदोष वाधा न करे सो सत्संग दुर्लभहे तातें हे वैष्णव ! तुम समस्त क्षणक्षणमें सावधान रहियो यह पुष्टिमार्ग सर्वोपरिहे तामार्गमें तुम स्थितहो सो दुःसंगतें वचे रहियो भगवदीयकों संग करियो ओर श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणकमलकों अपने चित्तमें धरियो ॥ १० ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतमेकविंशातितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ २१ ॥

शिक्षापत्र २२.

अब द्वाविंशशिक्षापत्रमें यह पुष्टिमार्गमें अपनो भावहे सो साधनहे ओर भावात्मा भगवान्हे सो प्रमेय ओर फलरूपहे तामों निधिरूप भावकी रक्षा करनी ओर इनमों विरुद्ध होय ताको त्याग करनो हरिकृष्णनामके वैष्णवको चित्त अतिशुद्धहे तातें इनकी उपर कृपाराशिके-

इनको संग करनो यह निरूपणहे। उपर कहे जो सत्संगविना यह जीव कालदोप दूरि नांही करिसकतहे तातें समस्त वैष्णव सावधान रहियो काहेतें जो यह भावात्मक मार्गहे ताको प्रकार आगें कहतहे-

मूलं-भावोऽत्र साधनं मार्गे प्रमेयं भगवान् हि सः ।
प्रमाणं कृष्णसेवादौ (सेवादिः) स एव च फलं पुनः ॥१॥

शब्दार्थः-यह पुष्टिमार्गमें भावहे सो साधनहे प्रमेय सोही भगवान् हे प्रथम श्रीकृष्णकी सेवा प्रमाणरूपहे ओर फेरि सोहि फलरूपहे अथवा श्रीकृष्णकी सेवा आदि जो कार्यहे सो प्रमाणहे ओर फेरि सोहि फलरूपहे ॥ १ ॥ टीका-यह पुष्टिमार्गमें भाव सोई सर्वोपरि साधनहे भगवानको प्रमेयवल फल हे श्रीठाकुरजीहू फलात्मक भावरूप प्रमेयरूपहे यह पुष्टिमार्गमें यह प्रमाण नांही जो इतनी सेवातें फल होय जव प्रमेय वल विचारे ताहीक्षण फलदानहोय तातें श्रीकृष्णकी सेवाहे सोई प्रमाण ओर सोई फलरूपहे ज्ञानमार्ग तथा कर्ममार्गमें साधन तथा फल न्यारो न्यारो हे फल पाये पीछे साधन न करे सो यह पुष्टिमार्गमें नांही हे साधनहूमें श्रीकृष्णकी सेवा ओर फलहूमें श्रीकृष्णकी सेवा हे तातें फलरूप जानि सेवा कर्त्तव्य हे श्रीकृष्णकी सेवा उपरांत ओर फल कहा हे? सो नवमस्कंधमें श्रीभगवान कहेहें " मत्सेवया प्रतीतं च सालोक्यादिचतुष्टयम् । नेच्छंति सेवया पूर्णाः कुतोऽन्यत्कालविप्लुतम्" (मेरी सेवातें प्रतीयमान सालोक्यादि चतुर्विधमोक्षकों मेरी सेवातें पूर्ण मेरे भक्त नांही इच्छतहें सो कालमें डूवे एसें राज्यादिककों कहांतें चाहें?) एसे भक्त मेरी सेवामें विश्वास किये हे जो चारों प्रकारकी मुक्तिकोंहू नांही चाहतहें सेवाहीकरि पूर्णहे सो मुक्तिकोंहू वाधकरूप जानि नांही चाहतहें तिनकों ओर कहा नांही वाधकहे तातें प्रमाणहू कृष्णसेवा ओर फलहू कृष्णसेवाहे ॥ १ ॥

मूलं-तस्मात् स एव संरक्ष्यो निधिरूपस्तु सर्वथा ।
यत्तद्विरुद्धं तत्सर्वं ज्ञात्वा ज्ञात्वा निवर्त्तयेत् ॥ २ ॥

शब्दार्थः-तासों यह निधिरूप भावही सर्वथा सम्यक्प्रकारसों रक्षा करिवेयोग्यहे ओर जो तासों विरुद्धहे सो सर्व जानि जानिकें निवृत्त करे ॥ २ ॥ टीका-तातें निधिरूप श्रीकृष्णहे तेसेंही निधिरूप भगवद्भावकों जानि लौकिक दुःसंगतें निश्चय रक्षा कर्त्तव्यहे यह पुष्टिमार्गकूं जो अनुकूल होय ताको संग्रह ओर प्रतिकूल होय ताको त्याग करनों येही श्रीआचार्यजीकी आज्ञाहे ॥ २ ॥

मूलं-हरिकृष्णे यथापूर्वं स्नेहः स्थाप्यो विशेषतः ।
गोष्ठी च तादृशैः [तादृशि] कार्या ध्रुवमस्मत्प्रयत्नतः ३

शब्दार्थः-हरिकृष्णनामके वैष्णवर्पे प्रथमकीनांई विशेषसों स्नेह स्थापन करनो ओर गोष्ठी (स्नेहसहित वार्त्ता) तेसेंके संग अथवा तेसी अपने प्रयतनसों निश्चय करनी ॥ ३ ॥ टीका-हरिकृष्णमें प्रथमकीनांई स्नेह स्थापन करनो पुष्टिमार्गीय तादृशीय वैष्णव होय तिनहीसों गोष्ठी प्रयत्नकरिकें करे उनसों मिलिकें पुष्टिमार्गको भाव विचारे तो हृदयमें भगवद्भाव अचल होय तातें अवश्य भगवदीयको संग कर्त्तव्यहे ॥ ३ ॥

मूलं-एतस्यांतःस्थितिः प्रायः समीचीनाऽवलोक्यते ।
नान्यच्च लौकिकं चित्ते विचार्यमिह सर्वथा ॥४॥

शब्दार्थः-इनकी (हरिकृष्णकी) वोहोतकरिकें अंतःस्थिति (अंतर्मुखता) दीखवेमें आवतहे तासों इनको संग करनो ओर चित्तमें इहां अन्य लौकिक सर्वथा नांही विचारनो ॥ ४ ॥ टीका-भगवदीयके संग नित्य गोष्ठी करतकरतं अंतःकरणमें भावकी सिद्धि

होय तव हृदयमें सदा भगवान् स्थितहे तिनको दर्शन होय तव यह जीवको चित्त लौकिकमें सर्वथा न लगे नानाप्रकारके लौकिक विचार, मिथ्याध्यान, मिथ्याक्रिया, मिथ्यावाणी सव निश्चय छूटिजाय ॥ ४ ॥

मूलं–विशेषस्तु समग्रेऽपि भांडागारिकपत्रतः ।
विज्ञेयः सर्वथा शीघ्रं लिख्यतां च तदुत्तरम् ॥५॥

शब्दार्थः–विशेष तो सर्वसमाचारहू भंडारिकें पत्रसों जानने ओर इनको उत्तर शीघ्र निश्चय लिखनो ॥ ५ ॥ टीका–विशेषसमाचार भंडारिके पत्रतें जानोगे पत्रवांचिकें सर्वथा वेगही प्रति उत्तर लिखोगे ॥ ५ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं द्वाविंशतितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषा-टीकासमेतं समाप्तम् ॥ २२ ॥

शिक्षापत्र २३.

अव त्रयोविंशशिक्षापत्रमें लौकिकदुःख हृदयमें न धरनो, अलौकिकमें चिंता न करनी, वहिर्मुखता न राखनी, वहिर्मुखतानिवृत्तिके प्रकार, (श्रीभागवतको पाठ तथा अर्थश्रवण, वैष्णवके संग निवेदनको स्मरण, सदा भगवन्नामग्रहण, सदाशरणभावना,) अष्टाक्षरको उच्चारण राखनो, पंचाक्षरमंत्रकरिकें तदीयत्वभावना करनी, वैराग्य ओर संतोष

१ विश्रमपत्रके प्रथमश्लोकके टीप्पणमुजब श्रीगोपेश्वरजीके पत्र आयवेलगे तव श्रीहरिरायजीने लिखि जो उत्तर वेगि लिखोगे जवतांई पत्र नांही आवते तवतांई उत्तर लिखिवेकी नांही लिखते.

राखनो, यह निरूपणहे ! उपर कहे भगवदीयसंग गोष्ठी कियेतें हृदयमें भाव सिद्ध होय तव हृदयमें प्रभुकों देखें तव लौकिक विचारमें चित्त न जाय परंतु हृदयमेंतें चिंता न छूटे तहांतांई भाव केसें आवे ? सो सर्व प्रकार आगें निरूपण करतहें-

मूलं--भवंतः श्रुतसिद्धांताः कथं मुह्यंति लौकिके ।
अलौकिके तु चिंता या विषयाभावतो न सा॥१॥

शव्दार्थः-श्रीहरिरायजी लिखतहे जो सुन्योहे सिद्धांत जिनने एसे तुमहो सो लौकिकमें क्यों मोह पावतहो ? ओर अलौकिकमें जो चिंताहे सो तो विषयके अभावसों नांहीहे ॥ १ ॥ टीका-अव श्रीहरिरायजी लिखतहे जो तुम श्रुति, स्मृति, वेद, पुराण, श्रीभागवत, सर्वके सिद्धांतकों जानतहो सो यह लौकिकमें मोह काहेकों पावतहो यह तुमकों उचित नांही हे अव में तुमकों सिद्धांत कहतहों सो चित्त लगायकें सुनियो. जहांतांई लौकिकविषय हृदयमेंतें नांही जात हे तहांतांई अलौकिक भाव हृदयमें नांही रहत हे तातें क्षणक्षणमें चिंता होत हे, जव हृदयतें विषयको अभाव होय तव वह चिंता नांही होत-हे सो अपने पुष्टिमार्गमें लौकिक अलौकिक दोउ चिंता नांही कर्त्तव्य हे ॥ १ ॥

मूलं-यतःसर्वसमर्थोऽस्मत्प्रभुः सर्वं करोति हि ।
पितेव (पतिवत्) निजदासानामैहिकं पारलौकिकम् २

शव्दार्थः-जासों अपने प्रभु सर्व समर्थहे सो पिताकीनांई अथवा पतिकीनांई अपने दासनकों लौकिक और पारलौकिक दोउ सिद्ध करें-गे ॥२॥ टीका-श्रीकृष्ण अपने प्रभु सर्वसामर्थ्ययुक्तहे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "कर्त्तुं पुनरथाकर्त्तुमन्यथाकर्त्तुमीश्वरे । सामर्थ्यं यन्मया दृष्टं त्वय्येवातो न संशयः" (ईश्वर एसे जो तुम तिनमेंही करवेको,

न करवेको ओर विपरीत करिवेको सामर्थ्य जो देख्यो तातें मोकों संशय नांही) श्रीकृष्ण कर्त्तुं, अकर्त्तुं, अन्यथाकर्त्तुं, सर्वसामर्थ्ययुक्तहे सो प्रभु लौकिक, अलौकिक सर्व सिद्ध करे तातें भगवदीयकों चिंता नांही कर्त्तव्यहे सो दृष्टांत कहत हे जेसें लौकिकमें अपने पिता पुत्रकी रक्षा करे तेसें प्रभु अपने निजदासनको लौकिक, अलौकिक, सर्व सिद्ध करेंगे यह निश्चय जाननो ॥ २ ॥

मूलं-अत एवास्मदाचार्यवचनं वै विराजते ।
'भगवानपि पुष्टिस्थो न करिष्यति लौकिकीं च गतिम्'

शब्दार्थः—तासोंही 'भगवान् हू पुष्टिमार्गमें विराजमानहे सो लौकिकगति नांही करेंगे " यह श्रीमदाचार्यजीको वचन निश्चय विराजित हे ॥ ३ ॥ टीका—पुष्टिमार्गीय वैष्णवकों चिंता नांही कर्त्तव्यहे एसे अपने श्रीआचार्यजीके वचनामृत विराजत हे जो उत्तरार्द्धहे आर्यावृत्तसों लिख्योहे सो नवरत्नग्रंथके प्रथमश्लोकको उत्तरार्द्धहे सो वचनतें यह पुष्टिमार्गमें भगवान् साक्षात् विराजमान हे सो अपने निवेदनीय जीवकी लौकिकगति कवहू न करेंगे यह विचार वैष्णव निश्चय मनमें राखे तातें यह पुष्टिमार्गसमान ओर दूसरो कोउ मार्ग नांही हे जामें शरण आये पाछें लौकिकगति कवहू न होय तहां कोउ कहे जो वैराग्यकरि लौकिक गति न होय परंतु लौकिकमें रहे, सगरो लौकिक कार्य करे तिनकों लौकिक गति केसें न होय ? तहां कहतहे ॥ ३ ॥

मूलं-मर्यादामार्गवैराग्याद्यभावेऽपि गतिः सताम् ।
चिंतासंतानहंतारोऽप्याचार्यपदरेणवः ॥ ४ ॥

शब्दार्थः—पुष्टिमार्गीय वैष्णवकों मर्यादामार्गके वैराग्यादिक साधनको अभाव होय तोहू सत्पुरुषकी गति होय ओर चिंताके

विस्तारकों मिटायवेवारी श्रीआचार्यजीके चरणारविंदकी रजहू (अपनेपें विराजमान) हे ॥ ४ ॥ टीका—मर्यादामार्गकी यह रीतिहे जो ज्ञान-वैराग्यकरिकें गति होय. जितनो साधन जीव करे तितनी उत्तमगति वाकों मिले ज्ञानमार्ग करि सत्य लोक (ब्रह्माके लोक) में जात हे यह मर्यादामार्ग (प्रमाणमार्ग) की रीति हे ओर यह पुष्टिमार्गमें प्रमेयतें फल हे साधनतें फल नांही होतहे सो श्रीभागवतएकादश-स्कंधमें भगवान् कहेहें " केवलनैव भावेन गोप्यो गावो मृगाः खगाः । येऽन्ये मूढधियो नागाः सिद्धा मामीयुरंजसा " [केवल भावकरिकेंही गोपीजन, गायें, मृग, पक्षी, ओर जो अन्य मूढबुद्धिवारे नाग सो सिद्ध होय विनाश्रम मोकों प्राप्त भये] ब्रजमें श्रीकृष्णभगवान् निःसाधनहे तासों प्रभु अपने प्रमेयवलतें फलदान कियेहें तेसेंही यह पुष्टिमार्गमें श्रीकृष्ण विराजतहे सो साधनकी अपेक्षा नांही राखतहें स्वतः प्रमेय-वलतें निश्चय फलदान करेंगे तातें पुष्टिमार्गीय वैष्णवकों लौकिक अलौकिक चिंता कवहू नांही कर्त्तव्यहे सो नवरत्नग्रंथमें श्रीआचार्यजी-महाप्रभुजी कहेहें " चिंता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापि " (निवेदन कियो हे आत्मा जिनने एसे वैष्णवनकों कवहू कछुहू चिंता नांही कर्त्तव्य हे) निवेदन कियो ताजीवकों चिंता नांही कर्त्तव्य हे ओर श्रीगुसांईजीनें नवरत्नकी टीकामें मंगलाचरण कियो हे "चिंता-संतानहंतारो यत्पादांवुजरेणवः । स्वीयानां तान्निजाचार्यान् प्रणमामि मुहुर्मुहुः " [अपने भक्तनके चिंताके विस्तारकों मिटायवेवारी जिनके चरणारविंदकी रेणुहें इन अपने श्रीआचार्यजीकों वारंवार प्रणाम करूंहूं] श्रीआचार्यजीके चरणकमलकी रेणुके प्रसादतें सगरी चिंताको आपुतें नाश होतहे एसे श्रीआचार्यजीके चरणकमलकों में वारंवार नमस्कार करतहों ॥ ४ ॥

मूलं–अतस्तदीयाः किं भ्रान्ताश्चिंता विदधते जनाः।
ज्ञानिनोऽपि न वै दुःखं चित्ते दधति लौकिकम्॥५॥
सेवारसादिरहिताश्चित्रं भक्ताः कथं तथा।
यैः स्वरूपस्य सेवायां दर्शनस्पर्शनादिकम् ॥६॥
अनुभूतं सदा तेषां चित्तं दुःखयुतं कथम्।
परमानंदसंबंधे दुःखं तिष्ठति नैव हि ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–तासों श्रीआचार्यजीके शरण आये एसे भगवदीयजन क्यों भ्रांत भयेहें जो चिंता करतहें सेवासुखके अनुभवकरिकें रहित एसे ज्ञानिजनहू चित्तमें लौकिकदुःखको नांही धरेहें तव सेवासुखसहित भक्त चित्तमें लौकिकदुःख क्यों धरतहें? यह आश्चर्यहे जिननें स्वरूपकी सेवामें दर्शन चरणस्पर्शादिकको सदा अनुभव कियो हे तिनको चित्त दुःखयुक्त केसें होय? काहेतें जो परमानंदरूप श्रीकृष्णके संबंधमें निश्चय दुःख नांही रहतहे ॥ ५ ॥ ६ ॥ ७ ॥ टीका–एसे पुष्टिमार्गीय वैष्णव श्रीआचार्यजीके सेवक तदीय भ्रांत होय चिंतामें क्यों परेहें? काहेतें जो ज्ञानमार्गमें जीवहे सोहू लौकिकदुःख मनमें नांही धरतहें उनहूके चित्तकों लौकिकदुःखाग्नि नांही दहतहें तव यह तो पुष्टिमार्गहे जहां श्रीआचार्यजीद्वारा भगवानसों संवंध भयोहे सो अज्ञानकरिकें चिंतामें जरतहें सो चिंता न करनी प्रभु सर्व सामर्थ्ययुक्तहें ॥ ५ ॥ एसे पुष्टिमार्गीय वैष्णव श्रीकृष्णकी सेवारसविना क्यों रहतहें? ज्ञानीकों सेवारसको ज्ञान नांही सोहू चिंता नांही करतहे तो यह तो साक्षात् श्रीकृष्णके स्वरूपकी सेवा करत हे दर्शन करत हे चरणस्पर्श करत हे तोहू चित्तमें भगवद्रसके अनुभव करि रहित क्यों रहत हे? तातें यह जान्यों जात हे जो चिंता चित्तमें भरी हे तातें रसको अनुभव नांही होत हे ॥ ६ ॥

एसो पुष्टिमार्ग हे जामें भावात्मक सर्व पदार्थको अनुभव हे तिनकों चित्तमें दुःख क्यों होतहे ? सो लौकिक चिंताहितें अज्ञान करि दुःखीहे भावात्मक रसको अनुभव नांही होत हे ओर श्रीकृष्ण परमानंदरूप फलात्मकको संबंध श्रीआचार्यजीद्वारा भयो हे एसे निवेदनीय वैष्णवके हृदयमें दुःख केसें ठहरत हे? सो अज्ञान करि लौकिक चिंतातें दुःखी होत हे ॥ ७ ॥

मूलं-पित्रादयस्तुसर्वेऽपि संबंधाद्दुःखहेतवः (संबंधाय स्वहेतवः)। बहिर्मुखजनस्यैव बाहिर्मुख्यं ततस्त्यजेत् ८

शब्दार्थः-पिता, स्त्री, पुत्रादिक सर्वहू बहिर्मुखजनकोंही संबंध सो दुःखके कारणरूपहे (अथवा संबंधके लिये बहिर्मुखकों अपने कारणरूप हे) तासों बहिर्मुखताको त्याग करे ॥ ८ ॥ टीका-लौकिकमें पिता हे सो अपने पुत्रकों सर्वस्व देतहे तासों प्रिय लागत हे तेसें स्त्रीपुत्रादिकहू अपने लिये प्रिय लागतहे परंतु यह पुष्टिमार्गमें श्रीकृष्णसों साक्षात् संबंध भयो हे तहां सर्व वस्तु सिद्ध हे तोहू अज्ञानकरिके चिंताकरि पित्रादिकसों लौकिकके अर्थ स्नेहकरि बहिर्मुखता करतहें अपनो (श्रीकृष्णसों भयो एसो)संबंध विचारे तो बहिर्मुखताको त्याग होय॥८॥

मूलं-बहिर्मुखस्य बाधंते दोषा दैहिकमानसाः ।
क्षीणधातोरिवार्त्तस्य रोगा वातिकपैत्तिकाः ॥९॥

शब्दार्थः-जेसें क्षीणधातु रोगी होय तिनकों वायुके तथा पित्तके रोग बाधा करे तेसें बहिर्मुखको देहसंबंधी ओर मनसंबंधी दोष बाधा करतहे ॥ ९ ॥ टीका-वैष्णवकों बहिर्मुखको संग बाधकहे संगतें दैहिकदोष मानसदोष निश्चयही आयलागे सो दृष्टांत कहतहे जो

१ मोको पितासों, स्त्रीसों, पुत्रसों कार्य सिद्धहोतहे एसे बहिर्मुखकों भ्रान होतहे.

रोगी होय ताकी धातु क्षीण होय तिनकों वायु पित्त सर्व आयग्रसें या भांति वहिर्मुखको संग होय तिनकों सव दोष आय लगे ॥ ९ ॥

मूलं–तन्निवृत्तिस्तु संपाद्या सतां संगेन सेवया ।
श्रीभागवतपाठेन तदर्थश्रवणादपि ॥ १० ॥

शव्दार्थः–इनकी निवृत्ति तो सत्पुरुषनके संगतें तथा सेवातें संपादन करनी ओर श्रीभागवतके पाठसों तथा इनके अर्थश्रवणसोंहू वहिर्मुखताकी निवृत्ति करनी ॥ १० ॥ टीका–जेसें रोगी सुंदर औषध खाय तो वाको रोग जाय तेसेंही तादृशीय भगवदीयको वैष्णव संग करे, उनकी सेवा करे तो वहिर्मुखता जाय. भगवदीयके संगतें दैहिक, मानसिक सर्व दोष दूरि होय, तहां कोई संदेह करे जो तादृशीय वैष्णव मिलने दुर्लभ हे सो न मिले तो कहा करे ? तहां कहतहें जो श्रीभागवतको पाठ करे काहेतें जो श्रीभागवत श्रीकृष्ण-हीको स्वरूप हे ओर श्रीभागवतके पाठको अभ्यास न होय तो पुष्टि-मार्गीय भगवदीयके मुखतें श्रवण करे तो सर्व दोष जाय ॥ १० ॥

मूलं–निवेदनस्मरणतः सद्भिः सह कथादिभिः ।
सदा नामग्रहणतः सदा शरणभावनात् ॥ ११ ॥

शव्दार्थः–निवेदनके स्मरणसों, सत्पुरुषनके संग कथादिकरिकें, सदा भगवन्नामग्रहणसों, सदा शरणकी भावनासों, चिंता निवृत्त होतहे एसे चतुर्दश श्लोकमें संवंध हे ॥ ११ ॥ टीका–जो श्रीभागवत श्रवणकरिवेको संयोग न वनी आवे तो अहर्निश निवेदनको स्मरण कियोकरे तथा सदा भगवदीयके मुखतें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी, श्रीगुसांईजीके ग्रंथनकी कथा सुने, येहू न वने तो सदा श्रीकृष्णके नामको स्मरण करे परंतु नामहूको स्मरण यह जीवकों दुर्लभ हे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें " त्वन्नामोच्चारणेऽप्यस्ति न जीवेष्वा-

धिकारिता । अलौकिकत्वात्वन्नाम्नस्तद्वाचो लौकिकत्वतः ” (श्रीगुसांईजी.श्रीगोवर्द्धननाथजीसों कहतहैं जो तुह्मारे नामकोहू उच्चारण करिवेकी योग्यता जीवमें नांहीहे काहेतें जो तुह्मारो नाम तो महा अलौकिकहे सो जीवकी लौकिकवाणीतें केसें लियो जाय?) तासूं नामहू न वनिआवे तो शरणकी भावना करे सो विवेकधैर्याश्रयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें “ ऐहिके पारलोके च सर्वथा शरणं हरिः । दुःखहानौ तथा पापे भये कामाद्यपूरणे ॥ भक्तद्रोहे भक्त्यभावे भक्तैश्चातिक्रमे कृते । अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वार्थे शरणं हरिः ” (यहलोकमें तथा परलोकमें निश्चय हरि शरणहें. दुःखकी हानिमें, तथा पापमें, भयमें, कामादिक अपूर्ण होय तहां, भक्तकृतद्रोहमें अथवा भक्तको द्रोह होयजाय तहां, भक्तिके अभावमें, ओर भक्त अतिक्रम करे तहां, अशक्यमें तथा सुशक्यमें, सर्व अर्थमें हरि शरणहें) इत्यादि वचनके अनुसार शरणकी भावना करे ॥ ११ ॥

मूलं—अष्टाक्षरमहामंत्रकीर्त्तनेन विशेषतः ।
पंचाक्षरेण मंत्रेण तदीयत्वविभावनात् ॥ १२ ॥

शब्दार्थः—अष्टाक्षर महामंत्रके कीर्तनकरिकें, विशेषसों पंचाक्षरमंत्रकरिकें तदीयपनेके विशेषभावनसों चिंता निवृत्त होतहे ॥ १२ ॥

टीका—अष्टाक्षर महामंत्रहे “ श्रीकृष्णः शरणं मम ” येही मंत्रको अष्टप्रहर पुकारिकें कीर्त्तन करे तो सर्व सिद्ध होय सो द्वादशस्कंधमें श्रीशुकदेवजी कहेहें “कलेर्दोषनिधे राजन्नस्ति ह्येको महान् गुणः । कीर्त्तनादेव कृष्णस्य मुक्तवंधः परं व्रजेत्” (यद्यपि कलियुग दोषनिधिहे परंतु तामें एक वडो गुणहे जो श्रीकृष्णके नामको कीर्त्तन जो करतहे सो यहकालवंधनतें छूटिजातहे) तातें अष्टाक्षरमंत्रको कीर्त्तन करे तथा पंचाक्षरमंत्रकी भावना तदीयहोयकें तदीयके संग मिलिकें करे.

श्रीआचार्यजीमहाप्रभु नवरत्नमें कहेहें " निवेदनं तु स्मर्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः " [सर्वथा तादृशीय वैष्णवजनके संग निवेदन तो स्मरण करिवेयोग्यहे] भगवदीयके संगविना पंचाक्षरभाव प्रकट न होय तातें निवेदनके स्मरणमें भगवदीयकी अपेक्षाहे ॥ १२ ॥

मूलं–वैराग्यपरितोषाभ्यां कृष्णसन्निहितस्थितेः ।
लौकिकक्लेशजौदास्यात् पुत्राद्यननुरागतः॥१३॥

शब्दार्थः–वैराग्य तथा संतोषकरिकें, श्रीकृष्ण (भगवत्स्वरूप)के सन्निधानमें स्थितिसों, लौकिकक्लेशमें भयो जा औदासीन्य तासों, ओर पुत्रादिकनमें अप्रीतिसों चिंता निवृत्त होतहे॥ १३॥टीका–संसार (यहदेहसंबंधी लौकिकपदार्थ)में वैराग्य राखनो संसारमें वैराग्य होय तो यह लौकिक दुःख सुख चित्तकों वाधा न करे तातें वैराग्य राखे ओर यथालाभ संतोष होय (जो सहजमें आय प्राप्त होय ताहीमें संतोष होय) तो मनमें विक्षेप न होय ओर श्रीकृष्ण जहां विराजत होय पुष्टिमार्गकी रीतिसों सेवा होय तिनके पास स्थिति होय तो दर्शन सेवा वनिआवे सो भक्तिवर्द्धिनीमें श्रीआचार्यजी महाप्रभु कहेहें " अदूरे विप्रकर्षे वा यथा चित्तं न दुष्यति " (समीपमें अथवा दूरिमें जेसें चित्त दोषयुक्त न होय तेसें रहे) निकटरहिकें सेवा करे तो चित्तके सगरे दोषको नाश होय परंतु वोहोत निकटमें चित्तमें दोष आवे तो नेक दूरि रहे परि नित्य सेवा दर्शन वने सो करे लौकिकक्लेशतें अपनो मन उदास राखे अपने चित्तमें लौकिकक्लेश न करे ओर देहसंबंधी पुत्र, स्त्री, वंधु, काहूमें अनुराग न राखे ॥ १३ ॥

मूलं–गृहवित्ताद्यनासक्त्या तदीयेष्वतिरागतः ।
नवरत्नस्य पाठेन सर्वचिंता निवर्त्तते॥ १४ ॥

शब्दार्थः—गृह ओर धनआदिमें अनासक्तिकरिकें, तदीय वैष्णव-जनमें अतिस्नेहसों, ओर नवरत्नग्रंथके पाठकरिकें लौकिक अलौकिकसंबंधी सगरी चिंता निवृत्त होतहे ॥१४॥ टीका—गृह, धन इत्यादिकमें आसक्ति न राखे ये सगरे चिंताके मूलहे तातें इनमें प्रीति न करे पुष्टिमार्गीय भगवदीयमें अनुराग राखे तथा नवरत्नग्रंथको पाठ नित्य नियमसों बने तितनो करे तो मनमेंतें सगरी चिंता निवृत्त होय चिंतानाशके अर्थ गोविंददुवे वैष्णवके मिष एतन्मार्गीय सबनके लिये श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी नवरत्नग्रंथ प्रकट कियेहे तातें नवरत्नके पाठतें सर्वचिंता निश्चय दूरि होय ॥ १४ ॥

मूलं—एवं निवृत्तवैमुख्यं जनं दुःखं न बाधते ।
अतस्तन्मात्रयत्नैस्तु भवितव्यं भवादृशैः॥१५॥

शब्दार्थः—उपर कहे ताप्रकार निवृत्त होय गईहे बहिर्मुखता जिनकों एसे वैष्णवजनकों दुःख बाधा नांही करतहे तासों बहिर्मुखता निवृत्तिमात्रमेंहे यत्न जिनकों एसे तुह्मारे सारिखेकों रहेनो ॥ १५ ॥ टीका—उपर सगरे भगवद्धर्म कहेहे तिनसों बहिर्मुखता निवृत्त करीहे तिनको सगरो दुःख दूरि होयगो उह मनमें परम सुख पावेगो याभांति दुःख निवृत्तिके अनेक यत्न कर्त्तव्यहे यह यत्न भावके वर्द्धकहे जाके भाग्यमें बेगि फलदानहे तिनसों भावके वर्द्धक यत्न बनिआवेंगे ॥ १५ ॥

मूलं—दुःखेन न वृथा नेयः कालः परमदुर्लभः ।
कृष्णसेवानुकूलस्तु निजाचार्याश्रयाश्रितैः ॥१६॥
द्रुतं हेया वृथा चिंता प्राप्ताऽपि निजदोषतः ।
चित्तोद्वेगं विधायापीत्येतद्वचनचिंतनात् ॥ १७ ॥

शब्दार्थः—अपने श्रीआचार्यजीके आश्रयके आश्रित अथवा अपने श्रीआचार्यजीके दृढ आश्रयवारे भगवदीयके आश्रित एसे वैष्णवकों दुःखकरिकें भगवत्सेवामें अनुकूल यह परम दुर्लभ काल नांही वीतावनो ॥ १६ ॥ और अपने दोषतें प्राप्त भई एसीहू वृथा चिंता (चित्तको उद्वेग करिकेंहू भगवान् जो जो करेंगे सो इनकी लीला हे) नवरत्नके वचनके चिंतनसों शीघ्र छोडनी ॥ १७ ॥ टीका—यह काल परम दुर्लभ हे फेरि एसो समय न वनेगो यह मनुष्यदेह श्रीकृष्णकी सेवाके अनुकूलहे सो यह लौकिक चिंताकरिकें वृथा न खोवे काहेतें जो येही देहतें श्रीकृष्णकी सेवा वनतहे ओरयुगमें यह पुष्टिमार्गीय सेवा नांही तासों यह समय ब्रह्मादिकनकों दुर्लभ हे श्रीआचार्यजीद्वारा ब्रह्मसंबंध ओर युगमें कहां हे? श्रीआचार्यजी- महाप्रभुजीको आश्रय फेरि कहां ? तथा श्रीआचार्यजीमहाप्रभु- जीके आश्रयवारे तादृशीय निजसेवकको आश्रय फेरि कहां हे? या भांति मनमें विचारिकें यह काल परम दुर्लभ जानि दुःख क्लेश लौकिकमें मन लगाय नांही खोवनो भगवदीयको आश्रय तथा अपने श्रीवल्लभाचार्यजीको आश्रय करि श्रीकृष्णकी सेवा अवश्यही कर्त्तव्यहे सो यह देह तथा काल सेवानुकूलहे यह जानि एकक्षणहू सेवाविना न रहे ॥ १६ ॥ शीघ्रही चिंताको त्याग करे एकचिंतातें अनेक दोष प्राप्त होतहे तातें नवरत्नको वचन चिंतन करि निश्चयही चिंताको त्याग करे सो नवरत्नमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें— " चित्तोद्वेगं विधायापि हरिर्यद्यत्करिष्यति । तथैव तस्य लीलेति मत्वा चिंतां द्रुतं त्यजेत् " (चित्तोद्वेग करिकेंहू हरि भगवान् जो जो करेंगे तेसेंही इनकी लीलाहे एसें मानिकें शीघ्र चिंताको तजे) यह वचनतें शीघ्रही चिंताको त्याग करि उपर भगवद्धर्म कहे तामें प्रवृत्त होय भगवत्सेवा, स्मरण, तादृशीयको संग, मन लगायकें करे यह

नवरत्नग्रंथको नित्य चिंतन करे पाठ करे भाव विचारे तो चिंता दूरि होय ॥ १७ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं त्रयोविंशतितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषा-टीकासमेतं समाप्तम् ॥ २३ ॥

शिक्षापत्रं २४

अब चतुर्विंशशिक्षापत्रमें भगवत्कृपाही कारण हे तासों अपने आचार्यको दृढ आश्रय राखनो अवतारदशामें जेसें श्रीयमुनाजीआदि भगवत्संबंध करायवेवारेहें तेसें अनवतारदशामें श्रीमदाचार्यवर्य भगवत्संबंध साधकहें जेसें सवनकों मारिवेवारोहू सर्प अमृतपानकरिवेवारोकों सुंघिवेमेंहू समर्थ नांहीहे तेसें सवनकी बुद्धिको नाश करिवेवारोहू यह करालकाल श्रीमदाचार्यजीके आश्रय करिवेवारेकों कछु करिवेकों समर्थ नांहीहे तासों अपनकों तो संपत्तिमें तथा विपत्तिमेंहू श्रीआचार्यचरणोदित अष्टाक्षर महामंत्रही साधन ओर साध्य हे यह निरूपण हे। उपरकहे जो चिंता तजे भगवत्सेवादि भगवद्धर्म करे सो जीवमें कहा सामर्थ्य हे? कालदोषतें ग्रसितहे तातें श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीको दृढ आश्रय होय तो प्रभु कृपाकरे सो आश्रय कोन भांतिकरे सो आगें कहतहे-

मूलं-भक्तिमार्गे कृपामात्रं कारणं परमुच्यते।
तेनैव मार्गे सकलं सिद्धिमेति न संशयः॥ १ ॥

शब्दार्थः-भक्तिमार्गमें कृपामात्र उत्तम कारण हे या कारणतेंही सकलसिद्धिकों पावेंगे संशय नांही ॥ १ ॥ टीका-यह श्रीआचार्यजी-

१ यह शिक्षापत्रमें आगे क्षेपक जगे श्लोकांकमें कछुक गडबड दिखेहे परंतु वा प्रमाण राखिवेसूं अर्थसंदर्भ ठीक दिखेहे तासूं पूर्ववत् श्लोकांक रखेहे.

महाप्रभुजीको पुष्टिभक्तिमार्ग हे तामें एक कृपाही फलको कारण हे साधनतें फल नांही हे कृपाहीतें फलसिद्धि हे तातें श्रीकृष्णकी कृपा परमकारणहे ताहीतें यहपुष्टिमार्गमें स्थित जो वैष्णवहे तिनकों सकल-फल सिद्धहीहे यद्यपि इनजीवनतें साधन नांही वनत तोहू कहा भयो? पुष्टिमार्गमें स्थिति तो भई निवेदन तो कियो तातें प्रमेयवलतें विनाही साधन इनकों श्रीकृष्ण सर्वथा सर्वसिद्ध करेंगे यामें संशय नांही ॥१॥

मूलं—सा तु स्वाचार्यशरणागतौ तैर्ज्ञापितः प्रभुः ।
यदैव कुरुते कृष्णस्तदा भवति सर्वथा ॥२ ॥

शब्दार्थः—यह कृपा तो अपने श्रीआचार्यजीके शरण जाय तव इननें जताये एसे प्रभु श्रीकृष्ण जवही कृपा करेंगे तव निश्चय होयगी ॥ २ ॥ टीका—पुष्टिमार्गमें आय अपने श्रीवल्लभाचार्यजीके शरणागत होयरहे तव श्रीआचार्यजी जीवकों श्रीकृष्णकों जतावेंगे तव सर्वथा उह जीवपर श्रीकृष्ण कृपा करेंगे ॥ २ ॥

मूलं—अतस्तदाश्रयो जीवैर्दृढ एव विधीयताम् ।
यथावतारलीलायां तासां श्रीयमुना मता ॥३॥
यथा वा हरिदासो हि पुलिंदीनां गिरिर्मतः ।
यथा वाग्निकुमाराणां व्रते कात्यायनी मता॥४॥
प्रादुर्भूतः स्वयं कृष्णो यथा स्वप्रापणे मतः।
यथा वा दैन्यभावात्मा प्रादुर्भावे स्वयं मतः ॥५॥
तथा परोक्षे जीवानां पुष्टिसंवंधसिद्धये ।
श्रीमदाचार्यसंवंधो नान्यदस्ति हि साधने ॥ ६ ॥

शब्दार्थः—तासों जीव श्रीमदाचार्यजीको दृढ आश्रय करे काहेतें जो जेसें अवतारलीलामें कुमारिकानकों श्रीयमुनाजीहे ॥ ३ ॥ अथवा

जेसें पुलिंदीकों भगवद्भक्त गिरिराजहे अथवा जेसें अग्निकुमारि-नकों व्रतमें कात्यायनीहे यह सर्व भगवत्संबंध करायवेवारेहे ॥ ४ ॥ जेसें श्रीकृष्णकी प्राप्तिमें आपही श्रीकृष्ण प्रादुर्भूत भयेहें ओर जेसें रासपंचाध्यायीमें प्रादुर्भावमें दैन्यभावात्मक आपहीहें ॥ ५ ॥ तेसें जीवनकों परोक्षमें पुष्टिसंबंधकी सिद्धिके अर्थ श्रीमदाचार्यजीद्वारा संबंधही साधन हे अन्यसाधन नांहीहे ॥ ६ ॥ टीका–तातें यह पुष्टिमार्गीय जीव श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमलको दृढ आश्रय निश्चयही करे तब फल प्राप्त होय जेसें अवतारदशामें श्रीयमुनाजी-द्वारा कुमारिकानकों प्रभु प्राप्त भये तेसेंही अब श्रीआचार्यजीद्वारा जीवनकों प्रभुको संबंध भयो तातें मुख्य श्रीआचार्यजीको आश्रयहे ॥३॥ या समयमें तो एक श्रीआचार्यजी द्वार हे जेसें अवतारलीलामें हरिदास (श्रीगिरिराज) परमभक्तहे तिनके संगतें पुलिंदीकों भक्ति सिद्ध भई लीलाकी प्राप्ति भई ओर अग्निकुमारिकानकों कात्यायनीमिसतें श्रीयमुनाजीद्वारा सिद्धि भई पुलिंदीकी सेवा श्री-गिरिराजद्वारा प्रभु अंगीकार करी कुमारिकानकी सेवा श्रीयमुनाजी-द्वारा अंगीकार करी तेसेंही अब श्रीआचार्यजीद्वारा वैष्णवकी सेवा प्रभु इहां अंगीकार करतहें ॥ ४ ॥ ओर श्रीकृष्ण प्राकट्यदशामें स्वयं प्रभु आपकी प्राप्ति करावतहें फलप्रकरणरासपंचाध्यायीमें अतिदैन्यकी भावनातें आपही प्रभु प्रकटे सो " इति गोप्यः प्रगायंत्यः प्रलपंत्यश्च चित्रधा । रुरुदुः सुस्वरं राजन् कृष्णदर्शनलालसाः ॥ तासामावि-र्भूच्छौरिः स्मयमानमुखांबुजः ॥ पीतांबरधरः स्रग्वी साक्षान्मन्मथ-मन्मथः" (ऐसें (गोपिकागीतसों) उत्कृष्टगान करते, ओर विचित्रप्रकार विलाप करते, श्रीकृष्णके दर्शनमें लालसावारे, गोपीजन हेपरिक्षित् ! विप्रयोगद्योतकस्वरसों रुदन करत भये ॥ इनके मध्यमेंतें हास्ययुक्तहे मुखारविंद जिनको, एसे पीतांबर धारणकरिवेवारे, वनमालायुक्त, ओर

साक्षात् कामदेवके कामदेवरूप प्रभु प्रकट भये) याभांति दैन्यतें प्रकटे ॥ ५ ॥ प्राकट्यदशामें जेसें श्रीयमुनाजी, श्रीगिरिराज, प्रभु आप ओर दैन्य उनतें सब सिद्ध हे तेसेंही अब परोक्षदशामें पुष्टिसंबंध भयोहे काहेतें जो यह कलियुगमें ओर साधन नांही हे तातें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके संबंधतें निवेदन होय सोही साधन हे ओर दूसरो साधन नांही एक श्रीआचार्यजीके संबंधतेंही प्रभु फलदान करतहें ॥ ६ ॥

मूलं–अत एवोक्तमाचार्यैः स्तोत्रे कृष्णाश्रयाभिधे।
"शरणस्थसमुद्धारं कृष्णं विज्ञापयाम्यहम्" ॥७॥

शब्दार्थः–तासोंही श्रीमदाचार्यजी श्रीकृष्णाश्रयस्तोत्रमें "शरणमें रहे एसे जीवनके उद्धारनिमित्त श्रीकृष्णकों में विज्ञप्ति करूहुं" एसें कहेहें ॥ ७ ॥ टीका–हमारे श्रीवल्लभाचार्यजी श्रीकृष्णाश्रयग्रंथमें श्रीकृष्णसों जीवके लिये विज्ञप्ति किये हे जो, जीव शरण आये तिनको उद्धार करो ओर प्रतिज्ञा करि जीवनकों विश्वास कराय धीरज दिये जो उद्धार होयगो चिंता मति करो सो अब कहतहें ॥ ७ ॥

मूलं–विश्वासार्थं वरमदादिति श्रीवल्लभोऽब्रवीत्।
अतो नान्यप्रकारेण फलं स्वहृदि चिंत्यताम् ॥८॥

शब्दार्थः–वैष्णवकों विश्वासके अर्थ श्रीकृष्णाश्रयग्रंथमें [श्रीकृष्णके समीप श्रीकृष्णाश्रयको जो पाठ करे तिनकों श्रीकृष्ण आश्रय होय] एसें श्रीवल्लभाचार्यजी कहतहें यह प्रतिज्ञा करिहे तासों अन्य प्रकारकरिकें अपने हृदयमें फलको विचार नांही करनो ॥ ८ ॥ टीका–श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी प्रथम श्रीकृष्णसों [उपरके श्लोकमें लिखे ताप्रकार] विज्ञप्ति करिकें अब अपने पुष्टिमार्गीय वैष्णवनसों कहतहें "कृष्णाश्रयमिदं स्तोत्रं यः पठेत्कृष्णसन्निधौ। तस्याश्रयो भवेत् कृष्ण

इति श्रीवल्लभोऽब्रवीत् " यह कृष्णाश्रयग्रंथको पाठ श्रीकृष्णके सन्मुख करियें ताकरिकें श्रीकृष्ण अपने आश्रय निश्चय सिद्ध करेंगे यह मेरी प्रतिज्ञा हे या प्रकार श्रीमहाप्रभुजी प्रतिज्ञा किये जेसें चीरहरणमें श्रीठाकुरजी भक्तनसों कहे जो शरदृतुमें रास करि तुह्मारे मनोरथ पूर्ण करेंगे यह कहे तब भक्तनको विश्वास भयो नांही तो शरदृतु-पर्यंत विश्वास न रहेतो तेसेंही श्रीआचार्यजीमहाप्रभु प्रतिज्ञा करि अपने निजसेवकनकों विश्वास दिये तातें एक श्रीआचार्यजीमहाप्रभु-द्वारा फलसिद्धि हे ओर प्रकार फलको चिंतन न करनो ॥ ८ ॥

मूलं-विश्वासेन यथाप्नोति चातकः स्वातिजं जलम् ।
तथा चेत्कृष्णजलदः स्वानंदं वर्षयिष्यति ॥ ९ ॥

शब्दार्थः-विश्वासकरिके जेसें चातक पक्षी स्वातिके जलको पावेहे तेसेंही श्रीकृष्ण घनश्यामहे सो अपने आनंदकों वरखेंगे ॥९॥टीका-विश्वासकरि चातक जेसें स्वातिके जलकी अपेक्षा राखतहे ओर पृथ्वी-पर कूवा, तलाव, नदी, समुद्र पर्यंत भयोंहे तामें आशा नांही करतहे यह विश्वास देखि घनहू चातकको मनोरथ पूर्ण करतहे तेसेंही जा वै-ष्णवनें एक श्रीकृष्णहीको दृढ आश्रय मनमें कियोहे ओर अवतार तथा ओर देवतासों फलकी अपेक्षा नांही राखतहे तिनकों जलद (मेघ) रूप श्रीकृष्ण अपनो आनंद वरखेंगे निश्चय आनंददान करेंगे ॥९॥

मूलं-एवं विश्वाससद्भावे सर्वमेव भविष्यति ।
यतः परिदृढोऽस्माकं सर्वं कर्तुं क्षमो मतः ॥१०॥

शब्दार्थः-एसें विश्वास होय तो सर्वही सिद्ध होयंगे काहेतें जो अपने स्वामी प्रभु सर्व करिवेमें समर्थहे ॥ १० ॥ टीका-या भांति पुष्टिमार्गीय वैष्णव शुद्धभावसों विश्वास करे तिनकों सर्व सिद्ध होय

सो श्रीहरिरायजी कहतहे जो एसे हमारे प्रभु सर्वकरणमें सामर्थ्ययुक्तहे तातें कृपा करेहींगे ॥ १० ॥

मूलं–स हि स्वतः समर्थत्वान्न साधनमपेक्षते ।
कालकार्यं विलोक्यात्र तदीयानां विशेषतः ॥
निःसाधनत्वसंस्फूर्त्यां दृढः स्यात्तत्पदाश्रयः॥११॥

शब्दार्थः--अपने स्वामीप्रभु आपतेंही समर्थहे तासों साधनकी अपेक्षा नांही राखतहें तासों कालके कार्यको देखीकें तदीय वैष्णवनकों विशेषकरिकें निःसाधनपनेकी बरोबर स्फूर्ति होय ताकरिकें इनके चरणारविंदको दृढ आश्रय होय ॥ ११ ॥ टीका–श्रीकृष्ण आपुही स्वतः सामर्थ्ययुक्तहे कर्त्तुं, अकर्त्तुं, अन्यथाकर्त्तुं समर्थहे सो अपने भक्तनके साधनकी अपेक्षा नांही राखतहें जो यह इतनो साधन करे तो यह फल होय यह तो अन्य देवतामेंहे जो जितनो साधन करे तितनो लौकिक फल देय सो श्रीकृष्णमें नांहीहे यह कालकी कृति महा कठिन विपरीतधर्मयुक्त देखिकें अपने तदीयपर विनसाधनही विशेष कृपा करतहे जेसें व्रजभक्त रासपंचाध्यायीमें अंतर्धानसमय अनेक साधन किये लीला किये, पाछे निःसाधन होय गुणगान किये तब प्रभु अपनोही आश्रय जानिके प्रकटे तेसेंही जब वैष्णव मनतें निःसाधन होय दैन्य करि दृढ आश्रय करे तब प्रभु कृपा करे ॥ ११ ॥

मूलं–असुराणामविश्वासस्तथा तत्संगिनामपि ।
मतिमोहो महादोषनिधानं संभविष्यति ॥१२॥

शब्दार्थः–असुरजीवकोही प्रभुनमें अविश्वास हे तेसें इनके संगीकोंहू अविश्वासहे तातें इनमेंसूं काहूको संग होय तो मतिमोहरूप महादोषके निधानको अवश्य संभव हे ॥ १२ ॥ टीका–जिनके

मनमें अविश्वास हे सो केवल असुरहीहे तिनको जो कोय संग करे तिनकोंहू आसुरावेशरूप अविश्वास होय तातें उनको संग न करनो याजीवको मतिको मोह भयोहे तातें दोपरूप होयरह्योहे तातें निःसाधनता नांही आवतहे अहंतादोपसहितहे अपनकों यह जानतहे जो मेंही करतहों यह अज्ञानदोप कवहू न दूरि होय ॥ १२ ॥

मूलं–यथा पूर्वकथां श्रुत्वा भगवत्पादसेविनाम् ।
स्वस्मिन् दैन्यसमुत्पत्तिस्तथा साधननाशनम्॥१३॥

शव्दार्थः–भगवानके चरणारविंदकों सेवन करिवेवारेनकी पेहेलेंकी (प्रह्लादादिककी) कथासुनिकें जेसें अपनेमें दैन्यकी वरोवर उत्पत्ति होतहे तेसें साधनको नाश होतहे ॥१३॥ टीका–जव पूर्वजो प्रथमके भक्त प्रह्लादजी तथा व्रजभक्तादिक श्रीभागवतमें कहेहें तथा पुष्टिमार्गीय श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके सेवक चोराशीवैष्णवकी वार्त्ता प्रभृति कथा सुने प्रथम याभांति सेवा करीहे में कहा करतहों याभांति दैन्य होय भगवत्सेवा करे तव निःसाधन होय सर्वदोप दूरि होय तातें श्रवण मुख्य सेवाको पोपकहे तातें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु भक्तिवर्द्धिनीमें कहेहें "सेवायां वा कथायां वा" दोय कर्त्तव्यहे सो भगवत्सेवा प्रीतिसों करे भगवदीयके मुखतें कथा सुनिवेतें दैन्य होय ताकरिकें अहंतारूप [में साधन करतहों यह] दोपको नाश होय ॥१३॥

मूलं–तदीयानां सर्वमस्ति सदा तद्भावभाविनाम् ।
इतरेपां कालिकानां कालेन निखिलं गतम्॥१४॥

शव्दार्थः–निरंतर इनके भावकरिकें भावित जो तदीयहे इनकों सर्व सिद्धहे ओर जो कालके वश्यहे तिनको सर्व काललरिकें गयो हे ॥ १४ ॥ टीका–तदीय जो हे तिनके भावकरिकें भावित होय वे जो भावतें करतहे ता भावमें येहू लगे तव फलसिद्धि होय तातें श्रवणहू

आवश्यकहे सो गोपिकागीतमें कहेहें " तव कथामृतं तप्तजीवनं कविभिरीडितं कल्मपापहम्। श्रवणमंगलं श्रीमदाततं भुवि गृणंति ते भूरिदा जनाः " (संसारतें तप्त अथवा विप्रयोगाग्नितें तप्तकों जीवनरूप, कविजननें प्रशंसा कियो, पाप (मद)कों मिटायवेवारे, श्रवणतें मंगलरूप, लक्ष्मीयुक्त, ओर सर्वत्र व्याप्त, एसे आपकी कथारूप अमृतके कहिवेवारे जो हे सो बोहोत अर्थ देवेवारे अजन (भगवद्रूप) अथवा जन्मादिदोपरहितहे) तातें श्रवणतें सर्व दोप दूरि होय ओर भगवद्भाव वढे तातें यह भावरहित जो हे तिनको सगरो साधन यह कराल काल खातहे काहेतें जो काल सगरेको संहारकर्त्ताहे सो अखिल जगतकों खातहे ॥ १४ ॥

मूलं–यतः कालस्तद्विभूतिः "कालः कलयतामहम्"।
मुख्याधिकार्यपि हरेरिच्छाशक्तिस्वरूपवान्॥१५॥
तदंतरंगदासेपु न तत्सामर्थ्यमिष्यते ॥ १६ ॥

शब्दार्थः–जासों कालहे सो भगवानकी विभूतिहे काहेतें जो गीताजीमें विभूतिके अध्यायमें श्रीभगवाननें कह्योहे जो संख्या करिवेवारेनमें कालहे सो मेंहूं तासों यह काल मुख्य अधिकारी इच्छाशक्तिरूपहे तोहू श्रीभगवानके अंतरंग दासनकी उपर इनको सामर्थ्य नांहीहे ॥ १५ ॥ १६ ॥ टीका–काल भगवानकी विभूतिहे सो यह कलिदोपतें महामलिन सृष्टि यहकालमें लीन होतहे सो काल

---

१ वैराग्यसाधक, २ ज्ञानसाधक. ३ ऐश्वर्य अथवा धर्मसाधक. ४ आनंदसाधक. ५ लक्ष्मीयुक्त. ६ वीर्य अथवा ऐश्वर्ययुक्त एसें पड्गुणयुक्त आपकी कथा आप जेसींहे एसो श्रीसुबोधिनीजीमें निरूपणहे. ७ जेसें लौकिकमें राजाको मुख्य दीवान होय सोह एसें राजाके हजुरीकी उपर हुकम नांही करि सकतहे किंतु इनसों डरपतहे तेसेंही काल भक्तनको कछु नांहीं करि सकतहे.

भगवानको मुख्य अधिकारीहे इच्छाशक्तिको स्वरूपहे तातें ब्रह्मादिकनकों नांही छोडतहे एसे कालकोहू सामर्थ्य श्रीकृष्णके अंतरंग दासनकी उपर नांहीहे भगवदीयकों बाधा नांही करिसकतहे ॥१६॥

मूलं-स हि सर्पो यथाऽन्येषां मारकोऽपि न हि क्षमः।
पीतामृतं जनं जातु स्प्रष्टुमाघ्रातुमेव च ॥ १७ ॥
तथा कालेऽपि मनुजं महापुरुषसंस्थितम्।
भक्तिपीयूषपातारं न किंचित्कर्तुमीश्वरः ॥ १८ ॥

शब्दार्थः-जेसें यह सर्प अन्यकों मारिवेवारोहे सोहू अमृतपान करिवेवारेकों कदाचित् स्पर्श करिवेमें ओर सुंघिवेमेंही समर्थ नांहीहे ॥ १७ ॥ तेसें कालहू महापुरुष (श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी) को आश्रय कविवेवारे, भक्तिरूप अमृतपान करिवेवारे मनुष्यकों कछु करिवेमें समर्थ नांहीहे ॥ १८ ॥ टीका-यह कालरूप सर्पहे सो सगरे जगतकों खातहे परंतु श्रीकृष्णके चरणामृत तथा अधरामृत जिननें पान कियेहें एसे भक्तको स्पर्श नांही करतहे ओर सुंघतहू नांहीहे सो श्रीगुसांईजी सप्तश्लोकीमें कहेहें "अघौघतमसावृतं कलिभुजंगमासादितं जगद्विषयसागरे पतितमस्वधर्मे रतम्। यदीक्षणसुधानिधिः समुदितोऽनुकंपामृतादमृत्युमकरोत् क्षणादरणमस्तु मे तत्पदम्" (पापके समूहरूप अंधकारकरिकें आवृत, कालरूप सर्पने ग्रसित, जगतके विषयरूप समुद्रमें गिर्‍यो, ओर अपने धर्मतें विमुख, एसे जीवकों जीनके [श्रीआचार्यजीके] कृपाकटाक्षरूपचंद्र उदित होय दयारूप अमृतसों एकक्षणतें अमर करिदियो इनके चरण मेरो शरण होउ) याभांति श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणामृतको पान जो कोउ जीव कियोहे तिनकों कालरूप सर्प नांही स्पर्श करतहे ओर सूंघतहू नांही ॥ १७ ॥ महापुरुषसर्वमें उत्तम श्रीआचार्यजीमहाप्रभु तथा

पुष्टिमार्गीय भगवदीयके आश्रित जो मनुष्य होयरहेहें पुष्टिभक्ति अमृतरसको पान करतहें तिनकों रंचकहू कालदोप बाधक नांहीहे काल जेसें ईश्वरकी आज्ञामें रहतहे तेसेंही भगवदीयसों डरपतहे ईश्वरहू भगवदीयकों बाधा नांही करत तहां काल कहाहे ? सो वार्त्तामें प्रसिद्धहे जो प्रभुदासनें दहींकेपलटे मुक्ति दीनी जो भक्ति मांगते तो भक्ति देते इनकों काल कहा करि सके ? ॥ १८ ॥

मूलं–तदीयैः सर्वकार्येषु न कालश्चिंत्यतां हृदि ।
" तथैव तस्य लीलेति" वचनात् सर्वं चिंत्यताम्॥१९॥

शब्दार्थः–जो तदीयहे तिनकों सर्वकार्यमें हृदयमें कालको चिंतन नांही करनो काहेतें जो नवरत्नग्रंथमें श्रीमहाप्रभुजी कहेहें " जो जो भगवान् करेंगे सो तेसेंही इनकी लीला जानिकें चिंताकों छोडनी " यह वचनतें प्रभुकी लीलाकोही चिंतन करनो ॥ १९ ॥ टीका–जो तदीयहे सर्वकाल भगवद्धर्ममें निपुणहे तिनकों अपने कालकी चिंता नांही करनी कोईकालमें चिंता नांही कर्त्तव्यहे सो नवरत्नग्रंथमें श्री· आचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " तथैव तस्य लीलेति मत्वा चिंता द्रुतं त्यजेत् " (तेसेंही इनकी लीलाहे एसें मानिकें शीघ्र चिंताकों तजे) यह वचनको चिंतन हृदयमें करिकें चिंता नांही कर्त्तव्यहे सगरी श्रीकृष्णकी लीलाही जाननी ॥ १९ ॥

मूलं–सर्गादिलीलाकर्त्तृत्वात् किं चित्रं तादृशि प्रभौ।
विवेकोऽप्ययमेवात्र स हितं वै विधास्यति ॥ २० ॥
स्वकीयानां निजेच्छातस्ततश्चिंताऽत्र का भवेत्॥२१॥

शब्दार्थः–श्रीभागवतमें कहा एसी सर्गादिलीला करिवेपनो जामें हे एसे प्रभुमें आश्चर्य कहाहे ? प्रभु निजेच्छात अपने भक्तनको हितही करेंगे यहहू इहां विवेकहे तासों इहां चिंता कहा होय ? ॥ २० ॥ २१ ॥

टीका–श्रीभागवतमें सर्गविसर्गादि दशविधलीला कहिहे एसें प्रभुकी सगरे जगतमें लीला जाने एसो जाके मनमें होय सोई विवेकी कहियें सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभु विवेकधैर्याश्रयमें कहेहें "विवेकस्तु हरिः सर्वं निजेच्छातः करिष्यति" (हरि अपनी तथा अपने भक्तनकी इच्छातें सर्व करेंगे यह विवेक जाननो) येही विवेक जो सर्व कार्यमें निजेच्छा माने या भांति भगवानके स्वकीय निजभक्तहे सो सर्वकार्यमें भगवदिच्छा जानतहें ॥ २० ॥ २१ ॥

मूलं–भवंतः श्रुतसद्वार्त्ताः सत्संगकृतयोऽपि हि ।
प्रभुपादैकगतयस्तेषां का परिदेवना ॥ २२ ॥

शब्दार्थः–तुम सुनीहे सद्वार्ता (भगवदीयनकी वार्त्ता) जिननें एसे, ओर सत्संग करिवेवारे, तथा प्रभुके चरणारविंदमेंही एक आसक्तिवारेहो इनकों कहा चिंताहे? ॥ २२ ॥ टीका–ओर तुम तो भगवानके संबंधीहो भगवद्भाव सुनोहो भगवद्वार्त्ता सुनोहो ओर सत्संगहू बोहोत करोहो तातें तुमकों कोईप्रकारकी चिंता नांही कर्त्तव्यहे प्रभु जो श्रीकृष्ण तथा श्रीआचार्यजीमहाप्रभु तिनके पदकमलमें तुह्मारी प्रीतिहे एसे तुमहो तासों परिवेदना (चिंता) नांही कर्त्तव्यहे ॥ २२ ॥

मूलं–धर्मसंस्थापनार्थाय यस्य प्राकट्यमुच्यते ।
स हि धर्मव्यतिकरं स्वकृतं सहते कथम् ॥२३॥

शब्दार्थः–धर्मके सुंदर स्थापनके अर्थ जिनको प्राकट्य सर्वत्र कह्योहे सो स्वकृतिसों धर्मको व्यतिक्रम (नाश) करे सो केसें सहन करे? ॥ २३ ॥ टीका–धर्मके स्थापनके लिये श्रीमहाप्रभुजीको तथा श्रीगुसांईजीको प्राकट्यहे सो उचितहे प्रभु सदा धर्मकी रक्षा करीहे सो भगवदीय गायहे " चहुजुग वेदवचन प्रतिपार्यो । धर्मग्लानि भई जबहीं जब तब तब तुम वपु धार्यो ॥ १ ॥ सत्ययुग श्वेतव-

राहरूप धरि हिरण्याक्ष रिपु मार्यो । त्रेता रामरूप दशरथगृह रावण-कुल संहार्यो ॥ २ ॥ द्वापर व्रज डूबततें राख्यो सुरपति पावन पार्यो । कंसादिक दानव सब मारे वसुधाभार उतार्यो ॥ ३ ॥ कलि-युग श्रीवल्लभगृह प्रकटे मायावाद निवार्यो । मानिकचंद प्रभु श्री-विठ्ठल पुरुषोत्तमरूप निहार्यो ॥४॥" याभांति श्रीविठ्ठल पुरुषोत्तमरूपहे धर्मस्थापनार्थ प्राकट्यहे तासों जेकोई वेदधर्मको अतिक्रम करे अपने मनमानि क्रिया करे उन्मत्त होय सो प्रभुकों न सुहाय ॥ २३ ॥

मूलं-ब्रह्मण्यो धेनुविप्रेशो वेदधर्मैकपालकः ।
स कथं सहते कृष्णस्तद्विरोधं जनैः कृतम्॥२४॥

शब्दार्थः-श्रीकृष्ण ब्राह्मणकी रक्षा करिवेवारेहें, धेनु ओर ब्राह्मण-के ईशहें, वेदधर्मके मुख्य पालकहें सो श्रीकृष्ण ब्राह्मण, गाय, ओर वेद-धर्म, इनको विरोध जननें कियोहे सो केसें सहेंगे? ॥२४॥ टीका-प्रभु ब्रह्मण्यहें, धेनु, विप्र, वेदधर्मके प्रतिपालकहें एसें भगवानसों वहिर्मुख जीव [उनसों विरोधकर्त्ता मनुष्य] की विरुद्धकृति श्रीकृष्ण केसें सहे? ॥ २४ ॥

मूलं-परमानंदसंदेहो दयालुः सुतरामपि ।
स कथं सहते कृष्णो दयाभावं जनेष्वपि ।
अतोऽत्र यदिदं जातं तत्स्वदोषेण सर्वथा ॥२५॥

शब्दार्थः-श्रीकृष्ण परमआनंदके समूहहें ओर निरंतर अत्यंतही दयावारेहें सो मनुष्यनमें दयाके अभावकों केसें सहन करे? तासों इहां यह जो भयो सो अपने दोषकरिकें निश्चय भयोहे ॥ २५ ॥ टीका-श्री-कृष्ण परमानंदरूपहे, परमदयालुहे, काहूको दुःख नांही देखि सकतहे, प्राणिमात्रके आनंददाताहे, सो अपने स्वकीय निजभक्तनके दुःख केसें सहेंगे सर्वथा न सहेंगे तातें वैष्णव भगवदीयको यह लक्षणहे जो

लौकिक वैदिक कछु कार्य सिद्ध न होय काहू वस्तुकी हानि होय तहां अपनोही दोप विचारनो देहसंवंधी अनेक दुःखमें अपनोही दोप विचारनो ॥ २५ ॥

मूलं-निर्दोषपूर्णगुणता हरौ नित्यं विराजते ।
कदाचित् स्वप्रभोर्दोषो नानेयः सर्वथा हृदि॥२६॥

शव्दार्थः-हरिमें निर्दोपपूर्ण गुणपनो विराजितहे तासों काहू समय प्रभुके दोप सर्वथा अपने हृदयमें नांही लावने ॥२६॥ टीका-प्रभुविषे रंचकहू दोप न विचारनो प्रभु तो भलीहीं करतहें मेरो दोपहे तातें यह क्लेश भयो हे यह निश्चय मनमें जानियें जो श्रीकृष्ण निर्दोप सदाहें सकलगुणकरिकें पूर्णहें एसे श्रीकृष्ण सर्वदुःखके हर्त्ताहें तामें निर्दोप-पूर्णगुण सदा विराजमानहे तातें कदापि कोई प्रकारसों प्रभुको दोप हृदयमें सदा नांही लावनो ॥ २६ ॥

मूलं-के वा वयं वराका यदुद्धवाद्या अपि प्रभोः ।
श्रुतवंतो विसदृशीं लीलां पश्चात्स्थिता अपि ॥२७॥

शव्दार्थः-जासों उद्धवादिक भक्तहू प्रभुकी विपरीत (प्रभासमें आसुरव्यामोहकी) लीला सुनकेंहू पाछें पृथ्वीपर रहे तहां तुच्छ अपन कोंनमात्र?॥ २७ ॥टीका-श्रीहरिरायजी कहतहें जो में अपनकों कहा-कहूं महातुच्छहू उद्धवादिक वडे भगवद्भक्तकीहू यह गतिहे जिनकी लीला सुनि देखि अनुभव करि सो उद्धव अपने प्रभुके अंतर्धानसमय सुनिके फिर प्रभुविना स्थित रहे तो में कहा कहूं? ॥ २७ ॥

मूलं-कुंतीवदीदृशं भाग्यं कस्य भाग्यवतो भवेत् ।
सद्यः प्राणविमोकोऽत्र श्रीकृष्णविरहेण हि ॥२८॥

शव्दार्थः-श्रीकृष्णके विरह करिकें शीघ्र इहां प्राणको त्याग होय एसो कुंतीजीके वरोवर कोन भाग्यवारेको भाग्य होय? ॥ २८ ॥

टीका-कुंती वडी भक्त परम भाग्यवती जो श्रीकृष्णके अंतर्धान सुनतही विरहकरिकें अपने प्राण तत्काल छोडि दिये तातें कुंती महाभाग्यवती भक्त हती ॥ २८ ॥

मूल-अस्माकं तु प्रभुर्नित्यमक्षताव्याहतोऽधुना ।
विराजते ततो दुःखं न विधेयं मनस्यपि ॥ २९ ॥

शव्दार्थः--अपने प्रभु तो अखंडित सदा अब नित्य विराजतहे तासों मनमेंहू दुःख न करनो ॥ २९ ॥ टीका--हमारे प्रभु तो नित्यही प्रत्यक्ष विराजमानहे श्रीआचार्यजीद्वारा जिनको संवंध भयो हे सो प्रभु सदा घरमें विराजमानहें तातें मनमें दुःख धारण सर्वथा नांही कर्त्तव्यहे ॥ २९ ॥

मूलं-भवद्भिर्मिलितैः सर्वैरियं शिक्षा विचार्यताम् ।
ततः संदेहजातं यद्बुद्धिस्थं तद्व्यपोह्यताम् ॥३०॥

शव्दार्थः-श्रीहरिरायजी लिखतहें जो तुम सगरे भगवदीयनसों मिलिकें यह शिक्षा विचारोगे तासों जो वुद्धिमें रह्यो संदेहसमूह सो दूर होयगो ॥ ३० ॥ टीका--अव श्रीहरिरायजी कहतहें जो यह शिक्षा में तुमकों लिखि पठाई हे ताको सगरे पुष्टिमार्गीय भगवदीय भक्तसों मिलिके विचार करियो तातें मनको चिंतारूप सकल संदेह दूरि होयजायगो सुंदर वुद्धिकी पोपक होयगी ॥ ३० ॥

मूलं-अस्माकं साधनं साध्यं 'श्रीकृष्णः शरणं मम' ।
संपत्स्वापत्स्वपि सदा स्वाचार्यचरणोदितम् ॥३१॥

शव्दार्थः-हमारे संपत्तिमें तथा आपत्तिमेंहु सदा अपने श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीने कह्यो जो "श्रीकृष्णः शरणं मम" यह अष्टाक्षर मंत्र सो साधन तथा फलरूप हे ॥ ३१ ॥ टीका-हमारे तो साधन ओर

सिद्धिहू एक 'श्रीकृष्णः शरणं मम' यह हे सो यह श्रीवल्लभाचार्यजी अष्टाक्षर महामंत्र प्रकट करि श्रीकृष्णहीके शरणसिद्धि कियेहे तातें हम तो एक श्रीकृष्णहीको आश्रय हृदयमें करिकें श्रीकृष्णहीको शरण मन वचन कर्म करिकें सर्वभांति येही साधन तथा साध्यजानेंहे तातें संपत्ति अनेक सुखहूमें श्रीकृष्णकी शरणहे ओर आपत्ति (दुःख) हूमें एक श्रीकृष्णहीकों शरण कियेहे काहेतें जो हमारे आचार्यचरणननें यह मंत्र प्रकट कियोहे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "यदुक्तं तातचरणैः 'श्रीकृष्णः शरणं मम'। तत एवास्ति नैश्चित्यमैहिके पारलौकिके" (जो पितृचरण श्रीमहाप्रभुजी कहेहें जो 'श्रीकृष्णः शरणं मम' तासोंही यहलोक तथा परलोक संबंधी सगरेमें निश्चिंतताहे) इत्यादिवचनानुसार अष्टाक्षरमंत्रही हमारे साधन तथा साध्य हे ॥२१॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं चतुर्विंशतितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ २४ ॥

शिक्षापत्र २५.

अब पंचविंशशिक्षापत्रमें फलात्मक श्रीमदाचार्यचरणद्वय सदाही हृदयमें धारण करने तामें फलको संशय नांही राखनो ओर यामें जो संशय राखे सो आसुरी जाननें सुबोधिन्यादिग्रंथ विद्यमान सते मनुष्य भक्तिमार्गमें प्रवृत्त नांही होत हे तासों भगवानकी कृपाही साधन हे एसें जानिवेमें आवतहे जेसें इंद्रियनकी वृत्ति प्राण विना नांही चलेहे तेसें प्रभुकी कृपा विना साधनको उपयोग

नांही होय हे यह निरूपण हे. उपर कहे जो चिंता नांही कर्त्तव्य हे अष्टाक्षरही परमगति हे सो कोटानकोटि साधन करे सगरे धर्म होय ओर श्रीआचार्यजीके चरणकमलको आश्रय सिद्ध न होय तो कछु सिद्ध न होय तातें जा भांति श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके चरणकमलको सदा आश्रय होय तिनको फलदान होय सो आगे शिक्षापत्रमें निरूपण करतहें

मूलं–श्रीवल्लभपदांभोजभजनादरणादपि ।
दयापरः कदाचित्तं न जहाति जनं हरिः ॥ १ ॥

शब्दार्थः–श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमलकें भजनमें आदरसोंहू दयालु हरि कोयदिन वह जनकों नांही छोडत हें ॥ १ ॥ टीका–जो वैष्णव श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणारविंदको भजन आदरपूर्वक करतहे एक वाहीमें अनन्य भाव हे जेसें सूरदासजीने गायो “ भरोंसो दृढ इन चरननकेरो । श्रीवल्लभ नगचंद्रछटाविन सब जगमेंही अंधेरो ” श्रीआचार्यजीमहाप्रभुके चरणकमलकी सेवामें सदा जो वैष्णव आदर करेहे तिनके उपर हरि जो श्रीकृष्ण सो सदा दया करत हे प्रसन्न होयकें कृपाहू करतहें अपने स्वरूपानंदको दान सदा करत हे ॥ १ ॥

मूलं--कृपाकटाक्षसंपातपक्षपातपरो हरिः ।
क्षमते तत्कृतं दोपलक्षमप्यक्षमं स्वतः ॥ २ ॥

शब्दार्थः–श्रीमदाचार्यजीके कृपाकटाक्षको सुंदरपात जिनपें तिनके पक्षपात करिवेवारे हरि ता जीवनें किये लक्षदोप जो आपतें सहन नहोय एसेकोंहू सहन करतहें ।२। टीका–जिन वैष्णवनके उपर आप श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कृपाकटाक्ष करतहें तिनको पक्षपात श्रीठाकुरजी करतहे पद्मनाभदास छोला धरते सो श्रीठाकुरजी श्रीआचार्यजीमहाप्रभुकी

कृपा तें प्रीतिसों आरोगते या भांति जापर श्रीआचार्यजी कृपाकटाक्ष करिकें भक्तिरसदान करतहें तिनकों श्रीकृष्ण आप सदा पक्षपात करतहें सो उन वैष्णवनतें लक्षावधि अपराध परतहें तोहू श्रीकृष्णचंद्र सर्व अपराध क्षमा करिकें आप कृपाही करतहें ॥ २ ॥

मूलं–यदीयहृदये श्रीमदाचार्यचरणद्वयम् ।
त एव शरणं दोपशतावृत्तिमतो मम ॥ ३ ॥

शब्दार्थः–जिनके हृदयमें श्रीमदाचार्यजीके चरणद्वयहे वहही शतदोपकी आवृत्तिवारो मेंहूं तिनकों शरणहे ॥ ३ ॥ टीका–जो पुष्टिमार्गीय भगवदीयके हृदयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके दोउ चरणकमल विराजतहें ताके शतादिक अपराध होय तिनहूको नाश करि प्रतिवंध दूरि करतहें ॥ ३ ॥

मूलं–यदंगुलिनखानंदचंद्रशैत्यं सदा हृदि ।
तापं हरति भक्तानां तदानंदपदांबुजम् ॥ ४ ॥

शब्दार्थः–जिनके अंगुलियनके नखरूपचंद्रकी शीतलता हे सो आनंदरूप चरणारविंद भक्तनके हृदयमें सदा तापकों हरत हे ॥ ४ ॥ टीका–श्रीआचार्यजी महाप्रभुके चरणकमलकी दशअंगुलि परमसुंदरहे. तिनमें नखचंद्र १० हे सो एक नखचंद्रकी छटा आगें कोटिचंद्रमाकी कला लज्जा पावतहे एसे नखचंद्र जिन वैष्णवननें हृदयमें धारणकियेहें तिन भक्तनके हृदयके त्रिविध ताप (आध्यात्मिक, अधिभौतिक ओर आधिदैविक, तथा कायिक, वाचनिक ओर मानसिक) अनेक जन्मके दोपरूप तथा श्रीकृष्णके मिलनमें प्रतिवंधरूप सगरे पाप दूरि होतहें एसें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणकमलहे सो सेवकनकों सदा आनंददान करतहें ॥ ४ ॥

मूलं-अस्तु वस्तुशतं लोके वेदे च परिकीर्त्तितम् ।
फलत्वेन निजाचार्यचरणाब्जद्वयं मम ॥ ५ ॥

शब्दार्थः-लोकमें तथा वेदमें कह्यो एसे शतवस्तु होउ परि मोकों फलत्वकरिकें अपने श्रीआचार्यजीके दोउ चरणकमलहें ॥ ५ ॥ टीका-लोकमें ओर वेदमें कीर्तित एसो वस्तुरूप पदार्थ वोहोतहे सत्य लोक (ब्रह्मलोक) सगरे ज्ञानमार्गीय मर्यादामार्गीयकों सर्वोपरि फलरूपहे सो हमारे पुष्टिमार्गमें ब्रह्मलोक कहा ? मोक्षचतुष्टयतांई सब तुच्छहे एसे यह पुष्टिमार्गहे जामें श्रीकृष्णाधरसुधापानही परमफलहे सो साधन करिकें सिद्ध नांही होतहे एक श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणांवुज-द्वयही फलरूपहे इनही करि श्रीकृष्णाधरामृतसिद्धिहे ॥ ५ ॥

मूलं-न कर्म वेदविहितं फलं जनयति ध्रुवम् ।
यतो बहिर्मुखं चित्तं जायतेऽन्यश्रुतेर्हरेः ॥ ६ ॥

शव्दार्थः-वेदोक्त कर्म निश्चय फलकों नांही उत्पन्न करतहें काहेतें जो भगवानसों भिन्नश्रवणतें चित्त वहिर्मुख होतहे ॥ ६ ॥ टीका-वेद-विहित अनेक प्रकारके कर्महे ज्ञानमार्ग, योगमार्ग, कर्ममार्ग, उपासना-मार्ग, अनेकव्रत, संयम, नियम, इत्यादि अनेक साधनहे तासों यह पुष्टिमार्गको फल निश्चय जान्यो नांही जातहे काहेतें जो पुष्टिमार्ग केवल व्रजभक्तनके भावात्मक सर्वोपरि हे सो श्रीमहाप्रभुजीकी कृपातें साध्यहे साधनतें सिद्धि नांहीहे जासों वहिर्मुखजीवके चित्तमें तथा श्रवणमें श्रीहरिकी कथारूप अमृत ओर भगवद्धर्म न सुहाय ॥ ६ ॥

मूलं-ज्ञानं तु (मुक्ति) भक्तिहेतुत्वात्सानैव फलरूपिणी ।
यतो जीवस्य दासत्वहेतुभेदानिवर्त्तिका ॥ ७ ॥

शव्दार्थः-ज्ञान तो मर्यादाभक्तिकों उत्पन्न करिवेवारो होयवेसूं कदाचित् फलरूपहे परंतु मर्यादाभक्ति फलरूप नांहीहे काहेतें जो

सो मर्यादाभक्ति जीवकों दासत्वके कारणरूप भेदकों मिटायवेवारीहे अथवा ज्ञान तो मुक्तिकों उत्पन्न करिवेवारो हे वा मुक्ति फलरूप नांही हे काहेतें जो मुक्ति जीवके दासत्वके कारणरूप भेदकों मिटायवेवारी हे (मुक्तिमें प्रभु ओर जीवको भेद नांही रहे)॥ ७ ॥ टीका–शास्त्रमें एसें कहेहें जो ज्ञान हे सो भक्तिको हेतु हे तातें भक्तिको ज्ञान भयो हे ताकरि भक्ति होय सो यह मर्यादामार्गीयभक्तिहे जामें धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष फलहे तामें प्रथम ज्ञानही मुख्य हे तापाछें मर्यादाभक्ति होय सो ज्ञान ओर मर्यादामार्गीयभक्ति दोउ पुष्टिमार्गके फलके विरोधी हे काहेतें जो वामें दासत्व नांही रहत हे ओर पुष्टिमार्गमें तो जीवकों दासत्व मुख्य हे जीव सेवक हे प्रभु स्वामी हे या भांति श्रीभगवत्सेवा हे ता भावकों निवर्त्तक ज्ञान हे तहां स्वामी-सेवकभाव नांही हे ॥ ७ ॥

मूलं–मर्यादाभक्तिरप्येषा तावदेव फलात्मिका ।
यावन्न जायते (ज्ञायते) पुष्टिभक्तिःसकलमूर्द्धगा ॥ ८ ॥

शब्दार्थः–यह मर्यादाभक्तिहू जवतांई सकलके मस्तकपर रहेवेवारी पुष्टिभक्ति उत्पन्न भयी न होय अथवा जानिवेमें आवे नांही तवतांई फलात्मक हे ॥ ८ ॥ टीका–उह मर्यादाभक्तिके ज्ञानमें अहंब्रह्म मानत हे जो मेंही ब्रह्महों ताकरिकें प्रभुसों सेवकभाव छूटिजात हे तातें यह पुष्टिमार्ग सर्वोपरि (शिरोमणि) हे ज्ञान तथा मर्यादामार्गकी भक्तिके माथेपर विराजत हे ॥ ८ ॥

मूलं–पुष्टिभक्तिर्हरेरास्यं तत्त्वस्मत्प्रभवः स्वयम् ।
त एव संश्रिताः संतः फलरूपा भवंति हि ॥ ९ ॥

शब्दार्थः–हरि भगवानको मुखारविंद हे सो पुष्टिभक्ति हे सो मुखारविंद तो अपने श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी आपहे इनको श्रद्धा-

पूर्वक आश्रय करे तो यहही निश्चय फलरूप होय ॥ ९ ॥ टीका–यह पुष्टिभक्ति हे सो श्रीठाकुरजी रासादिलीलाकरि भक्तनकों सुधादान दिये सो श्रीकृष्णके मुखारविंदरूप श्रीवल्लभाचार्यजी (यह कलियुगमें पुष्टिभक्तिके लिये) प्रकटे हे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभु स्वयंभगवान् श्रीकृष्णचंद्रके मुखारविंदरूप प्रकटेहें तातें श्रीआचार्यजीके चरणकमलके दृढ आश्रितहें तिनहीभगवदीयनकों फलसिद्धिहे ॥ ९ ॥

मूलं–तदुत्तरं न कर्त्तव्यमनुभूतेः परं किमु ।
यथा लोके फले प्राप्ते न भोगादधिका कृतिः॥१०॥

शब्दार्थः–ताकों उत्तर (सामनो तर्क) नांही करनो काहेतें जो अनुभवसों अधिक ओर कहाहे जेसें लोकमें फलप्राप्त होय तब भोगसों अधिक कृति नांहीहे ॥१०॥ टीका–तातें उत्तर जो पुष्टिमार्गतें प्रतिकूल विचार (ज्ञान, कर्म, वेद, मर्यादाभक्ति, इत्यादिक विरुद्ध धर्मके अनुसार विचार) नांही कर्त्तव्य हे जेसें लौकिक फल प्राप्त भयो तब वाको भोग करनो येही कर्त्तव्य हे ओर क्रिया अधिक नांही तेसें पुष्टिमार्गको अनुभव भयो तापाछें ओरकों अधिक नांही जाननों ॥१०॥

मूलं–तस्मात् फलं निजाचार्यपदांभोजद्वयं सदा ।
हृदि धार्यं नैव कार्यं संशयायितमानसम्॥११॥

शब्दार्थः–तासों फलरूप अपने श्रीआचार्यजीके चरणारविंद दोउ सदा हृदयमें धारण करने(तामें) संशययुक्त मन नांही करनो ॥११॥ टीका–यह पुष्टिमार्गीय भगवद्धर्म सेवादि करि अपने श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके दोउ चरणकमलकों अपने हृदयमें धारण करने मनमें संशय (अविश्वास) न राखनो सो गीताजीमें कहेहें "; संशयात्मा विनश्यति " (संशयरूप अंतःकरण होय सो नाशकों पावत हे) संशयतें फलको नाश होय तातें संशय न करे ॥ ११ ॥

मूलं-अत्र संशयमापन्नाः सर्वथा ह्यासुरा मताः।
दैवा अपि पुरा तेऽपि हरिणा पातिताः करात्॥ १२॥

शब्दार्थः-यामें संशयको प्राप्त भये यह निश्चय आसुर जीव जाननें पहेले दैवीसृष्टिमें उत्पन्न भये होय सोहू हरिने अपने श्रीहस्तसों [संसारमें] डारेहें ॥ १२ ॥ टीका-श्रीवल्लभाचार्यजीके स्वरूपमें संशय होय तथा यह पुष्टिमार्गमें संशय होय ताकों सर्वथा आसुरही जानियें दैवी जीव होय अथवा आसुर कोई होय जाकों अविश्वास होय ताकों श्रीठाकुरजी अपने हाथ संसारमें डारि देय ताको अंगीकार कवहू न करे तातें विवेकधैर्याश्रयग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें "अविश्वासो न कर्त्तव्यः सर्वथा वाधकस्तु सः" [अविश्वास नांही करनो काहेतें जो वह सर्वथा वाधकहे] तातें अविश्वास महावाधक हे ॥ १२ ॥

मूलं-अहो महच्चित्रमिदमवतीर्णे हरौ भुवि।
विद्यमाने भागवते विवृतावपि सर्वथा॥ १३॥
सत्यां भुवि सुवोधिन्यां सत्सु सत्सु क्वचित्क्वचित्।
ग्रंथेषु विद्यमानेषु सर्वार्थज्ञापकेष्वपि॥ १४॥
तथापि न प्रवर्त्तंते जना भक्तिपथे पुनः।
प्रायः कृपैव हरिणा कारणत्वेन रक्षिता॥ १५॥

शब्दार्थः-यह वडो आश्चर्यहे जो पृथ्वीपर हरि प्रकट भयेहे, श्रीभागवत विद्यमानहे, विवरणहू सर्वथा विद्यमानहे,॥ १३॥ श्रीसुवोधिनीजी पृथ्वीउपर विद्यमानहे कहूं कहूं सत्पुरुष (भगवदीय) विद्यमानहे, ओर सर्व अर्थकों जतायवेवारे सगरे ग्रंथहू विद्यमानहे ॥१४॥ तोहू मनुष्य फिर भक्तिमार्गमें प्रवृत्त नांहि होतहे तासों यह जान्योजातहे जो हरिनें अपनी कृपाही कारणरूप राखीहे ॥१५॥ टीका-मेरेमनमें वडो आश्चर्य होतहे जो भूमिविषे श्रीकृष्णके मुखारविंदरूप श्रीवल्लभाचार्यजी

प्रकटेहे तिनको कुल निष्कलंक भूमिपर विराजमानहे ओर श्रीभागवत हू विद्यमानहे श्रीभागवतकी टीकाहू विराजमानहे तोहू जीव सर्वथा मार्गमें नांही प्रवृत्तहोतहे यह मोकों वडो आश्चर्यहे ॥ १३ ॥ श्रीसुवोधिनीजी निवंधादि भूमिपर विराजमानहे कहूं कहूं श्रीसुवोधिनीजी निवंधादिकके वक्ता सत्पुरुषहू विराजितहे ओर छोटेवडे श्रीगुसांईजी श्रीमहाप्रभुजीके ग्रंथहू विद्यमान हे सो ग्रंथ केसेहे जो सर्व पुष्टिमार्गके भावके ज्ञापकहे इनग्रंथद्वारा पुष्टिमार्गीय सगरी रीति जानि जातहे या भांति सगरी वस्तु विद्यमानहे ॥ १४ ॥ उपर कहे सो सगरे पदार्थ भूमिपर विराजमानहे तोहू जीव यह पुष्टिमार्गमें नांही प्रवृत्त होतहे सो काहेतें जो एक श्रीहरिकी कृपाही कारणहे सगरे पदार्थ होय परि श्रीहरिकी कृपा होय तवही जान्यो जाय श्रीहरिकी कृपा विना जीव भक्तिमार्गमें नांही प्रवृत्त होतहे तातें यह पुष्टिमार्ग तो केवल प्रमेयमार्गहे सो श्रीहरिकी कृपा प्रमेयवल विना तामें केसें आवे? ॥ १५ ॥

मूलं–मूर्च्छितेंद्रियवृत्तीनामुद्भवो नासुमंतरा ।
तथा कृपां विना सर्वसाधनानां न चोद्भवः ॥ १६ ॥

शब्दार्थः–मूर्च्छित इंद्रियनकी वृत्तिहे तिनकी उत्पत्ति प्राणविना नांही होतहे तेसें कृपाविना सर्व साधनकी उत्पत्ति नांही होतहे ॥ १६ ॥
टीका–श्रीमहाप्रभुजीकी कृपाविना कछु सिद्ध न होय सगरी इंद्रिय मूर्छित होय तिनतें प्राणविना कछु कार्य न होय जव प्राण आवे तव सगरी इंद्रियनमें चैतन्य आवे अपने कार्यमें तत्पर होय तेसेंही जहांतांई श्रीकृष्णकी कृपा (प्राणस्थानीय) नांहीहे तहांतांई सगरे साधन (इंद्रियस्थानीय) तें कछु न होय जव श्रीकृष्ण कृपा करे तवही यह पुष्टिमार्गमें आय सेवादि करे भाव सिद्ध होय यह निश्चयहे ॥ १६ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं पंचविंशतितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ।२५।

शिक्षापत्र २६.

षड्विंश शिक्षापत्रमें जेसें माता वालककी रक्षाके लिये डाकिनी आदि ग्रहसों डरपेहे तेसें भावकी रक्षाके लिये दुःसंगसों डरपनों, जेसें व्यभिचारिणी स्त्री परपुरुषविषे अपनो स्नेहहे ताकों अपने समस्त संवंधीसों गुप्त राखेंहे तेसें भगवत्सेवामें प्रतिवंधक जो अपने संवंधीहोय तिनके आगें भाव गुप्त राखनों, जेसें दूतीके वचन ओर संग व्यभिचारिणी स्त्रीकों प्रीति करेंहे तेसें भक्तनके वचन ओर संग भावकों वृद्धि करतहे, ओर जेसें व्यभिचारिणी स्त्रीको चित्त सदाही गृहादिकमें उदासीन रहेहे तेसेंही चित्तकों गृहादिकमें उदासीन राखनों, यह निरूपणहे । उपर कहे जो पुष्टिमार्गीय सगरो पदार्थ प्रकटहे परंतु श्रीकृष्णकी कृपाविना जीव नांही प्रवृत्त होतहे तहां कोई कहे जो श्रीकृष्ण कृपा नांही करत होयंगे जीव कहा करे ? तहां कहतहें–

मूलं–स्वकीयानामैहिकं यदथवा पारलौकिकम् ।
अकरोत् कुरुते कर्त्ता प्रभुरेव न संशयः ॥ १ ॥

शब्दार्थः–स्वकीय भक्तनके जो लौकिक अथवा पारलौकिकहे सो प्रभुनेंही कियोहे, प्रभुही करतहें ओर प्रभुही करेंगे संशय नांहिहे ॥ १ ॥ टीका–श्रीकृष्ण परम कृपालुहे अपने स्वकीय निजभक्तनकों यहलोक परलोक दोउ सिद्ध करतहें यहलोक सिद्ध करतहे सो विषयादिक सिद्ध करतहें एसें मति जानियो यह लोकमें स्त्री, पुत्र, धन, सव दैवी करतहें जो भगवत्सेवादिकमें विरोध न करे या भांति लोकिक सिद्ध करतहें ओर अलौकिकमें लीलाको अनुभव स्वरूपानंदको दान यह सिद्ध करतहें सो त्रिविधनामावलिमें श्रीआचार्यजी महाप्रभु कहेहें " भक्तसर्वदुःखनिवारकाय नमः " भक्तके लौकिक अलौकिक सर्व

दुःख दूरि करिकें सर्वथा सर्वकार्य सिद्ध करतहें यामें संशय नांही ॥१॥

**मूलं–तथापि कुरुते जीवः प्रयत्नं निजदोषतः ।
अज्ञानात् करुणावार्द्धिः क्षमते तादृशं स्वतः ॥२॥**

शब्दार्थः–तोहू जीव अपने दोपतें अज्ञानसों प्रयत्न करतहे एसे जीवकों कृपाके समुद्र प्रभु आपतें क्षमा करतहें ॥२॥ टीका–या भांति श्रीकृष्ण लौकिक अलौकिक सर्वकार्य सिद्ध करतहें तोहू जीव अपने मनमें अनेक प्रकारके साधन करत हे जीव वुद्धिके अज्ञानतें अनेक यत्न करतहे एसे अज्ञानी जीवनपर श्रीकृष्ण कृपानिधिहे सो सगरो अपराध अपनी ओरतें क्षमाकरतहे सो अंतःकरणप्रवोधमें श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी कहेहें " सत्यसंकल्पतो विष्णुर्नान्यथा तु करिष्यति " (प्रभु सत्यसंकल्पहे तासों अन्यथा नांही करेंगे) श्रीकृष्ण सत्यसंकल्पहे श्रीआचार्यजीद्वारा अंगीकार कियेहे सो दृढहे जीव अज्ञानकरि भूलत हे परंतु प्रभु केसें भूलेंगे ? ॥ २ ॥

**मूलं–अविरुद्धं प्रकुरुते विरुद्धं वारयत्यपि ।
दासेषु कृष्णो बालेषु पितेव कुरुते हितम् ॥ ३ ॥**

शब्दार्थः–श्रीकृष्ण अपने दासनमें अविरुद्ध करतहें ओर विरुद्धकोहू वारण करतहें जेसें वालकनकी उपर पिता हित करतहे तेसें भक्तनकी उपर श्रीकृष्ण हित करतहें ॥३॥ टीका–यह पुष्टिमार्गमें अविरुद्ध भगवत्सेवादिक सो करावतहें ओर अनेक साधन प्रयत्न जो पुष्टिमार्गतें विरुद्धहे तासों निवृत्त करतहें एसे श्रीकृष्ण श्री आचार्यजीकी कानितें रक्षा करतहे जेसें पिता वालकको हित करे वालक अज्ञानतें दोप करे परंतु पिता दोपकों नांही विचारत हितही करतहे सो संन्यासनिर्णयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें "हरिरत्र न शक्नोति कर्तुं वाधां कुतोऽपरे अन्यथा मातरो वालान्न स्तन्यैः पुपुपुः क्वचित्" (यह भक्तिमार्गमें)

हरि भगवान् बाधा करिवेमें समर्थ नांहीहे तहां ओर कहांतें समर्थ होय ओर एसें न होय तो माता बालककों स्तन्यपान करायकें पोषण कहूं न करते जेसें माता पुत्रकों वारंवार अपने स्तन्यसों पोषण करतहे तेसेंही जो जीव श्रीआचार्यजीद्वारा शरण आयेहें तिनकों प्रभु बाधा नांही करतहें जाप्रकार भक्ति बढे दासको कल्याण होय सोई प्रभु करतहें एसें कृपालुहें ॥ ३ ॥

मूलं–न जानाति निजाज्ञानात्तत्कृतिं स कृतघ्नतः ।
क्व दोषराशिर्जीवोऽयं क्व हरिर्गुणवारिधिः ॥ ४ ॥

शब्दार्थः–जीव अपने अज्ञानसों कृतघ्नहे तासों भगवानकी कृतिकों नांही जानत हे काहेतें जो दोषके समूहरूप यह जीव कहां ? ओर गुणके समुद्र हरि कहां ? ॥ ४ ॥ टीका–याभांति प्रभु करत हें ओर जीव अपने अज्ञानतें नांही जानत हे सो जीव कृतघ्न हे उपकारकों नांही जानत हे एसो दोषको भर्यो जीव हे ओर हरि [श्रीकृष्ण] गुणनिधि हे जीव दोषनिधि हे ॥ ४ ॥

मूलं–कथमन्योन्यसंबंधः स्यात्तमस्तेजसोरिव ।
तथापि दोषराशीनां दाहनेन निवेदनात् ॥ ५ ॥
स्वाचार्यद्वारकात्तु स्याद्योग्यता हरियोजने ।
अतः स्वाचार्यचरणौ स्थाप्यौ हृदि निरंतरम् ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–[भगवान् गुणनिधिहे ओर जीव दोषनिधि हे तिनकों] अंधकार ओर तेजकीसीनांई अन्योअन्य (परस्पर) संबंध केसें होय ? तोहू अपने श्रीआचार्यजीद्वारा निवेदन भयो हे तासों दोषके समूहको दाह भयो ताकरिकें हरिभगवानकें संबंधमें योग्यता होयहे तासों अपने श्रीआचार्यजीके दोउ चरणारविंद हृदयमें स्थापन करने ॥५॥

॥६॥ टीका–उपर कहे ऐसें श्रीकृष्णसों जीवको परस्पर संबंध केसें होय जेसें अंधियारेको संबंध सूर्यसों केसें होय? जहां तेज होय तहां तम केसें आवे तेसेंही यह जीव कोनप्रकार श्रीकृष्णसों मिले सो कहतहें जो ओर तो कोउ उपाय नांही हे जीव सर्व भगवानमें निवेदन करे तवही सर्व दोप दूरि होय सो चोराशी वैष्णवकी वार्त्तामें प्रसिद्धहे जो श्रीआचार्यजीकों चिंता भई तव श्रीकृष्णनें येही आज्ञा करी जो समर्पण करावो निवेदनतें जीवके सगरे दोप दूरि होयंगे तातें जीवके दोप निवेदनतें निश्चय दूरि होतहे ॥५॥ एसे दोपरूप जीवकों जव अपने श्रीआचार्यजीद्वारा निवेदन होय तव सगरे दोपको नाश होय तव श्रीकृष्णकी सेवामें योग्य होय ओर कोउ उपाय नांही, एसें श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमल अपने हृदयमें स्थापन करनें येही योग्य हे तातें पुष्टिमार्गीय वैष्णवको परम धर्म येही हे जो श्रीआचार्यजीके चरण हृदयमें अहर्निश धारण करे याहीतें सर्वफल सिद्ध होय॥६॥

मूलं–यथा वालकरक्षायै डाकिनीतो विभेति हि।
माता तथैव भेत्तव्यं दुःसंगाद्भावरक्षकैः ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–माता जेसें वालककी रक्षाके लिये डाकिनीसों डरपतहे तेसेंही भावकी रक्षा करिवेवारेनको दुःसंगसों डरपनों ॥ ७ ॥ टीका–जेसें वालककी रक्षा माता करे डाकिनी वालकको घात करत हे सो वालककी रक्षार्थ डाकिनीतें माता भयभीत हे तासों वालककों छिपाय राखेंहे तेसेही पुष्टिमार्गीय भगवदीय दुःसंगरूप डाकिनीतें डरपें अपने भगवद्भावरूप वालककी रक्षार्थ डाकिनीरूप दुःसंग त्याग करे तातें वैष्णवकों दुःसंग वोहोतही वाधकहे तासों सर्व भाव जाय यह जानिके दुःसंगतें अहर्निश डरपत रहे तो भावकी वृद्धि होय ॥ ७ ॥

मूलं–समस्तेभ्यो निजस्नेहं गोपायति यथा (ऽ) सती।
तथैव भगवद्भावगोपनं क्रियतां जनैः ॥ ८ ॥

खेंचके प्रभुमें चित्त स्थापन करनो ॥ १० ॥ टीका–जेसें व्यभिचारिणी स्त्री (असती) को चित्त अपने गृहमें सर्वथा न लगे सदा गृहमेतें मन उच्चाटितही रहे परपुरुषमें लग्यो रहे तेसेंही भगवदीयको चित्त श्रीठाकुरजीके स्वरूपमें लगावनो एक श्रीकृष्णके चरणारविंदमें आश्रित भगवदीय अपनो मन गृहदेहसंबंधी लौकिक वैदिक कार्यमें न लगावे एक प्रभुकी वार्त्ता ओर भगवत्सेवामें लगावे ॥ १० ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं षड्विंशतितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ २६ ॥

शिक्षापत्र २७.

सप्तविंश शिक्षापत्रमें श्रीभगवानकों विस्मरण करे एसे दोषको निरूपण हे अव सबनकी बुद्धिको नाश करिवेवारो काल आयो हे, साधनहू सिद्ध नांही होयहे जो सेवामें तीन प्रतिवंधहे सो सिद्धहे तोहू श्रीमदाचार्यजीके चरणारविंदके आश्रयतें फललाभ होयगो तासों फलमें निराशता नांही राखनी यह निरूपणहे । उपर कहे जो भक्त प्रभुके आश्रित हे तिनको चित्त लौकिकमें नांही लगतहे तहां फलमें अनेक वाधकहे तिनकों तजियें तव फल सिद्ध होय सो कहा वाधकहे? केसें तजियें? सो आगें निरूपण करतहें—

मूलं–निजाचार्यपदांभोजयुगलाश्रयणं सदा ।
विधेयं तेन निखिलं फलं भावि विना श्रमम् ॥ १ ॥

शब्दार्थः–अपने आचार्यजीके दोउ चरणारविंदको आश्रय सदा करनो ताकरिके श्रम विना सर्व फल होयगो ॥ १ ॥ टीका–पुष्टिमार्गीय

शब्दार्थः—लौकिकमें वोहोत प्रीति, (भक्तितें) विरुद्ध विषयकी इच्छा, (लौकिकतें) अविरुद्धमें आसक्ति, विषयहेतु सुंदर भोजन, ॥ ३ ॥ टीका—लौकिक जो देहसंवंधी स्त्रीपुत्रादिकमें परम प्रीति सो भक्तिमें वाधकहे। ७। भक्तिमें विरुद्ध जो लौकिक विषय ताकी इच्छा सो फलमें वाधकहे। ८। लौकिकतें अविरुद्ध विषयमें आसक्ति सोउ वाधकहे। ९। विषयभोगार्थ आछो आछो खानो भगवत्सेवार्थ वैष्णव महाप्रसाद लेतहे सो भाव नांही विषयार्थ आछो भोजन घृतादिकको करनों सोउ वाधकहे। १० ॥ ३ ॥

मूलं—देहाभिमानः कुलजो विद्यादिविहितोऽपि च।
भगवत्सेवनाऽभावसहितं देहपोषणम् ॥ ४ ॥

शब्दार्थः—देहको अभिमान, कुलको अभिमान, विद्यादिकसों भयो एसो अभिमान, भगवानकी सेवाके अभावसहित देहको पोषण, ॥ ४ ॥ टीका—देहाभिमान जो मदतें काहू न गिने देह संह्मारे रहे, चोटी नित्य संह्मारे, अपनो देह देखिकें मनमें फूले यह वाधकहे। ११। कुलको मद जो में वडे कुलमें हों ओर सव मोतें नीचेहें मोसमान कोउ नांही यह भक्तिमें वाधकहे। १२। विद्यामद जो में वोहोत पढ्योहों मोकों पट्शास्त्रको ज्ञानहे ओर तो सव मूर्ख हे यह विद्यामद वाधक हे या मदतें दैन्यसिद्धि नांही होत। १३। भगवत्सेवा नांही करत लौकिक वैदिक अनेक कार्यमें दिन वितावतहे भगवत्सेवामें मन नांहीहे यह भक्तिमें वाधकहे जेसें ब्राह्मण गायत्री न जपे तो ब्राह्मणपनों जाय तेसेंही वैष्णव होयकें भगवत्सेवा न करे तो वैष्णवपनों जाय यह वाधकहे। १४। देहको पोषण करे रंचकहू शीत उष्ण सही न सके अनेक औषधतें खानपानतें देहकी रक्षा करे देहकी रक्षा तो भगवत्सेवार्थ करनी सो भाव नांही हे केवल लौकिकार्थ देहको पोषण करे सो वाधकहे। १५ ॥ ४ ॥

मूलं–असत्संगैः सदा दुष्टः कृष्णानुच्छिष्टभक्षणम्।
निवेदनानुसंधानत्यागः शरणविस्मृतिः ॥ ५ ॥

शब्दार्थः–असतपुरुषके संग करिकें सदा दुष्ट रहे, श्रीकृष्णकों भोग धरे विना अन्नको भक्षण, निवेदन मंत्रकें अनुसंधानको त्याग, शरणकी विस्मृति, ॥ ५ ॥ टीका–असत्संग महादुष्ट वहिर्मुखको संग ताके संग एक क्षणहू वेठे तो भगवद्भावको नाश होय तिनहूको संग सदा करे तातें वहिर्मुखता (दुष्टता) होय सो वाधकहे।१६। ओर श्रीकृष्णको उच्छिष्ट महाप्रसाद छोडिकें असमर्पित खाय यह महा वाधकहे सो पद्मपुराणमें कहेहे "अनिवेद्य तु यो भुंक्ते हरये परमात्मने। पतंति पितरस्तस्य नरके शाश्वतीः समाः॥ अवैष्णवानामन्नं च पतितानां तथैव च अनर्पितं तथा विष्णौ श्वमांससदृशं भवेत्" (हरि परमात्माकों अर्पण कियेविना जो खायहे ताके पितृपितामहादिक वोहोत वर्षपर्यंत नरकमें गिरतहें॥ अवैष्णवनको अन्न पतितनको तथा विष्णु-निमित्त अर्पण नांही कियो एसो अन्न श्वानके मांस वरावर होय) कूर्मपुराणमें कह्योहे "अनर्पयित्वा गोविंदे यो भुंक्ते धर्मवर्जितः। श्वविष्ठासदृशं चान्नं नीरं तत्सुरया समम्" (गोविंदनिमित्त अर्पण किये विना धर्मरहित जो खायहे सो अन्न श्वानके विष्ठासमानहे ओर जल मदिरासमानहे) यह वाक्यतें असमर्पिततें वुद्धि भ्रष्ट होय तातें महा वाधकहे।१७। निवेदन कियोहे ताको अनुसंधान नांही करतहे, जो में समर्पण कियोहे पंचाक्षरको कहा अभिप्रायहे या भांति निवेद-नको अनुसंधान नांही करत हे यह वाधकहे।१८। श्रीकृष्णके शरणकी विस्मृति जो अष्टाक्षर महामंत्र "श्रीकृष्णः शरणं मम" यह हे ताकी विस्मृति वाधकहे।१९॥ ५॥

मूलं—देवांतराश्रयस्तेभ्यः प्रार्थनाऽपि फलार्थितः।
भगवच्चित्तरहिता व्यावृत्तिरपि लौकिकी ॥६॥

शब्दार्थः—ओरदेवनको आश्रय, फलकी इच्छासों इनकी पास प्रार्थना करनी, भगवानमें चित्तरहित (एसी) लौकिक व्यावृत्ति,॥ ६ ॥
टीका—ओरदेवको आश्रय महा वाधकहे साक्षात् पूर्णपुरुषोत्तम श्रीकृष्णको आश्रय छोडिकें अन्यदेवको आश्रय करे ताकों यह पुष्टिमार्गको फल नांहि सिद्धहे. हारितस्मृतिमें कहेहें "नान्यं देवं नमस्कुर्यान्नान्यं देवं निरीक्षयेत्। नान्यप्रसादमद्याच्च नान्यदायतनं व्रजेत्" (अन्यदेवकों नमस्कार न करे, अन्यदेवके दर्शन न करे, अन्यदेवको प्रसाद न खाय ओर अन्यदेवके मंदिरमें न जाय) या भांति अनन्य रहे तो फल सिद्ध होय सो श्रीगुसांईजी कहेहें "भगवत्पदपद्मपरागजुषो नहि युक्तितरं मरणेऽपि तराम्। इतराश्रयणं गजराजधृतो नहि रासभमप्युररीकुरुते ॥ अन्यसंबंधगंधोऽपि कंधरामेव वाधते" (भगवानके चरणारविंदके रजकों सेविवेवारेकों मरणपर्यंत संकट आयजाय तोहू अन्यको आश्रय करिवो उचित नांहीहे जेसें हाथीकी स्वारी करिवेवारो रासभ (गर्दभ) कों कबूल नांही करतहे ॥ अन्यसंबंधको गंधहू कंधरा (ग्रीवा) कों वाध करतहे) याभांति अन्यदेवादिकको आश्रय वाधकहे। २० । अन्यदेव इंद्रादिक, शिवादिक, ब्रह्मादि, गणेश, सूर्य, यह देवनसों फलकी आशा सो वाधकहे, श्रीकृष्ण सर्वसामर्थ्ययुक्त हे तिनकों छोडिकें अन्यदेव सदा पराधीनहे तिनसों फलाकांक्षा सो यह पुष्टिमार्गमें वाधकहे । २१ । भगवानके चरणारविंदपें वैराग्य, लौकिक वैदिक कार्य, मनमें असंभावना विपरीतभावना, मिथ्याध्यान, यह पुष्टिमार्गके फलमें वाधकहे ।२२। अष्टप्रहर लौकिक व्यावृत्ति करि लौकिकावेश होय तातें अष्टप्रहर यह लौकिक कार्य वाधकहे । २३ ॥ ६ ॥

मूलं-गुरुद्रोहस्तदीयेभ्यः स्वस्याधिक्यविभावनम् ।
अत्यंतदेहसामर्थ्यमिंद्रियाणां च पोषणम् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः-गुरुको द्रोह, पुष्टिमार्गीय भगवदीयनसों अपनी अधिकताकी भावना, वोहोत देहको सामर्थ्य, इंद्रियनको पोषण, ॥७॥

टीका-गुरुद्रोह करे तो गुरु अप्रसन्न होय सो बाधकहे प्रभु अप्रसन्न होय तो गुरु रक्षा करे परंतु गुरु अप्रसन्न होय तो रक्षा करिवेमें कोउ समर्थ नांही । २४ । पुष्टिमार्गीय भगवदीयकों अपनेतें न्यून जाने अपनकों अधिक जाने सो बाधक हे।२५। देहमें अत्यंत सामर्थ्य होय सो काहूकों गिने नांही अहंकार होय तथा बडो विषयी होय यहहू बाधकहे ।२६। अपनी इंद्रियनके पोषणमें तत्पर रहे सो इंद्रियनकों विषयभोगही प्रिय हे तातें इंद्रियनके पोषणतें विषयावेशही वढे । २७ ॥७॥

मूलं-गृहेष्वभिरतिर्भार्यापुत्रादिषु मनोगतिः ।
कृष्णानुभावरहितदेशे सततसंस्थितिः ॥ ८ ॥

शब्दार्थः-गृहादिकमें प्रीति, स्त्रीपुत्रादिकनमें मन लग्यो रहे ओर श्रीकृष्णकी कथा-सेवा-कीर्तनादिरहितदेशमें निरंतर स्थिति, ॥ ८ ॥

टीका-गृहादि लौकिक कार्यमें अष्टप्रहर प्रीति ।२८। स्त्रीपुत्रमें मनकरिकें प्रीति जो देहसंबंधी स्त्रीपुत्रादिक हे तामें मन रहे इनके दुःखतें दुःखी होय इनके सुखतें सुखी होय यह पुष्टिफलमें बाधकहे।२९। श्रीकृष्णके अनुभव विनाके देशमें रहेनो श्रीगोवर्धननाथजी तथा सातोस्वरूपके मंदिर तथा श्रीवल्लभकुलके मंदिर तथा पुष्टिमार्गीय तादृशीयके इहां राजसेवा तथा व्रज इतनीठोर वैष्णवकों अनुभवहे उत्सव भगवद्वार्त्ता विना जीवकों अनुभव कछु न होय। ३० ॥ ८ ॥

मूलं-हर्षशोकौ लौकलाभतदभावकृतौ तथा ।
स्वातंत्र्यभावनं स्वस्य जीवस्वाभाविको हठः॥९॥

शब्दार्थः–लोकमें लाभ ओर हानिकी कृतिमें हर्षशोक होय, तथा अपनकों स्वतंत्रताकी भावना ओर जीवको स्वाभाविक हठ, ॥ ९ ॥ टीका–यह लौकिकमें हर्ष शोक होय देहसंबंधि, कुटुंब, द्रव्य, अनेक कार्य, आछो होय तो सुख पावे हर्ष होय बूरो होय तथा हानि होय तो दुःख पावे, शोक होय सो यह संसाररूपीवृक्षमें दोय फलहे कबहू सुख होय कबहू दुःख होय याहीमें मग्न रहे सो फलमें बाधकहे।३१। द्रव्यादिक लाभमें लोभ होय जो इतनो तो द्रव्य भयो अब ओर होयगो तो आछो, कुटुंब बढे तो आछो इत्यादिक लोभ पुष्टिमार्गमें बाधकहे।३२। आपनकों स्वतंत्रकी भावना मनमें राखे दासपनो भूले यहहू बाधकहे।३३। जीवको स्वभाव दुष्टताहीहे ताकरिकें सबको बूरोही चाहे यह बाधकहे।३४॥९॥

मूलं–अधिकारः पापरतिः पक्षपातो दुरात्मनाम्।
हृदयक्रूरता दीनजनोपेक्षाऽक्षमा पुनः॥ १०॥

शब्दार्थः–अधिकार, पापमें प्रीति, दुरात्मा (दुष्टपुरुष) को पक्षपात, हृदयमें क्रूरता, दीनजनकी उपेक्षा, फिर अक्षमा, ॥ १० ॥ टीका–काहूको अधिकार लेई तातें अनेक जीवको भलो बुरो करनो पडे सो बाधकहे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी श्रीसुबोधिनीजी ओर निबंधमें कहेहें जो नारायणने ब्रह्मासों श्रीभागवत कहे सो ब्रह्मा सृष्टिकरिवेके अधिकारीहे तासों ब्रह्माको अनुभव नभयो फिर ब्रह्मानें नारदजीसों कह्यो सो नारदजीकों सगरे फिरनोहे एकाग्र मन नांही तातें इनकूं हू अनुभव न भयो फिर नारदनें वेदव्याससों कह्यो सो व्यासजी वेद-पुराणके अधिकारीहे तातें इनहूको अनुभव न भयो फिर व्यासजीनें श्रीशुकदेवजीसों कह्यो सो शुकदेवजी काहूबातके अधिकारी नांही तातें अनुभव भयो तासूं अधिकारहे सो फलमें बाधकहे।३५। जो जीव पापमें प्रीतिवारोहे ताकों इष्ट अनिष्टकी परीक्षा नांही सो फलमें बाधकहे।३६।

खोटे मनुष्य चौरादिक दुष्टक्रिया करिवेवारे इनको पक्षपात करे साचेकों जूठो करे जुठेकों साचो करे ताकों फलमें वाधक हे । ३७ । हृदयतें क्रूर होय काहूको भलो न विचारे महा कपट छल राखे सो वाधकहे । ३८ । दीनजन कोई होय सो आयके शरण होय तिनकी उपेक्षा करे वाको त्याग करे यह पुष्टिभक्तिमें वाधक हे । ३९ । ओर क्षमा न होय विनाकारण क्रोध होय भ्रकुटी चडी रहे सहन न होय यह पुष्टिमार्गमें वाधक हे । ४० ॥ १० ॥

मूलं–एते चान्ये च वोद्धव्या दोषा विस्मारका हरेः ।
सावधानीभूय दासैः कृष्णस्य स्थेयमादरात् ॥११॥

शब्दार्थः–यह उपर कहे ओर या सिवाय ओर दोषहे सो सव हरिकों विस्मरण कराइवेवारे हे तासों श्रीकृष्णके दासनकों आदरसों सावधान होयके रहेनो ॥ ११ ॥ टीका–यह चालीस दोष कहे ओर अनेक दोष हे तिनमें यह चालीश मुख्य हे यह दोष हरिके विस्मारकहे यह दोष जिनमें होय तिनकों हरि न जाने जाय तातें श्रीहरिरायजी कहत हे जो उपर कहे समस्त दोषतें सगरे वैष्णव सावधान रहियो (यह दोषतें डरपत रहियो) इन दोषनकी निवृत्तिके नवगुण कहतहे–श्रीकृष्णके चरणारविंदमें अत्यंत आदर राखनो । १ । येही सर्वस्व जानने ॥ ११ ॥

मूलं–भगवन्मार्गमात्रस्थैस्तन्मार्गफलकांक्षिभिः ।
विरक्तैरन्यतःकृष्णगुणासक्तांतरात्मभिः ॥ १२ ॥
स्वाचार्यशरणं यातैस्तद्विश्वाससमन्वितैः ।
परित्यक्ताखिलैःस्थेयं सदा तद्दर्शनोत्सुकैः ॥१३॥

शब्दार्थः–भक्तिमार्गमें रहिवेवारे, यह मार्गके फलकी इच्छावारे, अन्यसों विरक्त, ओर श्रीकृष्णके गुणमें आसक्तियुक्त हे मन जिनको

एसे, ॥ १२ ॥ अपने आचार्यजीके शरण गये, इनमें विश्वासयुक्त, समग्र त्याग करिवेवारे ओर सदा इनके दर्शनमें उत्साहवारे, (वैष्णवनकों) एसे होय रहेनो ॥ १३ ॥ टीका–भगवन्मार्ग (भगवानही अपने मुखारविंदरूप श्रीआचार्यजी प्रकट भये हे तिननें प्रकट कियो पुष्टिमार्ग सो भगवन्मार्ग) में स्थित होय रहे । २ । एतन्मार्गीय (यह पुष्टिमार्गके) फलकी आकांक्षा होय मर्यादामार्गके फलकी इच्छा न होय काहेतें जो पुष्टिमार्गको फल श्रीकृष्णकी सेवा, स्वरूपानंदको अनुभव, यह हे ओर अन्यमार्गमें स्वर्गादिक, ब्रह्मलोक, चतुर्विध मुक्ति, यह फल हे सो पुष्टिमार्गतें विरुद्ध हे तातें वा फलकी चाहना न करे पुष्टिमार्गकें फलकी चाहना करे । ३ । यह लौकिक अन्यकार्यतें विरक्त रहे श्रीकृष्णकी सेवा स्मरण विना सर्वठोरतें मन विरक्त राखे । ४ । श्रीकृष्णके गुणमें आसक्त रहे आत्मामन करिकें ध्यान करिकें श्रीकृष्णहीकी सेवा करे वचनकरिकें गुणगान श्रीकृष्णहीको करे क्रियाकरि श्रीकृष्णहीकी सेवा करे याभांति श्रीकृष्णहीमें सर्वात्मभाव रहे तथा एसे भगवदीय होय इनको संग करे ।५। ॥ १२ ॥ अपने आचार्यजीके चरणकमलके शरण रहे । ६ । मनमें दृढ विश्वास राखे यह जाने जो श्रीआचार्यजीके चरणकमलकी कृपातें सकल कार्य निश्चय सिद्ध होयंगे यह विश्वास राखे ।७। लौकिक वैदिक (पुष्टिमार्गतें विरुद्ध होय) ताको त्याग करे । ८ । ओर श्रीआचार्यजीके दर्शनमें तथा श्रीकृष्णके दर्शनमें उत्साह राखे यह दर्शनकी क्षणक्षणमें अपेक्षा राखे । ९ । यह नव भांतिके गुण हृदयमें होय तो सर्व रोग दूरि होय एसे गुणसहित भगवदीय होय तिनहीको संग करे तव समस्त दोप दूरि होय प्रभु कृपा करे ॥ १३ ॥

मूलं–इदानीमागतः कालः सर्वबुद्धिविनाशकः ।
करे पतति दुःसंगो मीलिताक्षस्य चापि हि ॥ १४ ॥

शब्दार्थः—अब सबनकी बुद्धिकों विशेप नाश करिवेवारो काल आयोहे ओर नेत्र मुंदिकें रहिवेवारेकोहू निश्चय दुःसंग हस्तमें आय जातहे ॥ १४ ॥ टीका—उपर दोप चालीस कहे ताके दूरिकरणार्थ गुण ९ नव कहे परंतु यह काल सर्वबुद्धिको नाशक आयोहे सत्प्राणिकीहू बुद्धिको नाश भयोहे तो अज्ञानीकी बुद्धिको नाश होय या में कहा कहेनो ? एक तो काल बाधक हे दूसरो दुःसंग विनाचाहे स्वतःसिद्ध (आपुतें) आयमिलतहे मानो करमें धरचोहे ताकरिकें धर्मको लेश हे सोहू चल्यो जातहे तहां भगवद्धर्म वाढिवेकी कहा वातहे? दिनदिन घटत जातहे तातें कालदोप ओर दुःसंग वोहोत बाधकहे ॥ १४ ॥

मूलं—किं कार्यं किमकार्यं वा यतः स्फुरति नैव हि ।
प्रभुणा स्वबलं तावदुपसंहृतमेव हि ॥ १५ ॥

शब्दार्थः—कहा करनो अथवा कहा करिवेयोग्य हे कहा नांहीहे यह स्फुरायमान नांही होत हे काहेतें जो प्रथमतें प्रभुनेंही आपनो बल समेट्यो हे ॥ १५ ॥ टीका—यह कालदोप कछु कार्य करियें सो भगवत्संबंधी होय तामें उलटीही स्फुरणा होतहे एकक्षणमें कछु विचारे तो दूसरे क्षणमें कछु स्फुरे याभांति भले कार्यमें अनेक प्रतिबंध पडतहे केवल प्रभुको प्रतापबल मनमें आवत हे जो श्रीकृष्ण सर्वोपर सर्वकार्य सिद्धकर्त्ता हे इनको प्रताप दशोदिशामें प्रकट हे वेद, पुराण, श्रीभागवत, गीता, इत्यादिक सर्वशास्त्रमें प्रसिद्ध हे एसे श्रीकृष्ण हमारे प्रसिद्ध पति हे सो हमकों कहा डर हे ? याभांति प्रभुको प्रतापबलहू हृदयमें आवत हे परंतु प्रभुनें एसो अपनो बल हे तिनको उपसंहार कियो हे तासों विश्वास छुटि जात हे लौकिक सुख दुःखकों पावतहे ॥ १५ ॥

मूलं—साधनानि न सिद्ध्यंति कालदोषाद्दुरात्मनः ।
प्रतिबंधश्च कालादिकृतः प्रत्यहमेधते ॥ १६ ॥

शब्दार्थः—कालदोषसों दुष्ट हे आत्मा जिनको एसेको साधन सिद्ध नांही होतहे ओर कालादिकृत प्रतिवंध प्रतिदिन वढतहे ॥ १६ ॥ टीका—जा साधनतें मनमें दुर्वासना न उठे भगवत्कार्य होय सो साधन करो या भांति कोई कहे तहां कहतहें जो साधन सिद्ध नांही होत हे तो फल तो महादुर्लभ हे काहेतें जो कालादि प्रतिवंध दिनदिन प्रति वढत जातहे ॥ १६ ॥

मूलं—उद्वेगः प्रतिवंधो वा भोगश्चापि प्रजायते ।
प्रतिवंधसेवनं तैः प्रत्याशा का फलस्य हि ॥१७॥

शब्दार्थः—उद्वेग अथवा प्रतिवंध ओर [शरीरादिकनको] भोग उत्पन्न होतहे यह तीन (सेवामें) प्रतिवंधकहे ताके सेवन करिकें फलकी आशा कहाहे? अथवा यह तीन प्रतिवंधकके सेवनतें कुत्सित फलकीही आशा हे ॥ १७ ॥ टीका—श्रीआचार्यजीमहाप्रभु सेवाफलमें निरूपण कियेहे "उद्वेगः प्रतिवंधो वा भोगो वा स्यात्तु वाधकः" (उद्वेग, प्रतिवंध, ओर भोग यह वाधकहे) याभांति कहेहें तामें प्रथम मनको उद्वेग होय तब मन सेवामें न लगे पाछें प्रतिवंध होय तो पाछें शरीरादिकके भोगको मन होय भोगतें विषयावेश होयजाय तव प्रभु अप्रसन्न होय याभांति प्रतिवंधतें जव भगवत्सेवा न होय तव पुष्टिमार्गीय फलकी आशा काहेकों करिये? यामार्गमें तो भगवत्सेवाही फलहे सोई न भई तो आगें कहा फल होयगो? ॥ १७ ॥

मूलं—तथापि श्रीमदाचार्यचरणाश्रयणान्मम ।
निवर्त्तते निराशं सन्न मनः फललब्धितः ॥१८॥

शब्दार्थः—तोहू श्रीमदाचार्यजीके चरणारविंदके आश्रयसों मेरो मन फलकी प्राप्तितें निराश सते निवृत्त नांही होतहे ॥ १८ ॥ टीका—या मार्गमें सेवाही फलहे सो यह महा कालदोषहे तातें निश्चय में सेवा

विना फलमें निराश हो तोहू एक भरोंसो मेरे मनमें हे जो मेनें श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमलको आश्रय अपने मनमें कियोहे तासों [भगवत्सेवाकरि रहितहों तोहू] श्रीमहाप्रभुजीके चरणकमलके आश्रयतें सर्वोपरि यह पुष्टिमार्गीय फल निश्चयही सिद्ध होयगो यह विश्वासहे ॥ १८ ॥

इतिश्रीहरिरायजीकृतं सप्तविंशतितमंशिक्षापत्रंश्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ २७ ॥

शिक्षापत्र २८.

अव अष्टाविंशतितम शिक्षापत्रमें अपनी दीनताके आविर्भावपूर्वक श्रीभगवानकी प्रार्थनाको प्रकार निरूपण करतहें। उपर कहे जो सर्व साधनकरि रहित तथा सेवाकरि रहितहों तोहू श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणाश्रयतें फल होयगो सो फल कोंन भांति होयगो सो आगें कहतहें जो आश्रयतें दैन्य स्फुरे सो फलरूप हे सो दीनता आगें वर्णन करतहें–

मूलं–कदा नंदात्मजः स्वेषु कृपादृष्टिं करिष्यति।
प्रतीक्षयैवास्मदादिमनः श्रांतं सहेंद्रियैः ॥ १ ॥

शब्दार्थः–श्रीनंदरायजीके पुत्र अपने भक्तनकी उपर कव कृपादृष्टि करेंगे? यह प्रतीक्षा [राह देखनी ता] करिकेंही अस्मदादिकनको मन, इंद्रियनसहित श्रांत [शिथिल] होयगयोहे ॥ १ ॥ टीका–अव श्रीहरिरायजी विज्ञप्ति करतहें जो नंदात्मज श्रीकृष्णहे यह कहिकें श्रीनंदरायजीके पुत्र कहे वसुदेवजीके नांही काहेतें जो यह पुष्टिमार्गमें

नंदकुमारही सेव्यहे श्रीशुकदेवजी नंदमहोत्सवके अध्यायमें कहेहें "नंदस्त्वात्मज उत्पन्ने जाताह्लादो महामनाः" (श्री नंदरायजी आत्मातें उत्पन्न एसे पुत्र भये तब भयोहे आनंद जिनकों ओर वडे मनवारे जातकर्म करावनलगे) यह वाक्यतें नंदरायकी आत्मातें प्रकटे एसे श्रीकृष्ण भावात्मक पुष्टिपुरुषोत्तम मोकों अपने स्वकीय निजभक्त जानि अपनी कृपादृष्टि कब करेंगे? यह प्रतीक्षा करत करत अस्मदादिकनको मन इंद्रियनसहित शिथिल होयगयो सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "यादृशी तादृशी नाथ! त्वत्पदाब्जैककिंकरी। त्वद्वक्त्रं कथमप्याशु कुरु दृग्गोचरं मम" (हे नाथ! में जेसी हों तेसी एक आपके चरणारविंदकीही दासी हों तासों केसेंहू आपको मुखारविंद शीघ्र मेरे दृष्टिगोचर करो)॥ १॥

मूलं–करुणावारिधिः स्वीयनिधिः सर्वाधिकः प्रभुः।
उपेक्षते कुतः स्वीयानिति चिंतातुरं मनः ॥ २॥

शब्दार्थः–दयाके समुद्र, अपने निधिरूप, सर्वतें अधिक, प्रभु अपने निजभक्तनकी क्यों उपेक्षा करतहें? एसें चिंतातुर मनहे॥ २॥
टीका–हे श्रीकृष्ण! तुम केसेंहो करुणाके निधिहो और सगरे प्राणिमात्रके सर्व जगतके प्रभुहो ताहूमें स्वीय जो तुह्मारे भक्तहे तिनके तो सर्वस्व निधिहो एसे प्रभु स्वीय अपने भक्तनकी उपेक्षा क्यों करतहो? यह चिंताकरिकें मनतें आतुर भयोहूं सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "हा नाथ! जीविताधीश! राजीवदललोचन!। यथोचितं विधेहीति प्रार्थनं तावकस्य मे" (हा नाथ! जीवितके अधीश! कमलदललोचन! जेसें योग्य होय तेसें करो यह तुह्मारो जो हूं इनकी प्रार्थनाहे) हे नाथ कमललोचन! में तुमसों प्रार्थना कहा करूं? तुह्मारी कृपातें जीवतहो

सो यह विप्रयोग उचित हे तातें में प्रार्थना कहा करूं? तुम सर्वज्ञ हो सब जानतहो ॥ २ ॥

मूलं-निजानंदनिमग्नस्य भवेद्यद्यपि विस्मृतिः ।
भक्तार्थमवतीर्णस्य कृपालोरुचिता न सा ॥ ३ ॥

शब्दार्थः-अपने आनंदमें मग्न एसेकों यद्यपि विस्मृति होयं तथापि भक्तके अर्थ प्रकट भये एसे दयालुकों यह विस्मृति उचित नांहीहे ॥ ३ ॥ टीका-हे श्रीकृष्ण! तुम अपने आनंदमें रात्रिदिन मग्न रहतहो तासों यद्यपि संसारादिक भावकी विस्मृतिहे तोहू अपने भक्तनके अर्थ तुम अवतार लियेहो तातें ओर तुम परमकृपालहो तातें तुह्मारे भक्त जो संसारमेंहे तिनकी विस्मृति नांही करोगे कृपा करि अंगीकारही करोगे सो। श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें " त्वदंगीकृतयो जीवेष्वधिकारा यतः प्रभो!। अतस्ते न विचारार्हाः कृपां कुरु कृपानिधे!" (जीवनमें जासों तुह्मारी अंगीकृतिरूप अधिकारहे तासों हे प्रभो! हे दयाके निधि! यह जीव विचार करिवेयोग्य नांहीहे तासों कृपा करो) हे नाथ! तुह्मारो अंगीकृत जीवहे तुह्मारे अधिकारयोग्यहे सो इहां लौकिकसंबंधतें तुमकों भूलेहें अधिकारयोग्य नांही हे तोहू तुम कृपासमुद्रहो तासों हमपर कृपाही करो ॥ ३ ॥

मूलं-कं प्रार्थयेयुस्ते दीना विहाय निजनायकम् ।
तदेकशरणा नित्यं विमुक्ताः सर्वसाधनैः ॥ ४ ॥

शब्दार्थः-सर्वसाधनकरि रहित, नित्य येही एकहे शरण जिनकों एसे, दीन भक्त अपने पतिकों छोडिकें कोनकी प्रार्थना करे? ॥ ४ ॥

---

१ अपने आनंदात्मक धाममें विराजत होय वा समय तो जीव स्मरणमें न आवे परंतु भक्तके अर्थ प्रकट भये तब तो भक्तको स्मरण राखनो चाहियें सो स्मरण न रहे यह योग्य नांही.

टीका–हे नाथ ! हम तुमतें कहा प्रार्थना करे ? हम दीनहें तुमकों हम अपने नायक (पति) जानतहें तुम विना ओर कोईकों हम नांही जानतहे ओर हम सर्वसाधनकरि रहितहें तातें नित्य तुह्मारे शरणहें येही भरोंसोहे। साधन होतो तो कछु प्रार्थना करते सो नांही हे तातें तुह्मारो आश्रयकरि तुह्मारे शरणहे। सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी विवेकधैर्याश्रयग्रंथमें कहेहें " अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः " [अशक्य अथवा सुशक्यमें सर्वथा हरि शरणहे] यह वाक्यकों विचारी ओर उपाय हमकों नांही सूझतहे तातें तुह्मारे शरणहे ॥ ४ ॥

मूलं–मन्नाथ ! नाथये नूनं भवामि विरहाकुलः ।
दर्शनं स्पर्शनं वांपि देहि वेणुस्वरश्रुतिम् ॥ ५ ॥

शब्दार्थः–हे मेरे नाथ ! में आपके विरहकरिकें आकुल भयोहूं तासों निश्चय में प्रार्थना करूंहूं जो [सेवामें] दर्शन, स्पर्शन ओर वेणुस्वरकी श्रुतिकोंहू देहो ॥ ५ ॥ टीका–हे श्रीकृष्ण ! तुम मेरे नाथहो ओर में महाविरहकरिकें आकुल भयोहूं यह संसारके कार्यमें तत्परहों ओर तुह्मारि सेवा भगवद्धर्मकरि रहितहों तासों संसाराग्निपीडितहों सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें–" त्वद्दर्शनविहीनस्य त्वदीयस्य तु जीवितम् । व्यर्थमेव यथा नाथ ! दुर्भगाया नवं वयः " [तुह्मारे दर्शनकरि रहित तुह्मारे भक्तनको जीवित, हे नाथ ! विधवाकी नवीन अवस्थाकीनांई व्यर्थ हे] तुह्मारे दर्शन विना त्वदीय तुह्मारे भक्त जीवेहें सो व्यर्थ हे जेसें दुर्भगा (खोटे भाग्यवारी विधवा) को जोवन[1] व्यर्थ हे तातें श्रीहरिरायजी कहतहें जो हमकों दर्शन देहो ओर श्रीअंगको स्पर्श करावो [अर्थात् सेवा करावो तामें दर्शन ओर चरणस्पर्श होय] ओर वेणुनादकरि वेणुद्वारा हमारे हृदयमें सुधा धरो

---

१ विधवाको जोवन होय सो ओरको तथा अपनकोहू दुःखरूप होय वेसें भगवानके दर्शन विना भक्तको जीवित अपनेकों तथा ओरकों दुःखरूप होयहै.

तव हमकों सुख होय विरहाग्निकरि व्याकुल हे तातें केवल दर्शनहीतें दुःख दूरि न होयगो दर्शन, स्पर्श ओर वेणुनादके सूरतें हृदयमेंतें दुःख दूरि होयगो तासों या भांति सुख देहो ॥ ५ ॥

मूलं–निजाचार्याश्रितानस्मान्यदि कृष्ण प्रहास्यसि ।
गमिष्यति हरे ! नाथ ! प्रतिज्ञैव तदा तव ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–अपने आचार्यजीके आश्रित एसें हमकों जो हे श्रीकृष्ण ! तुम त्याग करोगे तो हे नाथ ! हे हरे ! तुह्मारीही प्रतिज्ञा जायगी ॥ ६ ॥ टीका-अपने श्रीवल्लभाचार्यजीके आश्रित पुष्टिमार्गीय तदीयनकों हे नाथ! खोटे जानि दोष देखिके छोडोगे तो तुह्मारी निश्चय प्रतिज्ञा भंग होयगी तातें कृपाकरो काहेतें जो तुम श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीतें प्रतिज्ञा करीहे जो जिनकों ब्रह्मसंबंध कराओगे तिनके सकल दोष दूरि होयंगे तिनकों में अंगीकार करतहों । सो सिद्धान्तरहस्यमें कह्योहे "ब्रह्मसंबन्धकरणात्सर्वेषां देहजीवयोः । सर्वदोषनिवृत्तिर्हि दोषाः पंचविधाः स्मृताः" ॥ (ब्रह्मसंबंध कियेतें सबनके देह जीवके सर्वदोषकी निश्चय निवृत्ति होतहे सो दोष पांच प्रकारके हे) इत्यादि वचनतें तुम हमारे दोष देखोगे तो तुह्मारी प्रतिज्ञा जायगी तातें अपनी प्रतिज्ञाके लिये श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीके आश्रित जानि हमपर कृपा करो ॥ ६ ॥

मूलं–वयं तु सर्वथा दुष्टाः स्वधर्मविमुखा अपि ।
त्वमस्मदीयान् मा धर्मान् गृहाण गुणपूरितः॥७॥

शब्दार्थः–हम तो सर्वथा दुष्टहें ओर स्वधर्मतें विमुखहें तोहू तुम गुण करि पूरितहो सो हमारे धर्मकों मति ग्रहण करो ॥ ७ ॥ टीका–हम सर्वथा दुष्टहें बालापनतें दुष्टही आचरण कियेहें अपने पुष्टिमार्गतें विमुखहे कवहू पुष्टिमार्गरीतितें भावसहित सेवा नांही करीहें तातें अपने स्वधर्मतें विमुखहें ओर हे नाथ ! तुम केसेहो सर्वगुणकरिके पूर्णहो

सो अस्मदीय (अपने दासजन) के धर्मकी चाहना नांही करोगे? कृपा करो अवगुणी हमसारिखेपर निश्चय प्रमेयबलतें कृपा करोगे सो विज्ञप्तिमें श्रीगुसांईजी कहेहें "वलिष्ठा अपि मद्दोपास्त्वत्कृपाग्रेऽतिदुर्वलाः। तस्या ईश्वरधर्मत्वात् दोषाणां जीवधर्मतः" (यद्यपि हमारे दोष वोहोत वलिष्ठहे तोहू तुह्मारी कृपाके आगें दुर्वलहें काहेतें जो तुह्मारी कृपाहे सो ईश्वरधर्महे ओर दोष हे सो जीवधर्महे) सो ईश्वरधर्मके आगें जीवधर्म तुच्छ हे तातें कृपा करो ॥ ७ ॥

मूलं--कृपालो! पालनीयानां गुणदोषविचारणा। न कार्या स्वीयशरणविहितं वरणं यदि ॥ ८ ॥

शब्दार्थः—हे कृपायुक्त! आपके शरणसों भयो एसो जो वरणहे तो आपकों पालन करिवेयोग्य जो जीवहे इनके गुणदोषकी विचारणा नांही कर्त्तव्य हे ॥ ८ ॥ टीका—हे नाथ! तुम कृपालुहो सो पालन करो हमारे गुणदोषको विचार तुम मति करो, काहेतें जो हम तुह्मारेहें श्रीआचार्यजीद्वारा हमारो धर्म तुमतें भयोहे तातें हमारो वरण भयोहे सो अपने कार्यके लिये सेवा, टहल, जो धर्म हे सो कार्य मोसों न वनिआयो ओर उलटो अपराध अनेक दोष वन्यो सो तुम मेरी ओर मति देखो आपुन वरण जानि कृपा करो सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "त्वदंगीकृतयो जीवेष्वाधिकारा यतः प्रभो। अतस्ते न विचारार्हाः कृपां कुरु कृपानिधे!" (हे प्रभो! जीवमें तुह्मारी अंगीकृतिरूप अधिकारहे तासों (वे योग्य होय अथवा दोषकरि अयोग्य होय तोहू) वे विचार करिवेयोग्य नांहींहे ताते उनके दोष मति विचारो आप कृपाके निधि हो सो कृपा करो) ॥ ८ ॥

मूलं—अश्रांतोऽपि हरे! दोषगणनायां मम प्रभो!। श्रममेष्यसि गोपीश! ततो विस्मर सर्वथा ॥ ९ ॥

शब्दार्थः–हे हरे! आप श्रमरहित हो तोहू हे प्रभो! मेरे दोषनकी गणनामें श्रम पावेंगे। तासों हे गोपीजनके ईश! सर्वथा वह दोषनकों विसरिजाओ ॥ ९॥ टीका–हे नाथ! तुम कोयवातमें हारो नांही तुमकों कवहू कोई कार्यमें श्रम न होय एक क्षणमें चाहो सो करो एसें सामर्थ्ययुक्त यद्यपि हो तोहु मेरे दोषकी गणना तुम करोगे तो तुमकों श्रमही होयगो। मेरे अपार दोषहें तातें हे गोपीश! (यह संबोधन करि यह जताये जो तुम गोपीके ईशहो विनासाधन गोपीजनपें कृपा करि तेसें हमारी उपर कृपा करो) सर्वथा हमारे दोषकों विसरिजाओ सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "अपराधेऽपि गणना नैव कार्या व्रजाधिप!। सहजैश्वर्यभावेन स्वस्य क्षुद्रतया च नः" (हे व्रजके आधिप! निःसाधनके फलात्मक! हमारे अपराधकी गणना करनी तुह्में उचित नांहींहे काहेतें जो तुह्मारो सहजैश्वर्यहे ताके आगें हमारे दोष क्षुद्रहे सो कहां) तातें कृपा करो ॥ ९ ॥

मूलं–दीनेषु गुणलीनेषु (हीनेषु) तावकीनेषु मत्प्रभो। पराधीनेषु करुणा करणीयैव सर्वथा ॥ १० ॥

शब्दार्थः–दीन, संसारके गुणमें लीन, (अथवा गुणरहित) ओर पराधीन, एसे जो तुह्मारे भक्तहे तिनकी उपर सर्वथा कृपाही करनी योग्य हे ॥ १० ॥ टीका–हे नाथ! में अत्यंत दीन हों, दुःखी हों, काहेतें जो मायाके गुणकरि संसारादिकमें लीनहों ओर पराधीन हों एसे दोषकरि दीनहों तोहू तुह्मारो हों तातें मेरे उपर सर्वथाही करुणा करियें। सो विज्ञप्तिमें श्रीगुसांईजी कहेहें "कालकर्माधीनतां यत्करोपि मयि सुंदर!। तदप्यनुचित्तं यस्मात्त्वदीयोऽस्म्युररीकृतः" (हे सुंदर! मोपें कालकर्मके आधीनपनो जो आप करतहो सोहू योग्य नांहीहे, काहेतें जो

में आपको हों एसें अंगीकार कियोहे) हे सुंदर श्रीकृष्ण! मैं काल-कर्मके आधीनहों तोहू तुह्मारोहों, तातें अपनो जानि कृपा करो ॥१०॥

मूलं–निःसाधना गतधना मनोदीनाः सुदुःखिताः।
निजाचार्याश्रिताः शोकलोभमोहभयाकुलाः॥११॥
भवन्ति ते कृपापात्रं महोदार! दयानिधे!।
प्रयच्छ करुणां तेभ्यो दत्तं पात्रेऽक्षयं भवेत् ॥१२॥

शब्दार्थः–निःसाधन, गयोहे धन जिनको एसे, ताकरि मनमें दीन, अत्यंत दुःखी, अपने श्रीआचार्यजीके आश्रित, शोक, लोभ, मोह, भय करिकें व्याकुल, ॥ ११ ॥ एसे जो हें सो आपकी कृपाके पात्रहें तासों हे वडे उदार! दयाके निधिरूप! इनकों करुणा देहो काहेतें जो पात्रमें दियो सो अक्षय होय ॥ १२ ॥ टीका–में निःसाधनहों मेरेमें कोई साधन नांहीहे भावरूपी धनहू गयोहे ताकरि अति दीनहों वोहोत दुःखी हों ओर अपने श्रीआचार्यजीके आश्रितहों ओर शोक, लोभ, मोह, भय, यह मायाके गुण करिकें व्याकुलहों ॥ ११ ॥ उपर कहे एसे होय तो प्रभुके कृपापात्र होय तातें श्रीहरिरायजी कहतहें जो मेंहू एसोहूं तुह्मारे कृपापात्रहों तुम महोदारहो दयाके निधिहो तातें दया करो पात्रमें दान दियो सो अक्षय होतहे सो में दयाको पात्रहों तातें दया करो ॥ १२ ॥

मूलं-संसारदावदग्धानां जीमूतजलकांक्षिणाम्।
न नीलजलदानंतजलदानं विना सुखम् ॥ १३ ॥

शब्दार्थः–संसाररूपी दावानलतें दग्ध एसे ओर मेघके जलकी इच्छावारेनकों श्याममेघके अनंत जलके दान विना सुख न होय ॥ १३ ॥ टीका–अब लौकिक दृष्टांत कहतहें। वनमें दावानलतें वनके सगरे जीव आदि जरत होय तिनकों शीतल करिवेको एक मेघजल

वरखे येही उपायहे ओर कोई उपाय नांहीहे। यद्यपि जलतें समुद्र, नदी, अनेक भरेहें परंतु वनमें दावानलकों मेघ जलदान करि निवृत्त करे तव होय, तेसेंही यह मायासंवंधी देहसंवंधी अहंताममतारूप यह दावानलमें जरतहें तिनको नीलमेघरूप श्रीगोवर्धननाथजी अपने आनंदरूप अनंत जलको दान करें (वडीकृपाकरे) तवही यह पुष्टिमार्गीयवैष्णवकों सुख होय ओर कोउ उपाय नांही ॥ १३ ॥

मूलं-ये मयांगीकृताः सर्वे त्वत्सेवार्थे गृहस्थिताः।
त एव भावनाशाय भवंति करवै किमु ॥ १४ ॥

शव्दार्थः-आपकी सेवाके लिये गृहमें रहे एसे जो मेने अंगीकृत कियेहे यहही भावको नाश करिवेकों तत्पर होतहे सो अव में कहा करूं ? ॥१४॥ टीका-जो हमने सेवक कियेहें तिनकी प्रार्थना प्रभुसों करि अंगीकार कराये एसे अंगीकृत सेवक वोहोत कियेहे। सो काहेतें, जो मोसों गृहस्थाश्रममें भलीभांति सेवा नांही वनि आवतहे तासों अपने गृहमें स्थितहे तिन सवनकों सेवक करि सेवारीति वताई हे सो मेरे सेवक तुह्मारी भली सेवा करेंगे तो मोकों सुख होयगो यह जानि अपनी सहायके लिये अपने गृहस्थित अंगीकृत किये हें सो वे गृहस्थ भगवानकी सेवामें भावनाश होय एसो उलटो कृत्य करतहें सो में कहा करूं ? ॥ १४ ॥

मूलं-वहिर्मुखाः प्रकुर्वंति स्वसंवंधं वहिर्मुखम्।
सहायताभ्रमादेव न हातुमहमुत्सहे ॥ १५ ॥

शव्दार्थः-वहिर्मुखहे अपने संवंधतें मोकों वहिर्मुख करतहें अथवा वहिर्मुख अपने संवंधकों वहिर्मुख करतहें परंतु यह सहायता करेंगे एसें भ्रमसोंही में इनकों छोडिवेकों उत्साह नांही करतहों ॥ १५ ॥ टीका-जो जीव स्वभावतें वहिर्मु-

रहे सो अपने संबंधतें सगरे जीवको, बहिर्मुख करतहे सो मैंनें भ्रमसों, अपनी सहायता करेंगे एसें जान्यो तासो अंगीकृत किये सो वे उलटे चलतहे भगवत्सेवा नांही करतहे तोहू उनकों छोडिवेको उत्साह नांही करतहों ॥ १५ ॥

मूलं–सहायभ्रममुत्पाद्य वंचयंति यथा जनम् ।
मार्गस्थितं तथा नाथ! वंचितोऽहं गृहस्थितैः ॥ १६ ॥

शब्दार्थः–जेसें ठगपुरुष मार्गमें रहे मनुष्यकों सहायको भ्रम उत्पन्न करिकें ठगतहे तेसें हे नाथ ! में गृहस्थित जनसों ठगायो हों ॥१६॥ टीका–मेंनें भ्रमकरिकें अपनी सहायताके अर्थ सेवक किये तामें उलटो ठग्यो गयोहूं हे नाथ ! मार्गस्थित जनकों जेसें कोई ठगे तेसें गृहस्थ वैष्णवनें मोकों ठग्यो ॥ १६ ॥

मूलं–यथांधकूपपतितं मंडुका दुःस्वरैर्जनम् ।
व्यथयंति तथा मह्यं दुर्वचोभिर्गृहस्थिताः ॥ १७ ॥

शब्दार्थः–जेसें अंधकूपमें गिरे जनकों मंडुक दुष्टस्वरसों व्यथा करतहें तेसें मोकों गृहस्थित दुर्वचनसों व्यथा करतहें ॥१७॥ टीका–लौकिक दृष्टांत कहतहे–जेसें अंधकूपमें पर्‍यो होय ताकों मेंडुक दुष्टस्वरतें बोले सो भय उपजावे तेसें गृहस्थित अनेकलोकके दुर्वचन सुनिकें मोकों महाभय होतहे गृहमें स्थित एसे मनुष्यके अनेक भांतिके वचन सुनिके मेरे मनमें व्यथा होतहे ॥ १७ ॥

मूलं–कियत्पर्यंतमेवं हि मदुपेक्षां करिष्यसि ।
त्यक्तो वा दोषसाहित्याद्विमुखोऽहं दयालुना ॥१८॥

शब्दार्थः–कितनेक दिनपर्यंत एसेंही मेरी उपेक्षा करोगे ? किंवा दोषसहित में हों तासों विमुखहों सो दयालुनें त्याग कियो ? ॥१८॥

टीका–तातें हे नाथ ! एसो दुःखी में हों सो मेरी उपेक्षा करोगे के मोकों दोपसहित जानिकें त्याग करोगे ? परंतु में यह मनमें जानतहों जो तुम दयाल हो तातें त्याग तो कबहू न करोगे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेंहें " चित्तेन दुष्टो वचसापि दुष्टः कायेन दुष्टः क्रियया च दुष्टः । ज्ञानेन दुष्टो भजनेन दुष्टो ममापराधः कतिधा विचार्यः " (चित्तहू दुष्टहे तुह्मारेमें नांही लागत, वाणी हू मिथ्याभाषणतें दुष्टहे, कायाहू तुह्मारि सेवा नांही करत तातें दुष्टहे, क्रियाहू लौकिक करियतहे, ज्ञानहू दुष्टहे, भजनहू निष्कपटतासों नांही होतहे तातें हे नाथ ! हमारो दोप (अपराध) कहांतांई विचारोगे? तातें कृपा करो ॥ १८ ॥

मूलं–त्यक्तः कुत्र गमिष्यामि न मेऽस्ति शरणं क्वचित् ।
नावमारोप्य दीनं स्वं मध्येधारं न मज्जय ॥१९॥

शब्दार्थः–आप त्याग करो तो में कहां जाउंगो ? मोकों काहू जगे शरण नांहींहे। दीन अपने जनकों नावपर बेटायके धाराके मध्यमें मति डुबावो ॥ १९ ॥ टीका–हे नाथ ! तुम ईश्वरहो कर्तुं अकर्तुं अन्यथाकर्तुं सर्वसामर्थ्ययुक्तहो सो यह जानो मेरे शरणलायक यह नांहीहे यह विचारिकें कदाचित् त्याग करो तो हम कहां जाय ? हमारे तुमविना ओर कहूं ठिकानो नांहीहे तुह्मारी शरणविना रंचकहू काहूकों नांही जानत। तातें तुम त्याग करोगे तब मेरी कहा दशा होयगी? जेसें नावमें बेठाय मध्यधाराके बीचमें नाव छोडदेई तो उह कहा करे ? तहां खेवटही सहाय होय तो पार लगे ओर उपाय नांहीहे तेसेंही हम तुह्मारे पुष्टिमार्गरूपी नावमें बेठेहे अब तुह्मारे मनमें आवे तेसी करो ॥ १९ ॥

मूलं–निजाचार्यकुले जन्म किमर्थं विहितं मम ।
विहितं चेन्मयि सदा दोपपीने कृपां कुरु ॥२०॥

शब्दार्थः—अपने आचार्यकुलमें मेरो जन्म काहेंकों कियो ? जब कियो तब सदा दोपसों पुष्ट एसो जो में ताकी उपर कृपा करो ॥२०॥ टीका—भलें तुम मेरो त्याग करोगे तो तुमसों हमारी कहा कछु चलतहे? परंतु यह में कहतहों जो निज (हमारे) श्रीआचार्यजी श्रीवल्लभाचार्यजीके कुलमें हमारो जन्म क्यों दियो ? तुम प्रथम नांही जानत हते ? अब छोडतहो में तो सदा दोपकरिकें भर्यो हों तातें कृपाही करो॥२०॥

मूलं-असंगः सर्वथा दूयेऽसत्संगसहितोऽप्यहम् ।
यथाऽरण्ये परित्यक्तः कादिशीको मृगादनैः ॥२१॥

शब्दार्थः—में असत्पुरुपनके संगसहितहों सो इनसों सर्वथा असंग [संगदोप न लगे तेसें दूरि] रहतहों तोहू खेद पावतहों जेसें वनमें परित्यक्त ओर दिङ्मूढ (माथो फिरगयो तासों दिशा भूल गयो) पुरुप मृगादन जो सिंहादिक ताकरि भय पावे तेसें में असत्संगसों भय पावतहों ॥ २१ ॥ टीका—हे नाथ ! असत्संग मोकों दशोदिशातें घेरेहे यह मोकों वडो दुःखहे। रंचकहू कुसंगतें बुद्धि विगेरे तो सर्व ओरतें मोकों दुःसंग वेष्टितहे तातें सुंदरबुद्धिको नाश भयोहे ओर सत्संगतें सर्वधर्मको तोप होय सो सत्संग मोतें वोहोत दूरिहे तातें में अकेलोहूं दुःसंगके मध्य वेष्टितहों तिनसों डरपतहों सो मेरी कहा दशाहे जेसें अरण्य वनमें अकेलो छोडि देई सो सिंहकी गरज दशोदिशा सुनि कोन दिशाकों जाय तेसेंहि मोकों भईहे सो कोन दिशाकों जाऊं सो उपाय दीसत नांही ॥ २१ ॥

मूलं—जातपक्षाः खगाः स्वीयजननीं च त्यजंति हि[1] ।
यथा तथा करालेऽस्मिन् कालेऽहं भगवज्जनैः॥२२॥

---

१ जातपक्षान् खगान् स्वीयजननी त्यजति ध्रुवम् । एसो कहूं पाठहे ताके अनुसार अर्थ जेसें पांख उत्पन्न भई एसे पक्षीको माता निश्चय छोडतहे तेसें मोकों थोरो भाव भयो ओर यह करालकालमें भगवदीय जननें छोडदियो ।

शब्दार्थः—जेसें पांख उत्पन्न भये एसे पक्षी अपनी माताकों छोडि देतहे (फिर माताकरि रहित होतहे) तेसें में भगवानके जन जो भक्त ताकरि रहित होय गयोहूं ॥ २२ ॥ टीका—मेरी कहा अवस्थाहे जेसें खग जो पक्षीहे ताके वचाकों जव पांख होय तव उह वच्चा अपनी जननी जो माता ताकों तजिकें अनेक वनमें उडिजातहें, तेसेंहि हमारे पास भगवदीय कथा वार्त्ता करते सो यह करालकालमें मोकों छोडिगये सो में कहा करूं? ॥ २२ ॥

मूलं—चिंतापारावारे पतितस्यात्रैव मग्नस्य ।
एतज्जलवडवाग्निः शरणं श्रीवल्लभाचार्याः ॥ २३ ॥

शब्दार्थः—चिंतारूप समुद्रमें गियों ओर यामेंही डूव्यो एसो जो में ताकों वहजलके शोषणमें वडवानलरूप श्रीवल्लभाचार्यजी शरणहें ॥ २३ ॥ टीका—भगवदीयके संगविना मेरे हृदयमें एसी चिंताहे जाको पार नांही। चिंतारूपसमुद्रमें मग्नहों तहां दृष्टांत कहतहें जेसें कोउ महागंभीर पानीके समुद्रमें मग्न भयो होय ताकों एक वडवाग्निही सहायभूतहे एकक्षणमें सगरो पानी शोष लेय ओर कोउ नांही तेसेंही मे यह संसाररूप भवसागरके चिंतारूपजलमें मग्न पर्योहों तामें एक श्रीवल्लभाचार्यजीही शरणहे यह उपायहे श्रीमहाप्रभुजी अलौकिक अग्निरूपहे सो एकक्षणमें सगरी चिंता संसारदुःख सव शोषलेयंगे यह उपायहे ॥ २३ ॥

मूलं—हा कृष्ण! हा नंदसूनो! हा यशोदाप्रियार्भक ! ।
हा गोपिकाहृदाधार! धारयस्व करेण माम् ॥२४॥

शब्दार्थः-हा श्रीकृष्ण ! हा श्रीनंदरायजीके पुत्र ! हा श्रीयशोदाजीके प्रियपुत्र ! हा श्रीगोपीजनके हृदयके आधार ! श्रीहस्त करि [उपर श्लोकमें कहे एसे समुद्रमें मग्नहों तातें] मोकों पकरि लेउ ॥ २४ ॥ टीका—उपर कहे याप्रकार श्रीहरिरायजी दीनता करत हते सो दीनता

करत करत विप्रयोगात्मक अग्नि हृदयमें प्रकट भयो सो अत्यंतविरहसो देहानुसंधान भूलिकें बोले हा कृष्ण ! यह फलात्मक नाम श्रुतिरूपके भावतेंहे १. हा नंदसुनु ! श्रीनंदरायजीके पुत्र जेसें श्रीनंदरायजीने हम पाले तेसें तुमहू पालो यह दूसरो नाम कुमारिकाके भावतेंहें २. हा श्रीयशोदाजीके प्राणप्रिय पुत्र ! यह श्रीयमुनाजीके भावतेंहें ३. पाछें कहे हा गोपीजनके प्राणआधार ! यह मुख्य श्रीस्वामिनीजीके भावतेंहें ४. यह चारो नाम लेय कहे जो एसे प्रभु विप्रयोगसमुद्रमें हम परेहें तिनको अपने करतें उद्धार करो ॥ २४ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतमष्टाविंशातितमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम्॥२८॥

शिक्षापत्र २९.

अब एकोनत्रिंश शिक्षापत्रमें बुद्धिको नाश करिवेवारो यह काल आयोहे तासों सत्संग, श्रीकृष्णस्मरण ओर शरणागतिरूप साधनकरि बुद्धि स्थिर राखनी. एसें न करे तो सर्वकृति व्यर्थहे, तासोंही श्रीआचार्यजी [बुद्धिप्रेरक श्रीकृष्णके चरणकमल प्रसन्न होउ] एसें प्रार्थना करि गायत्रीको अर्थ बतायोहे। सो श्रीकृष्णस्मरण ओर शरणागतिसों प्रभुही बुद्धि स्थिर राखेंगे यह निरूपणहे। उपर कहे ताप्रकार दैन्यतें विप्रयोग प्रकट होय तब भगवद्धर्म सिद्ध होय सो बुद्धि कोनप्रकार स्थिर रहे सो आगें कहतेंहें–

मूलं–बुद्धिनाशककालोऽयं सर्वेषां समुपागतः ।
अतो हि सर्वथा गोप्यं बुद्धिरत्नं सुबुद्धिभिः॥१॥

शब्दार्थः—सबनकी बुद्धिको नाश करिवेवारो काल यह आयोहे तासों बुद्धिवारेनकों अपने बुद्धिरूप रत्न सर्वथा छुपाय राखनों ॥ १ ॥ टीका—यह वर्तमान कलिकालमें सबकी बुद्धिको नाश भयोहे काहेतें जो यह कलियुगमें अनेक धर्म भये हे तासों विचारे जो यह धर्म न भयो तो कहा विगरतहे ओर धर्म लेउंगो एसें बुद्धि धर्मतें भ्रष्ट होयगई तातें जा बुद्धितें सुधर्म होतहे वा तो कालने हरि लीनीहे ताकरि सुंदर धर्मको (स्वरूप नांही समुझिसके तासों) नाश भयो, कुबुद्धितें विपरीत आचरण करन लागे तातें कहतहे जो तुम सावधान रहियो यह काल सर्वबुद्धि हरनकों आयो हे तातें सुबुद्धि जो वैष्णव हे सो अपनी बुद्धिरूप रत्नकों वंटीमें धरि यत्नसों राखियो काहूसों न जताईयो काहेतें जो रत्न यत्नविना रहे तो चोर लेजाय तेसें बुद्धिरूप रत्न यत्नकरि राखेंगे तिनहीको रहेगो ॥ १ ॥

मूलं—सत्संगकृष्णस्मरणशरणागतिसाधनैः ।
तदभावे कृतिः सर्वा यतो वैयर्थ्यमेति हि ॥२॥

शब्दार्थः—सत्संग, श्रीकृष्णको स्मरण, ओर शरणागतिरूप साधन करि बुद्धिकी रक्षा करनी जो ऐसें रक्षा न करे तो सर्व कृति व्यर्थ होयजायगी ॥ २ ॥ टीका—अब श्रीहरिरायजी बुद्धिरक्षणको उपाय कहतहें। सदा पुष्टिमार्गीय वैष्णवके सत्संगमें रहे ओर अपने मनमें ध्यान करि श्रीकृष्णके स्वरूपको स्मरण करे ओर श्रीकृष्णके शरणकी भावना सदा मनमें राखे। श्रीकृष्णाश्रयमें अष्टाक्षर कहेहें सो शरणकी भावना करे काहेतें जो भावविना क्रिया करे सो सब व्यर्थ हे जेसें राखमें होमे ताको कहा फल? तेसेंही भाव विना जो करे सो सब व्यर्थ हे ॥ २ ॥

मूलं–अत एवोक्तमाचार्यैः स्वकीयकरुणात्मभिः ।
बुद्धिप्रेरककृष्णस्य पादपद्मं प्रसीदतु ॥ ३ ॥

शब्दार्थः–तासोंही स्वकीयजनकी उपर दयालु श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी कहेहें जो बुद्धिके प्रेरक श्रीकृष्णके चरणकमल प्रसन्न होउ ॥३॥ टीका–तहां कोई कहे जो यह बुद्धिरत्नके जतनको प्रकार तुमही कहतहों के कहूं सुनेहे? तहां कहतहे जो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी श्रीमुखतें कहतहें जो "बुद्धिप्रेरककृष्णस्य पादपद्मं प्रसीदतु" बुद्धिके प्रेरक श्रीकृष्णके चरणारविंदकी प्रसन्नतातें सुंदर बुद्धि होतहे तातें मन, वचन, कर्म, करि श्रीकृष्णके शरण जो कोई रहेगो तिनकी सुंदर बुद्धि होयगी ओरकी नांही ॥ ३ ॥

मूलं–उपकारोऽपि[1] गायत्र्या ध्यानहेतुरयं मतः ।
गीतायां हरिणाऽप्युक्तमर्जुनं प्रति मोदतः ॥ ४ ॥
'ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयांति ते' ।
बुद्धिस्थैर्यं हृदिस्थैर्यं हरेरिति न संशयः ॥ ५ ॥

शब्दार्थः–बुद्धिप्रेरक श्रीकृष्णके पादपद्मकी प्रसन्नताकी प्रार्थनारूप यह उपकारहू गायत्रीके ध्यानको कारणरूपहे गीताजीमें श्रीकृष्णनें अर्जुनप्रति आनंदसों कह्योहे ॥ ४ ॥ जो यह बुद्धियोग में देतहों जाकरि यह मोकों प्राप्त होयहे बुद्धिकी स्थिरता होय तब हृदयमें हरिकी स्थिरता होय यामें संशय नांही ॥ ५ ॥ टीका–गायत्री ब्राह्मणके बालककों देतहें ताके तृतीयपादमें बुद्धिके प्रेरणरूप अर्थ हे सो भगवान् सुंदरबुद्धि करे यह इनको उपकारहे। काहेतें जो गायत्रीके उपदेशतें वेदके कर्मकी योग्यता होय तेसेंही बुद्धिप्रेरक श्रीकृष्णकी

१ उपक्रमोऽपि गायत्र्या एसो पाठ काहू पुस्तकमेंहे ताके अनुसार अर्थ–बुद्धिप्रेरक श्रीकृष्णके पादपद्मकी प्रसन्नताकी प्रार्थनाको प्रारंभहे सोहू गायत्रीके ध्यानको कारणहे.

कृपातें वैष्णवकी बुद्धि निर्मल होय सोहू प्रभुको उपकार हे। काहेतें जो बुद्धि निर्मल होय तो श्रीठाकुरजीको ध्यान होय सो गीताजीमें श्रीभगवान् अर्जुन प्रति कहेहें ॥ ४ ॥ जो दूसरे अध्यायमें बुद्धिस्थिरको प्रकार कहेहें ताप्रकार बुद्धि स्थिर होय तो भगवान् हृदयमें स्थिर होय ओर बुद्धिकी स्थिरता जाय तो हरि हृदयतें जात रहे निश्चय यामें संशय नांही। तातें गीताजीमें एक सगरो अध्याय बुद्धियोगको भगवान् कहेहें काहेतें जो सुंदर बुद्धि होय तबही सगरे धर्म, जप, तप, दान, व्रत, मर्यादामार्गके साधन, कर्ममार्गके साधन, ज्ञानमार्गके साधन, योगमार्गके साधन, पुष्टिमार्गके साधन, सब बने सुंदर बुद्धि विना कछु कार्य सिद्ध न होय ॥ ५ ॥

मूलं-तन्नाश एव गीतायां सर्वनाशो निरूपितः।
अतो बुद्धिः सुसंरक्ष्या भावभावनकारणम् ॥६॥

शब्दार्थः—बुद्धिको नाश होय तो सबनको नाश गीताजीमें निरूपण कियोहे, तासों सर्वभावकी उत्पत्तिके कारणरूप बुद्धिकी आछी रीतिसों रक्षा करनी ॥६॥ टीका—बुद्धि जाभांति नाश होय ओर बुद्धिनाशतें आत्माको नाश होय सो भगवान् गीताजीमें द्वितीय अध्यायमें कहेहें "ध्यायतो विषयान् पुंसः संगस्तेषूपजायते। संगात् संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते ॥१॥ क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात् स्मृतिविभ्रमः ॥ स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति ॥ २ ॥ या वचनतें भगवान् कहतहें हे अर्जुन ! जीव विषयमें प्रवृत्त होतहे सो विषयके ध्यानतें दुःसंग (संसारीको संग) होतहे तब अनेक भांतिके विषयकी कामना प्रकट होय तामें कछु बिगरे अथवा विघ्न आवे तब क्रोध होय क्रोधतें मोह होय मोहकरि स्मृतिविभ्रम होय जब अज्ञान होय अज्ञानतें लौकिक संसारिकों अपने जाने तिनके पालनार्थ

खोटी क्रिया करे याभांति स्मृतिके भ्रमतें बुद्धिकों नाश होय, बुद्धिके नाशतें आत्माको नाश होय, बुद्धि हे सो भगवद्भावके भावनमें कारण हे तातें बुद्धिकी रक्षा करे सो प्रकार आगे श्लोकमें कहतहें ॥ ६ ॥

मूलं–प्रसादभक्षणैर्नित्यं सेवनाकरणैरपि ।
सत्संगेन सदा कृष्णकथाश्रवणकीर्त्तनैः ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–महाप्रसादके भक्षणकरि, नित्यभगवत्सेवा करि, सत्संग ओर सदा श्रीकृष्णकी कथाके श्रवण कीर्तन करि बुद्धिकी रक्षा करनी ॥७॥ टीका–उपर कहे जो बुद्धिकी रक्षाकरे तो सर्वकार्य सिद्ध होय सो बुद्धिकी रक्षा कोन भांति करनी सो कहतहें असमर्पित वस्तुमें अपनो मन चलायमान न करे सदा महाप्रसाद भक्षण करे ओर श्रीकृष्णकी सेवा नित्यकरे ओर भगवदीयको सत्संग करे दुःसंगको त्याग करे ओर श्रीकृष्णकी कथाको श्रवण करे श्रीकृष्णकी लीला तथा नामको कीर्तन करे तो बुद्धि निर्मल रहे तव प्रभु हृदयमें पधारे ॥७॥

इति श्रीहरिरायजीकृतमेकोनत्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥२९॥

शिक्षापत्र ३०.

अव त्रिंशत्तम शिक्षापत्रमें जेसें कर्मफलसिद्धिमें देशादि पद् साधनहे तेसें पुष्टिमार्गीय फलसिद्धिमेंहू देशादि पद् साधनहे ओर तिनको साधन सत्संगहे यह निरूपणहे । उपर बुद्धिकी रक्षाको प्रकार कहे परंतु काल-दोपहू वडोहे सो न लागे तव बुद्धि सुंदर रहे सो प्रकार कहतहें—

मूलं–स्मर्त्तव्यः सर्वदा कृष्णो विस्मर्त्तव्यं जगत् पुनः ।
प्रपंचस्मरणे कृष्णस्मृतिर्नैव भवेदिति ॥ १ ॥

प्रयतेत ततो जीवस्तदभावाय सर्वथा
कृष्णार्थताभावनेन गृहादेर्विस्मृतिर्भवेत् ॥ २ ॥

शब्दार्थः—सर्वदा श्रीकृष्ण स्मरण करिवेयोग्यहे ओर जगत् विस्मरणकरिवेयोग्यहे प्रपंचको स्मरण होय तहांताँई श्रीकृष्णकी स्मृति नांही होय तासों ॥ १ ॥ प्रपंचकी विस्मृतिके अर्थ जीव सर्वथा यत्न करे तातें श्रीकृष्णके अर्थ सर्व क्रियाकी भावना करिकें गृहादिककी विस्मृति होय ॥ २ ॥ टीका—सदासर्वदा श्रीकृष्णहीको स्मरण कर्त्तव्य हे सो अष्टमस्कंधमें शुकदेवजी कहेहें "ते सभाग्या मनुष्येपु कृतार्था नृप निश्चितम् । स्मरंति स्मारयंति ये हरेर्नाम कलौ युगे" (जो कलियुगमें हरिको नाम स्मरण करेहें ओर स्मरण करावेंहें सो हे राजन्! मनुष्यनमें भाग्यसहित ओर कृतार्थ निश्चयहें) यह वचनतें या कालमें श्रीकृष्णको स्मरण करे सो वडभागीहे ओर यह जगतमें संसारकी विस्मृति कर्त्तव्य हे काहेतें जो जहांताँई जगतमें देहसंवंधी अनेक पदार्थ कुटुंव, घर इत्यादिकमें मन लागीरह्योहे तहांताँई श्रीकृष्णके चरणमें न लगे तातें जगतकी विस्मृति राखे ओर प्रपंचको यह जाने जो सर्वके श्रीकृष्णही कारणहे तातें प्रपंच देखि श्रीकृष्णको माहात्म्य विचारे जो प्रपंचके कर्त्ता ओर संहारकर्त्ता प्रभुहीहे याभांति प्रपंचके कारण श्रीकृष्णहीको स्मरण कर्त्तव्य हे ॥ १ ॥ श्रीकृष्णमें भाव होय यह प्रयत्न सर्वथा करे ओर श्रीकृष्णके चरणारविंदमें भावनाके अर्थ गृहादिककी अहंता ममताकी विस्मृति करे एसो यत्न करे श्रीकृष्णमें भाववृद्धि करे ताको ग्रहणकरे ओर या भावमें वाधक होय ताको त्याग करे सगरी क्रिया श्रीकृष्णहीके अर्थ करे ताकरि गृहादिककी विस्मृति होय ॥ २ ॥

मूलं—अथवा वाधकत्वेन त्यागभावनया पुनः ।
अखण्डाद्वैतभावेन कामाद्यावेशतो हरौ ॥ ३ ॥

प्रापंचिकपदार्थेषु लीलासृष्टित्वभावनात् ।

शब्दार्थः—अथवा (गृहादिकनमें) वाधकपनेतें त्यागकी भावना करि फिर अखंड (शुद्ध) [1]अद्वैतकी भावना करिके, हरिमें [2]कामादिकके आवेशतें, ॥ ३ ॥ ओर प्रपंचके सगरे पदार्थनमें लीला सृष्टिपनेकी भावनातें गृहादिककी विस्मृति होय ॥ टीका ॥ श्रीकृष्णकी सेवामें स्त्रीपुत्रादिक तथा देश वाधक होय तो ताको त्याग करिवेकी मनमें भावना करे ओर श्रीकृष्णकों अखंड अद्वैत [सवठोर सर्वोपर श्रीकृष्णही विराजतहें याभांति] जानि सवठोर श्रीकृष्णहीकी भावना करे ओर कामादिकको आवेश प्रभुमें करे जेसें लौकिक संसारी कामादिकको आवेश गृह कुटुंबादिकनमें करि तामें अष्टप्रहर मचत रहेहें तेसेंहि वैष्णव श्रीठाकुरजीकी सेवामें मच्यो रहे, जो अब यह वागा चहियें, यह सामग्री यह उत्सव आवतहे यामें यह चहियें, याभांति मन श्रीकृष्णहीमें लगावे ॥ ३ ॥ यह प्रपंचके पदार्थमें लीलासृष्टिकी भावना करे तामें मुख्य विचार यहहे जो श्रीकृष्णकी सेवामें जो पदार्थ विनियोग होय सो स्वरूपात्मक जाने जो श्रीकृष्णही लीलासंवंधीहे ओर जो पदार्थ सेवामें उपयुक्त न होय सो मायासंवंधी आसुरीहे याभांति विचार मनमें राखे ॥

मूलं—कृष्णसन्निहितो देशः कालः सत्संगहेतुकः ॥ ४ ॥
द्रव्यं सर्वस्वमेवात्र कर्त्ताऽभिमतिवर्ज्जितः ।
मंत्राः श्रीकृष्णनामानि गुणलीलासमन्विताः ॥५॥

---

१ यह सर्व जगत् भगवद्रूपहे एसो भाव होय सो शुद्धाद्वैत भाव जाननो.

२ श्रीभागवतमें कह्योहे जो काम, क्रोध, भय, स्नेह, ऐक्य ओर सख्य सदा प्रभुमें राखत हे सो तन्मयताकों प्राप्त होत हे.

३ यह जगत् प्रभुको क्रीडामांड हे तासों सगरे पदार्थ लीला संबंधीहे.

मूलं–कर्माणि कृष्णसेवैव सर्वसाधनसंग्रहः ।
एतच्छट्कस्य भक्तौ हि सत्संगः साधनं मतम्॥६॥

शब्दार्थः–जहां श्रीकृष्ण विराजत होय सो देश १, सत्संगको कारणरूप सो काल २, ॥ ४ ॥ अपनो सर्वस्व सोही द्रव्य ३, जहां कर्त्ता अभिमानरहित ४, श्रीकृष्णके नाम सो गुणलीलायुक्त मंत्र ५, ॥ ५ ॥ सर्वसाधनके संग्रहरूप श्रीकृष्णकी सेवा सोही कर्म ६, भक्तिमार्गमें (देश, काल, द्रव्य, कर्त्ता, मंत्र ओर कर्म) यह षट्पदार्थके साधनरूप सत्संगहे ॥ ६ ॥ टीका–जहां श्रीकृष्ण विराजतहे सो उत्तमतें उत्तम देश जाननो, ओर भगवदीयको संग होय सोहि काल परम उत्तम जाननो । सो प्रथमस्कंधमें शौनक कहेहें " तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम् । भगवत्संगिसंगस्य मर्त्यानां किमुताशिषः " (भगवानके संगिभक्तके संगके एक लव बराबरि न स्वर्गकों के नहीं मोक्षकों तुलना करतहें तहां मनुष्यनकी आशिष जो राज्यादिक सो कहातें इनकी बराबरिमें होय?) यावाक्यतें स्वर्ग तथा मोक्षपर्यंत सुखहू सत्संगके समान नांहीहे । तातें सत्संग होय सो काल उत्तम जाननों ॥ ४ ॥ ओर द्रव्यादिकमें सगरो पदार्थ घर आदि सब आयगयो सो सर्वस्व जाननो ओर मेंही सर्व वस्तुको कर्त्ताहूं यह अभिमानकरि रहित होय द्रव्यमें ममत्व ओर सबकार्यमें अपनेकों कर्त्ता जाने यह दोउ बाधकहे तातें ममत्व अहंकार छोडे ओर सगरे मंत्रमें श्रीकृष्णको नामहे सोहि सर्वोपरि महामंत्र जाने (जेसें " श्रीकृष्णः शरणं मम " ओर प्रभुके अनेक गुणहे अनेक लीलाहे ओरनके गुणगानतें श्रीकृष्णहीको गुणगान मुख्यहे तिनकी भावना करे सो महामंत्रहे । सो अष्टमस्कंधमें शुक्राचार्य कहेहे " मंत्रतस्तंत्रतश्छिद्रं देशकालार्हवस्तुतः । सर्वं करोति निश्छिद्रं नामसंकीर्त्तनं तव "

(मंत्रसों, तंत्रसों, देश, काल ओर द्रव्यसों जो अपूर्ण रह्यो होय सो सर्व तुह्मारे नामको कीर्त्तन पूर्ण करतहे) याभांति श्रीकृष्णको नाम लियो सो सवमंत्र करिचूक्यो सो श्रीगुसांईजी कहेहें " हरे त्वन्नामनिर्व्यक्तिं याह श्रुतिरहं सदा । गृणामि यद्यदा नाथ ! तत्तथैवास्तु नान्यथा " (हे हरे ! आपके नामको अर्थ जो वेद कहतहे इनकों ही में जासों सदा उच्चारूंहूं तासों हे नाथ ! सो तेसेंही होउ अन्यथा मतिहोउ, श्रीकृष्णको नाम सर्ववेदश्रुतिको सारहे सो श्रीकृष्णकी कृपाहीतें लियो जाय अन्यथा नांही, तातें मंत्रही श्रीकृष्णको नामहे ॥ ५ ॥ श्रीकृष्णकी सेवाहे सोहि उत्तमोत्तम कर्महे जहां श्रीकृष्णकी सेवा करि तहां सर्व साधन करिचूक्यो सो अष्टमस्कंधमें ब्रह्मा कहेहे " यथाहि स्कंधशाखानां तरोर्मूलावसेचनम् । एवमाराधनं विष्णोः सर्वेषामात्मनश्च हि (जेसें वृक्षकी जडमें जल सींचे तो सब डार पात हरे होय तेसेंही श्रीकृष्णकी सेवातें सर्वलोक संतुष्ट होय) तातें सगरे कर्ममें मुख्य सर्व साधनके संग्रहरूप श्रीकृष्णकी सेवाहीहे यह पद् पदार्थ हृदयमें धरे तो सप्तम धर्मी श्रीकृष्ण सदा हृदयमें रहे कवहू बाहिर न जाय श्रीकृष्ण, श्रीजी, सातो स्वरूप, वल्लभकुल जहां विराजे सो सर्वोपरि उत्तम–देश जाने १, जा घडि सत्संग होय सोहि सुंदरकाल जाने २, द्रव्यादिक प्रभुमें विनियोग होय सोहि उत्तम जाने ३, कर्त्ताको अभिमान त्याग करे ४, श्रीकृष्णको नाम सर्वोपरि जाने श्रीकृष्णकी लीला सोई सर्वोपरि जाने श्रीकृष्णकी लीला सोहि सर्वोपरि गुणजाने

---

१ हरिको अर्थ सर्वदुःखहर्त्ताहि सो श्रुति कहेहे तासों में नाम लियोकरूंहूं सो तेसोहि नामको अर्थ होउ अर्थात् सर्व दुःख दूरि करो. २ वृक्षके मूलमें जल नांही सींचे ओर डारपातमें श्रोहोत जल सींचे तो व्यर्थ श्रम होय । काहेतें जो डारपातकोंहू प्राप्त न होय उलटो विगार होय तेसें प्रभुकों छोडि ओरनको आराधन करे सो कछु फलरूप न होय ओरहु फल न मिले.

५, समस्तकर्ममें श्रीकृष्णकी सेवा सोई सर्वोपरि कर्म जाने ६, यह पद् पदार्थ सर्वोपरिहे सो जबमिले तब पुष्टिमार्गीय भगवदीयको संग होय येहि साधनहे ओर दूसरो साधन नांही तातें सत्संग भयो तब सर्व साधन करिचूक्यो ॥ ६ ॥

मूलं-कृष्णसान्निध्यदेशे तु यतास्तिष्ठंति साधवः ।
कालः प्रसंगहेतुस्तु मिलितैस्तैरुदेति हि ॥ ७ ॥

शब्दार्थः-जासों श्रीकृष्णकी सन्निधिके देशमें साधु पुरुष रहतहे तासों सत्पुरुषनके मिलिवेतें सत्संगके कारणरूप काल उदितहोतहे॥७॥ टीका-पुष्टिमार्गीय भगवदीय श्रीकृष्णके सान्निध्यदेशमें रहतहें जहां श्रीकृष्ण विराजतहें तहां भगवदीयहू दर्शनसेवार्थ रहतहे तहां कालको सामर्थ्य नांही चलतहे तातें जहां श्रीगोवर्द्धननाथजी, सातो स्वरूप, श्रीवल्लभकुलको मंदिर होय तहां भगवदीय मिले तब सर्वकार्य सिद्ध होय उपर देशकी तथा कालकी उत्तमता कही सोय होय ॥ ७ ॥

मूलं-सर्वस्वस्योपयोगोऽपि सिद्ध्येत्सद्बुद्धिदातृभिः ।
अभिमाननिवृत्तिस्तु तदाश्रयवतामिह ॥ ८ ॥

शब्दार्थः-सुंदर बुद्धिके देवेवारे भगवदीयनतें सर्वस्वको उपयोगहू सिद्ध होय तातें द्रव्यकी उत्तमता भई ओर इनके आश्रयवारेनकों अभिमानकी निवृत्ति ईहां होय सो कर्त्ताकी उत्तमता भई ॥ ८ ॥ टीका-एसे प्रभु ओर भगवदीय जहां विराजतहे तहां सर्व पदार्थको उपयोग सिद्ध होतहे सर्व तादृशीयनके संगतें सुंदर बुद्धि होतहे प्रभुको आश्रय सिद्ध होय तब अज्ञानकरि अभिमान भयो हे सो निवृत्त होतहे तथा भगवदीयको आश्रय करे तो सब सिद्ध होय ॥ ८ ॥

मूलं-कृष्णनामस्वरूपादिज्ञानं तु तत एव हि ।
भगवत्सेवनं वापि पुरुषार्थस्तदैव हि ॥ ९ ॥

शब्दार्थः-श्रीकृष्णके नाम तथा स्वरूपादिकको ज्ञानहू तासोंही होय यह मंत्र सिद्ध भयो ओर पुरुपार्थरूप श्रीकृष्णकी सेवाहू तबही होय यह उत्तम कर्म सिद्ध भयो एसें भक्तिमार्गमें देश, काल, द्रव्य, कर्त्ता, मंत्र, कर्म, यह पट्पदार्थकी सिद्धिके उपाय तीन श्लोकसों कहे ॥ ९ ॥ टीका-श्रीकृष्णके नामको ओर श्रीकृष्णके स्वरूपको ज्ञान होय तब श्रीकृष्णकी सेवाकों परमपुरुपार्थरूप फलरूप सर्वोपरि जाने सो जब प्रभु कृपा करे तबही जान्यो जाय ताहीतें सिद्धांतमुक्तावलीमें कहतहें "कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परा मता" श्रीकृष्णकी सेवा सदा करे फलरूप जानि मन लगायकें करे तब श्रीकृष्ण प्रसन्न होय अपने स्वरूपानंदको अनुभव करावे तब मानसी सिद्ध होय तातें परम पुरुपार्थरूप जानि भगवत्सेवा करनी ॥ ९ ॥

मूलं-यदा तथाविधाः संतो दृश्यंते सेवनोद्यताः ।
अतः सत्संग एवास्मिन् मार्गे सर्वस्य साधनम् ॥ १० ॥

शब्दार्थः-जब तेसें सत्पुरुष सेवनमें तत्पर देखिवेमें आवे तब उपर लिखे पट्पदार्थ सिद्ध होय तासों यह पुष्टिमार्गमें तो सत्संगही सर्वको साधनहे ॥ १० ॥ टीका-उपर कहे सो सब श्रीकृष्णकी सेवामें उद्यत (तत्पर) एसें भगवदीय मिले तब सर्व सिद्ध होय प्रभु कृपाकरे अत्र श्रीहरिरायजी कहतहें जो हमारे यह पुष्टिमार्गमें तो सत्संगही सर्वोपरि निश्चय साधन हे ताहीतें नवरत्न ग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें, "निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः" (सर्वथा निवेदन तो तादृशीय जनसों मिलिकें स्मर्त्तव्य हे) तातें भगवदीयको संग करनो ॥ १० ॥

मूलं-तदभावे सर्वथैव न किंचिदिह सिद्ध्यति ।
तस्मात्प्रयत्नः कर्त्तव्यः सत्संगाय सुबुद्धिभिः॥११॥

शब्दार्थः-सत्संगको अभाव होय तो सर्वथा यहमार्गमें कछु सिद्ध न होय तासों सुंदरबुद्धिवारेनकू सत्संगके अर्थ प्रयत्न कर्तव्यहे ॥११॥ टीका-उपर कहे एसे भगवदीयको भावसहित संग भयेतें सर्व सिद्ध होय एसे तदीयके संगविना किंचितहू सिद्ध नांही होय तातें सर्वथा प्रयत्नकरिकें भगवदीयको सत्संग कर्त्तव्यहे। सत्संग करे सोहि वैष्णव सुबुद्धिहे सो एकादशस्कंधमें भगवान् कहेहें "न रोधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव!।न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो नेष्टापूर्त्तं न दक्षिणा ॥१॥ व्रतानि यज्ञाश्छंदांसि तीर्थानि नियमा यमाः । यथावरुंधे सत्संगः सर्वसंगापहो हि माम्" (मोकों योग वशनांही करतहे न सांख्य धर्म, हे उद्धव! न स्वाध्याय, तप, दान, न कूपारामादिक, न दक्षिणा, ॥ १ ॥ व्रत, यज्ञ, वेद, तीर्थ, नियम, यम, यह कोउ वश्य नांही करतहे जेसो.सर्वसंगकी निवृत्ति करिवेवारो सत्संग मोकों वश्य करतहे) याभांति अनेक साधनकरि भगवान् नांही वश्य होतहें जेसें सत्संगकरि वश्यहे तातें सत्संगको यत्न सर्वथा पुष्टिमार्गीयकों कर्त्तव्यहे ॥ ११ ॥

मूलं-अत एवोक्तमाचार्यैर्हरिस्थाने तदीयकैः ।
"अदूरे विप्रकर्षे वा यथा चित्तं न दुष्यति"॥१२॥

शब्दार्थः-तासोंही श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी भक्तिवर्द्धिनीग्रंथमें कहेहें हरिके स्थानमें भगवदीयनके संग समीपमें अथवा दूरमें जेसें चित्त दोपयुक्त न होय तेसें रहेनो ॥ १२ ॥ टीका-हमारे श्रीआचार्यजीमहाप्रभु भक्तिवर्द्धिनीमें कहेहें "अतः स्थेयं हरिस्थाने तदीयैः सह तत्परैः ।अदूरे विप्रकर्षे वा यथा चित्तं न दुष्यति" तासों हरिस्थानमें भगवद्धर्मपर तदीयनकी साथ समीपमें अथवा दूरमें चित्त दोपयुक्त न

होय तेसें रहेनो यहवाक्यसों हरिस्थान जहां श्रीठाकुरजी विराजत होय तहां तदीय भगवदीयसों मिलिकें सेवा करे जामें चित्तमें कोई दोप न होय याभांति रहे, वोहोत निकटमें चित्तको दोप होय तो नेक दूरि रहे जामें दर्शन सेवा नित्य वने चित्तमें दोप न होय याभांति भगवदीयसों मिलिके हरिस्थानमें रहे ॥ १२ ॥

मूलं–चित्तदोषे कथं सेवा चेतस्तत्प्रवणं भवेत् ।
अतो विचारः कर्त्तव्यः सर्वथैकत्र वासकृत् ॥१३॥

शब्दार्थः–चित्तमें दोप होय तव तत्प्रवणचित्तरूप सेवा केसें होय तासों सर्वथा एकस्थलमें (हरिस्थानमें भगवदीय होय तहां) वास होय एसो विचार कर्त्तव्यहे ॥ १३ ॥ टीका–जव चित्तमें अनेक भांतिके दोप उत्पन्न होय तव सेवा काहेकी सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी सिद्धांतमुक्तावलिमें कहेहें "चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा" (प्रभुमें एकाग्र चित्त होय सो सेवा मानसी ताकी सिद्धिके अर्थ तनुजा तथा वित्तजा सेवाहे) तनुजा वित्तजा सेवा मनलगायकें करे तव मानसी सिद्ध होय, जेसें नदीको प्रवाह रात्रिदिन धारा अहर्निश एकरस चलतहे तेसेंही वैष्णवको चित्त अहर्निश एकरस भगवत्सेवामें लाग्यो रहे तव मानसी सेवा सिद्ध होय तनुजा वित्तजा करतमें जव चित्त दुष्ट होय तव आगें मानसी फलरूप कहांतें सिद्ध होयगी तातें श्रीआचार्यजीके वचनामृतको विचार करे ॥ १३ ॥

मूलं–बुद्ध्या विचार्य मत्प्रोक्तं निधाय हृदि सर्वथा ।
स्वार्थसंपत्तये कार्यो वास एकत्र तत्परैः ॥ १४ ॥

शब्दार्थः–मेनें कह्यो सो बुद्धितें विचारिकें सर्वथा हृदयमें स्थापन करि स्वार्थकी प्राप्तिके अर्थमें तत्पर (भगवदीय) के संग एकत्र वास

करनो ॥१४॥ टीका—एकांतमें बेठिकें अपनी बुद्धितें विचारकरे तामें विचार न होय तो भगवदीयके संग विचार करे सो श्रीआचार्यजी-महाप्रभुजी भक्तिवर्द्धिनीमें कहेहें "बाधसंभावनायां तु नैकांते वास इष्यते। हरिस्तु सर्वतो रक्षां करिष्यति न संशयः" (बाधकी संभावना होय तो एकांतमें वास नांही करनो हरि तो सबनतें रक्षा करेंगे संशय नांही) यह वाक्यसों श्रीमहाप्रभुजीके वचनामृतकों विचार हृदयमें सर्वथाही कर्त्तव्यहे। तहां कोई कहे जो अनेक सुखदुःख आवे तहां कोन प्रकार करे तहां श्रीमहाप्रभुजी कहेहें जो हरि भगवान् सर्वथा अपने भक्तनकी रक्षा करेंगे तातें यह चिंता सर्वथा न करे एकांतमें बेठिकें अपनी सुंदरबुद्धितें अपने चित्तमें विचार नित्य करे सेवादर्शनके समय सेवादर्शन करे ओर अनोसरमें एकांतमें भगवदीयसों मिलिकें विप्रयोगसो लीलासंबंधी विचार करे या भांति वैष्णव रहे तो सगरे कार्य सिद्ध होय ॥ १४ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं त्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीका-समेतं समाप्तम् ॥ ३० ॥

शिक्षापत्र ३१.

—※—

अब एकत्रिंशत् शिक्षापत्रमें साक्षात् तथा परंपरासों वरण दोय-प्रकारकोहे तामें लीलास्थभक्तनमें साक्षात् ओर आधुनिक भक्तनमें (श्रीआचार्यजीद्वारा) परंपरा वरणहे। लीलास्थभक्तनमेंहू श्रुतिरूपामें साक्षात् ओर अग्निकुमार (ऋषिरूपा)में परंपरा [श्रीमर्यादापुरुषोत्तम-

द्वारा] वरणहे सो आत्मीयपनेसों ओर दासपनेसों दोयप्रकारकोहे तामें अवतारदशामें आत्मीयपनेसों ओर अनवतारदशामें दासपनेसों वरणहे दासपनेमें मर्यादा ओर पुष्टि दोय भेदहे तामें मर्यादारीतिसों वरणमें साधननिष्ठातें फलहे ओर पुष्टिमें अनुग्रहतें फल हे. पुष्टिमें मर्यादापुष्टि ओर पुष्टिपुष्टि यह दोय भेद हे। अपनें तो श्रीआचार्यजीके अनुग्रहतें मर्यादासहित पुष्टिमें अंगीकृत भयेहें तासों श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीकी आज्ञारूप मर्यादाहे सो अपनकों हितकारिणीहे अपने प्रभु पुष्टिपुरुषो-त्तमहे सो यहलोक ओर परलोक संवंधी सगरी (भक्तनकी) चिंता करतहें तासों निश्चिंत रहेनो यह मार्गमें श्रीभगवानकी आर्ति करि सेवा, गुणगान, कथाश्रवणादिक कियेतें मुख्यफल प्राप्त होय ओर आर्तिविना न्यूनफल होय तासों आर्ति सदा राखनी सो आर्ति केसें सिद्ध होय ? ताके लिये साधन वतायेहे यह निरूपणहे। उपर कहे जो हरिस्थानमें भगवदीयके संग स्थित होय सेवा करे ओर एकांतमें वेठिके चित्तमें विचार करे तहां अपने मनमें साधनकी भावना न करे यह मार्ग निःसाधन फलात्मकहे सो आगें कहतहें—

मूलं—निःसाधनफले मार्गे वलं नैवोपयुज्यते ।
साधनानामतो नायमात्मेत्येषोदिता श्रुतिः ॥१॥

शब्दार्थः—निःसाधनके फलरूप यहमार्गमें साधनको वल उपयोगि नांहीहे तासों श्रुतिमें कह्यो हे जो यह आत्मा प्रवचन आदितें प्राप्त नांही होत हे, जिनको प्रभु वरण करतहें तिनतें लभ्य हे ॥ १ ॥
टीका—यहपुष्टिमार्ग साधनसाध्य नांही हे कृपा साध्यहे अपनो वलकरि कोटानकोटि साधन करे ताकरि सिद्धि नांहीहे तासों श्रुतिमें साधनको निषेध कहेहें "नायमात्मा प्रवचनेन लभ्य इ०" यह परमात्मा प्रवचनसों, बुद्धिसों, ओर बहुत सुनेतें प्राप्त नहीं होयहे, किंतु परमात्मा जाको

वरण करेहे सो प्राप्त करसकेहे यातें प्रभुके वरण विना ओर साधनके बलतें प्रभुप्राप्ति यहमार्गमें नांहीहे ॥ १ ॥

मूलं-किंतु सर्वस्य मूलं हिं हरेर्वरणमुच्यते ।
यथैव वृणुते कृष्णस्तथा तिष्ठति वै जनः ॥२॥

शब्दार्थः-किंतु हरिको वरणहे सो सर्वको मूल कह्योहे श्रीकृष्ण जेसो वरण करतहें तेसो जन रहतहे ॥ २ ॥ टीका—पुष्टिमार्गमें यह सिद्धांतहे जो सर्वको मूलःपुष्टिमार्गको फल सो हरिके वरणतें होतहे जीवके साधनसाध्य नांही हे जेसो जा जीवको भगवान् वरण करे तेसो वह जीव पुष्टिमार्गमें स्थित होतहे तातें जीवके साधनसाध्य नांही हे तामें भगवान् दोय प्रकारको वरण करतहें सो आगें कहतहें ॥ २ ॥

मूलं-वरणं तु द्विधा साक्षात्पारंपर्यविभेदतः ।
लीलास्थितेषु वै साक्षादन्येष्वस्ति परंपरा ॥ ३ ॥

शब्दार्थः—साक्षात् ओर परंपरा यह भेदसों दोय प्रकारको वरण हे। लीलास्थितभक्तनमें साक्षात् वरण हे ओर अन्यमें परंपराहे ॥ ३ ॥ टीका-वरण दोय प्रकारकोहे एक साक्षात् एक परंपरा यह दोय भांतिके भेदहे श्रीकृष्णकी लीलास्थितसृष्टिमें साक्षातहे अन्यमें परंपराहे ॥ ३ ॥

मूलं-आचार्यद्वारकं तत्र वरणं न हरेः स्वतः ।
लीलास्थेष्वपि भक्तेषु वृतेर्द्वैविध्यमीक्ष्यते ॥ ४ ॥
साक्षाच्छ्रुतिषु हरिणा वरण वह्निसूनुषु ।
परंपराप्रकारेण मर्यादापुरुषोत्तमात् ॥ ५ ॥

शब्दार्थः-श्रीआचार्यजीद्वारा हरिको वरण हे सो स्वतः नांहीहे परं-परासोंहे लीलास्थित भक्तनमेंहू वरणके दोयप्रकार देखिवेमें आवतहे

॥४॥श्रुतिरूपामें हरिनें साक्षात् वरण कियोहे ओर [2]अग्निकुमार [ऋषिरूपा] में परंपराकरि मर्यादापुरुषोत्तम (श्रीरामचंद्रजी) द्वारा वरण हे ॥ ५ ॥ टीका–श्रीआचार्यजीद्वारा जाजीवको वरणहे सो स्वतः नांहीहे श्रीकृष्णकी लीलासृष्टिके भक्तनको वरणहू दोयप्रकारकोहे साक्षातहू हे ओर परंपराहू हे ॥ ४ ॥ श्रीकृष्णावतारमें श्रुतिरूपाको वरणहे सो साक्षात् भगवान् आपुने कियोहे ओर अग्निसूनु जो सोरह हजार अग्निकुमार तिनको वरण परंपरा मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचंद्रजीद्वाराहे याभांति लीलासृष्टिमेंहू साक्षात् ओर परंपरा वरण हे ॥ ५ ॥

मूलं–अन्यथाप्यत्र भेदोऽस्ति दासतात्मीयतादिभिः ।
आत्मीयत्वेनावतारे दासत्वेनान्यदा वृतिः ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–दूसरी रीतिसोंही वरणमें दासता ओर आत्मीयतासों भेदहे । अवतारदशामें आत्मीयतासों वरणहे ओर अनवतारदशामें दासतासों वरणहे ॥ ६ ॥ टीका–साक्षात् ओर परंपरा यह दोय भेद विना वरणके दूसरे दोय भेदहे एक आत्मीय ओर एक दासभाव. अवतारदशामें भगवानको संबंधी होय तब वरण होय सो आत्मीय ओर अवतारदशामें दासभाव होय ॥ ६ ॥

मूलं–दासत्वेऽप्यस्ति भेदो हि मर्यादापुष्टिभेदतः ।
अतो न जीवस्वातंत्र्यं दासत्वाद्धि निसर्गतः ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–दासपनेमेंहू मर्यादा तथा पुष्टि यह भेदसों दोय भेदहे तासों स्वभावतेंही जीवकों दासत्वहे तातें स्वतंत्रता नांहीहे ॥७॥ टीका–दासभावमें दोय रीतिहे एक मर्यादा ओर एक पुष्टि यह दोय भेदहे दासत्वधर्म जीवमें स्वभावतेंहे तातें जीव स्वतंत्र नांहीहे दासत्वधर्मतें

१ श्रुतिनकों साक्षात् श्रीकृष्णसो वर प्राप्त भयोहे सो कथा बृहद्वामनपुराणमें प्रसिद्धहे.
२ अग्निकुमारनकों श्रीरामचंद्रजीसों वर प्राप्त भयोहे सो कथा रामायणमें प्रसिद्ध हे.

मांगे सर्व सिद्ध करेंगे आर्त्तके वंधु (दीनवंधु) श्रीगोकुलेश्वर (श्रीकृष्ण) अपने जनकी उपेक्षा न करेंगे तहां कोईकहे जो प्रभु स्वतंत्रहें कर्त्तुं अकर्तुं अन्यथाकर्तुं समर्थ हें सो जव इनकी विपरीत इच्छा होय तव प्रार्थना करे के न करे तहां कहतहें ॥ १२ ॥

मूलं–हरीच्छा विपरीताऽपि दासदुःखावलोकनात् ।
अनुकंपानिधानत्वाद्धरेर्विपरिवर्त्तते ॥ १३ ॥

शब्दार्थः–हरिकी इच्छा विपरीत होय तोहू दासके दुःखको देखिवेतें तथा हरि कृपानिधानहे तातें विपरीत होतहे अर्थात् विपरीत इच्छा होय सो अनुकूल होतहे ॥ १३ ॥ टीका–हरिकी इच्छा विपरीत देखिवेमें आवे सो अज्ञानकरि विपरीत देखतहे जेसें नारदजीकों व्याहकी इच्छा भई तव भगवान् न करनदिये तव नारदजी वोहोत दुःख पाये तव भगवाननें कृपाकरि समझाय दुःख दूरिकियो तेसें जीव लौकिक चाहना राखे सो भगवान् न करनदे तव अज्ञान करि दुःख माने अथवा प्रभुकी विपरीत (दुःख देवेकी) इच्छा होय तोहू दुःख सहन करे जेसें प्रह्लादकों हिरण्यकशिपुने वोहोत दुःख दीयो सो प्रह्लाद प्रभुकी इच्छामानि सहे पाछें प्रभु दैत्यकों मारि दुःख दूरि कियो तेसेंही प्रभु विपरीत ईच्छा परीक्षार्थ करे तो सहन करे तव प्रभु सर्वके आत्माहे सो विनाकहे आपुहीतें जानतहें सो दासको दुःख देखिकें आप हृदयमें दयायुक्तहें सो जाभांति दासको मनोरथहे ताभांति प्रभु आपु प्रवृत्त होतहें जाभांति दासको सुख होयगो सोई आप करेंगे ॥ १३ ॥

मूलं–आर्त्तिमात्रमतःस्थाप्यं प्रार्थना न विधीयताम् ।
कृपालुरेव भविता निजार्त्तजनशर्म्मदः ॥ १४ ॥

साधनको बल न ल्यावे निःसाधन होय यह जाने जो प्रभु कृपा करेंगे तबही मेरो कार्य होयगो या भांति सबठोर सर्वकार्यमें प्रभुको अनुग्रहही देखे अपने तो अनुग्रहरूप श्रीआचार्यजीने पुष्टिमें मर्यादासहित अंगीकृत कियेहे सो आगें कहतहें ॥ ९ ॥ श्रीगुसांईजी सर्वोत्तममें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके नाम कहेहें " अंगीकृतौ समर्यादः (अंगीकारमें मर्यादासहित) यह वाक्यतें पुष्टिमार्गीय समस्त जीवनको अंगीकार आपने स्वतः मर्यादासों कियोहे तातें श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीकी जो उक्तिहे ता प्रमाण स्थिति करे तामें हितहे ॥ १० ॥

मूलं–पुष्टिप्रभुत्वादस्माकं लौकिकी पारलौकिकी ।
सर्वा चिंता हरेरेव निश्चिन्तत्वं विभाव्यताम् ॥११॥

शब्दार्थः–अपनी यहलोकसंबंधी तथा परलोकसंबंधी सगरी चिंता पुष्टिप्रभुपनेतें हरिकोंही हे तासों निश्चितपनो विचारनो ॥ ११ ॥ टीका–हमारे प्रभु पुष्टहे तातें पुष्टिमार्गीय वैष्णवनकी लौकिक वैदिक चिंता हरेंगे यह मनमें निश्चय जानि निश्चिंतताकी भावना राखे चिंता भगवद्भावमें बाधकहे ॥ ११ ॥

मूलं–अत एवोक्तमाचार्यैर्निजेच्छातः करिष्यति ।
नोपेक्षते निजानार्त्तबंधुः श्रीगोकुलेश्वरः ॥१२॥

शब्दार्थः–तासोंही श्रीआचार्यमहाप्रभुजीनें नवरत्नग्रंथमें कह्योहे जो अपनी तथा अपने भक्तनकी इच्छातें प्रभु करेंगे तासों दिनबंधु श्रीगोकुलेश्वर अपने भक्तनकी उपेक्षा नांही करतहें ॥ १२ ॥ टीका–उपर कहे ताभांति निश्चिंत होय प्रभुकी इच्छा जानें सो नवरत्नग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें " सर्वेश्वरश्च सर्वात्मा निजेच्छातः करिष्यति " प्रभु श्रीकृष्ण केसेहें सर्वके आत्माहें ओर सर्वके ईश्वर सर्वोपरिहे सर्वके अंतःकरणकी जानतहें अपनी निज इच्छातें विना-

स्थित रहे ताकों यह पुष्टिमार्गको फल निश्चय होय तहां कोई कहे जो वेदशास्त्रमें अनेक साधन कहेहें ताकरि फल कहेहें ओर तुम साधनतें फल नांही कहे प्रभुकी कृपातें कहे सो कहा? तहां कहतहे ॥ १५ ॥ यह पुष्टिमार्गकी क्रियाको भाव न जानि केवल साधनजानि सेवा करे तो श्रीकृष्णकी सायुज्यरूप मुक्ति होय अनेक साधन कियेतें फल मुक्ति होय तातें यह पुष्टिमार्गको मुख्य फलसंवंध कवहू न होय यह निश्चय जाननो ॥ १६ ॥

मूलं–तदार्तिप्राप्तिरेतेषां तद्रूपाचार्यसेवनात् ।
तत्कृपातस्तदुदितंवचोवृंदविचारणात् ॥ १७ ॥
निवेदनानुसंधानात् सदा सत्संगसंभवात् ।
अन्यथा न भवेदेवं स्वकृतानंतसाधनैः ॥ १८ ॥

शब्दार्थः–उपर कही आर्त्तिकी प्राप्ति विप्रयोग अग्निरूप श्रीआचार्यजीके सेवनतें, इनकी कृपातें, इनके वचनामृतके समूहके विचारतें, ॥ १७ ॥ निवेदनके अनुसंधानतें, ओर सदा सत्संग होय तव होय अन्यथा अपनें किये अनंत साधन करि नांही होय ॥ १८ ॥

टीका–विप्रयोगात्मक यह पुष्टिमार्गीय आर्त्तिकी प्राप्तिके अर्थ विप्रयोगाग्निरूप श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमलकी (अत्यंत प्रीतिसों) सेवा करियें जव श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके वचनामृत सुवोधिनीजी निवंध आदि छोटे वडे ग्रंथको विचार अहर्निश करियें तव श्रीआचार्यजीकी कृपातें आर्त्ति होय ॥ १७ ॥ निवेदनको अनुसंधान अष्टप्रहर राखे सदा पुष्टिमार्गीय भगवदीयके संग नित्य नियमपूर्वक निवेदनको विचार करे तव आर्ति होय ताहीतें नवरत्नमें श्रीआचार्यजी कहेहें "निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः" (तादृशीय वैष्णवनके संग सर्वथा निवेदनको स्मरण कर्त्तव्य हे,) ताकरि आर्त्ति

शब्दार्थः—तासों आर्तिमात्र राखनी प्रार्थना नांही करनी अपने आर्त्तजनकों सुख देवेवारे प्रभु कृपालुही होयंगे ॥ १४ ॥ टीका—यह पुष्टिमार्गमें आर्तिमात्र कर्त्तव्य हे जो मोसों प्रभुकी सेवा टहल नांही वनत मनुष्यजन्म सगरो योंही वीति गयो या भांति आर्ति करे ओर लौकिक अलौकिक कछुफलकी प्रार्थना न करे काहेतें जो श्रीकृष्ण तो परम कृपालु हें तातें अपने जनकी आर्ति देखिकें कृपा करेहें सो निरोधलक्षणमें श्रीआचार्यजी महाप्रभु कहेहें " क्लिश्यमानान् जनान् दृष्ट्वा कृपायुक्तो यदा भवेत् । तदा सर्वं सदानंदं हृदिस्थं निर्गतं वहिः" यहवचनतें विरह आर्तिरूप क्लेशसंयुक्त अपने जनकों देखिकें प्रभु कृपायुक्त होतहें सो सर्वप्राणिमात्रके हृदयमें सदा आनंदरूप भगवान् हें सो प्रकट होय अपने दासकों सुख देतहें तातें आर्ति यह पुष्टिमार्गमें मुख्यहे सो आर्ति कोनप्रकार करे सो आगें कहतहें ॥ १४ ॥

मूलं—आर्त्यैव क्रियते यत्तु सेवागुणकथादिकम् ।
तदेवास्मत्प्रभूक्तेऽस्मिन् मार्गे प्रविशति ध्रुवम्॥१५॥
अन्यथा क्रियमाणं तु कृष्णसायुज्यसाधकम् ।
न मुख्यफलसंबंधस्ततो भवति निश्चितम् ॥ १६ ॥

शब्दार्थः—आर्त्तितेंही जो सेवागुणकथादिक होतहे सोही अपने प्रभुने कह्यो यह पुष्टिमार्गमें निश्चय प्रविष्ट होतहे ॥ १५ ॥ अन्यथा कियो सोतो श्रीकृष्णके सायुज्य साधिवेवारोहे तासों मुख्यफलको संबंध नांही होतहे यह निश्चयहे ॥ १६ ॥ टीका—आर्तिकरि भगवत्सेवा करे, वाणीतें गुणगान करे, संयोगमें संयोगके पद, अनोसरमें विप्रयोगके पद गान करे, श्रवणतें श्रीसुवोधिनी आदि कथा सुने, मनंकरिकें श्रीकृष्णकी लीलाको स्मरण करे, याभांति पुष्टिमार्गमें वैष्णव

मूलं-म्लेच्छानामिव गायत्री ततःश्रवणतः किमु ।
तत्सधर्मास्तत्रवर्णा अनुभावतिरोहिताः ॥ २१ ॥

शब्दार्थः—जेसें म्लेच्छके मुखमें गायत्री होय इनके श्रवणतें कहा फल होय काहेतें जो इनके मुखकी गायत्रीमें अनुभाव (दैवीप्रभाव) रहित उन म्लेच्छकेवरोवर अक्षर होतजातहें ॥ २१ ॥ टीका—जेसें म्लेच्छके मुखतें गायत्री सुनेतें कछु फल नांही होतहे उलटो वाधकहे काहेतें जो उह आसुरको दुष्ट धर्महे वा दुष्टके संगतें गायत्रीके वर्ण जो अक्षरहे तामें आध्यात्मिक ओर आधिदैविक दोउको तिरोधान होयजाय केवल आधिभौतिक रहे तेसेंहि अवैष्णवके मुखतें सुनिकें कथा वार्त्ता फलरूप न होय उलटो वाधक होय जेसें गंगाजल सुंदरहे परंतु नीचज्ञाति (चमार चांडालादिक)के पात्रमें होय तो उह जलके संगतें प्रायश्चित करनों पडे जो छुवे तो न्हानो पडे याभांति पात्रभेदहे ॥ २१ ॥

मूलं-अतः फलं न श्रवणाद्दोषः प्रत्युत जायते ।
सावधानतमैः स्थैयमीदृक्श्रवणकीर्त्तनात् ॥२२॥

शब्दार्थः—तासों (अवैष्णवके मुखतें) कथावार्त्तादिक श्रवणतें फल नांहीहे उलटो दोप होतहे तातें एसेंके मुखतें श्रवण ओर कीर्त्तनतें वोहोत सावधान होयकें रहनो ॥ २२ ॥ टीका—एसो दुष्ट वहिर्मुख अन्यमार्गीय होय ताके मुखतें भगवद्धर्म सुनेतें कछु फल न होय प्रत्युत दोप होयवेसुं प्रायश्चित करनो पडे तातें पुष्टिमार्गीय वैष्णव सव तुम सावधान रहियो जों पुष्टिमार्गमें स्थित होय मार्गके अनुसार क्रिया करत होय याभांति सुंदर पात्र देखिकें ताके मुखतें श्रवण कीर्त्तन करे तो भक्तिमार्गमें प्रवेश होय यह पुष्टिमार्ग महादुर्लभ हे अव पुष्टिमार्गीय भगवदीयके लक्षण कहतहें ॥ २२ ॥

होय ओर प्रकार कोटानकोटि साधन करे परंतु आर्त्ति सिद्ध न होय जब आर्ति न भई तब फलकी आशा काहेकों करे ॥ १८ ॥

मूलं–ये भावं वर्द्धयंत्येव दृढं वचनवर्षणैः।
संगोऽपि तेषां कर्त्तव्यो नान्येषामिति निश्चयः॥१९॥

शब्दार्थः–जो भगवदीय वचनकी वृष्टि करिकें दृढ भावकी वृद्धि करे इनको संगहू करनो ओरनको संग न करनो यह निश्चयहे॥१९॥ टीका–उपर कहे ताप्रकार भावकी वृद्धि करे श्रीआचार्यजीके श्रीसुबोधिनीजी निबंधादिक छोटेवडे ग्रंथहे तिनहीकों मन लगायकें सुनावे वचनकी वर्षा करे तिनको संग करे लौकिक वैदिकमें मन न लगावे. आपुही ग्रंथको पाठ करे तो आर्त्ति सिद्ध होय यह निश्चयहे ॥१९॥

मूलं–तद्दुर्लभत्वे बाधिर्यं मूकत्वं वा वरं मतम्।
वाचःप्रभूणां वदने दुर्जनानां भवंति न ॥ २० ॥

शब्दार्थः–एसे भगवदीय दुर्लभ होय तब बधिरपनो ओर मूकपनो उत्तमहे काहेतें जो दुर्जनके मुखमें प्रभुके गुणगानकी वाणी नांही होय ॥ २० ॥ टीका–उपर कहे एसे भगवदीयनको संग होनो तो या कालमें बोहोत दुर्लभहे तातें ओर साधन न बने तो मूक होय रहे तथा बहेरो होय रहे लौकिकमें न काहूकी सुने न काहूकों कछु कहे यह या कालमें श्रेष्ठ मतहे अपने प्रभुके मुखतें निकसे एसे वचनामृत दुर्जनके मुखमें होय नांही तातें वाके मुखकी वाणी सुनिवेमें फल नांही तातें दुष्टजनको संगहू न करे उनकी वाणीहू न सुने दुर्जन (बहिर्मुख) भगवद्वार्त्ता भगवत्कथा करे सो भगवदीय अन्यमार्गीयके मुखतें सर्वथा न सुने उह कोन भांति बाधक हे सो कहतहें ॥ २० ॥

कियो ताकरि यहलोक ओर परलोकके सर्वकार्यमें हम निश्चितहें इत्यादि वचनकों विचारि श्रीमहाप्रभुजीके शरण होय अष्टाक्षरकी भावना करे तो निश्चय सगरे कार्य होय ॥ २४ ॥

मूलं–तथा विधेयं कृपया यथा गोवर्द्धनेश्वरः ।
दर्शयत्यचिरादेव निजं रूपं तदाश्रितैः ॥ २५ ॥

शब्दार्थः–इनके आश्रित भक्तनकों तेसें कर्त्तव्यहे जेसें श्रीगोवर्द्धननाथजी कृपाकरिकें शीघ्रहीं दर्शन देय ॥ २५ ॥ टीका—यह सगरो भगवद्धर्म उपर कहे सो कव होय ? जव श्रीगोवर्द्धननाथजी कृपा करे तव होय अपने आश्रित जानि अपने निजपर प्रसन्न होयकें स्वरूपको दान करे तवही सर्वकार्य सिद्ध होय सो यहमार्ग साधनसाध्य नांहीहे कृपासाध्य हे जेसें गिरिराजके संवंधतें पुलिंदीपर कृपा करि तेसें श्रीआचार्यजी–महाप्रभुजीके संवंधतें श्रीजी कृपा करे तव सर्व सिद्ध होय ॥ २५ ॥

इतिश्रीहरिरायजीकृतमेकत्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३१ ॥

शिक्षापत्र ३२.

अव द्वात्रिंशशिक्षापत्रमें कामादिदोषविशिष्टके हृदयमें भगवान् कवहू प्रवेश नांही करतहें ओर दीनतादियुक्तके हृदयमें क्षणमात्रमें प्रभु प्रवेश करतहें सो निरूपणहे । उपर कहे जो श्रीजीकी कृपा होय तव

मूलं-निरपेक्षाः कृष्णजना निजाचार्यपदाश्रिताः ।
श्रीभागवततत्त्वज्ञा दुर्लभा एव भूतले ॥ २३ ॥
अतः शरणमात्रं हि कर्त्तव्यमखिलं ततः ।
यदुक्तं तातचरणैरिति वाक्याद्भविष्यति ॥ २४ ॥

शब्दार्थः-निरपेक्ष, अपने श्रीआचार्यजीके चरणारविंदके आश्रयवारे, ओर श्रीभागवतके तत्त्वकों जानिवेवारे एसे जन भूतलमें दुर्लभ हीहे ॥ २३ ॥ तासों शरणमात्रही कर्त्तव्यहे तातें (श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें जो तातचरण श्रीमहाप्रभुजीने कह्योहे जो श्रीकृष्ण मेरे आश्रयस्थानहें ताकरि हम निश्चिंतहें) यह वाक्यसों सर्व होयगो॥२४॥

टीका-पुष्टिमार्गीय भगवदीय केसो होय जाकों कछु अपेक्षा नांही होय हृदयमें पूर्णकाम होय लौकिक वैदिक कछुहू चाहना नहोय चतुष्टय मुक्तिपर्यंत चाहना न होय एसो निरपेक्ष होय ओर एक श्रीकृष्णको दास होय अन्यदेव तथा प्रभुके अन्यअवतार तिनसवनमेंतें एक श्रीकृष्णमें अनन्य भाव होय ओर अपने श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणकमलको आश्रय मनमें दृढ होय ओर श्रीभागवतको तत्व जो श्रीसुबोधिनीजी निबंधको ज्ञान होय एसे भगवदीय मिले तिनहीको संग कर्त्तव्यहे याकालमें एसे भगवदीय मिलने परम दुर्लभ हें तातें एसे भगवदीय न मिले तो अन्यको संग मति करियो॥ २३ ॥ जो एसे भगवदीय न मिले तो शरणमंत्र अष्टाक्षर महामंत्र (श्रीकृष्णः शरणं मम) याको जप करे शरणकी भावना करे ताहीकरि सकल कार्य सिद्ध होयगो सो शरणमंत्रहू श्रीआचार्यजीद्वारा शरण आवे तब सिद्ध होय सो श्रीगुसाँईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "यदुक्तं तातचरणैः श्रीकृष्णः शरणं मम । तत एवास्ति नैश्चिंत्यमैहिके पारलौकिके" श्रीगुसांईजी कहतहें जो हमारे तातचरण श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीनें उक्तनाममंत्र प्रकट

न रहें, ओर धनके उपायमें परायणहे अपनो धर्म (वैष्णवता) धनके लिये जतावतहे धनके लिये अनेक वार्त्ता करे अष्टप्रहर धनहीमें मन राखे तिनके हृदयमें भगवान् न रहे ॥ १ ॥

मूलं–दयाविरहिते रूक्षे नित्यं संतोषवर्ज्जिते ।
शोकाकुले भयक्रांते विषयध्यानतत्परे ॥ २ ॥

शब्दार्थः–दयाकरिकें रहित, स्नेहरहित, नित्य संतोष जामें नांहीहे शोककरि आकुल, भयकरि आक्रांत ओर विषयके ध्यानमें तत्पर एसे हृदयमें प्रभु न पधारें ॥ २ ॥ टीका–दयाकरि रहितहे अनेक जीवनके हिंसकहे काहूकों दुःख देखिकें प्रसन्न रहतहे रंचक दया मनमें नांही हे तिनके हृदयमें प्रभु न रहें, स्नेहकरि जे रहितहे भगवदीय वैष्णवमें जिनको रंचकहू स्नेह नांहीहे कित्तनी भगवद्वार्त्ता सुने परंतु रंचकहू भगवद्रस हृदयमें द्रवीभूत न होय एसे रूखेके हृदयमें भगवान् न रहें, नित्य संतोषकरिकें रहितहे अष्टप्रहर, हाय हाय यह कार्य न भयो आजु तो कछु न कमायो अब केसें काम चलेगो या भांति सदा संतोषकरि रहितहे तिनके हृदयमें भगवान् स्थित न होय, सदा शोककरि व्याकुल रहे स्त्री पुत्रादिकके शोक अथवा गृहादिकमें शोक जो केसें निर्वाह होयगो याभांति बालपनेतें वृद्धपर्यंत शोकहीं करि व्याकुल रहे, सदा भयकरि हृदयमें कंपायमान रहे जो राजडर, कालडर, चोरादिकको डर, ज्ञातिसंबंधी देहसंबंधीको डर, इत्यादिक लौकिक भयको हृदयमें आवेश रहे ताके हृदयमें भगवान् कबहू न रहें, विषयादिकके साधनमें तत्पर रहे देहसों विषय नांही सिद्ध होय तब मनमें अनेक विचार करे कोउ मोकों वैष्णव जाने तो आछो खानपान होय, आछो कपडा पहरिवेको मिले एसो विचार करे परस्त्रीके मिलवेको विचार करे वह प्राप्त न होय तो दुःख पावे एसें

सर्वकार्य सिद्ध होय सो पंचपर्वा अविद्याको नाश होय विद्या सिद्ध होय तव श्रीकृष्ण भगवान् हृदयमें विराजे सो अविद्या पंचश्लोककरि कहतहें ओर विद्याहू पंचश्लोककरि कहतहें एसें यहशिक्षापत्रमें दश श्लोक हे अव प्रथम अविद्याको प्रकार कहतहें काहेतें जो अविद्या जाय तव विद्या हृदयमें आवे जेसें श्रीकृष्णावतारमें श्रीकृष्णनें भक्तनकी अविद्या दूरिकरि तव हृदयमें निःप्रपंच विद्या स्थित भई सो श्रीसुवोधिनीजीमें वर्णनहे ताके अनुसार श्रीहरिरायजी वर्णन करतहें—

मूलं—कामाविष्टे क्रोधयुते संसारासक्तिसंयुते ।
लोभाभिभूते सततं धनार्ज्जनपरायणे ॥ १ ॥

शब्दार्थः—कामकरि आविष्ट, क्रोधयुक्त, संसारमें आसक्तिसंयुक्त लोभकरि व्याप्त, निरंतर धन संचयकरिवेमें तत्पर, एसे हृदयमें कवहू हरि प्रवेश नांही करतहें एसें पंचश्लोकमें अन्वयहे ॥१॥ टीका—अविद्याके इतने दोप जाके हृदयमें होय ताके हृदयमें भगवान् कवहू स्थित न होय कामादिक विपयमें आवेश होय सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी संन्यासनिर्णयमें कहेहें " विपयाक्रांतदेहानां नावेशः सर्वथा हरेः " (विपयकरि व्याप्त देहवारेनके हृदयमें सर्वथा हरिको आवेश नांहीहोयहे) इत्यादि वचनतें कामकूं दुष्ट जाननों कामावेश न होय और हृदयमें क्रोध भर्यो रहे सो तो चांडालको स्वरूपहे जहां चांडालरूप क्रोध हृदयमें होय तहां भगवान् केसें हृदयमें आवे तातें क्रोध वाधकहे यह लौकिक संसारमें देहसंवंधि कुटुंव, घर इनहींके भरणपोपणमें अष्टप्रहर आसक्त हे तिनके हृदयमें भगवान् नांही आवे और लोभकरि भरे हे द्रव्यादिकनकेलिये विश्वासघात चोरिकरतहे द्रव्यहीको सर्वस्वपदार्थ जान्योहे अष्टप्रहर कोडि जोरिवेमें मनहे देहसंवंधीमें लोभहे एसेंके हृदयमें भगवान्

सीनाँई आसक्त,होय ताके हृदयमें भगवान् न रहें ॥ ४ ॥ टीका–लौकिककार्यमें सन्मुख रहे अष्टप्रहर मिथ्याक्रिया, मिथ्याध्यान, मिथ्याभापण, एसें लौकिकमें मग्न रहे ताके हृदयमें भगवान् न रहे, श्रीकृष्णके जन भगवदीयतें विमुख रहे भगवदीयकी निंदा करे भगवदीयकों दुःख देय एसेंके हृदयमें भगवान् न रहें, श्रीकृष्णकी लीला आनंदमय निर्दोपहे जेसें भगवान् श्रीकृष्ण आप निर्दोप आनंदमयहें तेसी लीलाहे तामें दोपदृष्टि जो प्रभु कामादिदोपकरि परस्त्रीके वश्यहें याभांति दोपदृष्टिवारेके हृदयमें भगवान् न रहे, ओर कर्मजड जो कर्ममार्गमें तत्पर प्रभुकी सेवा छोडि कर्महीकों मुख्य जानि श्राद्धादिक संध्यादिकमें तत्पर रहे भगवद्धर्ममें प्रीति नांही एसेके हृदयमें भगवान् न रहे. ॥ ४ ॥

मूलं–आचार्यविमुखे नित्यमसद्वादविभूपिते ।
एतादृशे तु हृदये हरिर्नाविशते क्वचित् ॥५॥

शब्दार्थः–श्रीआचार्यजीतें विमुख ओर नित्य खोटे वादकरि भूपित एसे हृदयमें कबहू हरि नांही प्रवेश करतहें ॥ ५ ॥ टीका–पुष्टिमार्गके सर्वोपरि श्रीआचार्यजी श्रीवल्लभाचार्यजीहें तिनके चरणकमलतें विमुख एसेंके हृदयमें श्रीकृष्ण न रहे, सुंदर भगवत्कथा भगवद्वार्त्ता इत्यादिकके विदूपकहे खोटे वाद करे लौकिकवार्त्तामें प्रसन्न होय एसेके हृदयमें भगवान् न रहें, यहऊपर द्वाविंश अविद्याके दोप वरणे हें सो जाके हृदयमें रहे ताके हृदयमें श्रीकृष्ण कबहू न आवे भगवदावेश कबहू न होय तातें वैष्णवकों यह द्वाविंशदोपतें रहित रहेनो यहदोपतें डरपत रहेनो अब जागुणतें वैष्णवके हृदयमें श्रीकृष्ण विराजे सो कहतहें ॥ ५ ॥

विषयके ध्यानमें तत्पर रहे ताके हृदयमें भगवान् न रहें ॥ २ ॥

मूलं–अहंकारयुते क्रूरे दुष्टपक्षैकपोषके ।
ज्ञानमार्गस्थिते सर्वसाम्यचिंतनभाविते ॥ ३ ॥

शब्दार्थः–अहंकारयुक्त, क्रूर, दुष्टके पक्षकोंही मुख्य पोषण करे, ज्ञानमार्गमें रहे, ओर सर्वदेवसमान प्रभुकों जानि एसो चिंतन करे तिनके हृदयमें भगवान् न पधारें ॥ ३ ॥ टीका–अहंकारयुक्त रहे जो मो समान दूसरो कोउ नांहींहे में बहूत समुझतहों मेरेमें वडी वैष्णवताहे में सेवास्मरण बहुत करतहों में अनेक मनोरथ करतहों में सगरे कुंटुंबको पालन करतहों मेरे सगरे आज्ञाकारीहे इत्यादि मनमें अहंकार राखे ताके हृदयमें भगवान् न रहे, क्रूर हृदय होय परायो बुरोहि विचारे मनमें येही विचार रहे जो मेरो दाव परेगो तो दुःख देहूंगो याभांति क्रूर दृष्टि रहे टेडो रहे वांकोही वोल्योकरे एसे क्रूरके हृदयमें भगवान् न रहे, कोई दुष्ट कार्य (चोरी, अन्याय, काहूको बुरो) करे ताको पक्षपात करे ताके हृदयमें भगवान न रहें, ज्ञानमार्गमें स्थित होय तामें स्वामिसेवकभाव नांहींहे सर्वगुण युक्त भगवानके स्वरूपको ज्ञान नांहींहे भगवानकों निराकार जानतहे ताके हृदयमें, भगवान् न रहे भगवानकों ब्रह्मा, महादेव, गणेश, इंद्र, इत्यादिक देवतासमान चिंतन करे तासों सबनको समान आश्रय करे सबनसों फलकी चाहना करे याभांति अन्याश्रयं करे ताके हृदयमें भगवान् न रहे ॥ ३ ॥

मूलं–लौकिके सन्मुखे कृष्णजनवैमुख्यसंयुते ।
कृष्णलीलादोषदृष्टौ तथा कर्म जडेऽपि च ॥ ४ ॥

शब्दार्थः–लौकिकमें सन्मुख, श्रीकृष्णके जन (वैष्णव) सों विमुखतायुक्त, श्रीकृष्णकी लीलामें दोषदृष्टि होय तथा कर्ममें जडकी-

मूलं–व्रजस्त्रीचरणांभोजरेणुप्राप्त्यभिलाषुके।
गुणगानपरे कृष्णनामार्थपरिभावुके॥ ७॥

शब्दार्थः—अपने व्रजभक्तनके चरणारविंदके रजकी प्राप्तिमें इच्छायुक्त, गुणगानमें तत्पर, (श्रीकृष्ण) यहनामको अर्थ (फलात्मक) हे ताके यथार्थ भावयुक्त एसे हृदयमें प्रभु क्षणमें पधारे ॥ ७॥ टीका—व्रजभक्तनके चरणकमलकी रेणुकी प्राप्तिमें निशदिन अभिलाषा रहे जो मोकों व्रजभक्तनके चरणकमलकी रज कब प्राप्त होयगी येही मनोरथ मनमें रहे जेसें उद्धवजी भ्रमरगीतके अध्यायमें कहेहें "आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां वृंदावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम्। या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा भेजुर्मुकुंदपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम्॥ वंदे नंदव्रजस्त्रीणां पादरेणुमभीक्ष्णशः। यासां हरिकथोद्गीतं पुनाति भुवनत्रयम्" (यह व्रजभक्तनके चरणारविंदकी रजको सेवन करिवेवारे जो श्रीवृंदावनमें गुल्म, लता ओर औषधि (तामस, राजस, ओर सात्विक) हे तामें में कछु होउं, जो व्रजभक्त काहूतें त्याग न होय एसे अपने जन [संबंधीवर्ग] ओर वेदमार्गकों छोडिकें श्रुतिनकें खोजिवे-योग्य श्रीकृष्णकी पदवीकों भजत भये (सो आप श्रुतिरूपाहे तासोंही भजतहे)॥ श्रीनंदरायजीके व्रजकी स्त्रीयनके चरणारविंदकी रजकों में वारंवार वंदन करतहों जिनको भगवत्कथाको उद्गीत (परवश्यतासों भयो एसो गान) तीनलोककों पवित्र करतहें) इत्यादिक वचनके भाव विचारे ताके हृदयमें श्रीकृष्ण विराजे, श्रीकृष्णकी लीलासंबंधी गुणगान करे सो द्वादशस्कंधमें शुकदेवजी कहेहें "कलेर्दोषनिधे राजन्नस्ति ह्येको महान्गुणः। कीर्तनादेव कृष्णस्य मुक्तबंधः परं व्रजेत्" [हे राजन्

१ व्रजभक्तनके चरणकमलकी रजकी अभिलाषा लिखि सो सन्यासनिर्णयमें पुष्टिमार्गके गुरु कौंडिण्यकपि ओर व्रजभक्तहें एसें लिख्योहे याही अभिप्रायसों हे.

मूलं–दीने शुद्धे निःप्रपंचे लीलाचिंतनतत्परे ।
स्वाचार्यशरणे नित्यं सर्वकामविवर्जिते ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–दीन, शुद्ध, प्रपंचरहित, श्रीकृष्णकी लीलाके चिंतनमें तत्पर, स्वाचार्यके दृढ आश्रययुक्त, ओर नित्य सर्वकामकरि वर्जित एसे हृदयमें भगवान् तत्क्षण प्रवेश करतहें ॥ ६ ॥ टीका–दीन होय कोउ कछु कहे निंदाकरे तोहू सहिलेय सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "आचार्यचरणैरुक्तं दैन्यं त्वत्तोषसाधनम्" (श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी श्रीसुवोधिनीजीमें कहेहें जो प्रभु प्रसन्न करिवेको साधन एक दैन्य-हीहे) तातें दीन होय ताके हृदयमें भगवान् विराजें, ओर शुद्ध-हृदय होय मनमें कपट छल न होय शुद्धभावतें प्रभुको भजन स्मरण करे ताके हृदयमें भगवान् विराजे, लौकिकप्रपंचादिकतें रहित होय काहू देहसंबंधीमें मन न लगावे एक प्रभुमें मन लगावे कछुप्रपंचमें आसक्ति न करे ताके हृदयमें प्रभु विराजे, श्रीकृष्णकी लीला आनंद-रूप वाललीला, दानलीला, रासलीला, इत्यादि अनेक लीलाहे तिनके चिंतनमें तत्पर रहे सो निरोधलक्षणमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें "गुणेष्वाविष्टचित्तानां सर्वदा मुरवैरिणः" भगवानके गुण चित्तमें प्रविष्ट होय तब हृदयमें अनेक दोष मुर दैत्यरूपहे तिनसब अपने वैरीको नाम सुनि निवृत्त होय तातें लीलामें जिनको चित्त तत्पर रहे तिनके हृदयमें प्रभु विराजतहें, अपने पुष्टिमार्गके आचार्य श्रीवल्लभाचार्य-जीके चरणको आश्रय अहर्निश चित्तमें रहेसो श्रीसर्वोत्तमजीमें नामहें "अशेषभक्तसंप्रार्थ्यचरणाब्जरजोधनः" याभांति श्रीआचार्यके चरण-कमलकी रज अपनो सर्वस्व धन जिननें जान्योहे तिनको श्रीकृष्णाध-रामृतास्वादसिद्धिहे तिनके हृदयमें श्रीकृष्ण विराजें, ओर लौकिक वैदिक देहसंबंधी सर्वकामकरि वर्जितहे प्रभुविना कहूं मनकी आसक्ति नांहीहे एसे अनन्य वैष्णवके हृदयमें प्रभु विराजतहे. ॥ ६ ॥

स्मरण, श्रीकृष्णहीकी कथाको श्रवण, श्रीकृष्णकोही गुणगान, मन वचन कर्मकरि पुष्टिमार्गके धर्ममें अनन्य होय सो हारितस्मृतिमें कहेहे "अनन्यशरणा ये तु तथैवानन्यसाधनाः। अनन्यभोगभोगा ये ते तु सर्वेऽधिकारिणः॥ नान्यं देवं नमस्कुर्यान्नान्यं देवं निरीक्षयेत्। नान्यप्रसादमद्याच्च नान्यदायतनं व्रजेत्" (अनन्य आश्रयवारे. तेसेंही अनन्य साधन करिवेवारे ओर अन्यदेवको प्रसाद नांही लेयवे-वारे एसे भक्त [भक्तिमार्गमें] अधिकारीहे ॥ अन्यदेवकों नमस्कार न करे, अन्यदेवको नांही देखे, अन्यको प्रसाद नांही ले. अन्य-देवके स्थानमें नांही जाय) एसे अनन्य होय ताके हृदयमें श्रीकृष्ण विराजें, तथा अनन्य पुष्टिमार्गीय जे वैष्णवहे तिनमें पूर्ण निष्ठाकरि उनभगवदीयनको संग करे उनकी सेवा करे सो भगवदीय गायेहें "एक भरोंसो व्रजभक्तनको दूजो नंदकिशोरको" ओर भक्ति-वर्द्धिनीमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें "अतः स्थेयं हरिस्थाने तदीयैः सह तत्परैः" (तासों भगवत्परायण भगवदीयनके संग हरिस्थानमें (भगवन्मंदिरमें अथवा मंदिरकी पास, रहेनो) प्रभुके स्थानमें तदीयके संग तत्पर रहे ताके हृदयमें प्रभु विराजें, ओर भगवद्धर्ममें रति होय यहपुष्टिमार्गके धर्ममें प्रीति होय ओर साधना-दिमें मन न लगावे सो नवरत्नग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें "पुष्टिमार्गस्थितो यस्मात्साक्षिणो भवताखिलाः। सेवाकृतिर्गुरोराज्ञा बाधनं वा हरीच्छया" याभांति गुरुकी आज्ञाप्रमाण पुष्टिमार्गमें स्थितहोय सेवा करे ओर प्रभुकी ईच्छातें गुरुकी आज्ञाको बाध होय तामें तथा संसारादिकमें साक्षिवत् रहे जेसें जलमें कमल रहे याभांति भगवद्धर्ममें रति होय ताके हृदयमें प्रभु विराजें, ओर लौकिकतें विरक्त होय सर्व प्रभुकों समर्पण करिदेय सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी

दोपके निधिरूप कलियुगको एक वडो गुणहे जो श्रीकृष्णके कीर्तन सोंही मुक्त बंध होयके परपुरुप (श्रीकृष्ण) कों प्राप्त होय] इत्यादि वचनतें गुणगान करें ताके हृदयमें प्रभु विराजे, कीर्तन न आवे तो श्रीकृष्ण यह नामको अर्थ विचारिकें अनुभव करे सो षष्ठस्कंध श्रीभागवतमें कहेहें " अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत्। संकीर्त्तितमघं पुंसां दहेदेधो यथानलः ॥ नामोच्चारणमाहात्म्यं हरेः पश्यत पुत्रकाः। अजामिलोऽपि येनैव मृत्युपाशादमुच्यत" (विष्णुदूत यमदूतकों कहतहें जो अज्ञानतें अथवा ज्ञानतें उत्तम श्लोक [भगवान्] को नाम आछी रीतिसों [आर्त्तियुक्त होयकें] जो लियो सो अग्निकाष्ठकों दहे तेसें पुरुपके पापकों दहतहे। यमराजा अपने दूतनकों कहतहे जो हे पुत्र! हरिके नामके उच्चारको माहात्म्य देखो जाकरिकेंही अजामिलहू मृत्युके पाशतें मुक्तभयो) ओर अष्टमस्कंधमें कहेहें " ते सद्भाग्या मनुष्येपु कृतार्था नृप! निश्चितम्। स्मरंति स्मारयंतीह हरेर्नाम कलौ युगे" (हे राजन् जो यह कलियुगमें हरिके नामको आप स्मरण करतहे ओर दूसरेकों स्मरण करावतहे सो मनुष्यनमें सुंदर भाग्यवारे ओर कृतार्थ (पूर्ण) निश्चयहे इत्यादि वचनतें श्रीकृष्णके नामके अनुभवतें ही भगवान् हृदयमें विराजतहें ॥ ७ ॥

मूलं–अनन्येऽनन्यसेवैकनिष्ठातत्परतां गते।
भगवद्धर्मनिरते विरक्ते गुणसंगिनि ॥ ८ ॥

शब्दार्थः–अनन्य भावयुक्त, अनन्य भक्तकी सेवाकी मुख्य निष्ठामें तत्परताकों प्राप्त भये, भगवद्धर्ममें प्रीतियुक्त, विरक्त ओर भगवद्गुणके संगयुक्त (एसे हृदयमें प्रभु पधारे) ॥८॥ टीका–एक श्रीकृष्णहीमें अनन्य भाव होय श्रीकृष्णहीकी सेवा करे, श्रीकृष्णको

विषयादिकके संगतें, बुद्धि चलायमान न होय एसे पुष्टिमार्गमें दृढ होय ताकें हृदयमें प्रभु पधारें, ओर श्रीकृष्णकी नानाप्रकारकी लीलारसमें अति चंचल (क्षणक्षणमें लीलारसमें मग्न) होय सो सिद्धांतमुक्तावलिमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें "चेतस्तत्प्रवणं सेवा" यह मानसीसेवा जो चित्त एकाग्र [नदीके प्रवाहकी नांई] अहर्निश प्रभुकी लीलामें रहे याभांति जाको चित्त प्रभुकी लीलामें चंचल होय ताके हृदयमें प्रभु पधारे, ओर श्रीकृष्णके दर्शनकेलिये मन वारंवार व्याकुल होय सो श्रीभागवतएकादशस्कंधमें जनकराजा कहेहें "दुर्लभो मानुषो देहो देहिनां क्षणभंगुरः। तत्रापि दुर्लभं मन्ये वैकुंठप्रियदर्शनम्" (जीवकों क्षणभंगुर मनुष्यदेह दुर्लभहे तामेंहू भगवानके प्रिय [भक्त] को दर्शन दुर्लभ जानूहं) एसें मनुष्यके देहकों दुर्लभ ओर क्षणभंगुर जानि तामेंहू भगवद्भक्तको दर्शन दुर्लभ जानि भगवानके दर्शनमें व्याकुल होय सो भाव कुंभनदासजीकोंहे जो एक दर्शनके अंतरायमें गाये "किते दिन व्हेजु गये विनुदेखे" एसी आर्ति दर्शनमें होय ताके हृदयमें प्रभु पधारे ॥ ९ ॥

मूलं–मनोरथशताक्रांते सर्वौदासीन्यसंयुते।
एतादृशे तु हृदये हरिराविशते क्षणात् ॥ १० ॥

शब्दार्थः–श्रीकृष्णकी सेवामें अनेक मनोरथयुक्त ओर लौकिक-वैदिकमें औदासीन्ययुक्त (लौकिकवैदिकमें आसक्तिरहित) एसे हृदयमें तो क्षणमें प्रभु पधारें ॥ १० ॥ टीका–जेसें व्रजभक्त श्रीठाकुरजीको सुखदानार्थ नानाप्रकारके मनोरथ करते वागा, वस्त्र, आभूषण, सामग्री [तन–मन–धनसों] प्रभुकों समर्पते सर्वात्मभाव प्रभुमें हतो तेसेंहि पुष्टिमार्गमें श्रीवल्लभकुल श्रीकृष्णको सर्वस्व विनियोग करावतहें तातें

सिद्धांतरहस्यमें कहेहें "तस्मादादौ सर्वकार्ये सर्ववस्तुसमर्पणम्" याभांति जो वैष्णव पहिलेंही सर्वकार्यमें भगवानकों सर्ववस्तु समर्पि विरक्त होयरहे ताके हृदयमें प्रभु विराजें, ओर भगवानके गुणको संग करे, इनके गुणको गान करे, इनको स्मरण करे तिनके हृदयमें प्रभु विराजें ॥ ८ ॥

मूलं–कृष्णार्त्तिभावसंयुक्ते सरसेऽन्यरसातिगे ।
अचंचले कृष्णलीलाचंचले दर्शनाकुले ॥ ९ ॥

शब्दार्थः–श्रीकृष्णकी आर्त्ति तथा भाव करिकें युक्त, भक्तिके रस सहित, अन्यधर्मके रसकों उलंघित, भगवद्धर्ममें स्थिर, श्रीकृष्णकी लीलाकरि चंचल (विकल जेसो) ओर श्रीकृष्णके दर्शनमें आकुल एसे हृदयमें प्रभु क्षणमें पधारें ॥ ९ ॥ टीका–श्रीकृष्णमें आर्त्तिभयेतें प्रभु कृपा करे सो निरोधलक्षणमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें "क्लिश्यमानान् जनान् दृष्ट्वा कृपायुक्तो यदा भवेत् । तदा सर्वं सदानंदं हृदिस्थं निर्गतं बहिः" यह वचनतें भगवान् भक्तनकों आर्त्तिक्लेशयुक्त देखिकें कृपायुक्त होय सर्वके आनंददाता हृदयतें बाहिर प्रकट होय दर्शन देय अपनो अनुभव करावें तातें आर्त्तितो यह पुष्टिमार्गको फलहे जहां आर्त्ति तहां प्रभु पधारें, श्रीकृष्णमें भाव निवेदनतें होय जेसें लौकिकमें स्त्रीको व्याह होय तब पतिमें भाव होय जो यह मेरो पति हे तेसेंही श्रीआचार्यजीद्वारा निवेदन भयो तब श्रीकृष्णमें भाव होय श्रीकृष्णहीको सर्वस्व जाने यह भाव होय तब भगवान् हृदयमें पधारें, भगवत्स्वरूपरसमें सरस होय ओर अन्यमार्गीय रस तथा विषयादिक रसकरि रहित होय एक पुष्टिमार्गमें श्रीकृष्णाधरामृतास्वादरसकों चाहे एसे वैष्णवके हृदयमें प्रभु पधारें, अचलं [गंभीरबुद्धि] होय, अन्य मार्गीयके संगतें, दुष्टके संगतें,

ओर इनके निवंध, श्रीसुवोधिनी, ओर पोडशग्रंथको अवलोकन करनो तथा दुःसंगतें दूरि रहेनो ताकरिकें सगरे दोप निवृत्त होय यह निरूपणहे। ऊपर विद्या अविद्याके प्रकार कहे सो व्रजभक्तनकों हू प्रभुनेही अविद्याकी निवृत्ति करि विद्या सिद्धकिये तव भये, भक्तनको सामर्थ्य नांहीहे प्रभुहीं सामर्थ्य दियो तव रासपंचाध्यायीमें सगरे प्रतिवंधकों तोडिकें प्रभुपास आये अनुभव भयो तेसेंही इहां पुष्टिमार्गमें जव प्रभु कृपा करे तवही फल होय सो आगें कहतहे—

मूलं—अस्मिन् मार्गे प्रभोरिच्छामात्रं सर्वत्र कारणम्।
सैव चावरणं यावत् प्रतिकूला फले निजे ॥१॥

शब्दार्थः—यह पुष्टिमार्गमें सर्वकार्यमें मात्र प्रभुकी इच्छा कारणहे सोही जवतांई अपने फलमें प्रतिकूल होय सो आवरणहे ॥१॥टीका—हमारे श्रीवल्लभाचार्यजीके पुष्टिमार्गमें श्रीकृष्णकी इच्छाही सर्वकार्यमें कारणहे सो इच्छा जवतांई प्रतिकूलहे अपनो फल देयवेमें विलंवकी इच्छाहे तवतांई आवरणहे तातें व्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र कोउ वर्ण होय तथा हीनजाति म्लेच्छ, चांडाल, मलाह, इत्यादिक होय सर्व धर्मकरि रहित होय तिनकों फल देवेकी इच्छा होय तो एसेहू यह पुष्टिमार्गमें शरण आवे ओर फलकों निश्चय पावे ओर जाकों फलदेवेमें प्रतिकूल इच्छाहे सो यह पुष्टिमार्गके धर्मकरि रहित होय तिनकों फल नांही होय तातें प्रभुकी इच्छाही मुख्यहे सो वार्त्तामें प्रसिद्धहे जो अलीखां ओर अलीखांकी वेटी भगवानकी इच्छातें चाचाहरिवंशजी द्वारा श्रीगुसांईजीकी शरण आये तातें या मार्गमें श्रीकृष्णकी इच्छा परमकारणहे ॥ ३ ॥

मूलं—तदावरणनाशस्तु दैन्यादेव हरौ कृतात्।
स दीनेषु निजामिच्छामनुकूलां करोति हि ॥२॥

वैष्णवकों तन, मन, धन, करि प्रभुहींकी सेवामें अनेक मनोरथ होय जो द्रव्यादिक न होय तो मनहींतें (मानसी सेवामें) नानाप्रकारके मनोरथ करे ताके हृदयमें प्रभु विराजे, ओर लौकिक वैदिक देहसंबंधी कार्यमें सबठोर अपने मनकों उदास राखे लौकिकमें साक्षिवत् रहें, संसारके सुखदुःखतें मन उदासीन रहे तो प्रभु हृदयमें रहें, अब श्रीहरिरायजी कहतहें जो यह द्वाविंशगुण विद्यारूप जावैष्णवके हृदयमें आवे ताके हृदयमें श्रीकृष्ण पधारें स्वरूपानंदको अनुभव करावें जेसें व्रजभक्तनकी पंचपर्वा अविद्या दूरिभई विद्या सिद्ध भई तब श्रीकृष्ण हृदयमें विराजें तेसें वैष्णव द्वाविंशदोष छोडि द्वाविंशगुणकों धारण करे तो श्रीकृष्ण निश्चय ताहीक्षण हृदयमें पधारें ॥ १० ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं द्वात्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३२ ॥

शिक्षापत्र ३३.

अब त्रयस्त्रिंशत्तमशिक्षापत्रमें यहमार्गमें सर्वको कारण भगवदिच्छाहीहे सोही प्रतिकूल होय ताको नाश हरिमें दैन्यतें होय काहेतें जो दीनजन उपर हरि अपनी इच्छा अनुकूल करतहे जब इच्छा अनुकूल भई तब दासकों कहा दुर्लभहे ? तातें लोकमेंहू दीनके उपर सबनकों दया होतहे यह जानिके दैन्य राखनों सोही साधन हे अभिमान ओर मद दैन्यके विरोधी हे ताको त्याग करनों यह न बने तो अपने श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीको दृढ आश्रय राखनो

अन्य कोन रक्षा करिवेमें समर्थहे) ओर पुरूरवानें कह्योहे " पुंश्चल्यापहृतं चित्तं कोऽन्यो मोचयितुं क्षमः। आत्मारामेश्वरमृते भगवंतमधोक्षजम्" (पुंश्चली [व्यभिचारिणी] स्त्रीने हरिलिये एसे चित्तकों आत्माराम [योगी] के ईश्वर अधोक्षज भगवान् विना ओर अन्य कोन छुडायवेमें समर्थहे) ओर व्यासजी कहेहें " घोरे कलियुगे प्राप्ते सर्वधर्मविवर्जिते। वासुदेवपरा मर्त्यास्ते कृतार्था न संशयः" (सर्वधर्मकरिरहित घोर कलियुग प्राप्त भयो तामें भगवत्परायण मनुष्य कृतार्थहे संशय नांही) याभांति पिंगला पुरूरवादि ओर द्रौपदी, गजेंद्र, जो आर्तिकरी शरण आये तिन सवनको उद्धार प्रभु किये तातें एक प्रभुके आश्रयतें ओर दैन्यतेंही प्रभुकी कृपा होतहे ॥ ३ ॥

मूलं—अतो दैन्यं हि मार्गेऽस्मिन् परमं साधनं मतम्।
अभिमानो मदश्चापि सततं तद्विरोधिनौ ॥ ४ ॥
तौ विज्ञाय प्रयत्नेन परित्याज्यौ फलार्थिभिः।
दौष्ट्यं समस्तेंद्रियाणां साधनैरेव नाशयेत् ॥ ५॥

शब्दार्थः—तासों यह पुष्टिमार्गमें दैन्यही परमसाधन मान्योहे अभिमान ओर मद यह दोनोहू निरंतर दैन्यके विरोधिहे ॥४॥ इनकूं जानिकें पुष्टिमार्गीय फलके अर्थवारेकें यत्नकरिकें त्याग करिवेयोग्यहे ओर समग्र इंद्रियनकी दुष्टताकों साधनकरिकेंही नाश करे ॥ ५ ॥

टीका—पुष्टिमार्गमें परम साधन एक दैन्यहे दैन्यभावनाकरणार्थ सर्व समर्पणहे तातें जाकों दीनता सिद्ध भई तिनकों यह पुष्टिमार्गको फल सिद्धही भयो. तातें विज्ञप्तिमें श्रीगुसांईजी कहेहें " यादृशी तादृशी नाथ ! त्वत्पादाब्जैककिंकरी। त्वद्वक्त्रं कथमप्याशु कुरु दृग्गोचरं मम" (जेसी तेसी तुम्हारे चरणकमलकी किंकरी (दासी) हों तातें अपनी जानि कृपा करि मेरे नेत्रकों आपके मुखको वेगिही दर्शन करावो) ओर

शब्दार्थः—यह आवरणको नाश हरिमें दैन्य कियेतेंही होय काहेतें जो वह भगवान् दीनमें अपनी इच्छा (प्रतिकूल होय तोहू फिर) अनुकूल करतहें ॥ २ ॥ टीका—हरिसों जब दीनता होय तब आवरणको नाश होय भगवानको संबंधी भयो तासों भगवत्सेवामें अंगीकार भयो दीनताकरि दासभावहू भयो तब प्रभुकी इच्छा आपुहीतें अनुकूल होय जो अब तो यह जीव मेरोही भयो तासों छोड्यो न जाय जब प्रभु अनुकूल भये तब सब सिद्ध होय सो आगें कहतहें ॥ २ ॥

मूलं—तदानुकूल्ये दासानां किं फलं दुर्लभं मतम् ।
कृपा च जायते दीने लोकसिद्धनिदर्शनात् ॥३॥

शब्दार्थः—भगवानकी इच्छा अनुकूल भई तब दासनकों कहा फल दुर्लभहे (कछुहू नांही) काहेतें जो दीनपें कृपा होयहे एसें लोकमें दिखेहे (तासों दीनहोय तो प्रभुकी कृपा होय) ॥३॥ टीका—जब प्रभुकी इच्छा अनुकूल भई तब सगरो फल सिद्ध भयो यामें संदेह नांहीहे तातें श्रीकृष्णकी कृपाको कारण एक दैन्यहे सो लौकिकमें कहूं प्रसिद्ध देखियतहे जो केसोहू वैरी होय केसोहू काम विगाडे परंतु आयकें शरण पडे जो में तो तुम्हारोहों अब चाहोसो करो तब उहपर कृपाही करे मार्यो न जाय तेसें अनेकजन्मतें जीव भूल्यो हे सो श्रीआचार्यजीद्वारा प्रभुको सर्व समर्पणकरिकें दीन होय रहे जो में श्रीकृष्णको दासहूं तब प्रभु प्रसन्न होय कृपाही करे तातें दीन होय एक श्रीकृष्णकीही शरणभावना राखे सो श्रीभागवतएकादशस्कंधमें पिंगलाको वाक्यहे “संसारकूपे पतितं विषयैर्मुषितेक्षणम् । ग्रस्तं कालाहिनात्मानं कोऽन्यस्त्रातुमधीश्वरः” (संसाररूप कूपमें गिर्यो ओर विषयकरिकें मूंद गयेहे नेत्र जिनके एसे ओर कालरूप सर्पने निगल्ये एसे आत्माकों ओर

१ व्रजवासिनके लिखे पुस्तकमें आवरणको अर्थ नांही लिख्योहे वर्ण (ब्राह्मणादिक) लिखेहे सो अर्थ मूलसों विरुद्धहे.

श्रीआचार्यजीके दृढ आश्रयवारेनके दोप तो अग्निस्वरूपसों (श्रीआचार्यजी अग्निस्वरूपहे तासों) संबंधमात्रतें क्षणमात्रमें भस्म होयजात हे ॥ ६ ॥ टीका–दृढ आश्रय राखनो अन्याश्रयतें फलको नाश होय सो दामोदरदास संभरवारेकी वार्त्तामें प्रसिद्धहे जो वाकी स्त्रीने रंचकहू अन्याश्रय कियो तातें पुत्र म्लेच्छ भयो एसो वाधकहे सो श्रीगुसांइजी कहेहें "अहं कुरंगीदृग्भंगिसंगिनांगीकृतोऽस्मि यत्। अन्यसंबंधगंधोऽपि कंधरामेव वाधते" अन्यसंबंधको गंधहू होयतो गरो कटे प्रभुसों अन्याश्रय सह्यो न जाय श्रीनंदरायजी अंबिकापूजनकों गये तहां सुदर्शन-सर्प नंदरायजीकों निगलगयो फिर प्रभुकी शरणजाय प्रार्थना करी तव छूटे तातें अन्याश्रय महावाधकहे तातें श्रीआचार्यजीके आश्रितनकूं अग्निके संबंधतें काष्ठकीनांई अग्निरूप श्रीआचार्यजीके संबंधतें सगरे दोप एकक्षणमें भस्म होयजाय ॥ ६ ॥

मूलं–अतःस्वाचार्यमात्रैकशरणैस्तत्पराश्रितैः ॥ ७ ॥
तद्ग्रंथार्थावबोधार्थविहितातिप्रयत्नकैः ।
दुःसंगवर्जितैः संगसंप्राप्त्याशायुतैरपि ॥ ८ ॥
स्थेयं सेवापरैरन्याश्रयत्यागविचक्षणैः ।
कामलोभादिदोषैकपरित्यागेच्छुभि सदा ॥ ९ ॥

शब्दार्थः—तासों अपने श्रीआचार्यजीकेही आश्रयवारे, इनके परायण भगवदीयके आश्रित ॥ ७ ॥ इनके ग्रंथ श्रीसुवोधिनीजी, निवंध आदि) के अर्थ जानिवेके लिये प्रयत्न करिवेवारे, दुःसंगतें रहित, सत्संगकी प्राप्तिकी आशायुक्त ॥ ८ ॥ सेवामें चतुर, अन्याश्रयके त्यागमें चतुर, कामलोभादि मुख्यदोषके त्यागकी इच्छावारे, एसें होय सदा रहेनो ॥ ९ ॥ टीका–श्रीआचार्यजीके चरणकमलको दृढ आश्रय करे श्रीआचार्यजीके चरणकमलके आश्रित भगवदीयहोय तिनको आश्रय

श्रीआचार्यजीमहाप्रभु कहेहें "दैन्यं त्वत्तोपसाधनम्" याभांति दैन्य सर्वोपरि साधनहें अभिमान ओर मद यह दोउ पुष्टिमार्गके फलमें विरोधीहे ताहीतें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु विवेकधैर्याश्रयमें कहेहें "अभिमानश्च संत्याज्यः स्वाम्यधीनत्वभावनात्।" स्वामीके आधीनहूं एसी भावनातें अभिमान सगरो छोडनो) जो स्वतंत्र होय सोई अभिमान करे दासकों नांही कर्त्तव्यहे स्वामीकी आज्ञा मांगि सगरो कार्य कर्त्तव्य हे सो अभिमानतें दासपनो जातरहे तातें अभिमान बडो बाधकहे तेसेंही मदहू बाधकहे पुष्टिमार्गके फलमें विरोधीहे ॥ ४ ॥ लौकिक सुखतें सगरे अलौकिक साधनको नाश होतहे तासों इंद्रिय दुष्ट होतहे तिनकों अलौकिकमें लगावे तब दुष्टता मिटे सो निरोधलक्षणमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें "संसारावेशदुष्टानामिंद्रियाणां हिताय वै। कृष्णस्य सर्ववस्तूनि भूम्न ईशस्य योजयेत्"(संसारके आवेशकरि दुष्ट सब इंद्रियनके हितके लिये अपने स्वामी श्रीकृष्णकी सर्ववस्तुहे सो उनमें लगावे) तासों इंद्रियनकी दुष्टता निवृत्त होय सगरी इंद्रियनकी आसक्ति लौकिकमें होय सो दुष्टता जानियें प्रभुमें आसक्तिसों वह दुष्टता मिटे ॥ ५ ॥

मूलं–अथवाश्रयमात्रेण नाशयिष्यति मत्प्रभु।
निजाचार्याश्रितानां तु दोषा वन्हिस्वरूपतः ॥६॥
संबंधमात्रतो भस्मीभवंति क्षणमात्रतः।

शब्दार्थः–उपर कहे जो इंद्रिनकी दुष्टता साधनकरि निवृत्त करे परंतु तेसें न होयसके तो अपने स्वामीको आश्रय दृढ करनो ता आश्रयमात्रतें अपने स्वामी सर्वदोषकों नाश करेंगे काहेतें जो अपने,

१ इंद्रियनको धर्महे सो छुटायो न छुटे तासों सर्व इंद्रियनकी लौकिकमेतें आसक्ति छुटाय भगवानमें आसक्ति करावनी.

रहिवेतें श्रीठाकुरजीको आवेश हृदयमें न होय हृदयमेंतें पधारे ओर लोभकरि संसारासक्ति होय पापपुण्यको विचार न रहे केवल अपने स्वार्थकेही वश्य होय एसे लोभी तथा कामीके हृदयमें प्रभु न आवे तातें काम तथा लोभको सदा त्याग करे तब फलरूप दैन्य सिद्ध होय ॥ १ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं त्रयस्त्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥३३॥

शिक्षापत्र ३४.

अब चतुस्त्रिंश शिक्षापत्रमें श्रीकृष्ण सदा सेव्यहें येही फलहे तामें मुखारविंदकी भक्तितें प्रभु आपतेंही प्राप्त होय ओर चरणारविंदकी भक्तितें धर्मद्वारा धर्मविशिष्टप्रभु प्राप्त होय चरणात्मकभक्तितें सायुज्यफल होय ओर मुखारविंदकी भक्तितें श्रीभगवानके अधरामृत सेवनरूप फल होय याभांति पुष्टिभक्तिकी अवस्था ओर साधनको निरूपण तथा सर्वात्मभावको निरूपणहे जेसें मंत्रशास्त्रमें मंत्रके वीज विना कछु कार्य सिद्ध न होय तेसें यह पुष्टिमार्गमें दैन्य विना कछु सिद्ध न होय पुष्टिमार्गकी प्राप्ति तो श्रीमदाचार्यजीके चरणारविंदकी कृपातें होय तासों इनकोही आश्रय करनो यह निरूपणहे। उपर ग्रंथके वोधतें, सत्संगतें ओर सेवातें देन्य सिद्ध होय एसो निरूपण कियो सो सेवाके दोय प्रकारहे एक मुखारविंदकी भक्ति सो

---

१. चरणारविंदकी भक्ति करनी सो दासको धर्महे तासों यह धर्मरूपभक्ति हे.

करे ॥७॥ पुष्टिमार्गीय ग्रंथ श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी, श्रीगुसांईजी आदिके श्रीसुवोधिनीजी, निवंध, विद्वन्मंडन, टिप्पणीजी श्रीसर्वोत्तमजी आदि ग्रंथहे इनके भावको बोधभयेतें आश्रय सिद्ध होय सो सर्वोत्तमस्तोत्रमें श्रीगुसांईजी कहेहे 'कृष्णाधरामृतास्वादसिद्धिरत्र न संशयः श्रीकृष्णके अधरामृतको पान निश्चय करतहें यामें संशय नांही तातें सर्वोत्तमआदि सगरे ग्रंथको पाठ अवश्य कर्त्तव्य हे ताकरि सर्व सुवोध होय दैन्य होय ओर आश्रय सिद्ध होय, अव दुःसंगको त्याग करनो सत्संगकी प्राप्तिको यत्न करनों तातें श्रीभागवतप्रथमस्कंधमें शौनक कहेहें " तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम् । भगवत्संगिसंगस्य मर्त्यानां किमुताशिषः " (भगवानके संगि भक्तनके लवमात्रके संग तुल्य न स्वर्गकों के न मोक्षकों हम तुलना करेहें तो मनुष्यनको सुख तो कहा) याभांति सत्संगतुल्य ओर सुख नांहीहे तातें सत्संग करे तो सर्व सिद्ध होय ॥ ८ ॥ श्रीकृष्णकी सेवामें स्थित रहे क्यों जो यह पुष्टिमार्गमें परमफलरूप भगवत्सेवाही हे सेवासमान ओर कुछ नांही हे सो श्रीभागवतनवमस्कंधमें श्रीभगवान् दुर्वासाप्रति कहेहें " मत्सेवया प्रतीतं च सालोक्यादिचतुष्टयम्। नेच्छंति सेवया पूर्णाः कुतोऽन्यत्कालविप्लुतम् " [मेरी सेवातें साक्षात्कार भये एसे सालोक्यादि चतुर्विध मोक्षकोंहू मेरे भक्त नांही इच्छत हें काहेतें जो सेवाकरि पूर्ण हे तो कालकरि जिनको नाशहोय ताकी इच्छा नांही राखे वामें कहा केहेनो] एसें भगवदीय सेवामें पूर्ण हे जो चतुर्विध मुक्तिपर्यंत नांही चाहतहें याभांति श्रीकृष्णकी सेवामें स्थित होय, ओर अन्याश्रय न करे देवताआदिको (द्रव्यादिकके लिये) रंचकहू आश्रय होय तो फलको नाश होय तातें अन्याश्रय छोडिवेमें विचक्षण रहेनो ओर कामादि विषयको तथा लोभको त्याग करे काहेतें जो कामादिविषयमें तत्पर

प्राप्तिहे यामें संशय नांही तहां कोई संदेह करे जो उपर मुखारविंदकी भक्ति कही फिर धर्मसेवात्मक चरणारविंदकी भक्ति कही दोऊतें प्रभुकी प्राप्ति वताये तव दोऊ एकहीं भई तव श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी प्रगट होय मुखारविंदकी भक्तिमें अधिकता कहा वताये ? याप्रकार कोई संदेह करे तहां आगें कहतहें ॥ २ ॥

मूलं–तत्र सायुज्यसंबंधो न लोभामृतसेवनम् ।
मुखारविंदभक्तौ तु साक्षात् तत्सेवनं मतम् ॥३॥

शब्दार्थः–चरणारविंदकी भक्तिमें सायुज्य संवंधहे लोभात्मक अधरामृत (भगवत्प्रसाद)को सेवन नांही ओर मुखारविंदकी भक्तिमेंतो साक्षात् इनको सेवनहे ॥३॥ टीका–मुखारविंदकी भक्ति (पुष्टिभक्ति) में ओर चरणारविंदकी भक्ति (मर्यादाभक्ति) में फलमें वहूत भेदहे सो कहतहें चरणात्मक मर्यादाभक्तिकरिकें सायुज्यमुक्तिकी प्राप्तिहे तामें लोभामृतको सेवन नांहीहे ओर मुखारविंदकी भक्तिहे सो तो प्रभुकी साक्षात्सेवारूपहे तहां साक्षात् प्रभुके स्वरूपानंदको अनुभवहे तातें मुखारविंदरूप पुष्टिभक्ति सर्वोपरिहे ओर धर्मरूप चरणात्मक मर्यादाभक्तिहे एसें दोऊमें वडो तारतम्यहे तातें न्यारी न्यारी कहीहे ॥३॥

मूलं–एतादृक्फलिका भक्तिर्भवेत्केवलपुष्टितः ।
तत्रापि मुखरूपास्मदाचार्यानुग्रहात् पुनः ॥४॥

शब्दार्थः–लोभात्मक अधरामृतके सेवनरूप फल सिद्ध करिवेवारी भक्ति, केवल पुष्टितें होय तामेंहू फिर [श्रीकृष्णके] मुखारविंदरूप अपने श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके अनुग्रहतें होय ॥ ४ ॥ टीका–जामें अधरामृतकी प्राप्तिहे एसी भक्तितो मुखारविंदरूप पुष्टिभक्तिहे सो मुखारविंदरूप श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीहे तातें मुखारविंदकी भक्ति हमारे श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके अनुग्रहतें सिद्धहोय काहेतें जो मुखारविंदकी

सर्वोपरिहे ओर एक चरणकमलकी भक्तिहे सो दोउ भक्तिको प्रकार कहतहें:-

मूलं-श्रीकृष्णः सर्वदा सेव्यः फलं प्राप्यं स्वतस्तु सः।
मुखारविंदभक्त्यैव साक्षात्सेवैकरूपया ॥ १ ॥

शब्दार्थः-साक्षात् सेवारूप मुखारविंदकी भक्तिहे तातेंही स्वतः (आपतें) प्राप्यफल यह श्रीकृष्णहे सो सर्वदा सेव्यहे ॥१॥ टीका-अत्र श्रीहरिरायजी कहतहें जो यह पुष्टिमार्गमें तो सदा सर्वदा श्रीकृष्णही सेव्यहे सो श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी चतुःश्लोकी ग्रंथमें कहेहें " सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिपः। स्वस्यायमेव धर्मोहि नान्यः क्वापि कदाचन " (सर्वदा सर्वभावकरि व्रजके अधिपति श्रीकृष्णहीकी सेवा कर्त्तव्यहे हमारो यह धर्महे ओर नांही) ओर हमारे पुष्टिमार्गमें जो कोई स्थितहे तिनकोहू येही धर्महे श्रीकृष्णकी सेवाही कर्त्तव्यहे ओर कोई कालमें दूसरो साधन नांही कर्त्तव्यहे ताहिकरिकें पुष्टिमार्गके फलकी प्राप्ति स्वतः [आपुहीतें] सिद्ध होय काहेतें जो मुखारविंदकी भक्तिहे सो साक्षात् स्वरूपसेवातें सिद्धहोतहे जामें दर्शन, स्पर्श, सर्वांगसुखको अनुभवहे तातें स्वरूपसेवामें साक्षात्कारहे यह मुखारविंदभक्ति कही सो सर्वोपरिहे ॥ १ ॥

मूलं-चरणात्मकभक्त्या तु धर्मसेवात्मरूपया।
धर्मद्वारा तद्विशिष्टः प्रभुः प्राप्यो न संशयः ॥२॥

शब्दार्थः-धर्मसेवास्वरूप चरणात्मकभक्तिकरि धर्मविशिष्ट प्रभु प्राप्त होय यामें संशय नांही ॥ २ ॥ टीका-चरणात्मकभक्ति धर्मसेवारूपहे जेसें आगें ब्रह्मा, शिव, नारद, सनकादिक, सब करिआयेहें ताहीभांति मर्यादासंयुक्त धर्मवत् करनी यह धर्मद्वारा भक्तिहे ताकरि प्रभुकी

मूलं–यथा मर्यादया भक्तौ ब्रह्मभावस्तु साधनम् ।
तथा सर्वात्मभावोऽत्र साधनत्वेन बुद्धयताम् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–जेसें मर्यादा भक्तिमें ब्रह्मभावहे सो साधनहे तेसें यह पुष्टिमार्गीय भक्तिमें सर्वात्मभावहे सो साधनपनेतें जाननों ॥७॥ टीका–जेसें मर्यादाभक्तिमें ब्रह्मभावहे सोहि साधनहे सगरो ब्रह्मांड ब्रह्ममयहे अपनकोंहू ब्रह्म मानतहें यह ब्रह्म सबठोरहे याभांति ब्रह्मभाव (अक्षरब्रह्मको ज्ञान) मर्यादाभक्तिको साधनहे तेसेंही यह पुष्टिमार्गमें सर्वात्मभावहे सोहि साधनहे जेसें ब्रजभक्तनकों सर्वात्मभावहे तेसो सर्वात्मभाव इहां साधनहे यह बुद्धिमें निश्चय जाननों ॥ ७ ॥

मूलं–वस्तुतस्तु फलं चैव फलं स्यात्तत्प्रवेशतः ।
तत्स्वरूपं तु सर्वेषां देहांतःकरणात्मनाम् ॥ ८ ॥
येन भावेन भगवत्यात्मभावो हि जायते ।
यस्माद्भावात्स्वदेहादि सकलं स्यात्तदर्थकम् ॥९॥

शब्दार्थः–वस्तुतें तो यह सर्वात्मभाव फलरूपहीहे काहेतें जो सर्वात्मभावको भीतर प्रवेश होय तब फल सिद्ध होयं ताको स्वरूप तो देह अंतःकरण, आत्मा, सर्वके जो भावकरि भगवानमें आत्मभाव निश्चय होय जाभावसों अपने देहादिक समग्र भगवदर्थ होय ॥८॥९॥ टीका–मर्यादामार्गमें जेसें वस्तुतासों अक्षरब्रह्मरूप फलहे जामें प्रवेश होय फिर मायाके गुणमें न आवे तेसें पुष्टिमार्गीयकों प्रभुकी लीलारूप फलमें प्रवेशहे तहां स्वरूपात्मकरसको अनुभवहे नेत्रतें दर्शन, अंतःकरणसों प्रभुकी लीलाको अनुभव, सर्व इंद्रिय मन प्राण सर्वकी प्रभुमें तत्परता, जेसें ब्रह्मसंबंधके गद्यार्थमें कहेहें याप्रकार मुख्यफलको

१ फलस्यान्त प्रवेशतः एसो पाठ काहू पुस्तकमें हे ताकेअनुसार अर्थ–फलके अंतः–प्रवेशतें वस्तुतासों सर्वात्मभावहि फलरूप होय.

भक्ति श्रीस्वामिनीजीकीहे सो श्रीस्वामिनीजीके विप्रयोगभावात्मक पुष्टिभक्ति श्रीवल्लभाचार्यजीनेंही प्रकट करीहे तातें श्रीआचार्यजी जब अनुग्रह करि यह मुखारविंदकी भक्तिको दान करे तब सिद्ध होय ॥४॥

मूलं–अत एतद्भक्तिमद्भिः श्रीमदाचार्यसंश्रयः।
प्रथमं सर्वथा कार्यस्ततएवाखिलं भवेत् ॥ ५ ॥

शब्दार्थः–तासों यह (मुखारविंदकी) भक्तिवारेनको प्रथम श्रीमदाचार्यजीको आश्रय सर्वथा कर्त्तव्यहे ताकरिकेही समग्र सिद्धहोय ॥ ५ ॥ टीका–एसी यह मुखारविंदकी भक्तिको साधन एक श्रीआचार्यजीको आश्रयहीहे तातें प्रथम सर्वथा येही कार्य कर्त्तव्यहे जो श्रीआचार्यजीके शरण आय नामनिवेदनकरि पाछें अपने मनमें दृढ श्रीआचार्यजीके चरणकमलको आश्रय करे एसे वैष्णवकों अखिल कार्य सिद्धहोय यामें संशय नांही तातें मुखारविंदकी भक्तिमें एक श्रीआचार्यजीको आश्रयही साधनहे ओर कोई नांही ॥ ५ ॥

मूलं–अतः परं तु तद्भक्तेरवस्थासाधनादिकम् ।
निरूप्यते स्वतोषाय तत्कृपातो हृदि स्थितम्॥६॥

शब्दार्थः–उपर जो दोयभक्तिको निरूपण कियो तापाछें यह भक्तिकी अवस्था ओर साधनादिक इनकी कृपातें हृदयमें स्थितहे सो अपने तथा अपने भगवदीयनके संतोषके लिये निरूपण करतहों॥६॥ टीका–उपर चरणात्मकभक्ति तथा मुखारविंदरूपभक्तिको निरूपण कियो तामें पुष्टिभक्तिमें केवल श्रीआचार्यजीको आश्रय बतायो तापाछें इनके साधनादिक कर्त्तव्यहे सो अपने मनमें संतोषार्थ तथा अपनें तदीय (पुष्टिमार्गीय) के संतोषार्थ जो हमकों श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी दान दियेहें ओर इनकी कृपातें जो हृदयमें स्थिर रह्योहे सो निरूपण करतहों ॥ ६ ॥

आछो नांही प्रभु हमकों देखि सुख पावे तो आछो तासों आछीभांति रहेनों याही भावतें व्रजभक्तननेंहू अपने देहकी रक्षाकरीहे तामें अपनो सुख नांही विचारयोहे या भांति देहादिककी रक्षा प्रभुसेवार्थ विचारिकें करे ॥ १० ॥ कछु लौकिकवैदिक फल सिद्ध होयगो तथा प्रभुकी सेवातें कृतार्थ होउँगो यह स्वार्थबुद्धितें भगवत्सेवा न करे काहेतें जो भगवान् विनाविचारेही निजेच्छातें सर्वकार्य सिद्ध करेंगे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी नवरत्नग्रंथमें कहेहें " सर्वेश्वरश्च सर्वात्मा निजेच्छातः करिष्यति " [प्रभु सर्वके ईश्वरहें सर्वके आत्माहें [तासों सर्वजानतहें सो] अपनी इच्छाहीतें दासके सकलमनोरथ सिद्ध करेंगे] तातें प्रभुकी सेवामें अपनी स्वार्थबुद्धि न करे ओर गौणभावतें क्रियावतहू न करे भावसंयुक्त प्रीतिसों करे काहेतें जो भगवानकों एकप्रीतिहीतें धरे सो प्रिय लागतहें जेसें पद्मनाभदासजीके छोला प्रीतिहीतें अरोगे तातें सेवा प्रीतिसों करे ॥ ११ ॥

मूलं–न फलकांक्षणं यत्र लौकिकानां यथा धने।
तदभावे यथा लोका दुःखेनासूंस्त्यजंति हि ॥१२॥

शब्दार्थः–जहां फलकी इच्छा नांहीहे जेसें लौकिकनकों धनमें प्रीतिहे सो धनको नाश होय तो जेसें दुःखकरिकें प्राणकों छोडतहें तेसें प्रभुकी सेवामें प्रीति राखे ओर सेवाके अभावमें प्राणत्यागसमान दुःख होय ॥ १२ ॥ टीका–प्रभुकी सेवाकरि कछुहू फलकी आकांक्षा न करे काहेतें जो फलकी कामना राखे तो पुष्टिमार्गीय मुख्यफलको नाश होय तासों कामना भावमें बाधकहे यह जानि फलकांक्षा न करे लौकिकमें धन मुख्यहे धनके लिये सुखदुःख सहतहे प्राणत्याग करतहे एसी धनमें प्रीतिहे तेसी ही सेवामें राखे ॥ १२ ॥

अनुभव पुष्टिमार्गीय भक्तनको होय याप्रकार मर्यादा ओर पुष्टिके न्यारे न्यारे फल कहे तामें पुष्टिभक्ति सर्वोपरिहे ॥८॥ उपरकहे ताभांति भाव जो भगवानमें वढे सो उपाय करते रहेनो सो प्रभुमें भाव भयो कव जानियें? जव देहादि, इंद्रिय, मन, सव प्रभुके अर्थ लगे, तन, मन, धन तीन्यो प्रभुमें लगे तव देहादिक सवनकी क्रिया भगवदर्थ होय सो तनुजा वित्तजा दोउ प्रकारकी सेवातें सिद्ध होय ॥ ९ ॥

मूलं–न देहाद्यर्थसिद्ध्यर्थं भगवानप्यपेक्षते ।
यतो देहादिरक्षापि प्रभुलीलोपयोगतः॥ १० ॥
न स्वार्थबुद्ध्या स्वार्थोऽपि भगवानेव यत्र हि ।
येन भावेनानिमित्ता प्रीतिर्भवति वै हरौ ॥ ११ ॥

शब्दार्थः–देहादिक अर्थकी सिद्धिके लिये भगवानकी अपेक्षा नांही राखेहें जासों देहादिककी रक्षाहू प्रभुकी लीलामें उपयुक्त होयवेकू हे स्वार्थबुद्धितें नांहीहें जहां स्वार्थहू भगवानहीहें जाभावकरिके निश्चय निष्कारण प्रीति होयहें ॥ १० ॥ ११ ॥ टीका–यह भगवत्सेवाहू देहादिककी सिद्धिके अर्थ तथा देहसंवंधि कुटुंव, द्रव्यादिककी कामनाके अर्थ न करे अपनो भोगसुख कछूहू न विचारे केवल भगवानकीही अपेक्षा राखे जो प्रभु कोनप्रकार सुख पावेंगे? मतिकछु अपराधतें प्रभुकों दुःख होय, याभांति प्रभुको सुख विचारे तथा भगवानके दर्शनकी, स्वरूपानंदके अनुभवकी अपेक्षा राखे, देहादिकको भोगसुख न विचारे महाप्रसादले तामेंहू यह भाव राखे जो प्रभुकी सेवामें सामर्थ्य होय इंद्रियादिक शिथिल न होयजाय जेसें श्रीगुसांईजी परदेश पधारते तव विप्रयोगकरि कृश होते ओर तव परदेशतें श्रीजीद्वार पधारते तव वहुत प्रीतिसहित सुंदर महाप्रसाद लेते सो यहभावतें जो श्रीगोवर्द्धननाथजी हमकों कृश देखेंगे तो उनके मनमें दुःख होयगो सो

मूलं–तदेवात्र हि संसेव्यं येन दैन्यं प्रसिद्ध्यति।
यद्दैन्यनाशकं तद्धि विरोधि सकलं मतम् ॥१५॥

शब्दार्थः–जातें दैन्य सिद्धि होय हे तासों यह मार्ग आछीरीतिसोंही ग्रहण करिवेंयोग्य हे ओर जो दैन्यकों नाश करिवेवारोहे सो सव विरोधी जाननों ॥ १५ ॥टीका–दैन्यविना फल सिद्धि न होय जासाधनतें दैन्य होय सोहि करे दैन्यको नाश करे सो सर्व पुष्टिमार्गमें विरोधी जानना केसोहू साधन होय परंतु दैन्यको नाश करे एसो होय सो सर्वथा नांही करनो यह कहिकें यह जताये जो पुष्टिमार्गविना अन्यमार्गकी जितनी क्रिया साधनहे सो जव पुष्टिमार्गके फलतें विरोधीहे यह निश्चय मनमें जानि अन्यमार्गकी क्रिया नांही कर्त्तव्यहे ॥ १५ ॥

मूलं–एतन्मार्गांगीकृतौ हि हरिर्दैन्यं विवर्द्धयेत्।
मदादिजनकंदुष्टंनाशयत्यपि(नाशयित्वापि)लौकिकम्

शब्दार्थः–यह मार्गमें अंगीकार होय तो हरि निश्चय दैन्यवृद्धि करेहें मदादिककी उत्पत्ति करिवेवारो दुष्ट जो लौकिकहे तिनकोहू नाश करतहे अथवा मदादिकको उत्पन्न करनहार जो दुष्ट लौकिक तिनकों नाशकरिकेंहू यह मार्गको अंगीकार होय तो हरि निश्चय दैन्यवृद्धि करतहे ॥१६॥ टीका–एतन्मार्गीय जो भक्त यहपुष्टिमार्गमें श्रीआचार्यजी द्वारा शरण आयेहें तिनभक्तनकों दैन्य वढावत हें ओर मद [अभिमान] अपनें मनसों होय सो दुष्ट लौकिक वढायवेवारोहे फलमें प्रतिवंधकहे ताको नाशही करतहे सो रासपंचाध्यायीमें प्रसिद्धहे जो भगवान् वेणुनाद करि व्रजभक्तनकों बुलाय रास किये तब व्रजभक्तनको मद भयो तव भगवान् अंतर्धान भये पाछें जब अत्यंत दैन्य भयो तव प्रकटे तेसेंही यह पुष्टिमार्गमें भगवान् दैन्य सिद्ध करतहें मदको नाश करतहें अपने जनकों दैन्य वढावतहे मदकों दूरि करतहे

मूलं-सर्वत्यागस्तु सहजो यत्र लौकिकवेदयोः ।
नैरपेक्ष्यं स भावस्तु सर्वभावो निगद्यते ॥ १३ ॥

शब्दार्थः-जामें लौकिकवैदिकको सर्वत्याग सहज होय और निरपेक्षता होय सो भाव तो सर्वभाव कह्यो जाय ॥ १३ ॥ टीका— श्रीभगवानमें सहज प्रीति करि सर्वत्याग सहजहीमें करि लौकिकवैदिक कछु न चाहे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी चतुःश्लोकीमें कहेहें " यदि श्रीगोकुलाधीशो धृतः सर्वात्मना हृदि । ततः किमपरं ब्रूहि लौकिकै- वैदिकैरपि" (जो सर्वात्मभावतें श्रीगोकुलाधीश हृदयमें धारण किये तातें [अधिक] दूसरो लौकिक तथा वैदिक करिकेंहू कहाहे सो कहो) याभांति सर्वके आत्मा श्रीकृष्णहे तिनहीकों हृदयमें धारण करे सेवा करे और लौकिक वैदिक कछु न चाहे निरपेक्ष होय रहे सर्वात्मभाव- करि एक प्रभुहीमें मन राखें ॥ १३ ॥

मूलं-तथात्र दैन्यमेवेकं मार्गे न श्रवणादिकम् ।
दैन्यनैव च संतुष्टः प्रादुर्भूतः फलं ददौ ॥ १४ ॥

शब्दार्थः-[जेसें सर्वात्मभाव राखनो] तेसें यह मार्गमें दैन्यही एक [मुख्य] हे श्रवणादिक (साधनवल) मुख्य नांहीहे दैन्यकरिकेंही [व्रजभक्तनकों] प्रसन्न भये प्रभु प्रकट होय फलदिये ॥ १४ ॥ टीका- यह पुष्टिमार्गमें एक दैन्यही साधन हे तासों अभिमान मिटे तव दोष निवृत्त होय जहां दैन्य सिद्ध भयो तहां श्रीठाकुरजी प्रकट होय दर्शन देय जेसें रासपंचाध्यायीमें व्रजभक्तन गुणगान करि निःसाधन भये दीन होय रुदन किये तव प्रभु तत्काल पधारे तातें जहांताँई श्रवणा- दिक साधनको वल मनमें होय तहांताँई दैन्य न आवे जव साधनको वल मिटे तव दैन्य आवे तव प्रभु संतुष्ट होय प्रकट होय स्वरूपा- नंदको अनुभव करावे ॥ १४ ॥

मत्वा यत्र कुत्र यदा कदा ” (आप अपने मानिकें दंडदेय एसें होय तो हमकों प्रियहीहे काहेंते जो जहांतहां जबतब आप हमकों अपने मानिके दंड देयंगे) श्रीगुसांईजी कहतहें जो हमकों अपनें जानि दंडदे तामें हमसुखीहें जहांतहां जब चूक परे सुखेन दंड देय इत्यादिक वचनतें प्रभु पिताकीनाँई अपनें जनकों दंड देय तब दुःख होय ताकूं अनुग्रह जानि श्रीमहाप्रभुजीको आश्रय न छोडे ॥ १८ ॥

मूलं–दंडदानं स्वकीयेषु परकीयेष्वुपेक्षणम् ।
आर्त्तिरेवात्र सततं भाव्या कृष्णपरोक्षतः ॥१९॥

शब्दार्थः–प्रभु अपने जनकूं दंड देतहें ओर परकीय (ओरनके आश्रित) जीव होय तापें उपेक्षा करतहें (जेसें लौकिकमेंहू अपनो होय ताकी रक्षा करतहें ओर परायो होय ताकी उपेक्षा करतहें) तातें इहां श्रीकृष्ण परोक्षहें[१] तासों निरंतर आर्त्तिही कर्त्तव्यहे ॥ १९ ॥
टीका–जाकों प्रभु अपनो करतहे तिनकोंही दंड देतहे ओर जो संसारासक्त प्रवाही सृष्टिहे तिनकी उपेक्षा करतहें दंड नांही देतहें लौकिक देयकें लौकिकमेंही आसक्ति करावतहे रासपंचाध्यायीमें आर्त्तिके लिये प्रभु अंतर्धान भये तेसें इहां पुष्टिमार्गमें टेरा प्रभुमें आर्त्ति बढायवेके अर्थहे तहां स्वरूपानंदको अनुभव नांही करावतहें आर्त्ति देखे तो करावें तातें पुष्टिमार्गीय वैष्णवनकों आर्त्ति अवश्य करनी ॥ १९ ॥

मूलं–अत्र भक्तार्त्तिदृष्ट्यैव मुदितो हि हरिर्भवेत् ।
संगो भाववतामेव भाववृद्धिर्यतो भवेत् ॥२०॥

---

१ जहांतांइ सानुभाव न होय तहांतांइ परोक्षही जाननें. तथा अनोसरमेंहू परोक्ष जाननें.

जहांजहां लौकिकमें आसक्ति हे सो सवठोरतें छुडाय दैन्य सिद्ध करत हे पाछें कृपा करतहें ॥ १६ ॥

मूलं–स्वांगीकृतेर्हि निर्वाहः प्रभुणैव विधीयते ।
जीवाःस्वभावदुष्टा हि प्रचलेयुः कथं तथा ॥ १७॥
अतो दंडप्रदानेन पितेवाचरति प्रभुः ।
दंडोऽप्यनुग्रहत्वेन मंतव्यस्तु तदाश्रितैः ॥ १८ ॥

शब्दार्थः–जिनको प्रभुने अंगीकार कियो हे तिनको निर्वाह प्रभुहीतें होतहे जीव स्वभावतें दुष्टहें सो तेसें केसें चले ॥ १७॥ तासों पिताकी नाँई दंडप्रदान करिके प्रभु हित करेहे तातें इनके आश्रयवारेनकों दंडहोय तोहू अनुग्रहरूप माननों ॥ १८॥ अपनें अंगीकृत जीवनको निर्वाह प्रभु आपुहीं करेहें परंतु जीव यह नांही जानतहें काहेतें जो स्वभावकरि दुष्टहें सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी वालवोधमें लिखेहें "जीवाः स्वभावतो दुष्टाः" [जीव स्वभावतें दुष्टहें] श्रीठाकुरजी अपनें अंगीकृत जीवनकों निर्वाह आगेतें करत आयेहें, करतहें ओर करेंगे जीवकों तो एक क्षणमें दुसंग लगे तो नाश करिदेई मन एक क्षणमें ओरको ओर होयजाय सो प्रभुनिर्वाह करे तव होय ॥ १७ ॥ जेसें अज्ञानी वालककी रक्षा मातापिता करतहें अग्निजलादिकतें वचावतहें तेसें अंगीकृत भक्तनतें भूलपरे तो (जामें अपनो अनिष्ट होय सो जीव नांही जानत परंतु प्रभु दंड देतहे जो फिर वह काम न करे जेसें श्रीनंदरायजी अंविकापूजनकों गये तेसेंही जीवस्वभावतें कछू अपराध वने तो) प्रभु दंडदेतहें तासों दुःखमें भगवदीय अपनें मनमें अनुग्रह माने प्रभुको आश्रय न छोडे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "दंडःस्वकीयतां मत्वेत्येवं चोदिष्टमेव नः । अस्मासु स्वीयतां

मूलं-लौकिकाभिनिवेशात्तु मनोनिष्कासनं सदा ।
अलौकिकस्तु तद्भावस्तेनापि च विनश्यति ॥२३॥

शब्दार्थः-लौकिक आवेशसों तो सदा मनकूं निकासनों अलौकिक भाव तो लौकिकावेशतेंहू मिटिजात हे ॥ २३ ॥ टीका-जहां जहां लौकिकमें मन लागिरह्योहे सो सगरो दुःसंग जाननों तातें लौकिकाभिनिवेश जहां जहां होय ओर जाके संगतें होय सो सर्व त्याग करनों जहां जावस्तुमें लौकिकाभिनिवेश होय तहां भगवद्भाव जात रहे तातें सब लौकिकतें भगवद्भावकी रक्षा क्षणक्षणमें कियो करे तब भाव रहे ॥ २३ ॥

मूलं-वैराग्यपरितोषौ च हृदि भाव्यौ निरंतरम् ।
तदभ्यासात्तु मनसः कदाचिन्निर्गतिस्ततः ॥२४॥

शब्दार्थः-वैराग्य ओर संतोष निरंतर हृदयमें राखे इनके अभ्यासतें तो लौकिकाभिनिवेशतें कोयदिन मन निकसेगो ॥२४॥ टीका-दुःसंगदोषके नाशके अर्थ वैराग्य ओर संतोष यह दोय निरंतर हृदयमें धारण करने सर्व लौकिक विषय देहसंबंधिपदार्थमें वैराग्य राखे ओर सहजमें जो आय प्राप्त होय ताहीमें मनकों संतोष करिरहे यह अभ्यास जब राखे तब दुःसंगतें बचे ॥ २४ ॥

मूलं-कामाभावाय वैराग्यं चिंत्यं चेतसि सर्वथा ।
परितोषस्त्वलोभाय भक्तौ तावेव बाधकौ ॥२५॥

शब्दार्थः-कामके अभावके अर्थ चित्तमें निश्चय वैराग्यको चिंतन करनो ओर संतोषतो लोभके अभावके अर्थ राखनो काहेतें जो भक्तिमें यह दोयही बाधकहे ॥ २५ ॥ टीका-मनमें दृढ वैराग्य होय तो ताकरिकें कामादिकविषयको अभाव (नाश) होतहे ओर संतोषतें लोभको

शब्दार्थः—यहं पुष्टिमार्गमें प्रभु भक्तनकी आर्त्तियुक्त दृष्टिकरिकेंही प्रसन्न होय हें तासों भाववारे भगवदीयनकोही संग करनो जासों भावकी वृद्धि होय ॥ २० ॥ टीका—ज्योंज्यों भक्त आर्त्तिक्लेश करतहे त्योंत्यों भगवान् उहभक्तकों देखिकें प्रसन्न होतहें तातें सत्संग भगवदीयको होय तो वेगिही भावकी वृद्धि होय तातें सत्संगको यत्न करनों ॥ २० ॥

मूलं—व्याघ्रस्याग्रे यथा देही तथा दुःसंगतो विभेत्।
दुःसंग एव भावस्य नाशकः सर्वथा मतः ॥२१॥

शब्दार्थः—जेसें वाघकी पास देही भय पावतहे तेसें दुःसंगते भय पावे काहेतें जो दुःसंगही सर्वथा भावको नाश करिवेवारो मान्योहे ॥ २१ ॥टीका—जेसें वाघके आगें शरीरको नाशही होय तेसेंही दुःसंग भगवद्भावको नाशक हे तातें जेसें वाघसों डरपिकें चले तेसें अपने भगवद्भावहूकी रक्षा करे तब भाव रहे ॥ २१ ॥

मूलं—दुःसंगतश्च्युताः सर्वे श्रुता हि भरतादयः।
दुःसंगान्नजदोपाभ्यामभूद्भीष्मो वहिर्मुखः ॥२२॥

शब्दार्थः—दुःसंगतेंही भरतादिक गिरेहें सो अपन सुनेहें दुःसंग ओर अन्नदोषतें भीष्म वहिर्मुख भये (अर्थात् श्रीठाकुरजीके संग लडिवेकों तत्पर भये)॥ २२ ॥ टीका—अनेक जीव दुःसंगकरिके भगवद्धर्मतें गिरेहें सो श्रीभागवतमें वर्णनहे जो भरतकों मृगके दुःसंगतें तीन जन्मको अंतराय भयो ओर भीष्मपितामह वडे भगवदीय हते सो दुर्योधन दुष्टको अन्न खायो तादोषतें श्रीभगवानके संग लडिवेकूं ठाडे भये तातें यह दुःसंगदोषतें जीव निश्चय श्रीभगवानतें वहिर्मुख होयजाय तातें एसे भगवदीय गिरेहें तो आधुनिक जीवनकी कितनीक वातहे ॥ २२ ॥

सेवा ओर कथादिक सर्वकार्यमें दैन्य बीजहे जेसें मंत्रशास्त्रमें बीजयुक्त मंत्र फल देयवेवारो होयहें तेसें यह पुष्टिमार्गमें सेवादिक सब दैन्ययुक्त होयतो फल देयवेवारे होयहें दैन्यको अभाव होय तो सेवादिक सब पुष्टि (भगवदनुग्रह) कों सिद्ध करिवेवारे होय नहीं॥२७॥ ॥ २८ ॥ टीका—यहपुष्टिमार्गको सर्वस्व दैन्यभावहे ताको नाशक क्रोधहे तातें वाको त्याग निश्चय करनो ओर सर्वकार्यविषे दैन्य राखनो सो दैन्यको उपाय कहतहें श्रीकृष्णकी तनुजा वित्तजासेवा प्रीतिकरिकें करनी ओर श्रीकृष्णकी कथा (श्रीसुबोधिनीजी आदिग्रंथ) सुन्योकरे यह सेवाकथाको नियम नित्यप्रति राखे तो हृदयमें दैन्य रहे ॥ २७ ॥ जेसें मंत्रको मूल बीजहे मंत्रशास्त्रमें कहेहें जो बीजसहित मंत्रतें अखिलसिद्धि होय तेसेंहि सेवामें दैन्यभावहे सो पुष्टिमार्गको साधनहे दैन्यभावसहित सेवा करे तो पुष्टिमार्गको अखिल फल सिद्ध होय ॥ २८ ॥

मूलं—तस्माद्रक्षेत्प्रयत्नेन दैन्यं भक्तियुतो नरः ।
दैन्येन गोपिकाः सिद्धाः कौंडिन्योऽपि परोक्षतः ॥२९॥

शब्दार्थः—तासों भक्तियुक्त नर (जीव) प्रयत्नकरिकें दैन्यकों राखे काहेतें जो गोपीजनहू दैन्यकरिकें सिद्धभयेहें ओर कौंडिन्यऋषिहू परोक्षसों सिद्ध भयेहे ॥२९॥ टीका—वैष्णव यत्नकरिकें अपने दैन्यकी रक्षा करे यह पुष्टिमार्गीय भगवदीयकों उचितहे तहां दृष्टांत कहतहें जो दैन्यकरि गोपीजनकों सिद्धि भई प्रभु मिले ओर दैन्यकरि कौंडिन्य ब्राह्मण अनंत ! अनंत ! रटत रहे तासों इनकों सिद्धि भई तासों श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी संन्यासनिर्णयग्रंथमें कहेहें " कौंडिन्यो

---

१ श्रीभगवद्गीताजीमें, काम; क्रोध, ओर लोभ यह तीन नरकके द्वार गिनेहें तामें क्रोध बीचमें गिन्योहे.

नाश होतहे यह दोय दोप भक्तिमार्गमें भगवद्भावके वाधकहे तातें काम ओर लोभके त्यागार्थ वैराग्य ओर संतोप राखनो ॥ २५ ॥

मूलं–कामेनेंद्रियवैमुख्यं लोभे पाखंडसंभवः ॥
क्रोधस्तु मध्यपातित्वान्महावाधक ईष्यते ॥२६॥

शब्दार्थः–कामकरिकें इंद्रियनकी विमुखता होय लोभमें पाखंडको संभव होय [अर्थात् जाकूं लोभ होय सो द्रव्यादिकके लिये अनेक पाखंड करे] ओर क्रोध तो (काम, कोध, लोभ, यह तीन) वीच रहिवेवारोहे तासों महा वाधकहें ॥ २६ ॥ टीका–काम प्रकट भयेतें विपयादिक कियेतें सगरी इंद्रिय श्रीभगवानतें तथा भगवद्धर्मतें वहिर्मुख होयजाय इंद्रियनको विपयावेश होतहे ओर लोभ हृदयमें होय तो ता करि पाखंड प्रकट होतहे सो संन्यासनिर्णयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें "स्वयं च विपयाक्रांतः पापण्डी स्यात्तु कालतः" (आप विपयाक्रांत ओर पाखंडी, कालतें होय) इत्यादि वचनतें काम ओर लोभ वाधक हे तामें मध्यपाती क्रोध हे कामादिक न मिले तव क्रोध होय तेसेंही लोभको अर्थ सिद्ध न होय तव क्रोध उपजे तातें क्रोध प्रकट होयवेको कारण काम ओर लोभहे क्रोधकरि पीछें मोहहोय इत्यादिक दोप प्रकट होय तव अष्टप्रहर लौकिकावेश, लौकिकको ध्यान, हृदयमें रहे तातें दैन्यको नाश होय ॥ २६ ॥

मूलं–यतो मार्गीयसर्वस्वदैन्यभावविनाशकः ।
दैन्यं सर्वेपु कार्येपु कृष्णसेवाकथादिपु ॥ २७ ॥
वीजं यथा मंत्रशास्त्रे तद्युक्तमखिलं भवेत् ।
तदभावे न सेवादि सकलं पुष्टिसाधकम् ॥ २८ ॥

शब्दार्थः–जासों [क्रोध] पुष्टिमार्गके. सर्वस्वरूप दैन्यको नाश करिवेवारोहे (तासों महावाधकहे एसें पूर्वश्लोकमें संवंधहे) श्रीकृष्णकी

लीलाके भावमें मग्न होय सो सबठोर साक्षात् लीलासहित स्वरूपको निरंतर दर्शन होतहे संयोगतें अधिक विप्रयोगमें सुखहे तातें युगपत् जो एक कालमें सर्व लीलाको अनुभव करे मनहीकरि व्रजभक्तनको भाव.विचारे प्रभु गोचारनको पधारते तब व्रजभक्त विप्रयोगकी भावना करते सो विचारे ओर पाछें संध्यासमय प्रभु वनतें पधारते तब व्रजभक्त जो भाव करते सो भाव विचारे याभांति विप्रयोगमें दोउ लीलाके भावको अनुभव होयहे ॥ ३१ ॥

मूलं-एवं विज्ञाय मनसा पुष्टिमार्गं विभावयेत् ।
प्राप्तिः श्रीवल्लभाचार्यचरणाब्जप्रसादतः ॥ ३२ ॥
अतः स एव सततं सर्वभावेन सर्वथा ।
सुधिभिः कृष्णरसिकैः शरणीक्रियतां सदा ॥३३॥

शब्दार्थः-एसें जानिकें मनतें पुष्टिमार्गकी भावना करे तो श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणारविंदके प्रसादतें (फलकी) प्राप्ति होय ("प्राप्तं" एसो पाठ होय तो एसें मनतें, जानिकें श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणारविंदके प्रसादतें प्राप्त भयो जो पुष्टिमार्ग ताकी भावना करे) ॥ ३२ ॥ टीका-तासों निरंतर सर्वभावकरिकें निश्चय श्रीकृष्णके रसकूं जानिवेवारे अथवा श्रीकृष्णही जो रस तामें मग्न जो बुद्धिमानहे तिनकों सदा श्रीवल्लभाचार्यजीही शरण (आश्रयस्थान) हे ॥ ३३ ॥ टीका-उपर विप्रयोगआर्तिको प्रकार कह्यो ताको अनुभव जा भांति होय सो कहतहें जो पुष्टिमार्गीय वैष्णव अपने मनमें भावना करे काहूसों कहे नांही याभांति भावना करतकरत श्रीवल्लभाचार्यजीके चरणकमलके प्रसादतें पुष्टिमार्गके फलकी प्राप्ति निश्चय होय सो सर्वोत्तममें नाम श्रीगुसांइजी कहेहें "अशेपभक्तसंप्रार्थ्यचरणाब्जरजोधनः" (समग्र भक्तनकों आछीभांतिसों मेविवेयोग्यहे चरणारविंदके

गोपिकाः प्रोक्ता गुरवः साधनं च तत् । भावो भावनया सिद्धः साधनं नान्यदिष्यते " [कौंडिण्यऋषि ओर गोपीजन भक्तिमार्गके गुरुहें ओर साधन विननें कियो सोहीहे भावनातें भाव सिद्ध होयहें ओर साधन नांहीहे) तातें पुष्टिमार्गके गुरु गोपीजन ओर मर्यादामार्गके गुरु कौंडिन्य ब्राह्मणहें इनके प्रकारसों भावविचारि दैन्यही भक्तिके भावमें कारणहे एसें जाननों ॥ २९ ॥

मूलं—फलमत्र हरेर्भावो विरहात्मा सदा मतः ।
रसात्मकत्वात्तद्रूपे सर्वलीलासमन्वितः ॥ ३० ॥
स्वरूपे तस्य सततं साक्षात्कारो विशेषतः ।
युगपत् सर्वलीलानामनुभूतिः प्रजायते ॥३१॥

शब्दार्थः—विरहात्मकरूपमें रसात्मकपनोहें तासों सर्वलीलासहित जो प्रभुको सदा विरहात्मकभाव सो इहां फलरूप मान्योहे ॥३०॥ यह (विरहात्मक) भावके स्वरूपमें निरंतर विशेष साक्षात्कार होयहे काहेतें जो एककालावच्छिन्न सर्वलीलाको अनुभव होयहे "साक्षात्कारे" एसो पाठ होय तो यह (विरहात्मक) भावके साक्षात्कार स्वरूपमें निरंतर विशेषसों एककालावच्छिन्न सर्वलीलाको अनुभव होय हे॥३१॥

टीका—यहपुष्टिमार्गमें हरिमें भाव रहे सोहि फलरूपहे तातें विरहात्मक मन होय आवे काहेतें जो संयोगके अनुभवमें अंतःकरणगामी प्रभु नांहीहे वाहिरकी सब इंद्रियसों देहको विनियोगहे ओर विप्रयोगमें अंतःकरणमें सब सिद्ध होतहे तातें विप्रयोग भाव हृदयमें राखे यह पुष्टिमार्गमें येही सिद्धिहे काहेतें जो संयोगमें तो जहांलों दर्शन होय तहांलोंहि सुखहे ओर विप्रयोगमें रसात्मक पुरुषोत्तमको सर्वलीला संयुक्त अनुभव सर्वठोर होतहे तातें विप्रयोग भाव सर्वोपरिहे जामें सबठोर प्रभुको साक्षात्कारहे सो आगें कहतहें ॥ ३० ॥ विप्रयोगमें

अनधिकारीहे सो आछी क्रिया ओर वचनकरि साध्यहे ज्ञानशून्य (अज्ञानी) तथा विपरीतज्ञानवानहे सो आध्यात्मिक अनधिकारीहे सोहू यथार्थ तत्ववोधतें शुद्ध होतहे ओर प्रीति रहित जो महादुष्टहे सो कोउ उपायसों साध्य न होय जेसें जन्मतें नपुंसक होय सो काहू औषधनसों पुरुष न होय तेसें जामें प्रीति नांहीहे सो आसुरी जाननों वाके संगतें आसुरावेश होय तातें भक्तिमार्गमें रहिवेवारो उनको त्याग करे यह निरूपणहे। उपर विप्रयोगभाव सर्वोपरि कहे ताको साधनहू कृपाहे परंतु दुःसंगादि अनेक प्रतिवंध हे तिनतें वचे तव सिद्ध होय तासों जो दोष पुष्टिमार्गमें वाधकहे सो कहतहें.

मूलं-तदीयानां महद्दुःखं विजातीयेन संगमः ।
संभाषणं सजातीयैरसंगो भाषणं च न ।
तदेतदुभयं जातं ममैवाद्य स्वभाग्यतः ॥ १ ॥

शब्दार्थः—वहिर्मुखसों संग तथा भाषण ओर भगवदीयको संग नांही तथा भाषणहू नांही यह भगवदीयनकूं वडो दुःखहे सो दोउ अपने भाग्यतें मोकूं अव प्राप्त भयेहे ॥ १ ॥ टीका—अव श्रीहरिरायजी कहतहें जो यहपुष्टिमार्गीयवैष्णवकों एक यह वडो दुःखहे जो विजातीय (अन्यमार्गीय) को संग होय सो ओरकी में कहा कहों मोकों विजातीयको संग भयोहे तातें मेरे मनमें महादुःखहे जेसें व्रजभक्तनकों श्रीकृष्णकी कथावार्त्तामें प्रतिवंध करिवेवारे संग दुःखदायीहे सगरे भक्त मिले तव सुखतें मिलिकें लीलावार्त्ता करि परमआनंद पावे तहां कोउ लौकिकजन आवे तव यहवार्त्ता रहिजाय ओर दुःख होय. तेसेंही पुष्टिमार्गीय वैष्णव परस्पर भगवद्वार्त्ता करत होय तहां एकहू अन्यमार्गीय तथा वहिर्मुख आवे ताकरि दुःख होय सो मोकोंतो दशोदिशातें

रजरूप धन जिनके] याभांति पुष्टिमार्गीय भगवद्भक्त श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीके चरणकमलकी रजकों अपनो [सर्वस्व] धन जानेहैं तिनकों श्रीकृष्णाधरामृतफलकी सिद्धि होतहे तातें श्रीआचार्यजीके चरणकमलके प्रसादतें पुष्टिमार्गीय भगवदीयकों फल होय ॥ ३२ ॥ उपर कहे ताप्रकार निरंतर सर्वभावकरि सर्वथा श्रीआचार्यजीके चरणकमलको आश्रय राखे ओर विप्रयोगकी भावना निरंतर सर्व भावकरि सर्वथा कर्त्तव्यहे अपने मनसों कपट छलको त्याग करि हृदयमें श्रीकृष्णचंद्रके शरण होय तथा शुद्ध भगवदीय श्रीकृष्णरसमें रसिक होय तथा श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके चरणकमलके शरण होय दैन्यभावकरि निःसाधन होय रहे तिनकों पुष्टिमार्गीय फलकी प्राप्ति निश्चय होय ॥ ३३ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं चतुस्त्रिंशत्तमं शिक्षा-
पत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीका-
समेतं समाप्तम् ॥ ३४ ॥

शिक्षापत्र ३५.

अब पंचत्रिंशत् शिक्षापत्रमें भगवदीयनकों विजातियनको संग ओर सजातियनको असंग होय सो महादुःखदायकहे सो दोउ मोकूं प्राप्तहे जो श्रीभगवानको द्वेष करिवेवारोहे सो तक्षकतुल्यहे जेसें ब्राह्मणके पुत्रने भेज्यो एसो तक्षकनाग महाभगवदीय परीक्षितकूं डस्यो तेसें भगवद्द्वेषी दुष्टकर्मकरिवेवारो दुर्वचनतें भगवदीयनकूं दुःख देतहे तामें भगवद्द्वेषी जो दुष्टकर्मकरिवेवारोहे सो आधिभौतिक

वडी पीडा होत हे एसो दुःसंग मोकों मिल्यो हे जो रंचक मेरे मनमें धीरज नांही होतहे तातें आपतें धीरज नांही रहतहे ॥ ३ ॥

मूलं–इदानीं तु जनाः प्रायो दुःसंगपदवीं गताः ।
शुद्धं मनः कलुषितुं क्षणेनातिविचक्षणाः ॥ ४ ॥

शब्दार्थः–वोहोतकरिकें अव तो मनुष्य दुःसंगकी पदवीकों प्राप्त भयेहे सो शुद्ध मनकों एकक्षण [संग] तें मलीन करिवेमें अतिविचक्षण [चतुर]हे ॥४॥ टीका–अपनो हित नांहीदीसतहे हिततो भगवदीयके संगतें होय ओर अष्टप्रहर दुःसंगतें अहित होय सो मोकों अष्टप्रहर दुःसंगहे तातें मोकों अपनो हित नांही दीसतहे सो श्रीभागवतमें कह्योहे ओर श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी तथा श्रीगुसांईजी कहेहें जो दुःसंगतें वैष्णवजन निश्चय दुःख पावे सो दुःसंग मोकों आयमिल्योहे तासों दुःख पावतहो तहां कोई कहे जो तुम दुःख क्यों पावतहो ? अज्ञानी होय सो दुःसंगतें दुःख पावे तुम तो अनेक शास्त्र जानतहो तातें दुःसंग तुह्मारो कहा करे ! याभांति कोई कहे तहां कहतहें जो शुद्ध मन सुंदर वुद्धि होय ताहूको चित्त दुष्टपापीके संगतें एकक्षणमें भ्रष्ट होयजाय एसो दुःसंग वाधकहे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें " अहं कुरंगीदृग्भंगिसंगिनांगीकृतोऽस्मि यत् । अन्यसंवंधगंधोऽपि कंधरामेववाधते (जासों में व्रजभक्तनके संगि जो श्रीकृष्ण तिनको अंगीकृतहों तासों अन्याश्रयको गंधहे सोहू ग्रीवाकों वाध करतहे) याभांति रंचकहू अन्यसंवंध होय तो गरो कटे सो चोराशी वैष्णवकी वार्तामें प्रसिद्धहे जो संभरवारे दामोदरदासकी स्त्रीनें रंचक अन्याश्रय कियो तो पुत्र म्लेच्छ भयो तातें दुष्टके संगतें वुद्धि भ्रष्ट होतहे सो दुःसंग मोकों मिल्योहे तासों मैं दुःख पावतहों तहां कोई कहे जो एसे दुःसंगको वेगिही त्याग करिदेउ तव सुंदर वुद्धि रहेगी याभांति.

विजातीयको संग भयो हे ताकरि में वहुत दुःखीहों संभाषण तो सजातीय वैष्णवसों चहिये सोतो प्राप्त नांहीहे अन्यमार्गीयके संग अष्टप्रहर संभाषण करनोपरतहे यह मोकों परमदुःखहे सो दुःख दूरि नांही करि सकतहों यहदोय मेरे भाग्यमें आय प्राप्तभयेहे एकतो भगवदीयको संग चहियें सो तो मिलत नांही ओर दूसरे अन्यमार्गीय (विजातीय) को संग न चहियें सो अष्टप्रहर रहतहे यह दोय मोकों प्राप्तहे सो पुष्टिमार्गमें विरोधीहे सो दोय मेरे भाग्यतें आय प्राप्त भयेहें ॥ १ ॥

मूलं–दुःखांतरं तु ज्ञानेन भक्त्या वापि निवर्त्तते ।
लौकिकं विषयप्राप्त्या न हि दुःसंगजं कचित् ॥२॥

शव्दार्थः–दूसरो दुःख होय सो तो ज्ञानकरिकें अथवा भक्तिकरिकें निवृत्त होतहे लौकिक (शव्दादिक विषय नांही मिलवेतें भयो एसो) दुःख विषयकी प्राप्ति होय तातें निवृत्त होतहे परंतु दुःसंगतें उत्पन्न भयो दुःख कोउ वखत निवृत्त नांही होतहे ॥ २ ॥ टीका–दूसरो दुःखतो ज्ञान अथवा भक्तितें निवृत्त होतहे लौकिक विषयादिककी प्राप्तिको दुःख होय सो विषय मिलेतें निवृत्त होतहे परंतु ताही दुःखतें दुःसंग, दुःखहे सो वडोहे जो काहूतें निवृत्त नांही होतहे सो श्रीभागवतमें कह्यो जो विषयतें विषयिको संगहे सो महावाधकहे काहेतें जो उनके संगतें अष्टप्रहर विषयमें ध्यान रहे विषयावेश होय तासों एसे विषयके संगी वहिर्मुखको संग मोकों भयोहे ताकरि महादुःखहे ॥ २ ॥

मूलं–दुष्टानां दुर्वचोवाणैर्भिन्नं मर्मणि मद्वपुः ।
न कापि लभते स्वास्थ्यं समाहितमपि स्वतः॥३॥

शव्दार्थः-दुष्टजनके दुर्वचनरूप वाणकरिकें मर्ममें भिद्यो एसो मेरो शरीर आपतें समाहित भयोहे तोहू कहूं स्वस्थताकों नांही प्राप्त होतहे॥ ३॥ टीका–दुष्टके दुर्वचनरूपी वाण मेरे शरीरके मर्मकों वेधतहें ताकरिकें

मूलं–भगवद्द्वेषितां यातः स तु तक्षक एव हि।
यथा विप्रार्भकवचःप्रेरितः क्रोधमूर्च्छितः ॥ ६ ॥
अदशत्स समागत्य महाभक्तं परीक्षितम्।
तथा दुर्जनवाक्यैकप्रेरितो ह्यतितामसः ॥ ७ ॥
अवज्ञया दुर्वचनैराधिक्षेपेण मामयम्।
दुष्कर्मा भौतिको दुष्टः स साध्यः सत्क्रियोक्तिभिः ॥८॥

शब्दार्थः–श्रीभगवानके द्वेषिपनेकों प्राप्तभयो सो तो तक्षकहीहे जेसें ब्राह्मणके बालक (शृंगीऋपि) नें भेज्यो ओर क्रोधकरिकें मूर्च्छित (ज्ञानरहित) भयो एसो तक्षक आयके महाभक्त परीक्षित राजाकों डस्यो तेसें दुर्जनके वचनतेंही भेज्यो एसो अति तमोगुणी यह दुष्टकर्म करिवेवारो निंदा, दुर्वचन, ओर तिरस्कार करिकें मोकूं डसतहे सो दुष्ट जाननों वह आछी क्रिया ओर वचन करिकें साध्यहे ॥ ६ ॥ ७ ॥ ८ ॥
टीका–उपर व्यावृत्तिमें दुःसंगदोप होय सो कहे अव कालदोप कहतहें भगवद्द्वेपी जो हे तातें धर्मकी रक्षा करे यह काल भगवद्धर्ममें महाबाधकहे जेसें ब्राह्मणके बालकनें क्रोधकरिकें परीक्षित राजाकों शाप दियो यहकार्य कालदोपतें भयो ॥ ६ ॥ राजा परीक्षित सद्भक्त भगवद्धर्ममें चतुर जिनकी रक्षा श्रीभगवाननें गर्भमें कीनीहे तिनकों कलिकालके दोपतें दुर्बुद्धि उत्पन्न भई सो “ब्राह्मणं प्रत्यभूद्ब्रह्मन् ! मत्सरो मन्युरेवच” हे शौनक ! (शमीकऋपिने आदरसन्मान न किये तें) यह ब्राह्मणप्रति मत्सर (इनकी एसी वडाई कहा ? जो में राजा आयोहूं ताको कछु सन्मान न कियो एसी दोपबुद्धि) तथा क्रोध भयो) तव दुर्बुद्धि भई तातें मृतसर्प लेयकें शमीकऋपिके कंठमें डारिदियो यह बात इनके पुत्र शृंगीऋपिनें सुनी तव क्रोधकरिकें

कहे तहां कहतहें ॥ ४ ॥

मूलं-गृहस्थितस्य व्यावृत्तियुतस्य न हि तादृशाम् ।
संगो वारयितुं शक्यो व्यावृत्तेर्विनिरोधतः ।
अव्यावृत्तौ न विश्वासदार्ढ्यं येन तथा कृतिः ॥५॥

शब्दार्थः-गृहस्थाश्रममें रह्यो ऐसे पुरुषकों जो व्यावृत्तियुक्त [लौकिकजन]को संग व्यावृत्ति मिटिजाय तासों नांही मिटिसक्तहे ओर अव्यावृत्तिमें विश्वासकी दृढता नांहीहे जासूं एसी कृति होत हे ॥५॥टीका-गृहस्थके व्यावृत्तिविना केसें चले परदेशमें संग मनुष्य चहियें इनको त्याग करों तो पाछें मनुष्यविना तो न चले जो राखियें सो इनहूतें अधिक बहिर्मुख आवे तातें गृहस्थहें सो व्यावृत्तिके लिये राख्यो चाहियें जब अव्यावृत्ति होय तब दुःसंग छूटे तहां कोई कहे जो तुम बडे हो सर्वसामर्थ्ययुक्तहो व्यावृत्ति छोडि देउ तब दुःसंग छूटिजायगो याभांति कहे तहां कहतहें जो खोटे मनुष्यको त्याग करि अपने घरमें बेठे रहे तो कहां दुःसंग आवे परंतु व्यावृत्ति चाहियें तासों दुःसंग न छूटे तब मनुष्य चहियें जहां परदेशमें जईयें तहां नित्य नूतन मनुष्यको मिलाप होय तिनको समाधान कियो चाहियें तब दुःसंग केसें छुटें ? तातें दुःसंग छोडिवेमें व्यावृत्ति विरोधीहे व्यावृत्ति न करनी अव्यावृत्त रेहेनों सो तो सर्वोपरि उत्तमहे सो श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी भक्तिवर्द्धिनीमें कहेहें "अव्यावृत्तो भजेत्कृष्णं पूजया श्रवणादिभिः" (अव्यावृत्त होयकें पूजाकरिकें श्रवणादिकतें श्रीकृष्णकों भजे] याभांति अव्यावृत्त होय तब दृढ विश्वास [धीरज] चहियें सो धीरज छूटिजातहे जो व्यावृत्ति विना गृहस्थाश्रमको केसें निर्वाह होय ? यह दृढविश्वास विना अव्यावृत्त न भयोजाय तातें कहां करियें ॥ ५ ॥

शुद्ध होतहे ॥ ९ ॥ टीका–अध्यात्मिक दुष्ट ज्ञानकरिके शून्य होय सगरो कार्य अज्ञानतें करे वाको जव कोई ज्ञानवान् वडो भगवदीय मिले वोहोत दिनलों सत्संग होय, वोहोत कष्टकरि सत्प्राणी भगवदीय अनेक भांति समुझायके वोध करे, तव अध्यात्मिक दुष्ट वहुतदिनमें शुद्ध होय ॥ ९ ॥

मूलं-प्रीतिशून्यो महादुष्टः स न साध्यः कथंचन ।
यथा नपुंसको नैव ह्यौषधैः पुरुषो भवेत् ॥ १० ॥
यथा त्रिदोषग्रस्तो न कथंचिदपि जीवति ।
प्रीतिशून्यो नीरसश्च न तथा श्रवणादिभिः ॥११॥

शब्दार्थः–प्रीतिकरि शून्यहे सो महादुष्ट कोई उपायसों साध्य नांही जेसें नपुंसक होय सो औषधनतें पुरुष नांही होय जेसें त्रिदोषग्रस्त होय सो कोई रीतिसूं जीवे नांही तेसें प्रीति शून्य नीरस श्रवणादिकते सिद्ध नांही होय ॥१०॥११॥ टीका–प्रीतिकरिके शून्यहे सो महादुष्ट आधिदैविक दुष्ट असाध्य जाननो कोटिकल्पलों सत्संग होय परंतु केसेहू ज्ञान वाके हृदयमें नलगे केवल प्रवाही आसुरीको मन श्रीभगवानमें ओर भगवद्धर्ममें कवहू न लगे ताको लौकिक दृष्टांत कहतहे जेसें नपुंसक होय वाको कोटि औषध देई परंतु कोईप्रकार वह पुरुष न होय वामें पुरुषार्थ न होय तेसेंही आधिदैविक महादुष्टकों भगवत्संवंधि ज्ञान न लगे ॥१०॥जेसें त्रि(कफ, वात, पित्त)दोषग्रस्यो रोगी न जीवे ताकों कछुहू औषध न लगे तेसें प्रीतिशून्य नीरस (भक्तिरस रहित)महादुष्टहे सो कितनीहू भगवत्कथाको श्रवण करे परंतु रंचक हृदयमें भगवानमें मन न होय सो प्रवाही आसुरी जीवकी नांई जाननो सो पुष्टिप्रवाहमर्यादाग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें “ चर्षणी शब्दवाच्यास्ते ते सर्वे सर्ववर्त्मसु । क्षणात्सर्वत्वमायांति

(तक्षक सर्प सातवे दिन खायगो एसो) शाप दियो यह सर्वकार्य कालदोपतें भयो नांहीतो महाभक्त परीक्षितकों एसी दुर्बुद्धि क्यों आई ? ओर बालकनें एसो शाप क्यों दियो ? परंतु सब कालदोपतें भयो तेसेंहि दुर्जनके वचन सर्परूपहीहे सो तामसके आवेशमें अन्यथा बोले सो कालदोप जाननों ॥७॥ अब श्रीहरिरायजी कहतहें जो यह कलिकालमें जीव दुष्टभयेहें तामें तीन प्रकारके दुष्टहें आधिभौतिक १ आध्यात्मिक २ ओर आधिदैविक ३ तामें आधिभौतिक ओर आध्यात्मिक तो काहू समय भगवद्धर्ममें आवे परंतु आधिदैविक दुष्टतो कबहू भगवद्धर्ममें न आवे एसे आधिदैविक दुष्टको कबहू संग न करियें सो तीन्यो दुष्ट केसें जाने जाय ताके लिये तीन्योंके न्यारे न्यारे लक्षण कहतहें अनेक दुर्वचन कहे, अज्ञान करि अवज्ञा करे, दुर्वचनसों अपने मनको विक्षेप करे, ओरके मनको विक्षेप करे ओर शरीरतें दुष्ट कर्म करे, पापाचरण करे, सो भौतिक दुष्ट जाननो एसे दुष्टकों आछे भगवदीयको जब संग होय तब भगवत्सेवादिक सब करे, कठिन बोलिबोहू छुटिजाय, मनको विक्षेपहू छुटिजाय, भगवदीयके संगतें भौतिक दुष्टकों भक्ति वेगि होय ॥ ८ ॥

मूलं—आध्यात्मिको ज्ञानशून्यो ह्यन्यथाज्ञानवानपि ।
कष्टसाध्यःकदाचित्स तत्वबोधेन शुद्ध्यति ॥ ९ ॥

शब्दार्थः—ज्ञानशून्य ओर अन्यथा [विपरीत] ज्ञानयुक्त आध्यात्मिक दुष्ट जाननों सोहू कष्टसाध्यहे सो कोउदिन तत्वबोधकरिकें

१ गर्भमें परीक्षित् राजाकी प्रभुनें रक्षा कीनी ओर अब क्यों नांही कीनी ? एसी शंका होय ताको समाधान यहहे जो परीक्षितद्वारा कितनोक कार्य करावनो हतो सो करायो फिर श्रीभागवतप्रवृत्ति लोकमें करावनी हती तासूं शापके निमित्ततें श्रीगंगाजीके तटपे बेठायो तब शुकदेवजी आय श्रीभागवतकी कथा कही ओर ब्रह्मास्त्र शांत कीयो हतो ताकी सत्यताहू ब्राम्हणद्वारा शाप दिवाय राखी.

दक्षिणा, व्रत, यज्ञ, छंद तीर्थ, नियम, यम, कोउ वश नांही करत हे जेसो सर्वसंगकों मिटायवेवारो सत्संग मोकों वश करत हे तेसो कोउ वश नांहीकरतहे सत्संगतें यातुधान, दैत्य, खग, मृग, गंधर्व, अप्सरा, नाग, सिद्ध, चारण, गुह्यक, वृत्रासुर प्रल्हादादिक वोहोत मेरे चरणारविंदकों प्राप्त भये हें) इत्यादिक वचनतें सत्संग सवतें वडो हे तातें तादृशीयके संगविना नित्य दुःसंगतें आसुरभाव होतहे ॥ १२ ॥

मूलं—दुष्कर्मा कर्मदुष्टः स्यात् ज्ञानदुष्टोऽन्यथादृशिः ।
प्रीतिशून्यो भक्तिदुष्टस्तत्तन्मार्गगतस्त्यजेत् ॥१३॥

शब्दार्थः—दुष्टकर्मवारो कर्मदुष्ट होय, विपरीत दृष्टिवारो ज्ञानदुष्ट होय, ओर प्रीतिशून्य भक्तिदुष्ट होय, तासों भक्तिमार्गमें रहिवेवारो इनकों तजे. अथवा जो जो मार्गमें एसे तीन दुष्ट होय सो सो मार्गमें रहिवेवारो इनकों तजे॥ १३॥टीका—अव श्रीहरिरायजी कहतहें दुष्कर्मा होय सो कर्मदुष्ट भौतिकदुष्ट जाननो ओर अन्यथा (विपरीत) ज्ञानवान् ज्ञानदुष्ट आध्यात्मिकदुष्ट जाननों सो सत्संग भयेतें भगवद्धर्ममें आवे ओर जो प्रीतिशून्य आधिदैविक दुष्टहे सो आसुरी जाननो एसेको तो यह भक्तिमार्गीय सर्वथा त्याग करे तव भगवद्धर्म रहे यह निश्चय हे एसे आसुरके रंचकहू संवंधतें वुद्धिको नाश होय जाय अन्याश्रय होय सो पुष्टिमार्गमें महावाधकहे ॥ १३ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं पंचत्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३५ ॥

रुचिस्तेपां न कुत्रचित्"[चर्पणी जीव सर्वमार्गमें क्षणमें आवे परंतु इनके कहूंहू रुचि न लगे] एसें प्रवाही आसुरीजीवकीनांई जन्मजन्ममें संसारासक्तिमें पर्यो रहे याकों भगवत्प्राप्ति न होय सो कृष्णदासजी गायेहें "गुणप्रताप देखियत अपने चख अश्मसार ज्यों भेदे न तोय" जेसें अश्मसार (काले पत्थर)कों लेकें हजार वर्षलों जलमें डारिराखे परंतु जल उहपत्थरकों न भेदे जब निकारे तब सुकिजाय तेसें प्रीतिशून्य आधिदैविक महादुष्ट यहपुष्टिमार्गको प्रताप देखिके गुणहू सुने परंतु कबहू भगवद्धर्मको हृदयमें रंचकहू लेश न आवे एसें प्रीतिशून्य नीरस (भक्तिरसकरि रहित) वहिर्मुखहे ॥ ११ ॥

मूलं–प्रायः स आसुरो जीवो यस्मिन् प्रीतेरसंभवः । तादृशैर्नित्यसंगेन भवेदासुरभाववान् ॥ १२ ॥

शब्दार्थः–जामें प्रीतिको असंभव होय सो वोहोतकरिकें आसुर जीव जाननो एसें आसुर जीवनकें साथ नित्य संगतें आसुर भाव-वारे होय ॥ १२ ॥ टीका–उपर कहे एसे प्रीतिशून्य महा दुष्ट होय ताकों आसुर जीव जाननों उह जीवमें प्रीतिकी संभावनाहू नांहीहे तातें एसेको संग छोडनो भगवदीयके संग विना नित्य आसुरभाव होतहे जब नित्य तादृशीयको संग होय तब यह आसुरभाव निवृत्त होय सो श्रीभागवतएकादशस्कंधमें श्रीकृष्ण उद्धवप्रति कहेहें " न रोधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव । न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो नेष्टापूर्तं न दक्षिणा ॥ १ ॥ व्रतानि यज्ञाश्छंदांसि तीर्थानि नियमा यमाः ॥ यथावरुंधे मत्संगः सर्वसंगापहोहिमाम् ॥ २ ॥ सत्संगेन हि दैतेया यातुधानाः खगा मृगाः । गंधर्वाप्सरसा नागाः सिद्धाश्चारणगुह्यकाः ॥ बहवो मत्पदं प्राप्तास्त्वाष्टकायाधवादयः" [मोकों,योग वश नांही करतहे, सांख्य वश नांही करतहे, हे उद्धव, धर्म

तामें स्वस्थ होयकें रहे नहीतो सर्वथा पाछो फिरे तेसें चिंतातुर चित्तमें सकलगुण करिकें पूर्ण प्रभु केसें प्रवेश करे? ॥१॥ २ ॥ टीका-अव श्रीहरिरायजी सगरे पुष्टिमार्गीयकों शिक्षा करतहें जो हे सगरे पुष्टिमार्गीय वैष्णव ! तुमको लौकिक चिंता नांही कर्त्तव्य हे काहेतें जो जाको चित्त चिंताकरिकें व्याकुल होय ताके हृदयमें सकल गुणयुक्त प्रभु केसें आय वसें ? चिंता सकल दोषनकीमाता हे जहां चिंता आई तहाँ सकल दोष आये अव हृदयमें दोष आये तव सकलगुणयुक्तप्रभु कोन प्रकार आवे ! ताहीतें श्रीआचार्यजीमहाप्रभु नवरत्नग्रंथमें कहेहें "चिंता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापि" (निवेदितात्म जीवनकों कोईसमयहू कछु चिंता नांही कर्त्तव्यहे) अपनों सगरो पदार्थ भगवानकों निवेदन कियो पाछें चिंता क्यों करतहे ? सर्वथा चिंता न करे सर्वकरणसमर्थ भगवान् धनी माथेपेंहें तातें लौकिक चिंता कछुहू नांही कर्त्तव्यहे ॥१॥ अव लौकिक दृष्टांत कहतहें जेसें लौकिकमें गृहको धनी गृहकों शुद्ध करि संमार्जन करि सगरो कूडा वाहिर निकारि आछो शुद्ध गृह करि तामें रहतहे तेसें श्रीकृष्ण जा वैष्णवको हृदयरूप घर शुद्ध देखतहें चिंताको दोष जाके हृदयमें नांहीहे उहवैष्णवके हृदयमें प्रभु पधारेहें काहेतें जो चिंता लौकिकहे सो श्रीकृष्णके चरणकी विस्मारकहे चिंता भई तव लौकिकावेश हृदयमें भर्यो रहे तव हृदयमें प्रभु केसें पधारे ! तातें श्रीआचार्यजीद्वारा निवेदन किये पाछें सगरी चिंता, काम, क्रोध, मद, मत्सर, यह हृदयमें कूडा (मेल) हे तिनकों निकासिकें अपनो हृदय शुद्ध करि शांत चित्त करि एक श्रीकृष्णहीको आश्रय करि रहे तव प्रभु वह वैष्णवको हृदय शुद्ध देखिकें प्रसन्न होय वामें पधारे कृपा करिकें अपने स्वरूपानंदको अनुभव करावे ॥ २ ॥

शिक्षापत्र ३६.

अब षट्त्रिंश शिक्षापत्रमें भक्तिमार्गीय वैष्णवनकों चिंता नांही कर्त्तव्यहे जेसें बुहारी काढिकें शुद्ध घर कियो होय तामें गृहपति रहे तेसेंही चिंतादिक करिकें रहित चित्तमें प्रभु पधारे जो चित्तमें चिंतादिक होय तो प्रभुको आवेश न होय तासों नवरत्नग्रंथमेंहू श्रीआचार्यजी-महाप्रभुजी चिंता नांहीकरनी एसे निरूपणकियेहें धर्ममार्गके विचारमेंहू कलियुगमें कर्त्ता लिप्त होतहे संसर्गको इतनो बाध नांही हे यद्यपि अवैष्णवनके संग नांही रहनो एसें श्रीआचार्यजीकी आज्ञा हे तोहू लोकको संकोच राखनो ओर इनकी निवृत्तिमें यत्न राखनो अपने मनको मोह करे एसी चिंता नांही करनी वह चिंतातें आयुष्य व्यर्थ जातरहे भगवच्चरणारविंदमें चित्त स्थापन करनो यह शरीर संबंधीकी अहंताममता छोडनी प्रतिबंधकी निवृत्तिके अर्थ हरिकी शरणभावना राखनी हरिही सर्वसिद्ध करेंगे अपनकों तो श्रीआचार्यजीकी आज्ञा प्रमाण निवेदनको अनुसंधान मात्र करनो यह निरूपणहे उपर कहे जो एसे दुःसंगको छोडे तब भगवद्धर्मरहे तेसेंही लौकिक चिंताहू छोडे तब प्रभु हृदयमें पधारे सो चिंता निवृत्तिको प्रकार अब कहतहे—

मूलं—नैव चिंता प्रकर्त्तव्या लौकिकी भक्तिमार्गगैः ।
चित्ते चिंतातुरे कृष्णः कथमाविशते गुणैः ॥१॥
यथा गृहे गृहपतिः शुद्धे संमार्जनादिभिः ।
स्वस्थस्तिष्ठत्यन्यथा तु परावर्त्तेत सर्वथा ॥२॥

शब्दार्थः—भक्तिमार्गीय वैष्णवनकों लौकिकी चिंता नांही कर्त्तव्यहे काहेतें जेसें गृहको मालिक गृह लिंपिके झाडिकें शुद्ध राख्यो होय

तथापि लोकसंकोचः कर्त्तव्यस्त्वग्रदर्शनैः ।
मनः स्थाप्यं तन्निवृत्तौ समये तन्निवर्त्तनम् ॥६॥

शब्दार्थः—तेसेंही दूसरे युगमें यह (कलियुग) पंचमपनेतें गिन्यो जातहे यद्यपि अपने श्रीआचार्यजीने कह्यो हे जो अवैष्णवनके संग नांही रहनो ॥५॥ टीका—तोहू आगें केसें करिवैमें आछो होय एसो विचार करिवेवारेनकों लोकसंकोच करनो ओर इनकी निवृत्तिमें मन स्थापन करनो सो समय आवे जव निवृत्त करनो॥६॥टीका—युगांतर जो सत्ययुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग, कलियुग, यह चारो युग आवतहें तामें अव यह वर्त्तमान कलियुगहे सो पंचम हे उत्तमतें उत्तम हे यह चारोयुगमें नांहीहे काहेतें जो यायुगमें श्रीवल्लभाचार्यजी पूर्णपुरुषोत्तमको प्राकट्यहे सो श्रीगुसाँइजी सप्तश्लोकीमें कहेहें "मायावादकरींद्रदर्पदलनेनास्येंदुराजोद्गत श्रीमद्भागवताख्यदुर्लभसुधावर्पेण वेदोक्तिभिः । राधावल्लभसेवया तदुचितप्रेम्णोपदेशैरपि श्रीमद्वल्लभनामधेयसदृशो भावीनभूतोऽस्त्यपि" (मायावादरूप मदोन्मत्तहस्तीके गर्वकों तोडिवेतें श्रीठाकुरजीके मुखचंद्रराजतें प्रकट भयो एसो जो श्रीमद्भागवतनामको दुर्लभसुधा [अमृत]कों वर्प [वृष्टि] ताकरिकें, वेदके वचनतें श्रीराधावल्लभ [श्रीकृष्ण]की सेवाकरिकें, ओर वह सेवामें योग्य एसें प्रेमसहित उपदेशनतेंहू श्रीवल्लभाचार्यजी वरावरि [कोउ] नांही होयगो, नांही

१ चंद्र तो एकहे वाको राजा केसें संभवे ! एसी शंका होय वाको समाधान यह हे जो श्रीठाकुरजीकी वाणीरूप श्रुतिरूपा भक्त अनेकहें सो चंद्ररूपहें तिनके (भावात्मक) आपहें तासों चंद्रराज कहेहें. २ युगलगीतमें इंद्र, शिव ओर ब्रह्मा, इनकोंहू यह रसको तत्वज्ञान नांहीहे एसें निरूपणहे तहां दुर्लभताको स्पष्ट वर्णनहे. ३ वृष्टितें जेसें वीज उत्पन्न होयहे तेसेंही यह सुधाकी वृष्टि कर्णद्वारा हृदयमे प्रवेशकरे तव भावरूप अंकुर उत्पन्न होय. ४ वेद (श्रुति) प्रतिपादन करतहे सो "अक्षण्वतां फलमिदं न परं विदामः" यह श्लोकमें व्रजभक्तननें निरूपण कियो हे यह वचनके अनुसार प्रभुकी सेवा प्रगट करीहे.

मूलं—उक्तं च प्रभुभिस्तस्मान्नवरत्ने कृपालुभिः।
अतोऽन्यविनियोगेऽपि चिंता का स्वस्य सोऽपि चेत्॥३॥

शब्दार्थः—तासों कृपालु श्रीमहाप्रभुजीनें नवरत्नग्रंथमें कह्योहे जो (पुत्र स्त्री आदिके लिये द्रव्यादिकको विनियोग होय तव) यह हू अपनो हे तो अन्यविनियोग निमित्तहू चिंता कहाहे?॥ ३ ॥ टीका—तहां कोई कहे जो अन्यविनियोग होतहे यह प्रभुकी सेवा टहल न वने तवतो चिंता करनी तहां श्रीहरिरायजी कहतहें जो हमारे श्रीवल्लभाचार्यजी परमकृपालु हें सो नवरत्नग्रंथमें निरूपण कियेहें जो अपनतें अन्यविनियोग होय तवहू कछु चिंता न करनी काहेतें जो येहू अपनोहे तातें चिंता छोडि एक प्रभुको दृढ आश्रय हृदयमें राखनो ३

मूलं—धर्ममार्गविचारेऽपि कलौ कर्तैव लिप्यते।
न संसर्गकृतो दोषस्तथा कलियुगे भवेत्॥ ४ ॥

शब्दार्थः—धर्ममार्गके विचारमेंहू कलियुगमें कर्त्ताही लिप्त होयहे (ओरयुगमें जेसो संसर्गको दोषहे तेसो) कलियुगमें संसर्गको दोष नहीं हे॥४॥ टीका—धर्ममार्गकी रीति विचारे तो धर्मशास्त्रमें येही सवठोर कहेहें जो कलियुगमें दोष करे सोही लिप्त होय संसर्गको दोष कलियुगमें सर्वथा न लगे तातें संवंधीको दोष अपनकों न लगे एसी मर्यादाहे तासों संवंधी भक्तिकी रीति छोडि अन्याश्रय करे तोहू वाको समजायके अन्याश्रय छुडावे, अपन चिंता न करे वे न माने तो असें जानें जो इननें कियोहे सो येही भुक्तेंगे मोकों कहा वाधकहे? एसें विचारि आपु अपने धर्ममें सावधान रहे॥४॥

मूलं—युगांतरे तथैवायं पंचमत्वेन गण्यते।
यद्यप्युक्तं निजाचार्यैः स्थेयं नावैष्णवैः सह॥ ५ ॥

१ अपने श्रीआचार्यजीद्वारा निवेदन कियोहे तव पुत्र स्त्री गृह आदि सवको निवेदन भयोहे तातें येहू प्रभुके भयेहे तासों इनके लिये विनियोग होय तामें चिंता कहा?

मूलं–वृथा चिंता न कर्त्तव्या स्वमनोमोहकारणम् ।
यथा सच्छिद्रकलशाज्जलं स्रवति सर्वशः ॥ ८ ॥
तथायुः सततं याति ज्ञायते न गृहस्थितैः ।
एवं हि गच्छत्यायुष्ये क्षणं नैव विलँबयेत् ॥ ९ ॥
भगवच्चरणे चेतः स्थापनेऽतिविचक्षणः ।

शब्दार्थः–अपने मनके मोहके कारणरूप वृथा चिंता न करनी काहेतें जो जेसें छिद्रयुक्त कलशसों चारों ओरतें जल स्रवतहे तेसें आयुष्य चल्यो जातहे सो गृहस्थाश्रमीकों जानिवमें नांही आवतहे एसें आयुष्य चल्यो जातहे तामें श्रीभगवानके चरणारविंदमें चित्त स्थापन करिवेमें अतिचतुर एसो वैष्णव क्षणमात्र विलंब नांही करे।८। टीका–वृथा चिंता सर्वथाही नांही कर्त्तव्यहे काहेतें मनको मोह होय मोहको कारण एक वृथा चिंताहीहे यह निश्चयही जाननो ताको दृष्टांत कहतहें जेसें कलशके पेंदेमें छिद्रभयेतें सगरो जल कलशतें वाहिर वहिजातहें तेसेंहि वृथा चितामें मनको मोह उपजतहे भगवद्धर्म नांही वनिआवत आपु परम उत्तम यह मनुष्य देहहे ताको सगरो आयुष्य वीतिजातहे सो एकादशस्कंधमें राजा जनकनें कह्योहे "दुर्लभो मानुषो देहो देहिनां क्षणभंगुरः । तत्रापि दुर्लभं मन्ये वैकुंठप्रियदर्शनम्" (या वचनसों यह मनुष्यदेहहे सो महादुर्लभहे ओर क्षणमें भंग होय एसो हे तामेंहू वैकुंठ (श्रीभगवान्) के प्रिय भक्तको दर्शन दुर्लभहे एसें में मानतहों) सो यह देह पायकें प्रभुको आश्रय करे तो उनको फल सिद्ध होय परंतु जीव वृथा चिंता करिकें मोह करिकें संसारमें जातहे॥८॥ उपर कहे ताभांति यह मनुष्यदेहको आयुष्य क्षणक्षणमें छीजतहे यह विचार निरंतर करि जाने जो यह गृहस्थाश्रममें मोकों तो सगरे वहिर्मुख दुःसंगी मिलेहें यह भगवद्धर्ममें सदा वाधही करेंगे याभांति

भयोहे, ओरहेहू नांही) ओर वधाईमें कहेहें " एसी भई न ह्वेहे कवहूं जेसी अव निधि आई " याभावतें एसो मनमें जाननो जो एसो कलियुग कवहू नांही भयो ओर न आगें होयगो तातें अव दैवी-सृष्टिके जीवके उद्धारार्थ श्रीआचार्यजीमहाप्रभु पधारिकें पुष्टिमार्ग प्रकट कियोहे तातें यह युग ओर युगतें न्यारोहीहे एसें जाननो ओर अपने श्रीआचार्यजी कहेहें जो अवैष्णवनके संग न रहेनो॥५॥ तोहू अवतांइ लोकसंवंधि संकोच आयपडे वोहोत दुःख होतजाने तवतांइ उनहींमें स्थित होय इनके दोष अर्थ वोहोत क्लेश न करे परंतु अपने मनकों स्वाधीन राखे समय आवे तव उनकों छोडि देई अपने पुष्टिमार्गकी रीतिसों सेवास्मरणमें मनकों लगावे ॥ ६ ॥

मूलं–तत्कालं तत्प्रयत्ने तु रोगस्येवोद्भवो भवेत् ।
अतः कार्यं शनैरेव प्रतिबंधनिवर्त्तनम् ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–जेसें रोग उत्पन्न भयो तव (वाको शोधन करिकें मूलतें निकारिवेमें विलंव होय सो न करे ओर) तत्काल उनकों दवायवेको प्रयत्न करे तो वा समय तो दव जाय परंतु फिर वह रोग उत्पन्न होय तेसें जो प्रतिवंध आवे ताकों तत्काल निवृत्त करिवेको यत्न करे तो फिर वह प्रतिवंध आयनडे तासों धीरेधीरेही प्रतिवंधको निवर्त्तन करनो ॥७॥ टीका–कुटुंव लौकिकादिकको संकोच जेसो आयपडेतो वासमय उनहींमें मिलिकें रहे ओर इनके त्यागकी भावना राखे सो क्रमसों वाकों छोडे काहेतें जो तत्काल छोडिवेमें रोगकीसीनांइ फेर उत्पन्न होय तासों शनैः [धीरेतें] निवृत्त करनी या भांति वैष्णवको रहनो ॥७॥

१ नांही भयो एसे क्यों ? व्रजभक्त तो सर्वोपरिहे एसी शंका होय ताको समाधान यहहे जो व्रजभक्तनकोहू (गोवर्द्धनधारणलीलामें अपनी रक्षा करिवेकी प्रार्थना करि सो) लौकिकावेशतें प्रेममें न्यूनता भईहे नांहीतो वासमय प्रभुकी रक्षा करिवेको उपाय करते एसो प्रेमको स्वरूप आपने निरूपण कियोहे तासों नांही भयो एसें कह्यो ओर व्रजभक्त गुरु कोटिमेंहूहे.

कियो एसो सर्व संबंधहू खोटो मान्योहे ॥ ११ ॥ तातें वा संबंधनें कियो एसो दुःख उत्तम वैष्णवकों नांही माननो ओर प्रतिबंधकी निवृत्तिके लिये हरिकों शरण करे ॥१२॥ टीका—हरिके चरणारविंदमें मन कब लगे ? जब अपने शरीरकों प्राकृत जानें यह देहके पोषणमें मन न होय तब तनुजा वित्तजा सेवा मन लगायके करे. तातें शरीरको प्राकृत जाने ओर जीवकों सदा नित्य प्रभुको दास जाने या देहको एक दिन नाश होयगो एसें जानें ॥ १० ॥ जीव ओर देहको संबंध काहू कालमें नांहीहे जीव तो अनादिकालतें कोटान् कोटिवार चोराशीलक्षयोनि भुगत्योहे तहां काहू शरीरसों संबंध नांहीहे काहेतें जो यह देह प्राकृत पंचतत्वकरिकें बन्योहे ओर पंचतत्वहू प्राकृतहे तो कारण प्राकृत होय ताको कार्यहू प्राकृत होय ओर जीव सदा एकरस अखंडहे ताकों अग्नि न जरावें, शस्त्र न छेद करे, एसो नित्यहे परंतु अविद्या जो लगीहे ताकरिकें अपनो शरीर जानतहे सो जीवकों अहंता ममता लगीहे याभांति सगरो संसार अहंता ममताकरि बंध्योहे सो यह लौकिकसंबंध सगरो झूठोहे परंतु अज्ञानकरि अहंता ममतात्मक अविद्याके वश होय अपनों मान्योंहे ॥ ११ ॥ तातें यह लौकिक संबंध मिथ्याहे इनमें मन न लगावे उत्तम भगवदीयहे सो यह लौकिक संबंधकों उत्तम नांही जानतहे अहंता ममतारूप प्रतिबंधकी निवृत्यर्थ हरिकी शरण जातहें जहां जहां अहंता ममताहे सो सब प्रभुकों समर्पण करि हरिकों शरण करिलेतहें तब यह प्रतिबंध दूरि होतहें सो नवमस्कंधमें भगवान् दुर्वासाप्रति कहेहें 'ये दारागारपुत्राप्तान् प्राणान् वित्तमिमं परम् । हित्वा मां शरणं याताः कथं तांस्त्यक्तुमुत्सहे " (जो भक्त, स्त्री, गृह, पुत्र, स्नेहीवर्ग, प्राण, द्रव्य, यह लोककों छोडिकें मोकों शरण आयेहें इनकों छोडिवेकों में केसें उत्साह करूं)

१ सर्व भगवानकों अर्पण करे तव अपनी अहंता ममता छूटि जाय.

प्रतिबंध होय तो तिनको तत्काल त्याग करे एकक्षणहू विलंब न करे काहेतें जो देह छूटनको प्रमाण नांहीहे सो श्रीभागवतसप्तमस्कंधमें प्रह्लादजी, वालकसों कहेहें "कौमारआचरेत् प्राज्ञो धर्मान् भागवतानिह। दुर्लभं मानुषं जन्म तदप्यध्रुवमर्थदम्" (यावचनसों प्रह्लादजी कहतहें जो हे वालक! यह भगवद्धर्मको कुमारअवस्थाहीतें आचरन कर्त्तव्यहे काहेतें जो मनुष्यदेह महादुर्लभहे ताको निश्चय नांहीहे जो कव नाश होयगो! क्षणमें नाश होय जाय तासों कुमार अवस्थातें भगवद्धर्म कर्त्तव्यहे) यह विचारिकें प्रतिवंधरूप गृहकुटुंवको तत्कालही त्याग कर्त्तव्यहे एकक्षणहू विलंव न करे कहूं दुःसंगतें मन फिरजाय तो संसारासक्ति होयजाय तातें ताहीक्षण उनको शीघ्रही त्याग करे॥९॥ उपर कहे एसे प्रतिवंधको छोडिकें श्रीभगवान् श्रीकृष्णके चरणारविंदमें अपने मनकों विचक्षण होयकें स्थापन करे श्रीभगवानके चरणारविंदकों स्मरण ज्ञानी तथा मर्यादामार्गीय भक्तहू करतहे तातें विचक्षण होयकें करे एसें कह्यो ताको अभिप्राय यहहे जो पुष्टिमार्गकी रीतिसों नित्य श्रीकृष्णकी सेवादिक करि सर्व इंद्रिय, देह, मन, सव श्रीभगवानके चरणारविंदमें लगावें।

मूलं—शरीरं प्राकृतं तद्धि ह्यनित्यं सर्वथा मतम्॥१०॥
तत्संवंधोऽप्यविद्यातस्ततोहंममतात्मकः।
संसारस्तत्कृतः सर्वसंवंधोऽपि मृषा मतः॥ ११॥
तत्संवंधकृतं दुःखं नहि मंतव्यमुत्तमैः।
प्रतिवंधनिवृत्त्यर्थं हरिं शरणमाव्रजेत्॥ १२॥

शब्दार्थः—शरीर प्राकृतहे सोहू सर्वथा अनित्य मान्योहे॥१०॥ इनको संवंधहू अविद्यासोंहे तासों अहंताममतात्मक संसारहे तिननें

भक्तको दुःख नांही सहिसकतहें तातें भक्तनकों दुःख पावत देखेंगे तब तत्कालही दुःख निवृत्त करेगें सो विवेकधैर्याश्रयमें श्रीआचार्यजी-महाप्रभुजी कहेहें " अशक्ये हरिरेवास्ति सर्वमाश्रयतो भवेत् " तथा "अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः " (अपनतें न होयसके तामें हरिही (रक्षक) हें काहेतें जो आश्रयतें सर्व सिद्ध होय) तेसें (अशक्यमें तथा सुशक्यमें सर्वथा हरिशरणहें) याभांति हरिकी शरणभावना दृढ राखे तो प्रभु सर्व ओरते रक्षाही करे प्रह्लादजीनें हरिकी शरण भावना राखी ओर दुःख सह्यो तो भगवान् प्रतिबंध दूरि किये भक्तकी रक्षा करी तातें सर्व छोडिकें हरिशरणकी भावना दृढ राख सो गीताजीमें भगवान् अर्जुनप्रति कहेहें "सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज । अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः " (सर्वधर्मकों छोडिकें एक मोकों शरण जा में तोकूं सर्वपापतें छोडाउंगो शोक मति करे) याभांति भगवानके शरण जाय प्रभुको आश्रय करे ताकी प्रभु रक्षा करे ओर भक्तिवर्द्धिनीमें श्रीआचार्यजी महाप्रभुजी कहेहें ("बाधसंभावनायां तु नैकांते वास इष्यते । हरिस्तु सर्वतो रक्षां करिष्यति न संशयः ") बाधकी संभावना होय (जो एकांतमें रहिवेमें कछू बाधक आवे एसी शंका होय) तो एकांतमें वास नांही योग्यहे (गृहमें रहिवेमें बाधक आयवेकी शंका होय तहां कहतहें हरि सर्व ओरतें रक्षा करेंगे संशय नांही) तातें सर्व प्रकार हरिकोही आश्रय करे ॥ १३ ॥

मूलं–यावच्छक्ति प्रकर्त्तव्यो ह्युपायस्तन्निवर्त्तने ।
प्रतिकूले च तत्त्यागपर्यंतं विहितं पुनः ॥ १४ ॥

शब्दार्थः–प्रतिबंधकी निवृत्ति निमित्त अपनी शक्तिप्रमाण उपाय करनो ओर [स्त्री पुत्रादिक] प्रतिकूल होय तो इनको त्याग करनो

ओर एकादशस्कंधमें कहेहें " कायेन वाचा मनसेंद्रियैर्वा बुद्ध्यात्मना वानुसृतस्वभावात् । करोमि यद्यत्सकलं परस्मै नारायणायेति समर्पयेत्तत् " [कायातें, वाणीतें, मनतें, इंद्रियनतें, अथवा बुद्धितें, आत्मातें अथवा इनकों लागिरह्यो एसे स्वभावतें जो जो में करतहों सो सर्व परएसे नारायणके लिये(अर्थात् पूर्णपुरुषोत्तमके लिये करतहे)एसें प्रभुकों सर्व अर्पण करे फेरि एकादशस्कंधमें कह्योहे " इष्टं दत्तं जपस्तप्तं व्रतं यच्चात्मनः प्रियम् । दारान् गृहान् सुतान् प्राणान् यत्परस्मै निवेदनम् " [जो इष्ट कियो, दान दियो, जप कियो, तप कियो, व्रत कियो ओर अपनकों प्रिय हे, स्त्री, गृह, पुत्र, प्राण, जो हे सो पर [प्रभु] कों निवेदन करनों] इत्यादिक वचनके अनुसार पुष्टिमार्गमें श्रीआचार्यजी द्वारा प्रभुकों समर्पण करे एक प्रभुहीको आश्रय करे ॥ १२ ॥

मूलं–भक्तदुःखासहिष्णुस्तं तदैव हि निवर्त्तयेत् ।
अशक्ये हरिरेवास्तीत्येवमेव प्रभोर्वचः ॥ १३ ॥

शब्दार्थः–[जब प्रभुको आश्रय करे तब] भक्तके दुःखकों सहन नांही करिसके एसे प्रभु वाहीसमय वा प्रतिबंधकों निश्चय निवृत्त करें काहेतें जो अपनसों कछु न बने तहां हरिही रक्षकहे एसोही श्रीमहाप्रभुजीको वचनामृतहे ॥ १३ ॥ टीका–उपर कहे जो प्रतिबंधकी निवृत्तिके अर्थ सर्व पदार्थ स्त्री पुत्रादिक प्रभुमें निवेदन करे हरिकेशरण जाय परंतु तामें सगरे कुटुंबी दुःख देय, ज्ञातिको दुःख होय, तथा अकेलो होय, रोगादि दुःख होय, द्रव्यादिककी हानि होय, नेत्रादिक अंगको भंग होय, तथा राजादि दंड देय, तथा खानपानादिकको संकोच होय, ओर अकेलो होय सो सहायता कोन करे ? याभांति संदेह होय तहां श्रीहरिरायजी कहतहें जो यह भगवद्भक्त सब छोडिकें हरिके शरण जाय तहां कोई दुःख आवे ताकों सहे तब श्रीठाकुरजी

मूलं-स्वयं किमर्थं कर्त्तव्या पितरीव शिरःस्थिते ।
न त्यक्ष्यति कृपापूर्णः सेवकं सर्वदा श्रितम् ॥ १६ ॥

शब्दार्थः-पिताकीनाँई श्रीठाकुरजी अपनी उपर विराजेहें सो अपनें क्यों चिंता करनी ? काहेतें जो कृपा करिकें पूर्ण एसें प्रभु आश्रितसेवकनकों नांही छोडेंगे ॥१६॥ टीका-पुष्टिमार्गीय वैष्णवकों चिंता क्यों करनी काहेतें जो श्रीआचार्यजी तथा श्रीकृष्ण धनी माथेपर विराजेहें तिनकों काहेकी चिंताहे जेसें यालौकिकमें बालकके माथे पिता वेठ्यो होय वा बालकको कहा चिंता हे ? यह लौकिक हे ओर श्रीकृष्ण तो ईश्वरके ईश्वरहें सर्वसामर्थ्ययुक्तहें एसे प्रभु [पुष्टिमार्गमें] वैष्णवनके माथे विराजतहें जिनकी कृपादृष्टि सदा एकरस भक्तनपरहे एसो वैष्णव कोई अर्थकी चिंता न करे एक प्रभुको ही दृढ आश्रय करे ॥१६॥

मूलं-आचार्यशरणं तस्य चिंतालेशोऽपि नैव हि ।
तस्माच्छ्रीवल्लभाचार्यचरणाब्जद्वयाश्रितैः ॥१७॥
न कापि चिंता कर्त्तव्या कृष्णसेवां विना पुनः ।
निवेदनानुसंधानचिंतामात्रं विधीयताम् ॥ १८ ॥

शब्दार्थः-जिनकों दृढ श्रीआचार्यजीको शरण सिद्ध भयो हे तिनकों चिंताको लेशहू नांहीहे तासों श्रीआचार्यजीके दोयचरणारविंदको जो आश्रितहें ॥ १७ ॥ तिनकों श्रीकृष्णकी सेवाविना काहू चिंता न करनी केवल निवेदनके अनुसंधानकी मात्र चिंता करनी ॥ १८ ॥ टीका-जो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके शरणहे नाममंत्र (अष्टाक्षर महामंत्र) पायोहे तिनकों चिंताको लेशहू नांही कर्त्तव्यहे सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "यदुक्तं तातचरणैः 'श्रीकृष्णःशरणं मम'

एसें श्रीआचार्यजी निबंधमें कहेहें "उदासीने स्वयं कुर्यात्प्रतिकूले गृहं त्यजेत्" [स्त्रीपुत्रादिक उदासीन रहेते होय तो आपु सेवादिक सब करे ओर प्रतिकूल होय [अर्थात् सेवामें विरुद्ध पडे तो गृहकों छोडे] ॥ १४ ॥ टीका–याभांति वैष्णव प्रतिबंधकी निवृत्तिपूर्वक हरिशरणके उपायमें रहें प्रतिबंधके त्यागमें मन राखे जो कोई कुटुंबी, स्त्री, पुत्र, माता, पितादि, प्रतिकूल होय तो तिनको त्याग करे जो अनुकूल न होय तो अकेलो सेवा करे पाछें उनको महाप्रसाद ओर प्रसादि-वस्त्र दे पोषण करे जो केवल प्रतिबंधरूप होय भगवद्धर्ममें द्वेष राखे तो उनको त्याग करे काहेतें जो भगवान् आत्मसंबंधी जन्मजन्मके प्रभुहें ओर यहदेहसंबंधी स्त्री पुत्रादिकहे उनकों जहांलों देहहे तहांलों संबंधहें देहको मरण भयो तब स्त्रीपुत्रादिककों संबंध निवृत्त भयो ताहीतें देहसंबंधीके लिये आत्मसंबंध न छोडनो ॥ १४ ॥

**मूलं–सर्वथा स्वस्य चाशक्तौ हरिरेव हि रक्षकः ।
स्वकीयचिंतां कुरुतं कर्त्ता स च करिष्यति॥१५॥**

शब्दार्थः–अपनी सर्वथा अशक्तिमें हरिही रक्षकहें सो अपने भक्त-नकी चिंता करतहें सो करेंगे ॥ १५ ॥ टीका–जो सर्वथा जीव अशक्त होय तो ताके रक्षक हरि [सर्वदुःख हर्त्ता] हीहें सो अपने निजभक्त-नकी चिंता आगेतें करत आयेहें अब करतहें ओर आगें करेंगे तीन्यो कालमें कबहू भक्तनकों नांही भूलतहें सो संन्यासनिर्णयमें श्रीआ-चार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " अन्यथा मातरो बालान्न स्तन्यैः पुपुषुः क्वचित्" माता अपने बालक पुत्रकों स्तन अतिप्रीतिसों न प्यावे एसो माता कबहू न करे क्षणक्षणमें बालककी रक्षाही करतहें तेसेंही भगवान् भक्तनकी चिंता कबहू न करे एसें न होय जाभांति भक्तनको हित होय सोहि सर्व करतहें यह निश्चय जाननों ॥ १५ ॥

न करिष्यति " [श्रीकृष्ण अपने जनकों लौकिकवैदिकमें स्थित न करे जो अज्ञानकरि कोई लौकिक वैदिकमें स्थित होय तो प्रभु वह कार्य सिद्ध न करे तव वैष्णव तत्काल याविषय चिंता छोडिकें प्रभुको गुण माने जो यामें कछु मेरो अनिष्ट होयगो तासों प्रभु सिद्ध नांही किये परंतु मनमें चिंता न करे यह मेरो विगयो अव में कहा करूं एसें चिंता न करे जो प्रभुको गुणही माने शीघ्रही प्रभुको चिंतन करे जो मेरे उपर प्रभु प्रसन्नहीहे जेसें संतदासजी श्रीआचार्यजीके सेवक हते सो प्रथम वहुत संपन्न हते सो सव द्रव्य गयो फिर २० टकाकी पुंजीतें अढाई पईसामें निर्वाह करि प्रसन्न रहेते पाछें नारायणदासनें १०० मोहोर पठाई सो न राखि प्रभुकी इच्छाके अनुसार चले याभांति वैष्णव प्रभुको गुणही माने ॥ १९ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं षट्त्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३६ ॥

शिक्षापत्र ३७.

अव सप्तत्रिंशत् शिक्षापत्रमें अहर्निश अपनी निःसाधनताकी भावना करनी यह निरूपणहे। उपर कहे ताप्रमाण चिंता न करनी ओर जव निःसाधन होय तव फलप्राप्ति होय सो निःसाधनताकी भावनाको प्रकार निरूपण करतहें—

मूलं—न शुद्धभावो नैवास्ति सर्वभावो न दीनता ।
नाज्ञापरत्वं विश्वासो न चास्ति परमादरः ॥ १ ॥

तत एवास्ति नैश्चिंत्यमैहिके पारलौकिके" जो तातचरण (श्रीआचार्य-जीमहाप्रभुजीने) "श्रीकृष्णःशरणं मम" कह्योहे तासोंही यहलोकके तथा परलोकके फलादिकमें निश्चिंतताहे) इत्यादि वचनकरि पुष्टिमार्गीय वैष्णवनकों चिंता नांही कर्त्तव्यहे ॥ १७ ॥ उपर कहे जो चिंता कोई प्रकारकी नांही कर्त्तव्यहे तहां कोई कहे जो चिंता कछू नांही करनी एसे कह्यो तव जीव भगवद्धर्मकी चिंताहू न करेंगो ओर भगवद्धर्महू न करेंगो क्यों जो प्रथम जीवनकों भगवद्धर्ममें मनहू नांहीहे ओर तुम चिंताहू नांहीकरन कहे तासों भगवद्धर्म नांहीकरे उनकी कहागति ? याभांति संदेह होय तहां कहत हे जो श्रीकृष्णकी सेवाकी चिंता तो अवश्य कर्त्तव्यहे ओर लौकिक वैदिक फलकी तथा अपने उद्धारकी चिंता नांही कर्त्तव्यहे श्रीकृष्णकी सेवाविना तो यहपुष्टिमार्ग सर्वोपरिहे ताके फलकी प्राप्ति न होय तासों यहचिंता अवश्य कर्त्तव्यहे तातें श्रीकृष्णकी सेवा करे निवेदनको अनुसंधान अहर्निश राखे जो में कितने कालसों प्रभुको भूल्यो हतो, अव श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीकी कृपातें संवंध भयोहे, में दासहों, मोकों अव कहा कर्तव्यहे. में सर्व समर्पन कियेहे, यामें अपनी सत्ता सर्वथा नांही हे सर्व प्रभुको हे, या भांति निवेदनको अनुसंधान राखे ॥ १८ ॥

मूलं–लोके स्वास्थ्यं तथा वेदइति श्रीमत्प्रभोर्वचः ।
स्मृत्वा शीघ्रं हृदिस्था सा निवर्त्त्या सेवनार्थिभिः ॥१९

शब्दार्थः–श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी नवरत्नमें कहेहें जो "हरि लोकमें तथा वेदमें स्वस्थता न करेंगे" यहवाक्यको स्मरणकरिकें, प्रभुकीसेवाके अर्थवारे वैष्णवनकों हृदयमें रही एसी जो चिंता सो शीघ्र निवृत्त-करनी ॥ १९ ॥ टीका–अव श्रीहरिरायजी कहतहें जो हमारे प्रभु श्रीवल्लभाचार्यजी नवरत्नग्रंथमें कहेहें "लोके स्वास्थ्यं तथा वेदे हरिस्तु

मूलं–न सत्संगो नैव सेवा न निवेदनसंस्मृतिः ।
नाश्रयो न विवेको हि धैर्यं न शरणस्थितिः ॥२॥

शब्दार्थः–सत्संग नांहीहे, सेवा नांहीहे, निवेदनकी सुंदर स्मृति नांहीहे, आश्रय नांहीहे, विवेक नांहीहे, धैर्य तथा शरणमें स्थिति (दृढ आश्रय) नांहीहे ॥ २ ॥टीका–ओर साधन न होय परंतु सत्संग होय तो ताकरि पुष्टिमार्गके फलको अनुभव होय सो मोकों पुष्टिमार्गको सत्संगहू नांहिहे ७ सत्संगतें अष्टप्रहर भगवत्सेवामें मन लागे तो फलरूप मानसी सेवा सिद्ध होय सो मेरेमें तो तनुजा वित्तजाहू नांही बनतहे तहां मानसी तो परम दुर्लभहे. यह मार्गमें तो सेवाही मुख्यहे जेसें ब्राह्मण गायत्री न पढे तो ब्रह्मत्व जाय तेसेंही वैष्णव सेवा न करे तो वैष्णवता जाय सो मेरेमें सेवाहू नांहीहे ८ ओर निवेदनको अनुसंधान यह पुष्टिमार्गमें सर्वथा चहिये सो नवरत्नमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहे "निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः" (निवेदन तो तादृशीय भगवदीयजनके संग निश्चय स्मरणकरिवेयोग्यहे) सो मोकों न तादृशीयको संगहे ओर न निवेदनकी स्मृतिहे ९ एक प्रभुको आश्रय मनमें राखे यह परम साधनहे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी विवेकधैर्याश्रयमें कहेहें "अशक्ये हरिरेवास्ति सर्वमाश्रयतो भवेत्" (अशक्यमें हरिहि सर्वहे तासों सर्व आश्रयतें सिद्ध होय) याभांति एक श्रीकृष्णहूको आश्रय नांहीहे १० विवेक चहियें सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी विवेकधैर्याश्रयग्रंथमें कहेहें "विवेकस्तु हरिः सर्वंनिजेच्छातः करिष्यति" [हरि[1] (भगवान) अपनी तथा अपने भक्तनकी इच्छासूं

---

१ महाभारतमें कह्योहे "हराम्यघं हि स्मर्तॄणां (हरामि दुःखं स्मर्तॄणां) हविर्भागान् क्रतुष्वहम् । वर्णोऽपि मे हरिच्छेष्टस्तस्माद्धरिरहं स्मृतः" (स्मरणकरिवेवारेको पाप ओर दुःख में हरूंहुं यज्ञनमें हविष्यके भाग लेउंहूं ओर रंगहू हर्यो मोकों प्रिय हे तासों में हरि कहाउंहूं तासों हरिनामकोही यह माहात्म्यहे जो भक्तनके दुःख निवृत्त करेंगे यह समझनों सो विवेकको मूलहे.

शब्दार्थः-शुद्ध भाव नांहीहे, सर्वात्मभाव नांहीहे, दीनता नांहीहे, श्रीआचार्यजीमें तत्परता नांहीहे, यह पुष्टिमार्गमें विश्वास नांहीहे, ओर प्रभुमें आदर नांहीहे, (एसे साधनरहितमेंहू सो प्रभु कहा करेंगे एसी भावना करे) ॥१॥ टीका-अव श्रीहरिरायजी कहतहें याभांति निःसाधन जीव होय तो प्रभु निश्चय फलदान करे सो मेरेमें निःसाधनता नांहीहे प्रथमतो शुद्ध भाव होय तव प्रभु कृपा करे सो शुद्ध भाव नांहीहे मनमें कपट,छल, ईर्ष्या, इत्यादिक भरिरह्योहे तातें श्रीकृष्णमें शुद्ध भाव नांहीहे, ओर सर्वभावहू प्रभुमें नांहीहे जो महाप्रभुजी चतुःश्लोकीमें कहेहें "सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिपः" (सर्वदा सर्वभाव-करि व्रजके अधिप [श्रीकृष्ण] भजन करिवेयोग्यहे एसे व्रजके अधिपति [श्रीकृष्ण] हे तिनको भजन [सेवा] सदाहि सर्वभावकरिकें कर्त्तव्यहे सो मोसों नांही वनत. देहसों करतहों तो इंद्रिय मन, नांही लगत. मनमें विचार होतहे परंतु देहतें नांही वनतहे, मन, वचन, कर्म, सर्वभावसूं नांही होतहे. भलो ओर कछू न वने तो दीनता करे तातें प्रभु प्रसन्न होय सो श्रीगुसांईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "आचार्यचरणैरुक्तं दैन्यंत्वत्तोपसाधनम्" (हमारे आचार्यजीमहाप्रभुजी श्रीसुवोधिनीजी आदिमें कहेहें जो प्रभु प्रसन्न करिवेको साधन एक दैन्यहीहे] सो दैन्य मेरेमें नांहीहे, ओर जाप्रकार श्रीआचार्यजीमहा-प्रभुजीकी आज्ञा शास्त्रमें हे सो वने तोहू प्रभु प्रसन्न होय सो पुष्टि-मार्गकी रीतिहे ता अनुसार आज्ञा पालनहू मोमें नांहीहे, ओर या पुष्टिमार्गमें चातकपक्षिकीनांई विश्वास राखे सो सर्वोपरहे विश्वास विना कछू सिद्धि नांहीहे सो मोमें विश्वासहू नांहीहे ओर प्रभुमें आदर नांहीहे आदर (परमप्रीति) होय तो प्रभु विना ओरठोर मन न लगे सो प्रभुमें आदरहू नांहीहे ॥ १ ॥

दुःखहानौ तथा पापे भये कामाद्यपूरणे ॥ भक्तद्रोहे भक्त्यभावे भक्तश्चातिक्रमे कृते । अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वार्थे शरणं हरिः । ” [यहलोकमें, परलोकमें, सर्वथा हरि शरणहे. दुःखकी हानिमें तथा पापमें, भयमें, कामादिक पूर्ण न होय तामें, भक्त द्रोह करे अथवा भक्तको द्रोह होयजाय तामें, भक्तिके अभावमें, भक्त अतिक्रम करे अथवा भक्तनको अतिक्रम होयजाय तामें, अशक्यमें तथा सुशक्यमें, सर्वअर्थमें हरि शरणहे) याभांति शरणभावना राखेतो श्रीकृष्णाश्रयमें कहेहें “ शरणस्थसमुद्धारं कृष्णं विज्ञापयाम्यहम् ” (शरणमें रहिवेवारे जीवनके उद्धारनिमित्त अथवा उद्धार करिवेवारे श्रीकृष्णकों में विज्ञप्ति करूंहू) तातें श्रीकृष्णके शरण जाय रहे तो प्रभु उद्धार करे सो श्रीगीताजीमें भगवान् अर्जुनप्रति कहेहें “सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज । अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ” [सर्वधर्मको छोडिकें मोकों मुख्य जानि शरणहो में तोकों सर्वपापनतें छुडाउँगो शोक मति करे] याभांति प्रभुके शरण होय तो प्रभु कृपा करे सो में शरणमेंहू स्थित नांहीहों १३ ॥ २ ॥

मूलं–न माहात्म्यपरिस्फूर्त्तिः स्नेहस्तु न हि कुत्रचित् ।
आसक्तिव्यसनादीना कथाऽपि खलु दुर्लभा ॥३॥

शब्दार्थः–माहात्म्यकी चार्योओरतें स्फूर्ति नांहीहे, काहूस्थलमें स्नेह नांहीहे, आसक्ति ओर व्यसनादिककी तो कथाहू निश्चय दुर्लभहे ॥३॥ टीका–श्रीकृष्णके माहात्म्यकी स्फूर्त्ति हृदयमें होय तोहू प्रीति होय जो प्रभुके प्रमेय वलतें गाय, गोपी, एसे निःसाधनको फलसिद्धि भईहे. अजामिलकों पुत्रभावके नामतें तार्योहे. अविद्यारूप पूतनाकों एकक्षणमें मारि भक्तनकी अविद्या दूरिकीनीहे. या पुष्टिमार्गमें स्त्रीशूद्रादिकनको उद्धार श्रीमहाप्रभुजी कियेहे, रंचक कृपादृष्टितें भक्तन-

सर्व करेंगे यह समझनो सो विवेक] मनमें विचार होय जो प्रभुही सर्व करतहें जीवको कियो कछु नांही होत हे यह विवेक वैष्णवको चहियें सो नांही हे ११ वैष्णवकों दुःखसुखमें धैर्य चाहियें सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी विवेकधैर्याश्रयमें कहेहे " त्रिदुःखसहनं धैर्यमामृतेः सर्वतः सदा। तक्रवद्देहवद्भाव्यं जडवद्गोपभार्यवत् " (मृत्युसमान संकट आयजाय अथवा मृत्यु होयजाय तहांताँई सर्वओरतें सदा आध्यात्मिकादिक त्रिविध (तीन प्रकारके) दुःखकों सहनकरनो सो धैर्य. तक्र[1] (छाछ) कीनाँई, जडभरत[2]कीनाँई, ओर व्रजभक्तन[3]कीनाँई, अथवा गोपकी[4] स्त्रीकी वार्त्ता श्रीगोकुलोत्सवजीकृत टीकामें हे वा गोपस्त्रीकीनाँई देहधारेकों भावना कर्त्तव्यहे अथवा देहकीनाँई[5] भावना कर्त्तव्यहे] याभांति आध्यात्मिकादि तीनोप्रकारके दुःखकों वैष्णव सहनकरे तव धैर्य देखि प्रभु प्रसन्न होय, प्रह्लादजीकीनाँई टेक चहियें सो मेरेमें धैर्यहू नांही हे १२ ओर हरिके शरणमें स्थिति होय सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी विवेकधैर्याश्रयमें कहेहें " एहिके पारलोके च सर्वथा शरणं हरिः ।

---

१ छाछ मथनको सहन करतहे तब मक्खन [साररूप] निकसतहे फेर छाछमें ममत्व नांही रहतहे तेसें देह विद्यमान होय तवतांई कार्य करिलेनो ओर देह तथा देहसंबंधीमें ममत्व नांही राखनो. २ जडभरतकों भद्रकालीकी पास मारिवेकों लेगये तोहू सहे तव इनके तेजसों भद्रकालीकी मूर्ति भिन्नहोयके भीतरसों देवी निकसी सो जडभरतकों मारिवेवारेनकों मारडारे. ३ व्रजभक्तननें लौकिक वैदिक तजे तामें दुःख आये सो सहे. ४ " हत्वा नृपं पतिमवेक्ष्य भुजंगदष्टं देशांतरे विधिवशाद्गणिकास्मि जाता। पुत्रं पतिं समधिगम्य चितां प्रविष्टा शोचामि गोपगृहिणी कथमद्य तक्रम् " (राजाकों मारिकें पतिपास गई वहां पतिकों सर्प डस्यो देखिकें देशांतरमें गई तहां प्रारब्धयोगसूं वेश्या भई तहां पुत्रके संग पतिकीनाँइ समागम भयो तासों चितामें गिरी तहांतें इहां अव गोपकी स्त्री भई सो छाछको शोक कहा करूं, ५ देहमें अहंता ममतासों वंधनहोतहे ओर जब यह छुटे और इनसंवंधी दुःख सहे तव उत्तम फलमिले.

भवरनो ज्यां नहि प्रवेश विधि हरनो " एसो शुद्धमार्ग तामें प्रवेश होय एसो एकहू साधन मोमें नांहीहे तातें यह अपने मनमें जानतहों जो यह सर्वोपरि भक्तिमार्गमें दोपरूपको प्रवेश नांहीहे १८ ओर लोकधर्ममेंहू स्थिति नांही हे तातें यह अपने मनमें जानतहों जो यह अलौकिक भक्तिमार्गहे तामें स्थिति न भई तो लौकिकमें तो स्थिति होय सो में लौकिक गृहादिकमेंहू स्थित नांहीहों १९ देशादि शुद्धताको आश्रय नांही कितनेक जीव शुद्धदेश [तीर्थ] को सेवन करतहें, काशी, प्रयाग, व्रजदेशको आश्रय करत हें सो एसे देशको आश्रय नांहीहे २० वैदिक धर्म कालदोपतें सिद्ध नांहीहे, कर्ममार्गतेंहू स्वर्गादिकफल शास्त्रमें कहेहें सो कालदोपतें वैदिकधर्म सिद्ध नांहीहे सो संन्यासनिर्णयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " सुतरां कलिदोपाणां प्रवलत्वात् " (अव कलिदोपकी प्रवलतासों एसें स्थितिहे) ओर श्रीकृष्णाश्रयमें कहेहें " नानावादविनष्टेपु सर्वकर्मव्रतादिपु । पापंडैकप्रयत्नेपु कृष्ण एव गतिर्मम " (सर्वकर्म ओर व्रतादिक नानाप्रकारके वादकरिकें नष्ट भये ओर पापंडकोही मुख्य प्रयत्न जामेंहे तामें श्रीकृष्णही मेरी गतिहें) याभांति कलिकाल पायकें मर्यादामार्गके साधन सव नष्ट भये तासों में वैदिककार्यमेंहू नाहीहों ॥ ४ ॥

मूलं–न च व्यावृत्तिराहित्यं व्यावृत्तौ न हरौ मनः।
न त्यागश्चापि सेवार्थं स्वतंत्रस्य तु का कथा॥५॥

शव्दार्थः–व्यावृत्तिरहितपनो नांहीहे, व्यावृत्तिमेंहू हरिमें मन नांहीहे, ओर सेवाके लिये त्यागहू नांहीहे, तो मनकों अपने वश करिकें स्वतंत्र होयवेकी तो वार्त्ता कहा ? ॥५॥ टीका–में अव्यावृत्तहू नांहीहों सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी भक्तिवर्द्धिनीमें कहेहें " अव्या-

को सर्वकार्य सिद्ध होतहे सो मोकों कहा डरहे? या भांति माहात्म्यकीहू स्फूर्ति नांहीहे ॥१४॥ चित्तमें स्नेह होय यह प्रभु प्रसन्न करिवेको वडो साधनहे काहेते जो प्रथम प्रभुमें स्नेह होय पाछें आसक्ति होय, व्यसन होय तव अनुभव होय सो श्रीकृष्णके चरणकमलमें प्रेमहू नांहीहे तो आसक्ति व्यसनादिककी तो कथा कहनकों दुर्लभ हे सो प्रेम, आसक्ति, व्यसन, कव होय सो त्रिविधनामावलीमें कहेहें "वाललीलानामपाठात् श्रीकृष्णे प्रेम जायते। आसक्तिः प्रौढलीलाया नामपाठाद्भविष्यति ॥ व्यसनं कृष्णचरणे राजलीलाभिधानतः। तस्मान्नामत्रयं जाप्यं भक्तिप्राप्तीच्छुभिः सदा" [वाललीलाके नामके पाठतें श्रीकृष्णमें प्रेम होयहे, प्रौढलीलाके नामके पाठतें आसक्ति होयगी, राजलीलाके नामसों श्रीकृष्णके चरणारविंदमें व्यसन होय तासों भक्तिकी प्राप्तिकी इच्छावारेनकों सदा तीन्यो नाम जपकरिवेयोग्यहें,] तासों तीन्यो नामके पाठ मन लगायकें करे तव निश्चय पुष्टिभक्ति सिद्ध होय, ओर भक्तिवर्द्धिनीमें कहेहें "ततः प्रेम तथासक्तिर्व्यसनं च यदा भवेत्" (तासों प्रेम, तथा आसक्ति, ओर व्यसन जव होय सो शास्त्रमें वीज कह्योहे) सो मोमें स्नेहहू नांहीहे १५ ताकरिकें श्रीकृष्णके चरणमें आसक्ति नांहीहे १६ ओर व्यसनादिककी कथाहू दुर्लभहे १७ ॥ ३ ॥

मूलं–भक्तिमार्गप्रवेशो न धर्ममार्गे न च स्थितिः।
देशादिशुद्धभावो न कालदोपान्न वैदिकम् ॥४॥

शब्दार्थः–भक्तिमार्गमें प्रवेश नांहीहे, ओर धर्ममार्गमें स्थिति नांही, देशादि शुद्धभाव नांही, कालदोपतें वैदिक नांही, ॥ ४ ॥

टीका–यह पुष्टिमार्ग सर्वोपरहे तामें मेरो प्रवेशहू नांहीहे काहेतें जो श्रीवल्लभाचार्यजीके भक्तिमार्गमें ब्रह्मादिक शिवादिकको प्रवेश नांहीहे सो गोपालदास वल्लभाख्यानमें गायेहें "एवो मार्ग श्रीवल्ल-

संयम [निरोध] नांही अभक्तनमें उदासीनता नांही, गृहादिकनमें अनासक्ति नांही॥५॥टीका–श्रीकृष्णकेविरहकी स्फूर्तिहू नांहीहे काहेतें जो श्रीकृष्णके विरहकी स्फूर्ति सर्व वैदिक लौकिक कार्यकी विस्मारकहे सो काहेतें विरहतें दैन्य होय जेसें रासपंचाध्यायीमें प्रभु अंतर्धान भये तब मुख्यभक्तको विरह भयो तब दैन्यतें कह्यो " हा नाथ ! रमण ! प्रेष्ट ! क्वासि क्वासि महाभुज ! दास्यास्ते कृपणायामे सखे दर्शय सन्निधिम् " [हा नाथ ! रमण ! प्रिय ! कहांहो ? कहांहो ? हे बडे भुजावारे ! हे सखे ! आपकी दासी में हों तिनकों सन्निधि बताओ अर्थात् दर्शन देओ] तथा सब व्रजभक्त रुदन करन लागे एसो दैन्य भयो तब प्रभु प्रकटे तातें यह पुष्टिमार्गमें केवल विप्रयोगही फलरूपहे एसे फलरूप विप्रयोगकी स्फूर्तिहू नांहीहे २६ ओर वाणीको तथा नेत्रनको संयमहू नांहीहे सो श्रीभागवतमें कहेहें " बर्हायिते ते नयने नराणां लिंगानि विष्णोर्न निरीक्षतो ये । जिह्वासती दार्दुरिकेव सूत ! न चोपगायत्युरुगायगाथाः " [जो नेत्र भगवानके चिह्नकों नांही दर्शन करतहे सो नेत्र मोरकी चंद्रिकावत् (अर्थात् कछु आपकों उपयोगके नांही) ओर जो जिह्वा उरुगाय (बोहोतने गाये एसे भगवान्) की कथाको गान नांही करतहे सो जिह्वा दुष्ट दादुरकी नॉई (व्यर्थ) रटिवेवारीहे] यह दोष महा बाधकहे काहेतें जो वाणीको निरोध न होय तो मुखरता दोष होय ओर नेत्रनसों दोष देखनों यामें हृदय दोषरूप होतहे तातें वाणी ओर नेत्रको अवश्य निग्रह चाहियें सो नांहीहे २७ ओर भगवानके जो भक्त नांही तिनमें उदासीनता चहियें तथा भगवदीयमें स्नेह चाहियें काहेतें जो इनके संगतें यह पुष्टिमार्गको फल सिद्ध होतहे यह निश्चय सिद्धांतहे सो भगवदीयसों स्नेह नांही ओर अभक्तमें उदासीनता नांहीहे तासों यह मार्गमें आवेश केसें होयगो?

वृत्तो भजेतकृष्णं पूजा श्रवणादिभिः ” (अव्यावृत्त होयकें पूजा (सेवा) ओर श्रवणादिक करिकें श्रीकृष्णकों भजे] याभांति अव्यावृत्त होय भगवद्धर्म [सेवा] करे कथा सुने सो अव्यावृत्तहू नांही २२ व्यावृत्ति करतमेंहू हरिमें चित्त चहियें सोहू श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी भक्तिवर्द्धिनीमें कहेहें “ व्यावृत्तोऽपि हरौ चित्तं श्रवणादौ यतेत् सदा” [व्यावृतियुक्तहू स्थापे ओर सदा हरिमें चित्तकों श्रवणादिकमें यत्न करें] याप्रकार व्यावृत्ति करतमेंहू भगवानमें मन नांहीहे जेसें संतदासजी कोडी वेचतें काहूतें वोलतें नांही, २३ ओर भगवत्सेवार्थ देह, इंद्रिय, मनतें लौकिक वैदिकको त्याग नांहीहे जो त्याग न होय तो सेवा न वने सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी सेवाफलमें कहेहें “उद्वेगः प्रतिवंधो वा भोगो वा स्यात्तु वाधकः ” [उद्वेग प्रतिवंध[1] ओर भोग[2] यह वाधक है] जो वाधकहे ताको त्याग करनो सोहू सेवाफलमें कहेहें “ वाधकानां परित्यागो भोगेऽप्येकं तथा परम् ” [वाधकनको परित्याग करनो भोगमेंहू लौकिकको त्याग करनो] उद्वेग प्रतिवंध, भोग, [विपयार्थ आछो खानपान] ताको त्यागहू सेवार्थ नांहीहे २४ स्वतंत्र नांहीहों देह इंद्रियनके वश्यहों काहेतें जो विपयादिक भोगको त्याग नांहीहे ताकों स्वतंत्रकी कथा कहा ? या भांति मन सबठोरतें (लौकिक वैदिकतें) स्वतंत्र होय के प्रभु शरण नांहीहे ॥२५॥५॥

मूलं—न कृष्णविरहस्फूर्तिः संयमो न च वाग्दृशोः ।
नौदासीन्यमभक्तेपु नानासक्तिर्गृहादिषु ॥ ६ ॥

शब्दार्थः—श्रीकृष्णके विरहकी स्फूर्ति नांही, वाणी ओर मनको

१ प्रतिवंध दोयप्रकारकोहे साधारण ओर भगवत्कृत तामें साधारण प्रतिवंधको त्याग अपनतें होयसके सो करनो.

२ भोग दोयप्रकारको हे लौकिक ओर अलौकिक तामें लौकिकभोगको त्याग करनो ओर अलौकिकतो मुख्यफलरूपहे.

जवाव देहोगे इतनो सुनतही छीतस्वामी कहे जो मेरे भाये तो तुमही म्लेच्छहो जा आजुपाछें तेरो मुख न देखूंगो ऐसें कहिकें वरसोंदीहू छोडि चले आये, याभांति अपने स्वधर्मकी रक्षा करे, काम, क्रोध, मद, मत्सर तासों रक्षा करे सो में तो कोई प्रकार स्वधर्मको परिग्रह नांही करतहों ३१ ओर यह पुष्टिमार्गतें अन्य धर्म जितनेहें सो सगरे पुष्टिमार्गीय वैष्णवको वाधकहे सो में अन्य धर्मतें निवृत्त नांहीहों ३२ ऐसें वत्तीस दोप संयुक्त में हों सो हे मेरे स्वामी श्रीकृष्ण ! तुम मेरे स्वामी हो सो कहा करोगे ? त्याग करोगे के अंगीकार करोगे ? सो मोकों नांही जानि परतहें ॥७॥ अव श्रीहरिरायजी कहतहें जो उपर दोप कहे सो वत्तीसहीहे एसें मति जानियो में दोपको निधानहों अपार दोपहे गिनत गिनत जिनको पार न होय इतने दोपहें ओर सुंदर गुणकरि रहितहों एकहू गुण मोमें नांहीहे सो प्रभु कहा करेंगे ? याभांति निःसाधनताकी भावना नित्यही कर्त्तव्यहे काहेतें जो निःसाधन होय तापर दया करी तिनके हृदयमें प्रभु पधारि अनुभव करावें ॥८॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं सप्तत्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३७ ॥

शिक्षापत्र ३८.

अष्टत्रिंशत् शिक्षापत्रमें व्यापिवैकुंठमें भगवान् पूर्णानंदहें ओर रमावैकुंठमें विभूतिरूपहे, जेसें व्यूहरचनामें स्थित पुरुप कोईको प्राप्त नांही होयहें तेसें व्यूहमध्यमें स्थित पुरुपोत्तम अभक्तनकों गम्य नांहीहे,

२८ ओर गृहादिक कार्यमें मनकरि आसक्त होय यह महा बाधकहे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी ठोरठोर दूषण कहेहें ओर श्रीभागवतमेंहू सबठोर प्रसिद्धहे जो गृहादिक लौकिक कार्यमें आसक्तहे तिनकों भगवानके धर्म दुर्लभहे तासों गृहादिकनमें अनासक्ति चहियें (अर्थात् आसक्ति न चहियें) सो नांहीहे में गृहादिकनमें आसक्तहों २९ ॥६॥

मूलं–नाहंकारादिराहित्यं न स्वधर्मपरिग्रहः ।
नान्यधर्मनिवृत्तिश्च किं करिष्यति मत्प्रभुः ॥ ७ ॥
मयि दोषनिधाने तु सर्वसद्गुणवर्जिते ।
निःसाधनत्वमेवं हि स्वस्य नित्यं विभावयेत्॥८॥

शब्दार्थः–अहंकारादिकनसों रहितपनों नांही, अपने धर्म जो भक्तिमार्ग ताको सबओरतें ग्रहण नांही ओर अन्यधर्मकी निवृत्ति नांही उपर कहे सगरे दोषको निधान (भंडार)रूप ओर सर्व सद्गुणकरि वर्जित मेंहों तापें मेरे प्रभु (स्वामी श्रीकृष्ण) कहा करेंगे एसे नित्य अपनी निःसाधनताकी भावना करनी ॥ ७ ॥ ८ ॥ टीका–अहंकार भक्ति-मार्गमें बाधकहे सो विवेकधैर्याश्रयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " अभिमानश्चसंत्याज्यः स्वाम्यधीनत्वभावनात् " [स्वामीके आधी-नताकी भावनासों अहंकार आछीरीतसों छोडनो] स्वतंत्र होय सो अहंकार करे दासको धर्म नांही तासों दास होयके अहंकार करे तो दास-धर्म जात रहे तातें दासकों तो अपने स्वामी श्रीकृष्णके अधीनत्वकी भावना कर्त्तव्यहे सो में अहंकारकरि रहित नांही हों ३० ओर पुष्टिमार्गीय वैष्णवकों अपने धर्मको परिग्रह चहियें दृढता चहियें जेसें छीतस्वामीसों बीरबलने कहिजे तुम पदमें श्रीगुसांईजीकों श्रीठाकुरजीको रूपकरिके गावतहो सो देशाधिपति पूछेगो तो कहा

जवाव देहोगे इतनो सुनतही छीतस्वामी कहे जो मेरे भाये तो तुमही म्लेच्छहो जा आजुपाछें तेरो मुख न देखूंगो ऐसें कहिकें वरसोंदीहू छोडि चले आये, याभांति अपने स्वधर्मकी रक्षा करे, काम, क्रोध, मद, मत्सर तासों रक्षा करे सो में तो कोई प्रकार स्वधर्मको परिग्रह नांही करतहों ३१ ओर यह पुष्टिमार्गतें अन्य धर्म जितनेहें सो सगरे पुष्टि-मार्गीय वैष्णवको वाधकहे सो में अन्य धर्मतें निवृत्त नांहीहों ३२ ऐसें वत्तीस दोप संयुक्त में हों सो हे मेरे स्वामी श्रीकृष्ण ! तुम मेरे स्वामी हो सो कहा करोगे ? त्याग करोगे के अंगीकार करोगे ? सो मोकों नांही जानि परतहें ॥७॥ अत्र श्रीहरिरायजी कहतहें जो उपर दोप कहे सो वत्तीसहीहे एसें मति जानियो में दोपको निधानहों अपार दोपहे गिनत गिनत जिनको पार न होय इतने दोपहें ओर सुंदर गुणकरि रहितहों एकहू गुण मोमें नांहीहे सो प्रभु कहा करेंगे ? या-भांति निःसाधनताकी भावना नित्यही कर्त्तव्यहे काहेतें जो निःसाधन होय तापर दया करी तिनके हृदयमें प्रभु पधारि अनुभव करावें ॥८॥

इति श्रीहरिरायजीकृतं सप्तत्रिंशत्तमं शिक्षा-पत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषा-टीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३७ ॥

शिक्षापत्र ३८.

अष्टत्रिंशत् शिक्षापत्रमें व्यापिवैकुंठमें भगवान् पूर्णानंदहें ओर रमावैकुंठमें विभूतिरूपहे, जेसें व्यूहरचनामें स्थित पुरुप कोइको भास नांही होयहें तेसें व्यूहमध्यमें स्थित पुरुपोत्तम अभक्तनकों गम्य नांहीहें,

भावात्मक प्रभुतो सदाही रसात्मक लीला करेहें अन्यकार्य नांहींकरेहें, ओर भूभारहरणादिक तो अंशको कार्यहे. धर्मिमात्र अपनी मर्यादा रहित व्रजमेंहे ओर सर्वधर्मविशिष्ट मर्यादासहित मथुराजीमेंहे, परमानंदरूप वाललीलादिभेदसों उच्छृंखललीला व्रजमें करी सो सर्वलीलामें रसरूपपनों गूढभावसों वर्णितहें एसें मूललीलायुक्त मूलरूप श्रीकृष्णमें निरंतर चित्त स्थापन करनों सोहि अपनें मार्गकी सेवाहे इनकी सिद्धिके लिये तनुजा, वित्तजा, सेवा करनी, ओर तादृशीयभक्तनके संग निवेदनको अनुसंधान करनों, यह पुष्टिमार्गप्रवर्त्तक श्रीआचार्यजीमें सुदृढ स्नेह राखनों, ओर इनके मार्गमें दृढ विश्वास राखनों तासों सर्व सिद्ध होयगो. उपर कहे जो अपनें दोषकी भावना करिं निःसाधन होयरहे दैन्य करे तो आगें उह वैष्णवकों कहा कर्त्तव्यहे ? सो वर्णनहे तामें यह व्रजमें भावात्मक रसात्मक पूर्णपुरुषोत्तम श्रीकृष्ण सदा भक्तनके संग लीला करतहे एसें श्रीकृष्ण सर्वोपरिहे तिनको अनुभव होय तब सर्व फल सिद्ध भयो यह निरूपणहे.

मूलं—कृष्णे रसात्मके नित्यं गोपिकामंडलस्थिते ।
यमुनापुलिनांतस्थवृंदावनविराजिते ॥ १ ॥
नित्यगानरसाविष्टे विशिष्टेऽक्षरतः क्षरात् ।
भावैकगम्ये सर्वत्र प्रसिद्धे पुरुषोत्तमे ॥ २ ॥
यस्यावतारः पुरुषः आद्यो ब्रह्मांडविग्रहः ।
तस्यांशा एव ये भूमौ मत्स्याद्या इति बुध्यताम् ॥३॥

शब्दार्थः—श्रीकृष्ण कैसेंहे रसात्मक, नित्य गोपिकानके मंडलमें विराजित, श्रीयमुनाजीके पुलिनके समीपमें श्रीवृंदावनमें विराजित

---

१ व्रजमें वाललीलामें सब भक्तनको कह्यो करतहें तहां आप पूर्णपुरुषोत्तमहें मर्यादा नांही राखीहे सो आगे निरूपणहे.

॥ १ ॥ नित्य गानरसमें आविष्ट, क्षर ओर अक्षरतें श्रेष्ठ, (भक्तनकों) भावगम्य, सर्वत्र प्रसिद्ध, पुरुषोत्तम स्वरूपहें ॥ २ ॥ जिनको आद्य अवतार ब्रह्मांडस्वरूप पुरुषहे (जिनकों विराट्पुरुष कहतहें) भूमिपें मत्स्यादिक अवतारहें सो उहपुरुषकेही अंशहें एसें " उपर दोयश्लोकसों निरूपण किये ऐसें" श्रीकृष्णमें वुद्धि राखनी॥३॥टीका–यह श्रीवल्लभाचार्यजीके पुष्टिमार्गमें रसात्मक श्रीकृष्ण सेव्यहें सो कोनप्रकार व्रजमें विराजतहें सो कहतहें जो गोपीजन (व्रजभक्त)के मंडलमें स्थितहें श्रीकृष्ण रसात्मकहें सो याभांति नित्य श्रीस्वामिनीजीके संग रासादिलीला करतहें सो लीला कोनसी ठोर करतहें सो कहतहें श्रीयमुनाजीके पुलिनके मध्य श्रीवृंदावनमें विराजतहें. " कृष्णो रसात्मको नित्यं गोपिकामंडले स्थितः । यमुनापुलिनांतस्थवृंदावनविराजितः ॥ १ ॥ नित्यगानरसाविष्टो विशिष्टोऽक्षरतःक्षरात्। भावैकगम्यैः सर्वत्र प्रसिद्धः पुरुषोत्तमः ॥ २ ॥ " ऐसें दोयश्लोकमें पाठभेदहे ताके अनुसार अर्थः–श्रीकृष्ण रसात्मक हें, नित्य गोपिकानके मंडलमें विराजितहें, श्रीयमुनाजीके पुलिन (तट) के समीप श्रीवृंदावनमें शोभितहें ॥ १ ॥ नित्यगानरसकरि आविष्टहें, क्षर तथा अक्षरतें श्रेष्ठहें (भक्तनके) भावकरिकेंही गम्यहें ओर सर्वत्र प्रसिद्ध श्रीपुरुषोत्तमहें जेसें श्रीकृष्ण रसात्मकहें तेसें श्रीयमुनाजी रसात्मकहें तेसेंहि श्रीयमुनाजीके पुलिन रसात्मकहें पुलिनके मध्य श्रीवृंदावनहू रसात्मकहें तहां भक्तनसहित श्रीकृष्ण विराजेहें सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी श्रीयमुनाष्टकमें कहतहें 'तटस्थनवकाननप्रकटमोदपुष्पांबुना सुरासुरसुपूजितस्मरपितुः श्रियं बिभ्रतीम् " [तटमें रहे एसे नवीन वनके प्रकट सुगंधयुक्त पुष्पके मकरंदसूं सुर[1] ओर असुरनें[2] पूजित एसें

१ शुद्धभाववारे सो सुर. २ मानादिक करिवेवारे सो असुर.

वैकुंठवासी विष्णुहे सो (पूर्णानंद हरिकी) विभूतिहे जिनकी वैष्णवी रमा[लक्ष्मी] शक्तिहे सो वैकुंठमें पालन करिवेवारी हे एसें जाननों ॥५॥
टीका—अक्षरधामहे सो व्यापिवैकुंठहे भीतर प्रभु विराजतहें सो लोकालोकपर्वततें परे जहां अर्जुनकों लेजाय दर्शन कराये सो सवनको मूलहे इनकी व्यापिवैकुंठ संज्ञा (नाम) हे सो व्यापिवैकुंठ सवमें व्यापकहे ताकी भीतर प्रभु विराजतहे जेसें भूमिपर पुष्टिमार्गकी रीतिसों प्रभु विराजें लीलाको अनुभव होय सो व्यापिवैकुंठ सवमेंहे तोहू न्यारो अनुभव होतहे तामें प्रभुके दर्शन [भीतर] होतहे तेसेंई अक्षर सवमें व्यापकहे ओर सवतें न्यारोहे ताकी भीतर (भक्तनकों) प्रभुको अनुभव होतहे. जेसें ॐकार सवतें न्यारोहे ओर सव वेदको मूलहे तथा सवमें रह्योहे तेसें व्यापिवैकुंठहे. ताहीतें ज्ञानीकी दृष्टि व्यापि वैकुंठताँई पोहोंचतहे सो सवठोर व्यापक मानतहें तातें इनकों दासभाव छुटिजातहे ओर भक्तनकूं सवठोर व्यापकहे तिनको तथा न्यारोहें तिनकोहू अनुभवहे तासूं व्यापककों जानिकें न्यारो अनुभव होय तहां मानतहे अपनकों दास जानतहें. एसें अक्षरधाम वैकुंठमें ब्रह्मानंदरूप लक्ष्मीहे तातें अक्षरब्रह्मके उपासनावारे ब्रह्मानंदरूपलक्ष्मीजीमें मुक्त होतहें इनकों पूर्णानंद हरिको पृथक् अनुभव नांही होतहे इनकों ब्रह्मानंदही मोक्षहे ॥४॥ ओर एक रमावैकुंठहे जहां सनकादिकनें जयविजयकों शाप दियो यह वैकुंठ अक्षरधामकी विभूतिहे तहांके वासी विष्णु हे सो पूर्णानंदहरिकी विभूतिहे तहांकी लक्ष्मी पालिका शक्तिहे पुरुषोत्तमकी द्वादश शक्ति हे तामें यह पालिका शक्तिहे याप्रकार जहां जेसें प्रभु विराजतहें तहां तेसेंही लक्ष्मी विराजतहें श्रीकृष्णावतार सवको मूलभूतहे सो प्रकार आगें कहतहें ॥५॥

---

१ श्री, पुष्टि, गिर्, कांति, तुष्टि, कीर्ति, इला, ऊर्ज्जा, विद्या, अविद्या, शक्ति, माया यह द्वादशशक्ति जाननी.

मूलं-मूलभूतस्यावतारे मूर्तिव्यूहोभिधीयते।
प्रद्युम्नो वासुदेवश्चानिरुद्धोऽनंत एव च ॥ ६ ॥
व्यूहं विरच्य यस्तत्र स्थाप्यते प्राप्यते न सः।
तथैतैरावृतःकृष्णो नावतारेऽवगम्यते ॥ ७ ॥

शब्दार्थः-मूलभूत (श्रीकृष्ण) के अवतारमें अथवा अवताररूप मूर्तिव्यूह कहियतहे प्रद्युम्न, वासुदेव, अनिरुद्ध, ओर संकर्षण ॥६॥ यह व्यूहकों रचिकें जो इनमें स्थापन कर्यो जातहे सो नांही प्राप्तहोयहें तेसें यह व्यूह करिकें आवृत्त श्रीकृष्ण अवतारमें नांही गम्य होतहें ॥७॥ टीका-अब वसुदेवदेवकीजीके इहां प्रकटहें सो कहतहें सर्व अवतारनको मूलभूत यहहे सो मूर्त्ति तो एकहे ओर चतुर्व्यूह प्रकट भयेहें तासों चतुर्भुज प्रकटेहें सो व्यूहके नाम कहतहें. प्रद्युम्न, वासुदेव, अनिरुद्ध, ओर संकर्षण, तामें श्लोकमें चकारहे तासों यह जाननों जो श्वेतकेश ओर श्यामकेश इनही सहित पट्प्रकारको स्वरूप प्रकट भये सो दुष्टनके नाशकरणार्थ मोक्षदानार्थ वंशवृद्ध्यर्थ, ओर भक्तनकी रक्षाकरणार्थ. इत्यादिक अनेक कारणहे इन चार्यो व्यूहनके भीतर पुरुषोत्तमहें तिनकों जन्म (अवतार) नांही सो श्रीभागवतमें कहेहें "जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो यदुवरपरिषत्स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्मम्। स्थिरचरवृजिनघ्नः सस्मितश्रीमुखेन व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम्" [जिनके निवासरूप तथा जनहे निवासको स्थानक जिनको; देवकीजीके इहांहे जन्मको वाद (नाम कथन) मात्र, जिनको; यदुकुलके सब वडे यादव हें सभा जिनकी अपने श्रीहस्तन-

---

१ व्यूहके भीतर आप विराजतहें. २ संकर्षणरूप. ३ वासुदेवरूप. ४ प्रद्युम्नरूप. ५ अनिरुद्धरूप. यह चारो व्यूहके चार कार्य मुख्य ओर अनेकहें.

सों अधर्मको नाश करिवेवारे, स्थावर जंगमके दुःखको मिटायवेवारे व्रज तथा पुरकी स्त्रीयनेकों हास्ययुक्त मुखारविंदतें कामदेवकों वढायवेवारे श्रीकृष्ण सवतें अधिक विराजेहें] इत्यादिक वचनसों देवकीजीके उदरतें जन्म कथनमात्रहे जेसें पूर्वदिशातें चंद्र सूर्य प्रकटे या प्रकार जाननों ॥ ६ ॥ या प्रकार चतुर्व्यूहकों रचिकें आपु श्रीकृष्ण भीतर स्थापित विराजतहें. तहां कोई कहे जो एसें श्रीकृष्णसहित चतुर्व्यूहहें तव चतुर्व्यूहको पूजन करियें इतनें श्रीकृष्णको भयो याप्रकार कोई संदेह करें तहां कहतहें जो यद्यपि व्यूह करिकें आवृत श्रीकृष्णहें तोहू इन चार्यों व्यूहअवतारनकी उपासना पूजनतें श्रीकृष्ण अवगाहे न जाय काहेतें जो पूर्णपुरुषोत्तम श्रीकृष्ण सर्वमेंहें ओर सवतें न्यारेहें तातें व्यूहहे सो पुरुषोत्तमके आज्ञाकारीहें जितनी प्रभुकी आज्ञाहे तितनों कार्य करिकें फेरि अपने धाममें पधारेंगे ओर श्रीकृष्णतो नित्य लीलाविनोद करतहें तातें व्यूहकी उपासनाकरि स्वर्गलोक तथा सारूप्य, सामीप्य, सायुज्य, सालोक्य यह चार प्रकारकी मुक्ति मिले मुख्यफल भक्तिरसकी प्राप्ति नांही. तातें सर्वोपरि श्रीकृष्णहीहे तिनहीकी न्यारी भक्ति करे मिलिभक्तिमें फलकों न्यूनता प्राप्त होतहे या प्रकार जीव सत्संग विना श्रीकृष्णके माहात्म्यकों जानत नांही सो कहतहे ॥ ७ ॥

मूलं—अत एव जना भ्राताः प्राकृतं तं वदंति हि ।
अंशकार्यं मूलरूपे कल्पयंत्यज्ञतां गताः ॥ ८ ॥

---

१ श्रीवृंदावनकेवृक्ष जो स्थावर हते तिनकोहू वेणुद्वारा सुधासंबंध भयो तव जडत्वको दुःख मिट्यो. २ ग्राम्य ओर नगरकी स्त्रीको समान अनुभव न होय परंतु इहां तो ग्राम्यको विशेप अनुभव भयो. ३ पूर्वदिशाते चंद्र तथा सूर्य प्रकटतहें तामें दिशाको कछु संबंध नांही, मार्गहे तैसेहि श्रीदेवकीजीते प्रभुको प्राकट्यहे.

शब्दार्थः–तासोंही मनुष्य भ्रांत होयगयेहें सो श्रीकृष्णकों प्राकृत कहतहें अज्ञताकों प्राप्तभये एसे जीव अंशको कार्य फलरूपमें कल्पतहें ॥ ८ ॥ टीका–अंश जो चतुर्व्यूहहे सो अनेक लीला जगतमें करतहें मथुरातें भाजिकें फेरि कहूं सोच करतहें काहूकी टहल करतहें मिलिकें अनेक प्रकारके विचार करतहें यह लीला देखिकें कितनेक जीव जो अज्ञानी हे सो मूढ मोहके वसतें प्राकृतकीनाँई श्रीकृष्णकों जानत हे अवतारदशामें कोईएक भगवदीय प्रभुकों जानत हते ओर कोई न जानतो सो अब कलिके जीवकी कहाहें ? काहेतें जो अंशावतारके लीलाको कार्य देखी सवकोई यह कहतो जो श्रीकृष्णनें यह कार्य कियो एसें अज्ञानसों मिथ्या कल्पना करि मूलरूप श्रीकृष्णको नाम कहतहें ताहीतें सवनको नाश भयो एक उद्धवजी भक्त हते सो शापतें छुटे तातें श्रीकृष्णकी भक्ति होनी अति दुर्लभहे श्रीकृष्णकों केवल आनंदमय रसात्मकलीलाकर्त्ता जाने ओरठोर जेसो कार्य तेसी व्यूहकी लीला जाने यह भाव दृढ रहे तव श्रीकृष्णमें भाव उपजे सो श्रीकृष्ण केसे हें सो आगें वर्णन करतहें ॥ ८ ॥

मूलं–कृष्णस्तु केवलं लीलां करोति रसरूपिणीम् ।
भूभारहरणं चक्रे कलाभ्यामेव[1] सर्वथा ॥ ९ ॥

शब्दार्थः–श्रीकृष्ण तो केवल रसरूप लीला ही करतहें ओर भूभारहरण सर्वथा कलाकरिकेंही कियोहे ॥ ९ ॥ टीका–श्रीकृष्ण तो सदा सर्वदा व्रजभक्तनके संग रसरूप लीला करतहें सो कहिवेमें नांही आवतहे जो निजजन श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजीके अंतरंग भक्तहें तिनकों मनमें अनुभव करिवेयोग्यहें तातें (मानादि विहारादि)

---

१ ‘ कलाभ्यां ’ यह द्विवचनतें श्रीवसुदेवजीके यहां रामकृष्ण दोय केशव स्वरूप प्रकट भयेहें सो जानने.

रसरूप लीला कहें याभांति श्रीकृष्ण तो सदा सर्वदा श्रीवृंदावनमें विराजतहें ओर पृथ्वीपर दैत्य, राक्षसके पाप होतहें सो भूभारहरणार्थ श्रीकृष्ण कलावतार धरिकें दुष्टनकों मारि देवतानकी रक्षा करतहें याभांति व्रजमें नित्य एकरस लीलाहे कला करि सृष्टिहूको कार्य करतहें ॥९॥

मूलं–परमानंददानं तु स्वरूपेणेति निश्चयः ।
व्रजस्थ एव सततं पुरस्थो वा कृपापरः ॥ १० ॥
तत्रापि रूपभेदेन क्रीडति स्म तथा रसः ।
धर्मिमात्रं स्वमर्यादारहितं केवलं व्रजे ॥ ११ ॥

शब्दार्थः–व्रजमें विराजतहे सो निरंतर परमानंदको दान करतहे ओर मथुराजीमें विराजतहें सो कृपायुक्त होय तब फलस्वरूप करिकें परमानंदको दान करतहें यह निश्चयहे ॥ १० ॥ तामेंहू रसरूप प्रभु रूपभेदकरिकें क्रीडा करतहें अपनी मर्यादारहित केवल धर्मिमात्र रूप व्रजमेंहे ॥ ११ ॥ टीका–परमानंदको दान तो सदा व्रजमें लीलाकर्त्ता श्रीकृष्णहीतें होय ओर मधुपुरी तथा द्वारिकामें स्थित स्वरूपनकी कृपा वहोत होय तब कहूं परमानंदको दान होय, नांही तो उन स्वरूपतें मोक्षको फल होय काहेतें जो व्रजमें स्थित हें सो निरंतर आनंदरूप लीला करतहें ओर पुरीमें स्थितहें सो व्यूहसहित हें तातें जो जीव मथुरास्थ श्रीकृष्णको आश्रय करतहें तिनकों सदा आनंद नांहींहे उन पुरीके स्वरूपद्वारा तेसो फलहे यहस्वरूप मर्यादासहितहे तासों मर्यादामार्गीय रसदान करतहें सो श्रीभगवान् गीताजीमें अर्जुनप्रति कहेहें " ये यथा मां प्रपद्यंते ताँस्तथैव भजाम्यहम् " (जीव जाभावसों जास्वरूपको आश्रय करे तिनकों तेसो फल सिद्ध होय प्रभुहू ताही भावसों ताजीवको भजतहें) तेसोही फल प्राप्त होतहें ॥१०॥ याभांति श्रीकृष्ण अनेक स्वरूप धरि जगतमें ठोरठोर क्रीडा करतहें जहां जेसो

स्थलहे तहां तेसोही स्वरूप हे तहां तेसोही रसहे व्रजमें केवल मर्यादा-रहित धर्मिरूप लोकवेदातीत रसात्मक स्वरूप सदा विहार कर-तहें ॥ ११ ॥

मूलं–सर्वधर्मविशिष्टं तु समर्यादं पुरे मतम् ।
उच्छृंखला तु या लीला केवलेन व्रजे कृता ॥१२॥
परमानंदरूपा सा वाललीलादिभेदतः ।
सर्वत्र रसलीलात्वं गूढभावेन वर्णितम् ॥ १३ ॥

शब्दार्थः–सर्वधर्मयुक्त मर्यादासहित स्वरूप तो मधुपुरी तथा श्री-द्वारकामें मान्योहे ओर जो उच्छृंखल (मर्यादारहित) लीलाहे सो केवल (रसात्मक) स्वरूप करिकें व्रजमें करीहे ॥ १२॥ सो वाललीला-दिकके भेदसों परम आनंदरूपहे सर्वत्र गूढभाव करिकें रसलीलापनों वर्णन कियोहे ॥१३॥ टीका–सर्वधर्मसहित मर्यादायुक्त स्वरूप श्री-मथुराजी तथा द्वारिकामें विराजतहें ओर उच्छलितरसरूप पुष्टिपुरुषो-त्तम व्रजमें [उच्छृंखल लीलायुक्त] हें तातें मधुपुरी द्वारकाके स्वरूपमें तथा व्रजके स्वरूपमें भेदहे तेसो फलमेंहू भेदहे तासों व्रजस्थस्वरूपकी भावना कर्त्तव्यहे ॥१२॥ व्रजमें श्रीयशोदोत्संगलालित श्रीकृष्ण परमा-नंदरूपहे, वाललीला, पौगंडलीला, किशोरलीला, यह सगरीलीला सवठोर रसरूपहीहे सो श्रीगुसाँईजी गूढभावसों ग्रंथमें वर्णन कियेहें ताभावसों सगरी लीला जाननी. सो यह गूढभाव वर्णनमें न आवे अंतरंग भक्तनको मनमें अनुभव करिवेयोग्यहे एसो रसात्मक स्वरूप व्रजमें विराजतहें ॥ १३ ॥

मूलं–कामरूपतया कृष्णे वयो न हि नियामकं ।
एतादृशे मूलरूपे मूललीलासमन्विते ॥ १४ ॥

चित्तं निरंतरं स्थाप्यं सैव सेवा स्वमार्गगा ।
तत्सिद्ध्यर्थंशरीरेण वित्तेनापि विधीयताम्॥१५॥

शब्दार्थः—श्रीकृष्णमें कामरूपपनेतें अवस्था नियामक नांहीहे. एसे मूललीलायुक्त मूलरूपमें चित्त निरंतर स्थापन करनों सोही अपनें मार्गकी सेवाहे ताकी सिद्धिके अर्थ शरीरतें ओर धनतेंहू (सेवा) करनी ॥१४॥१५॥ टीका—व्रजमें श्रीकृष्ण कोटिकामरूप व्रजभक्तनकों सुखदानार्थ प्रकटेहें तासों " साक्षान्मन्मथमन्मथः" एसें रासपंचाध्यायीमें कामदेवके कामदेव कहेहें तहां अवस्थाको नियम नांहीहे जन्मतेंही आनंद रसदान कियेसो श्रीभागवतमें कहेहें "जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो यदुवरपरिषत्स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्मम्। स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मितश्रीमुखेन व्रजपुरवनितानां वर्द्धयन् कामदेवम् " (मनुष्यनके निवासरूप, श्रीदेवकीजीतें जन्मको हे वादमात्र जिनको, (अर्थात् श्रीदेवकीजीतें जन्म लियोहे यह कथनमात्रहे) उत्तम यादव जिनके सभारूपहे, अपने हस्तनसों अधर्मकों मिटायवेवारे स्थावर जंगमके दुःखको निवृत्त करिवेवारे, हास्ययुक्तमुखारविंदसो व्रजके तथा मधुपुरी द्वारिकाके स्त्रीयनकों कामदेवकी वृद्धि करिवेवारे प्रभु सर्वतें अधिकतासों विराजतहें) याभांति व्रजकी वनिताकों कामकी वृद्धि करतहें ओर श्रीगुसांईजी पलनामें कहेहें "मानिनीमानहरणं" श्रीयशोदाजीके आगें पलनामें झुलतहें ओर श्रीस्वामिनीको मानहू मनावतहें [मानहरतहें] याभांति बाललीलाहीमें एककालावच्छिन्न समस्तलीला करतहें यह विरुद्धधर्माश्रय स्वरूप व्रजमेंहे एसें मूलरूप श्रीकृष्ण मूललीला सहित व्रजमेंहे जेसें मूलरूप श्रीकृष्ण सदा एकरस व्रजमें लीला करतहें तेसेंही मूलरूप लीलाहू सदा एकरसहे यह कहिकें यह जताये जो जेसें श्रीकृष्ण नित्यहें तेसे श्रीकृष्णकी लीलाहू

नित्यहे ॥ १४ ॥ उपर कहे एसे श्रीकृष्ण सर्वके मूलरूप रसात्मकहें इनकों निरंतर अपने चित्तमें स्थापन करनें सोहिं रसात्मक सेवा अपने मार्गमेंहे तातें चित्तमें निरंतर एसो प्रभुको लीलासहित अनुभव करे सो मानसी सेवा जाननी. ताकी सिद्धिके अर्थ शरीरसों तथा वित्तसों सेवा नित्य नियमपूर्वक कर्त्तव्यहे सो श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी सिद्धांतमुक्तावलिमें कहेहें " कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परा मता। चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा " (श्रीकृष्णकी सेवा सदा करनी सो मानसी उत्तम मानी हे चित्त प्रभुमें लीन करनो सो सेवा जाननी ताकी सिद्धिके अर्थ तनुजा वित्तजा करनी) यह वचनसों श्रीकृष्णकी तनुजा वित्तजा सेवा नित्य नियमपूर्वक करे तव मानसी सिद्ध होय यह पुष्टिमार्गकी रीतिहें ॥ १५ ॥

मूलं–निवेदनानुसंधानं विधेयं तादृशैः सह।
सत्संग एव कर्त्तव्यो विश्वासः स्थाप्यतां दृढः॥१६॥

शब्दार्थः–निवेदनको अनुसंधान तादृशीय भगवदीयनके संग करनो, सत्संगही करनो, दृढ विश्वास स्थापन करनो ॥१६॥ टीका–एसें श्रीकृष्णमें भाव प्रकट होय ताके अर्थ पुष्टिमार्गीय तादृशीय वैष्णवसों मिलिके निवेदनको अनुसंधान करे तातें सत्संगहू नित्यनियमसों करे ओर भगवदीयनके वचनको अपने मनमें चातकपक्षिवत् दृढ विश्वास राखे तव एसे(श्रीकृष्णके स्वरूपानंदको)अनुभव होय॥१६॥

मूलं–कृष्णः कृपापराधीनो दीनानामनुपेक्षकः।
स्वकीयानामन्यभावात्करिष्यत्यवनं स्वतः॥१७॥

शब्दार्थः–श्रीकृष्ण कृपातें पराधीनहें सो दीनजनकी उपेक्षा नांही करतहें सो अपने जननके अनन्यभावतें स्वतः (आपुतेंही) रक्षा करेंगे ॥१७॥ टीका–श्रीकृष्ण केसेहें जो कृपा करिकें अपने दासके आधी-

नहें सो भगवदीय गायेहें " भक्तविरहकातर करुणामय डोलत पाछें लागे " एसे श्रीकृष्ण प्रसिद्धहें, अर्जुनको रथ हांक्यो, पांडवनके आज्ञाकारी भये, ओर व्रजभक्तनसों तो एकक्षणहू जूदे नांही रहत हें. याभांति श्रीकृष्ण कृपा करिकें अपनें भक्तनके आधीन हें, तातें यह पुष्टिमार्गमें श्रीआचार्यजीद्वारा शरण होय निःसाधन होय दैन्यकरि रहे एसे भक्तनकी उपेक्षा कबहू श्रीकृष्ण नांही करत हें. ओर जेसें संसारासक्त जीव लौकिक वैदिकमें महादुःख पावतहें तिनकी उपेक्षा प्रभु कियेहें (काहेतें जो संसारमें सुख ओर दुःख दोय फलहे सो पुण्यको फल सुख ओर पापको फल दुःखहे सो लोकमें तिनहीकी अपेक्षा राखतहें तातें इनकों लौकिक फल देतहें) तेसें अपने स्वकीय (निजभक्तन) को अन्यथाभाव कोई कालमें कबहू श्रीकृष्ण नांही करतहें सदा भावकी रक्षाही करत आये हें, रक्षा करतहें ओर रक्षा करेंगे. ओरद्वारा कबहू रक्षा न करावेंगे स्वतः (आपु) भक्तनकी रक्षा करतहें एसे कृपालु श्रीकृष्णहें ॥ १७ ॥

मूलं–धर्ममार्गप्रवृत्तिस्तु चित्तशुद्धया यथा हरौ ।
मतिः स्यान्नैव पाषंडे तदर्थं सर्वथेष्यते ॥ १८ ॥

शब्दार्थः–धर्ममार्गकी प्रवृत्ति तो चित्तशुद्धितें जेसें हरिमें मति होय पाखंडमें (मति) नांही होय ताके अर्थ सर्वथाहे ॥ १८ ॥

टीका–धर्ममार्गमें प्रवृत्त भयेतें चित्तशुद्धि होतहे तातें हरिमें शुद्ध मति [भाव] होतहे पाखंडमें मति न होय ताके अर्थ सर्वथा धर्ममार्गमें प्रवृत्तिहे ॥ १८ ॥

मूलं–मार्गप्रवर्त्तकाचार्यचरणेषु निरंतरम् ।
विश्वासः सुदृढः कार्यस्ततः सर्वं फलिष्यति॥१९॥
विशेषो गोवर्द्धनदासपत्राज्ज्ञेयःकिमधिकम् ।

शब्दार्थः–यह पुष्टिमार्गके प्रवर्त्तक श्रीआचार्यजीके चरणकमलमें अतिदृढ विश्वास करनों तातें सब फलरूप होयंगे विशेप गोवर्द्धनदासके पत्रतें जानियो वढती कहा लिखें. ॥१९॥ टीका–पुष्टिमार्गके प्रवर्त्तक श्रीवल्लभाचार्यजीहें तिनके दोयचरणकमलको दृढ आश्रय करनों जावैष्णवकों मनमें दृढ आश्रय होयगो तिनको सगरो फल निश्चय सिद्ध होयगो यामें संदेह नांहीहे तातें सर्वोपरि सिद्धांत यहहे जो श्रीआचार्यजीके चरणकमलको दृढ विश्वास करनों. विशेप समाचार गोवर्द्धनदासके पत्रतें जानियो ॥ १९ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतमष्टत्रिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषाटीकासमेतं समाप्तम् ॥३८॥

शिक्षापत्र ३९.

एकोनचत्वारिंशत् शिक्षापत्रमें, सत्संग करि निरंतर प्रभुमें चित्त स्थापन करनों, प्रथम जो नाम निवेदनके मंत्र सुनेहें तिनके अर्थको अनुसंधान करनों बुद्धि निश्चल करिकें भगवत्सेवा करनी, वैष्णवनको समाधान हे सोही भगवत्सेवाहे प्रभुमें प्रपत्ति बढे सोही करनों, प्रभु दुराराध्यहें सो सेवातेंही वश्य होयहें तासों भगवत्सेवा करिवेवारे जन भाग्यवानहें यह निरूपणहें। ऊपर पुष्टिमार्गमें सेव्य श्रीकृष्ण रसात्मक स्वरूपको वर्णन कियो तिनकी सेवा करनी, भगवदीयको संग करनों, सो प्रकार आगें कहतहें–

मूलं–सत्संगेन प्रभौ चित्तं स्थापनीयं निरंतरम्।
पूर्वं श्रुतानामर्थानामनुसंधानमादरात् ॥ १ ॥

शब्दार्थः—सत्संग करिकें निरंतर प्रभुमें चित्त स्थापन करनों ओर पहिलें सुन जो नाम निवेदनमंत्र तिनके अर्थको अनुसंधान आदरसों करनो ॥१॥ टीका—अव श्रीहरिरायजी कहतहें जो सत्संगकरि प्रभु जो श्रीकृष्ण तिनमें चित्त निरंतर स्थापन करें. सो नवरत्न ग्रंथमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें "निवेदनं तु स्मर्त्तव्यं सर्वथा तादृशै-र्जनैः" याभांति निवेदनको स्मरण तादृशीय भगवदीयके संग मिलिकें करे तव चित्तमें भगवान् निरंतर निश्चय स्थित होय सो एकादशस्कं-धमें श्रीकृष्ण आप श्रीमुखसों उद्धवजीकों कहेहें "न रोधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव ! । न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो नेष्टापूर्त्तं न दक्षिणा॥ व्रतानि यज्ञश्छंदांसि तीर्थानि नियमा यमाः । यथावरुंधे सत्संगः सर्व-संगापहो हि माम्" यह वचनसों भगवान् कहतहें जो में इतनें साधनतें नांही वस होतहों योग, तथा सांख्य न धर्म, न स्वाध्याय, तप त्याग, न इष्टापूर्त्त, न दक्षिणा, व्रत, यज्ञ, छंद, तीर्थ, नियम, यम, इत्यादि अनेक साधन मोकों निरोध नांही करतहें जेसें सत्संग मोकों निरोध करतहे तातें सत्संग वडो पदार्थहे तासों पुष्टिमार्गीय वैष्णवकों सत्संग निरंतर कर्त्तव्यहे. ओर पूर्व जो श्रीवल्लभकुलद्वारा अष्टाक्षर नाममंत्र सुन्योंहें ताकों अर्थसहित अनुसंधान आदरपूर्वक करे जो श्रीकृष्णको नामहे सो सगरे वेदशास्त्रको सार परम रसात्मकहे एसे श्रीकृष्णके में शरणहों यह नाम श्रीआचार्यजीद्वारा प्राप्त भयोहे. याभांति भावना करि नाममें परम आदर राखे अष्टप्रहर लियो करे ॥ १ ॥

मूलं—भगवत्सेवनं सम्यग्विधेयमिति निश्चयः ।
वैष्णवादिसमाधानं कृष्णसेवैव सर्वथा ॥ २ ॥

---

१ जो याके पेहेलें शिक्षापत्र पठायेहें इनके अर्थको अनुसंधान एसोंह अर्थ होयहे.

यतः प्रभोः प्रपत्तिर्हि वर्द्धते कार्यकारणात् ।
सेवयैव हि संतुष्टः सुखसेव्यः प्रभुर्भवेत् ॥ ३ ॥

शब्दार्थः–भगवानकी सेवा आछीभांतिसों करनी यह निश्चय राखनों वैष्णवादिकनको समाधानहे सो सर्वथा श्रीकृष्णकी सेवाहीहे ॥२॥ जासों (एसें श्रीकृष्णकी सेवाहे सो कारणहें ओर प्रपत्तिकी वृद्धि हे सो कार्यहे याभांति) कार्य कारणभावसों निश्चय प्रभुमें प्रपत्ति वढेहे तासों सेवासंतुष्ट प्रभु सुखसेव्य होय ॥ ३ ॥ टीका–सम्यक् प्रकार अत्यंत प्रीतिपूर्वक तथा जाप्रकार पुष्टिमार्गकी रीतिहे ताप्रकार भगवत्सेवा करे यह पुष्टिमार्गीय वैष्णवनको निश्चय सेवाही स्वधर्महे सो नवमस्कंधमें भगवान् कहेहें "मत्सेवया प्रतीतं च सालोक्यादिचतुष्टयम् । नेच्छंति सेवया पूर्णाः कुतोऽन्यत्कालविप्लुतम्" मेरी सेवातें साक्षात्कार भयो एसो भक्त सालोक्यादिक चारप्रकारकी मुक्तिकों नांही इच्छतहें काहेतें जो सेवातें पूर्णहे सो कालमें डूबे एसे स्वर्गादिकके राज्यादिककी इच्छा केसें करे ?) ओर तृतीयस्कंधमें कहेहें "अहो बकीयं स्तनकालकूटं जिघांसयापाययदप्यसाध्वी । लभे गतिं धात्र्युचितां ततोऽन्य कं वा दयालु शरणं व्रजेम" (दुष्ट पूतनानें जिनकों मारिवेके लिये कालकूट [स्तनमें] प्यायो सोहू धात्रीकी योग्य गतिकों प्राप्त भई इन प्रभुसों अन्य एसो कौन दयालुहे जिनके शरण जईयें) ओर अष्टमस्कंधमें ब्रह्माजी कहतहें "यथा हि स्कंधशाखानां तरोर्मूलावसेचनम् । एवमाराधनं विष्णोः सर्वेषामात्मनश्च हि" [जेसें

१ व्रजभक्तनकीनांई शरणागति बढे सो प्रपत्ति बढी जाननी. २ प्रभुकी सेवा ओर वैष्णवनके समाधानतें शरणागतिकी वृद्धि होय तासों कार्यकारणभाव लिख्योहे. ३ जो स्तनपान करायवेवारी होय ताको धात्री कहेहे. ४ अपनेकों दुःखदेयवेकूं आवे वाकूं सुखदे एसो कोन दयालुहे "अर्थात् प्रभु एसे दयालुहें ओर कोउ नांही."

वृक्षके मूलमें जलको सेचनहे सो छोटिवडी सव डारनकों तृप्तिकारकहे तेसें विष्णुकों आराधनहे सो सव देवनकों तथा आत्माकोहू संतोषकारकहे] इत्यादि वचनको भाव विचारि भगवत्सेवा सर्वोपरि मुख्यधर्म जानि प्रीतिपूर्वक नित्य नियमसों करे ओर महाप्रसाद तथा प्रसादी वस्त्रसों वने तितनो वैष्णवको समाधान करे जेसें प्रीतिपूर्वक भगवत्सेवा करे तेसेंही प्रीतिपूर्वक महाप्रसादीवस्तुनसों तादृशीय वैष्णवनको समाधान करे याप्रकार पुष्टिमार्गमें वैष्णव रहे तो प्रभु कृपा करे ॥२॥ प्रभुकी प्राप्तिके अर्थ दीनतासों प्रार्थना करे तो प्रभुकों दया आवे तव कृपा करे, भक्तिकी वृद्धि होय, सो श्रीगुसाँईजी विज्ञप्तिमें कहेहें "यद्दैन्यं त्वत्कृपाहेतुर्न तदस्ति ममाण्वपि । तां कृपां कुरु राधेश ! यया तद्दैन्यमाप्नुयाम् ॥ प्रियसंगमराहित्याद्व्यर्थाः सर्वे मनोरथाः । निरपत्रपतासिद्ध्यै जीवामि सखि सांप्रतम् ॥ चित्तेन दुष्टो वचसापि दुष्टः कायेन दुष्टः क्रियया च दुष्टः । ज्ञानेन दुष्टो भजनेन दुष्टो ममापराधः कतिधा विचार्यः ॥ विज्ञप्तौ वापराधे वा पापंडे वा मदुक्तयः । पर्य्यवस्यंति कुत्रेति न जानेऽहं विमूढधीः ॥ वलिष्ठा अपि मद्दोषास्त्वत्कृपाग्रेतिदुर्वलाः । तस्या ईश्वरधर्मत्वात् दोषाणां जीवधर्मतः ॥ त्वद्दर्शनविहीनस्य त्वदीयस्य तु जीवितम् । व्यर्थमेव यथा नाथ ! दुर्भगाया नवं वयः" [जादैन्यतें आपकी कृपा होय सो दैन्य मोकों अणुमात्रहू नांहिंहे तासों हे श्रीराधेश ! एसी कृपा करो जा कृपाकरि एसो दैन्य प्राप्त होय ॥ पतिके संगम विना सर्व मनोरथ व्यर्थहे तासों हे सखि ! निर्लज्जपनेकी सिद्धिके अर्थ अव में जीवतहों ॥ में चित्तमें दुष्टहों, वचनतेंहू दुष्टहों, शरीरतें दुष्टहों, क्रियातें दुष्टहों, ज्ञानतें दुष्टहों, भजनतें दुष्टहों. (एमें सर्व प्रकारसों दुष्टहों तासों)

---

१ जा दैन्यमों आपकी कृपा होतहे एसो दैन्य प्राप्त होय एसी कृपा करो.

मेरो अपराध केतेप्रकारको विचारनों ॥ में जो विज्ञप्तिमें कहत हों सो मेरी उक्ति, विज्ञप्तिमें के अपराधमें के पाखंडमें कायमें पर्यवसान होयँगी सो मेरी बुद्धि मूढ होयगईहे तासों में नांहीजानतहों ॥ ४ ॥ मेरे दोष वोहोत वलवानहे तोहू आपकी कृपाके आगें अति दुर्वलहें काहेतें जो कृपाहे सो आप ईश्वरहें इनको धर्महे ओर दोपहे सो हम जीवहें ताको धर्महे सो ईश्वरधर्मके आगें जीवधर्म अतिदुर्वलहे ॥ आपके दर्शनरहित जो आपको जीवहे ताको जीवित हीनभाग्यवारी (विधवा) के नवीन अवस्थाकीनांई हेनाथ ! व्यर्थहीहे] याभांति अनेकभावसों प्राप्तिके लिये दीनतासों प्रार्थना करे जो में महादुष्टहों, आप मेरे प्रभुहो, श्री आचार्यजीद्वारा संवंध भयोहे सो मोपर कृपा करो याभांति दैन्यतें प्रभुकों दया आवे भावकी वृद्धि होय काहेतें जो भावकी वृद्धिको कारण एक दैन्यहीहे तासों याभांति दीन होय श्रीकृष्णकी सेवा करे तव श्रीकृष्ण संतुष्ट होयजाय ता वैष्णवकों प्रभु सुखसेव्यहे कवहू सेवामें प्रतिवंध न करे कवहू रोगादिक वाधा न करे जन्मभरि प्रभुकी सेवा निर्विघ्नतासों होय सो श्रीगुसांईजी कहेहें " सुखसेव्यो " एसे वैष्णवकों सुखसेव्यहीहें ॥ ३ ॥

मूलं–दुराराध्यस्य सेवैव वशीकरणसाधनम् ।
कृष्णसेवां प्रकुर्वंतो भाग्यवंतो जना मताः ॥४॥

शब्दार्थः–दुराराध्य प्रभुहें इनकों वश करिवेको साधन सेवाहीहे तासों श्रीकृष्णकी जो सेवा करतहें सो जन भाग्यवानहें ॥४॥ टीका– श्रीकृष्ण अत्यंत दुराराध्यहें ब्रह्मादिक शिवादिक कोटानकोटि वर्षतांई अनेक साधन करतहें तव समाधिमें कवहू झांखि होतहे ओर जीवतो अनेक दोपकरि भर्योहे तासों दुष्ट होयरह्योहे तिनकों तो दुराराध्यहीहें वडेवडे योगी अपनें हृदयमें कल्पना करतहें मुनिजन जन्मजन्ममें यत्न

करतहें तिनकों प्रभु दुराराध्यहें तो जीवकी कहा वातहें ? तो हू जो दैवी जीव श्रीआचार्यजीद्वारा शरण आयेहें ओर पुष्टिमार्गकी रीति अनुसार भगवत्सेवा करत हें दीन होय येही साधन करतहें उह भक्तनके वस होतहे तासों जो वैष्णव यह पुष्टिमार्गमें श्रीआचार्यजीद्वारा शरण आय मार्गकी रीति अनुसार सेवा करतहें सो परमभाग्यवंतहें (वडभागीहें) उनहीको जन्म सफलहे सो सप्तमस्कंधमें प्रह्लादजी कहेहें " देवोऽसुरो मनुष्यो वा यक्षो गंधर्व एव वा। भजन्मुकुंदचरणं स्वस्तिमान्स्याद्यथा वयम् [प्रह्लादजी असुरनके बालकनकों कहतहें जो देव, असुर वा मनुष्य, यक्ष अथवा गंधर्व जो मोक्षदेवेवारे भगवानके चरणारविंदकों भजतहे सो जेसे अपने असुरहे तेसे होय तोहू कल्याणयुक्त होयहे]ओर षष्ठस्कंधमें पार्वतीको महादेवजी कहेहें "नारायणपराः सर्वे न कुतश्चन विभ्यति। स्वर्गापवर्गनरकेष्वपितुल्यार्थदर्शिनः"॥(नारायणपरायण सर्वकाहुसो नांही डरपतहे स्वर्ग, मोक्ष ओर नरकमें हू तुल्य अर्थ देखिवेवारेहे] एसे अनन्य भगवद्भक्तसमान ओर कोई नांहीहे ॥ ४ ॥

मूलं—तस्माद्दृढं मनः कृत्वा कृष्णएव हि सेव्यताम्।
अत्रत्यं वृत्तमखिलं वदिष्यति विशेषतः।
श्रीविठ्ठलप्रभोर्दासः श्यामदाससहास्थितः ॥ ५॥
तत्रत्य वृत्तांतोऽखिलो विविच्य लेख्यः किमधिकम्॥

शब्दार्थः—तासों मन दृढ कहिके श्रीकृष्णही सेवने इहांको सब वृत्तांत श्यामदासके संग रह्यो एसो, श्रीविठ्ठलरायजीको दास विशेषसो कहेगो ॥५॥उहांको सब वृत्तांत विस्तार करिके लिखनों विशेष कहा लिखे॥ टीका—सर्वोपर श्रीकृष्णकी सेवा दृढ मन करिके प्रीतिपूर्वक कर्त्तव्यहे सो श्रीभागवतसप्तमस्कंधमें प्रह्लादजी कहेहें

" न दानं न तपो नेज्या न शौचं न व्रतानि च। प्रीयतेऽमलया भक्त्या हरिरन्यद्विडंवनम् " (न दान, न तप, न यज्ञ, न पवित्रता, न व्रत, प्रभुकों प्रसन्न करेहें शुद्ध भक्तिकरि हरि प्रसन्न होयहें दूसरो तो सव विडंवनहे) ओर दशमस्कंधमें उद्धवजी कहेहें ॥ श्लोक ॥ " दानव्रततपोहोमजपस्वाध्यायसंयमैः ॥ श्रेयोभिर्विविधैश्चान्यैः कृष्णे भक्तिर्हि साध्यते (दान, व्रत, तप, होम,जप, स्वाध्याय, नियम, ओर दूसरे जुदेजुदे प्रकारके कल्याणमार्गनतें श्रीकृष्णमें भक्ति सिद्ध होतहे) एकादशस्कंधमें श्रीकृष्ण कहेहें ॥ श्लोक ॥ तत्सर्वं भक्तियोगेन मद्भक्तो लभतेंजसा ॥ स्वर्गापवर्गं मद्धाम कथंचिद्यदि[1] वांञ्छति ॥ [जो योगादिक साधनतें प्राप्त होयहें सो सर्व मेरो भक्त स्वर्ग ओर मोक्षरूप मेरो धाम (व्यापि वैकुंठ) हे तिनकों जो कोयरीतसूं चाहे. सो विनाहीश्रम मेरे भक्तियोगतें पावतहे] याभांति श्रीकृष्णहीकी भक्ति सर्वोपरहे तातें निष्काम होय श्रीकृष्णकी सेवा मन लगायकें कर्त्तव्य ओर इहांके सव वृत्तांत विशेषकरि श्रीगोकुलनाथजीके पुत्र श्रीविठ्ठलरायजीको दास तथा श्यामदास कहेगो सो जानिकें उहांके जो समाचार होय सो अखिल विस्तारपूर्वक प्रतिउत्तर लिखोगे किमधिकम् ॥ ५ ॥

इति श्रीहरिरायजीकृतमेकोनचत्वारिंशत्तमं शिक्षापत्रं श्रीगोपेश्वरजीकृतव्रजभाषा-टीकासमेतं समाप्तम् ॥ ३९ ॥

---

१ भगवद्भक्त मोक्षादिककीहू इच्छा न राखे परंतु कदाचित् इनकी इच्छा होय तो विनाहीश्रम भगवद्भक्तिते मिले.

शिक्षापत्र ४०.

अब चत्वारिंशत्तमशिक्षापत्रमें सर्वसाधनरहित में भयोहों एसें जतायवेकेलिये वोहोत दीनताके वाक्यमें ओर हमारे अधिकारीनें निंदित एक कार्य कियो तातें मनमें वोहोत खेद भयो परंतु फिर शांति भईहे (यह वृत्तांत, संग करनो सो विचारिकें करनो यह जतायेवके लिये लिख्यो हे) अब इनकी उपर मेरी कृपाहू पूर्ववत् हे तातें प्रेमजी उदास भयो हे सो तुम्हारे हू उहांसों इनकी उपर प्रशंसाके जुदेजुदे पत्र लिखने यह निरूपणहे। उपर कहे जो यह पुष्टिमार्गमें श्रीकृष्णकी सेवा सर्वोपरहे साधन फल येही कर्त्तव्यहे सो मोसों कच्छू हू नांही वनसकेहें यह निरूपणहे

मूलं–पत्रद्वारा प्रकरवै स्वदुःखविनिवेदनम् ।
महत्तराख्ये चलिते दूरगेषु भवत्सु च ॥ १ ॥
जानामि निजमार्गस्य धर्मं किंचित्कृपाबलात्।
तदसिद्धिजहृत्क्लेशं को मे दूरी करिष्यति ॥ २ ॥

शब्दार्थः–महत्तरनामको भगवदीय चल्योओर तुम दूर रहे तासों [जो मोकों दुःख भयोहे सो] अपने दुःखकों विशेप वतायवो पत्रद्वारा करतहों ॥ १ ॥ कछुक (वडेनकी) कृपाके वलसों अपने मार्गके धर्मकों जानतहों सो मोकों यह धर्मकी असिद्धितें भयो जो हृदयको क्लेश ताकों कोन दूरिकरेंगो ॥२॥ टीका–अव श्रीहरिरायजी कहतहें जो में अपनों दुःख तुमकों पत्रद्वारा निवेदन करतहों काहेतें जो तुम सर्वलायकहो मेरे प्रियभ्राताहो तातें दुःखसुख तुम विना ओर दूसरे कोनसों कहों ? ओर तुम दूरहो जो पास हते तो

दुःखमें सहायही करते तेसें मोकों तुमारे संगतें दुःखही न होतो तातें यह पत्रद्वारा मेरो दुःख जानोगे, महत्तरहे आख्या [नाम] जिनको एसे भगवदीय मेरे पासतें अपने कार्यार्थ चले सोहू मोकों छोडिकें दूरिगये ओर तुमहू इहांतें दूरिहो अव मिलनकी आशा मोकों नांहीहे तातें पत्रद्वारा अपनो दुःख लिखतहों सो वांचिकें समाचार जानोगे ॥ १ ॥ श्रीआचार्यजी तथा श्रीगुसाँईजीकी कृपाके वलतें निजमार्ग [यह पुष्टिमार्ग] को धर्म कच्छू जानतहों सो [भगवदीय दूरि गये ओर दुःसंग वोहोतहे तासों] सिद्ध न भयो ताकरिकें मेरे हृदयमें अत्यंत दुःख [क्लेश] भयोहे सो कोन दूरि करेंगे सो मोकों जानि नांही परतहे काहेतें जो में सकलसाधनकरिकें रहितहों ओर अनेक दोपतें भयोंहों तातें एसो मेरो दुःख कोन दूरि करेंगे ॥ २ ॥

मूलं–प्रायः पापंडिमुख्योऽहं हरिणा हृदि चिंतितः ।
कृपालुरप्युपेक्षां मे कुरुते दीनवत्सलः ॥ ३ ॥

शब्दार्थः–वोहोत करिकें में पापंडिनमें मुख्यहों एसें हरिनें हृदयमें विचार्योंहों काहेतें जो (हरि) कृपालु ओर दीनवत्सलहे तोहू मेरी उपेक्षा करतहें ॥ ३ ॥ टीका–अत्र श्रीहरिरायजी दीनता होयवेके लक्षण अपने सेवक (पुष्टिमार्गीय वैष्णव)-कों जतायवेके लिये आप निःसाधनपनो कहतहें जो में सगरे पापंडीमें मुख्यहों सो अपने मुखसों में कहा कहो ? हरिहू मोकों पापंडी जानतहे काहेतें जो हरितो सर्वदुःख-हर्त्ता परम दयाल दीनवत्सलहे तोहू मेरी उपेक्षा कीनीहे तातें में जानतहो जो मोको महापापंडी जानिके मेरी उपेक्षा कीनीहे सो अव में कहा करूं ? याभांति दैन्य कर्त्तव्यहे सो विज्ञप्तिमें कहतहे " चित्तेन दुष्टो वचसापि दुष्टः कायेन दुष्टः क्रियया च दुष्टः । ज्ञानेन दुष्टो भजनेन दुष्टो ममापराधः कतिधा विचार्यः ॥ १ ॥ जानामि मंदभाग्योऽहं यदयं

गोकुलेश्वरः। भक्तक्लेशासहिष्णुत्वस्वभावं कुरुतेऽन्यथा॥२॥ श्रीगुसांईजी गोवर्धननाथजीसों कहतहें जो में चित्त करिकें दुष्टहों, वानी करिकें दुष्टहों, काया करिकें दुष्टहों, क्रिया करिकें दुष्टहों, ज्ञान करिकें दुष्टहों, भजन करिकें दुष्टहों, एसें मेरो अपराध कहांताँई विचारोगे ॥ १ ॥ में जानतहों, जो मंदभाग्यवारोहों काहेतें जो गोकुलेश्वर तुह्मारे नामहे सो आगें गाय, गोप, गोपी, सगरे व्रजकी तुमनें रक्षाकरीहे भक्तको क्लेश होय सो आप नांही सहीसको एसो परम दयाल तुह्मारो स्वभावहे सो अव अन्यथा कियो (कठोर भये भक्तकों क्लेशहोय सो अव सहन लागे) सो तुम ईश्वरहो कर्त्तुं, अकर्त्तुं, अन्यथाकर्त्तुं, सर्व सामर्थ्ययुक्तहो तासों चाहो सो करो तुमकों कहा कहियें? में ही मंदभाग्यवारोहों जो मेरे लिये आपकों यह अपनो दयालस्वभाव फेरी कठोर होनो पर्यो इतनो श्रम भयो अव भक्तनके क्लेश सहनलागे याभांति दैन्य ही पुष्टिमार्गमें साधन हे सो भगवदीय दैन्य करि गाये हे हों पतितनको राजा, हों पतितनको ईश, हों पतितनको टीको, हों पतितनको नायक, इत्यादिक दैन्यके वचनतें जीवकों स्वरूप प्रकट किये सो जीव भगवानते न्यारे पडे तव दुष्ट भये ताहीते श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी वालवोधमें कहेहें "जीवाः स्वभावतो दुष्टाः" याभांति श्रीहरिरायजी श्रीगुसाँईजीके भाव अनुसार कहतहे जो में पापंडीमें मुख्यहो एसे मोको प्रभु अपने चित्तमें चिंतन करिके (यद्यपि श्रीकृष्ण दयालहे दीनवत्सलहे तोहू) मेरी उपेक्षा कीयेहे तहां कोई कहे जो प्रभु (श्रीकृष्ण) भक्तकी उपेक्षा नांही करतहे यह शास्त्र, पुराण, श्रीभागवत, गीता, इत्यादिकमें प्रसिद्धहे तासों तुमने केसे जानि जो मेरी उपेक्षा कियेहे? याभांति कोई कहे तहा कहतहे ॥ ३ ॥

मूलं–उपेक्षितश्चेद्धरिणा स्वजनैरप्युपेक्ष्यते।
अतः क यामि शरणं वनस्य इव विस्मृतः ॥४॥

शब्दार्थः-हरिनें उपेक्षा किये तव स्वजन (वैष्णवन) नेंहू उपेक्षा किये तासों वनमें [ओर अपने जननें] विस्मृत कियो ओर आपु मार्गभों भूलि गयो एसो कोनके शरण जाउं ॥ ४ ॥ टीका-श्रीकृष्ण उपेक्षा किये एसें में यातें जान्यो जो मोकों पुष्टिमार्गीय तदीयनें छोडि दियो सो मेनें आगें वडेनके श्रीमुखद्वारा शास्त्रवार्त्ता सुनी हे जो भगवान् प्रसन्न भये कव जानियें? जव भगवदीयको मिलापहोय. ओर भगवान् उदासीन भये कव जानियें? जव भगवदीय छोडिजाय. सो भगवदीय छोडिगये तातें में जानतहों जो मेरी भगवान् उपेक्षाकियेहें. अव में कहा करूं? किनकी शरण जाउं? यह मोकों हृदयमें वडी चिंता भईहे जो भगवान् ओर भगवदीय दोउ मेरी उपेक्षा कियेहें अव में किनकी शरण जाउं? जेसें कोउ गंभीर वनमें भूले परे तव कितकी ओर जाय? कहूं गेल सूझे नांही तव वडी चिंता होय तेसेंहि मोकों वहूत चिंता भई हे. तहां कोई कहे जो प्रभुने उपेक्षा करि छोडि गये तो यह दोप प्रभुहीको तुम जानतहों सो यह भक्तिमार्गकी रीति कहां हे? प्रभु तो निर्दोपहें तुम प्रभुको दोप क्यों ठहराये? या भांति कोई कहे तहां कहतहें ॥ ४ ॥

मूलं-प्रभोरपि न वै दोपो गुणलेशोऽपि नो मयि ।
विस्मृत्य दोपनिचयं यं गृह्णीयाद्गुणग्रहः ॥ ५ ॥

शब्दार्थः-निश्चय करिकें प्रभुकोहू दोप नांहींहे काहेतें जो (प्रभु ग्रहणकरे एसो) मेरेमें गुणको लेशहू नांहींहे परंतु प्रभु जिनकों ग्रहण करेहें तिनके दोपके समूहकों विसरिकें गुणकोंही ग्रहण करेहें काहेतें जो आप गुणग्राही हे ॥ ५ ॥ टीका-अव श्रीहरिरायजी कहतहें जो

१ लौकिकमेंहू जो गुणग्राहीहें सो सामनेके दोपनकों नांही देखतहें केवल गुणकोंही ग्रहणकरतहें ओर जो दोपग्राहीहे सो अपने दोपकों नांही जानतहें सामेवारेमेंही दोपारोपण करतहें.

प्रभुको दोष तो रंचकहू नांहीहे यह सगरोदोष मेरोहें जो मोमें गुणको लेशहू नांही हे ओर दोष नखतें शिखापर्यंत भरे हे सो अपने दोष में विसरिगयोहों तासों मोकों महागुणवंत जानतहों यह अज्ञानता मेरेमें-हीहे सो मेरोही दोषहे प्रभुतो सदा गुणसंयुक्तहें तासों दोषकों नांही देखतहें जिनको अंगीकार करतहें तिनको गुणही देखतहें मोकोंही अज्ञानकरि भ्रम होतहे ॥ ५ ॥

मूलं–यथा निःश्वासरहितं किं करोति सुभेषजम् ।
तथा विगतभावं मां कथासेवादिकं पुनः ॥ ६ ॥

शब्दार्थः–जेसें श्वासरहित मनुष्यकों सुंदर औषध कहा करतहे? तेसें गयोहे भाव जिनकों एसें मोकों फिर कथासेवादिक कहा करे?॥६॥ टीका–जेसें सुंदर भेषजं (ओखद) पुरुषकों देय ओर वा पुरुषके श्वास तो नांहीहे तब वो सुंदर भेषजहू वृथा हे कच्छु अपनो पराक्रम न करे तेसेंहि मेरेमें भावनांहीहे तासों मोकों सेवाकथादिक भगवद्धर्म कहा करे? जेसें पुरुषको प्राण (श्वास) विना सुंदर भेषज (ओखद) वृथा हे तेसेंहि भाव विना सेवाकथादिक क्रियावत् हे तासों कहा फल सिद्धिहे कच्छुहू नांही तातें मोकों दुःखहे ॥ ६ ॥

मूलं–प्रायः कथैव नैषास्ति यतास्तिष्ठति नो हृदि ।
न वानुभावं कुरुते निजं त्यागाभिधं मयि ॥ ७ ॥

शब्दार्थः–वोहोत करिकें यह कथाहू नांहीहे जासों हृदयमें स्थित नांही रहत हे, ओर संन्यासनिर्णयमें (विरह करिकें) त्याग नामको जो अपनो अनुभव कह्यो हे सोहू नांही करतहे ॥ ७ ॥ टीका–

---

१ व्रजवासिनके लिखे पुस्तकनमें भेषजको अर्थ वेष लिख्योहे सो मूलसों विरुद्धहे तासों इहां नांही लिख्योहे. २ भावविना सेवाफलग्रंथमें लिख्यो मुख्यफल न होय तासों कच्छुहू नांही लिख्योहे परंतु गौणफल तो होय.

श्रीकृष्णकी कथा सेवादिकमें यह जीव नांही स्थितहे तब भाव हृदयमें कहांते स्थिर होय ? भगवदीयद्वारा श्रवण करे तब हृदयमें भाव सिद्ध होय सो श्रीभागवतमें द्वितीयस्कंधमें कहेहें "प्रविष्टः कर्णरंध्रेण स्वानां भावसरोरुहम् । धुनोति शमलं कृष्णः सलिलस्य यथा शरत्" (अपने भक्तनके कर्णके छिद्रतें भावरूपकमलप्रति प्रविष्ट श्रीकृष्ण "शरद ऋतु जलको मल मिटावे तेसें हृदयको मल मिटायदेतहें) ओर शुकदेवजी कहेहें " तस्माद्गोविंदमाहात्म्यमानंदरससुंदरम् । शृणुयात्कीर्त्तयेन्नित्यं स कृतार्थो न संशयः" (तासों आनंदरसकरि सुंदर श्रीगोविंदको माहात्म्यहे तिनकों जो नित्य श्रवण करे कीर्त्तन करे सो कृतार्थहे तामें संशय नांही) इत्यादिक वचनमें कथाकीर्त्तनादिकको माहात्म्य लिख्योहे एसी कथाके श्रवण विना हृदयमें भाव केसें स्थिर रहे ? ओर जहांताँई देहसंबंधी कार्यमेंतें मनको त्याग न होय तहांताँई श्रीकृष्णके स्वरूपको अनुभव कहांते होय ? काहेतें जो मनकरिकें भाव सिद्ध होतहे सो मनतो लौकिक संसारादिकमें विषयमें आविष्ट भयो तब अनुभव कहांतें होय ? सो संन्यासनिर्णयमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " विषयाक्रांतदेहानां नावेशः सर्वथा हरेः " जाको देह विषयादिकनकी कामना करि भयोंहे ताके हृदयमें भगवदावेश सर्वथा न होय सो मेरे मनमें तो कच्छु लौकिक वैदिकको त्याग नांहीहे ताकरि अनुभव नांही ॥ ७ ॥

मूलं–सेवा तु प्रतिवद्धा मे भोगोद्वेगादिवाधकैः ।
गेहवित्तादिकासक्त्या कथं सा मानसी भवेत् ॥८॥

शब्दार्थः–भोग ओर उद्वेगादिक प्रतिवंधकरिकें सेवा तो वंध होय गईहे तब गृहधनादिकनकी आसक्तिकरि मानसी सेवा केसें सिद्ध होय ॥८॥ टीका–तनुजा वित्तजा भगवत्सेवामें अनेक प्रतिवंधहें शरीर

इंद्रियनके विषयकी कामना उठे तब सेवा करतमें उद्वेग होय जो कब सेवा करिचूकों पीछें खानपान करूं याभांति प्रथम विषयादिकके भोगकी कामना होय तब मनमें उद्वेग होय सेवामें मन न लगे सो प्रभुकों बूरी लगे तब प्रतिबंध होय जामें सेवाही न बनिआवे तब गृहादिक कार्यवित्त (द्रव्यादिक) में आसक्त होय तब मानसी सेवा कहांते सिद्ध होयगी सो सेवाफलमें श्रीआचार्यजीमहाप्रभुजी कहेहें " उद्वेगः प्रतिबंधो वा भोगो वा स्यात्तु बाधकः। (उद्वेग, प्रतिबंध, अथवा भोग, बाधक होय) यह वचनतें सेवामें उद्वेग तथा देहसंबंधी खानपान (विषय भोग संसारासक्ति) ओर प्रतिबंध यह सेवामें बाधकहे जब उद्वेग भयो तब तनुजा वित्तजा सेवा न भई ओर लौकिक संसारासक्ति भई तब मानसी सेवा वाकों कैसें सिद्ध होयगी ? तनुजा वित्तजा सेवाहू सिद्ध नांहीहे तो मानसी तो परम दुर्लभहे ॥ ८॥

मूलं–तातपादेषु यातेषु दुर्भगस्य परोक्षताम्।
सत्सु सर्वेषु यातेषु दृशोर्दूरमहं स्थितः ॥ ९ ॥

शब्दार्थः–तातपाद (श्रीकल्याणरायजी) दुर्भाग्यवारेकों परोक्षताकों प्राप्त भये ओर सब सत् पुरुष दूरिगयो दृष्टिकों एसें में रह्योहों अथवा में दृष्टिकों दूरिरह्योंहों॥९॥टीका–अब श्रीहरिरायजी कहतहें जो मेरी यह अवस्थाहें तातें श्रीआचार्यजी, श्रीगुसांईजी, श्रीगोकुलनाथजी, तथा श्रीकल्याणरायजी ये हमारे पिताहि समानहे श्रीआचार्यजी मार्गप्रकटकर्त्ता हें, श्रीगुसांईजी यहमार्गके प्रकाशकर्त्ता हें, श्रीगोकुलनाथजीद्वारा नामनिवेदन भयोहे सो मेरे गुरुचरण पिताहीहें ओर श्रीकल्याणरायजी हमारे तातचरण जगत्प्रसिद्धहें, यह तातचरण मोकों परोक्षहें में इनतें न्यारो पर्योंहों सो यासमयमें या दुःखमें मेरी कोन

